

रेवती नक्षत्र मीन राशि का है गुरु, सभी ग्रह लग्न से छठे भाव में बैठे हैं। मूल नक्षत्र धनु राशि का राहु, मृगशिरा नक्षत्र मिथुन राशि का केतु, शतभिषा नक्षत्र कुंभ राशि का शुक्र, हस्त नक्षत्र और कन्या राशि का शनि, यह सभी ग्रह छत्रभंग योग बना रहे हैं। इसका अभिप्राय है कि केंद्र और राज्यों में राजनीति आश्चर्यजनक रूप से सत्ता पलट की तरफ मुड़ सकती है। कई देशों में सत्ता पलट के आसार हैं।

...ई पद नहीं ...भाद्रपद है। ...है। रोहिणी ...समय का ...समय की ...और समय ...अनाज़ के दो ...सोमवती ...पंचमी ...नहीं है। दो ...मी होगी। ...-विवाह, ...मुहूर्त रहेंगे ...354 दिन ...को यह ...

...नुसार इस वर्ष ...है, जिसमें से 84 खपत है। लेकिन विंशोत्तरी मत के अनुसार उत्पत्ति बिसवा 87 है और खपत बिसवा 96 है। इसका अभिप्राय यही हुआ कि खेत खलिहानों में अनाज तो काफी होगा, लेकिन दलहन, तिलहन, साग-सब्जी, मिर्च-मसाले तथा फल आदि की मांग बढ़ेगी। इस वर्ष शनि की दृष्टि दक्षिणी राज्यों की तरफ होगी। शनि जिस तरफ भी दृष्टि डालता है, उधर ही आपदा और प्राकृतिक प्रकोप जन्म लेते हैं। इस साल मात्र दो चंद्र ग्रहण हैं। सूर्य ग्रहण कोई नहीं है।

विश्लेषण

क्रोधी नामक संवत्सर का यह पूर्वानुमान आज से हजारों साल पहले भारतीय ज्योतिष के मनीषियों ने वक्त का पूर्वानुमान लगाते समय लिखा होगा। तब उन्होंने यह अंदाजा भी नहीं लगाया होगा कि एक लोकतांत्रिक और प्रभुसत्ता संपन्न भारत को किस प्रकार से भयभीत स्थिति में अपना समय निकालना पड़ेगा। बाहरी और अंदरूनी अराजक तत्वों से खतरा आज छोटे से गांव से लेकर बड़े महानगरों के बीच पैदा हो रहा है। लोगों के चरित्र में जो अनाचार, भ्रष्टाचार और क्रूरता का समावेश हो गया है, उसकी परिकल्पना से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

राजा और मंत्री विचार

विक्रम संवत 2068 का राजा चंद्र और मंत्री पद गुरु को जा रहा है। इसका फल यही होगा कि चारों तरफ गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। कृषि यत्र-तत्र सूखेगी, वृक्षों में फल कम लगेंगे। वर्षा कम होने से जल संकट बढ़ेगा। रहस्मयी बीमारियां फैलेंगी। चावल, चीनी और गेहूं का उत्पादन कम होगा। चोरी, डकैती और भ्रष्टाचार की वारदातें बढ़ेंगी। विस्फोट और अग्निकांड भी बढ़ सकते हैं। राष्ट्रीय संपत्ति को भारी नुकसान झेलना होगा।

मेषार्क (14-04-2011)

यह वर्षेश कुंडली गुरुवार 14 अप्रैल 2011 की है । इस दिन मघा नक्षत्र और सिंह राशि का चंद्रमा है। वर्ष प्रवेश के

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
प्रशिक्षण एवं तकनीकी
मुनि माया राम मार्ग, पीतमपुरा, दि

पूर्णकालिक डिप्लोमा पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु कॉमन एंट्रेंस टे

एआईसीटीई से मान्यताप्राप्त पॉलीटेक्निक्स ऑफ दिल्ली द्वारा पूर्णकालिक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवे के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा :

टेस्ट सं.	न्यूनतम पात्रता
1* (पाठ्यक्रम विषय नीचे दर्शाए गए हैं)	अभ्यर्थी ने सीबीएसई द्वारा आयोजित मैट्रिक की 10+2 प्रणाली में ... परीक्षा के समतुल्य कोई अन्य मान्यताप्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण की हो। ... अनिवार्य विषय के रूप में हों तथा अभ्यर्थी ने ये तीनों विषय बिना ... हों। ग्रेडिंग प्रणाली के अंतर्गत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले ... गणित तथा अंग्रेजी सहित सभी अनिवार्य विषय उत्तीर्ण किए हों ... किए हों।
2 {मॉडर्न ऑफिस प्रेक्टिस के लिए (अंग्रेजी)}	10+2 (अकादमिक) के किसी भी विषय में सीबीएसई की सीनियर ... परीक्षा (कक्षा–12) अथवा सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट के समतु... परीक्षा उत्तीर्ण की हो। मॉडर्न ऑफिस प्रेक्टिस के लिए अंग्रेजी विषय ... विषय को कृपा अंकों के बिना उत्तीर्ण किया हो।
3 {मॉडर्न ऑफिस प्रेक्टिस के लिए (हिन्दी)}	10+2 (अकादमिक) के किसी भी विषय में सीबीएसई की सीनियर ... परीक्षा (कक्षा–12) अथवा सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट के समतु... परीक्षा उत्तीर्ण की हो। मॉडर्न ऑफिस प्रेक्टिस (हिन्दी) के लिए हिन्दी ... और अभ्यर्थी ने इस विषय को कृपा अंकों के बिना उत्तीर्ण किया हो।
4 {फार्मेसी के लिए}	अभ्यर्थी ने सीबीएसई की सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा ... की सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के समतुल्य फार्मेसी ... मान्यताप्राप्त कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो। अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, ... अथवा जीव विज्ञान अनिवार्य रूप से पढ़े हों तथा अभ्यर्थी ने इन विष... उत्तीर्ण किया हो। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के दिनांक 27.12... 2007–पीसीआई–13143 के अनुसार जारी निर्देशों के अनुसार जो ... ऑफ ओपन स्कूलिंग में बैठे हों/ इससे परीक्षा उत्तीर्ण की हो, उनके नामों... हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्यगुणविज्ञानम्

पूर्वार्धः

(द्रव्य-गुण-रस-विपाक-वीर्य-प्रभाव-विज्ञानात्मकः)

काशीहिन्दुविश्वविद्यालयान्तर्गतायुर्वेद-महाविद्यालयाध्यक्षैः
डॉ० बालकृष्ण अमरजी पाठक इत्येतैर्लिखितेन
'आयुर्वेद और आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञान पर
तुलनात्मक विचार' नाम्ना परिशिष्टेन
समन्वितः

वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य
इत्यनेन विरचितः

तस्येदं

पञ्चमं संस्करणं

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लिमिटेड
संचालकेन
आयुर्वेदोपाध्याय पं० रामनारायण शर्मणा
'स्वाती मुद्रणालये' मुद्रयित्वा प्रकाशितम्

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लिमिटेड
कलकत्ता □ पटना □ झाँसी □ नागपुर □ नैनी (इलाहाबाद)

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रथम संस्करण – मार्च १९५३
द्वितीय संस्करण – अगस्त १९५५
तृतीय संस्करण – अप्रेल १९५७
चतुर्थ संस्करण – मई १९५८
पंचम संस्करण – मई १९७६

मूल्य – १५ रुपये

प्रकाशक :

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लिमिटेड

ग्रेट नाग रोड, नागपुर

(रजि. कार्यालय– १, गुप्तालेन, कलकत्ता–६)

मुद्रक :

स्वाति एन्टरप्राइज

२०, ग्रेट नाग रोड,

नागपुर–९

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

लेखक का निवेदन

आजकल आयुर्वेद के अध्ययन और अध्यापन के लिए विषयप्रधान पाठ्य-प्रणाली को सुविधाजनक माना गया है। सारे भारतवर्ष में प्रचलित आयुर्वेद-विद्यालयों में प्रायः विषयप्रधान पाठ्यक्रम ही चलाया जाता है। परन्तु इस पाठ्यक्रम के अनुसार सब विषयोंपर पाठ्य पुस्तकें न बनने से अध्यापकों और विद्यार्थियों को पठन-पाठन में बड़ी कठिनाइयों का अनुभव हो रहा है। अतः विषयानुसार पाठ्यग्रन्थों का निर्माण होना आवश्यक है। पाठ्यविषयों में एक **द्रव्य-गुण-विज्ञान** भी है। इस विषय को मुख्य दो विभागों में विभक्त कर सकते हैं--(१) द्रव्यगुणविज्ञान के मूलभूत सिद्धान्तों का वर्णन (पूर्वार्ध); (२) औषध और आहार द्रव्यों का वर्णन (उत्तरार्ध)। इसके अनुसार इस ग्रन्थ (द्रव्य-गुण-विज्ञान) को मैंने दो विभागों में लिखा है जिसका यह पूर्वार्ध है। इसको **द्रव्यविज्ञानीय, गुणविज्ञानीय, रसविज्ञानीय, विपाकविज्ञानीय** और **वीर्य-प्रभाव विज्ञानीय** इन पाँच अध्यायों में विभक्त किया गया है। इसका यह अध्यापकोपयोगी बृहत् संस्करण पहले तीन बार प्रकाशित हो चुका है। इस ग्रन्थ के संकलनमें प्रत्येक विषय में पहले **चरक, सुश्रुत, अष्टांङ्ग संग्रह** (वृद्ध वाग्भट), **अष्टाङ्गहृदय** (**वाग्भट**) और **रसवैशेषिकसूत्र**--इन आकर ग्रन्थों के वचन अविकल रूप में दिये हैं। यद्यपि इन वचनों में शब्दपुनरुक्ति और अर्थपुनरुक्ति दोनों हैं, तथापि इन आर्ष वचनों को अविकल रूप में देना ही उचित समझा है। उनके नीचे वर्तमान समय में उन ग्रन्थोंकी जितनी व्याख्याएँ उपलब्ध हैं, वे प्रायः दी गई हैं। व्याख्याओं में शब्द पुनरुक्ति से बचने का प्रायः यत्न किया है, एक ही ग्रन्थ की भिन्न-भिन्न व्याख्याओं में प्रथम व्याख्या संपूर्ण देकर शेष व्याख्याओं में जहाँ उन्हीं शब्दों में व्याख्या आई है वहाँ × × × ऐसा चिह्न देकर उतना अंश छोड़ दिया है। अन्त में मूल ग्रन्थों का संपूर्ण अनुवाद और व्याख्याओं का सारांश हिन्दी भाषा में दिया है। इन सिद्धान्तों को प्रथम ज्ञात किये बिना संहिता ग्रन्थों में तथा निघण्टु ग्रन्थों में संक्षेप में लिखे हुए द्रव्यों के गुण-कर्मों को समझना कठिन है। द्रव्य-गुण-विज्ञान के आधारभूत सिद्धान्तों के विषय में आयुर्वेदिक ग्रन्थसाहित्य में जितनी सामग्री उपलब्ध हो सकी उसका इस पूर्वार्ध में एकत्र संग्रह करने का यथाशक्य यत्न किया है। अन्त में द्रव्य-गुण-विज्ञान के आधारभूत सिद्धान्तों के विषय में आधुनिक मत क्या है तथा प्राचीन और आधुनिक विचारधाराएँ कहाँ मिलती हैं और कहाँ पृथक् होती हैं, इस विषय पर **'आयुर्वेदिक तथा आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञान पर तुलनात्मक विचार'** नामक एक निबन्ध मेरे परम मित्र बनारस हिन्दु यूनिवर्सिटी के आयुर्वेद कालेजके प्रिन्सिपल

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

श्रीयुत स्व० वा० डॉ० बालकृष्ण अमरजी पाठकने लिखकर दिया है। उसे अन्त में परिशिष्ट के रूप में जोड़ दिया है। यह निबन्ध लिखकर देने के लिए मैं स्व० वा० डॉ० पाठकजी का अति ऋणी हूँ। मुझे आशा है कि द्रव्यगुण-विज्ञान के सिद्धान्तों तथा इस ग्रन्थ के उत्तरार्ध में औषध और आहारद्रव्यों के पारिभाषिक शब्दों में संक्षेप से लिखे हुए गुणकर्मों को सोपपत्तिक समझने में यह विशेष उपयोगी होगा।

पाठकों को ग्रन्थ के प्रारम्भ में दिया हुआ भारतीय द्रव्यगुणविज्ञान का दिग्दर्शन करानेवाला उपोद्घात तथा परिशिष्ट २ में दिया हुआ आयुर्वेदिक तथा आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञानपर तुलनात्मक विचार यह निबन्ध प्रथम देख लेना चाहिए।

इस ग्रन्थ की प्रेसकापी तैयार करने, हिन्दी अनुवाद करने तथा प्रूफ देखने में मेरे प्रिय शिष्य श्री ओच्छवलाल नाझर आयुर्वेद महाविद्यालय (सूरत) के वाइस प्रिंसिपल तथा आयुर्वेदीय क्रियाशारीर (शरीरक्रियाविज्ञान), आयुर्वेदीय पदार्थविज्ञान आदि ग्रन्थों के लेखक श्री रणजितराय जी आयुर्वेदालङ्कारने बड़ी सहायता की है। अतः मैं उनको धन्यवाद देता हूँ।

इस ग्रन्थ का यह चतुर्थ संस्करण श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लि० के संचालक पं० रामनारायण शर्मा आयुर्वेदोपाध्याय ने अपने जनवाणी प्रिण्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, कलकत्ता में छपाकर प्रसिद्ध किया, उसके लिये मैं उनको धन्यवाद देता हूँ।

ग्रन्थ के संकलन करने, भाषानुवाद करने और छपवाने के विषय में मैंने इतना यत्न किया है। तथापि अनवधानता, प्रमाद, भ्रम आदि के कारण अनेक त्रुटियाँ रहना संभव है। यदि विद्वद्गण इन त्रुटियों को लिख भेजने का कष्ट करेंगे तो अगले संस्करण में उनको सुधारने का यत्न किया जायगा।

ता० १।३।१९५३
डॉ० विगास स्ट्रीट
बंबई नं० २

निवेदक
वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रकाशक का निवेदन

'द्रव्यगुणविज्ञानम्-पूर्वार्द्ध' का यह चतुर्थ संस्करण आयुर्वेदज्जगत की भेंट करते हुए हमें अपार प्रसन्नता हो रही है। आयुर्वेद तत्त्ववेत्ता स्वर्गीय आचार्य यादवजी त्रिकमजी महाराजने इस ग्रन्थ में द्रव्य, रस, गुण, वीर्य, विपाक, प्रभाव आदि पर अत्यंत विशद विवेचन किया है। आयुर्वेद के ग्रन्थों में यत्र-तत्र बिखरे हुए द्रव्यगुण विषय का इतनी उत्तमता से इस ग्रन्थ में संकलन हुआ है कि आयुर्वेद की उच्चतर शिक्षा पानेवाले विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा वैद्यों के लिए भी इस ग्रन्थ का अध्ययन अपरिहार्य हो गया है। इस ग्रन्थ की उपादेयता इसी बात से सिद्ध है कि कुछ ही वर्षों में इसके तीन संस्करण प्रकाशित होकर बिक चुके हैं और अब यह चतुर्थ संस्करण आयुर्वेद-जगत के सम्मुख उपस्थित किया गया है।

हमारा द्रव्यगुण-शास्त्र अतिप्राचीनकाल में भी एक जीवितशास्त्र था। हमारे महर्षियोंने दीर्घकाल के परिश्रम और अनुभव से द्रव्यगुण-विज्ञान के आधार-भूत सिद्धान्त स्थापित किए थे और प्रत्येक नवीन द्रव्य का अपने सिद्धान्त के अनुसार मनुष्यशरीर पर परीक्षण कर उसके पांचभौतिक संगठन, रस, वीर्य, विपाक, प्रभाव और कर्म निश्चित किए थे। किन्तु, वर्तमानकाल में हमारा यह द्रव्यगुणशास्त्र सुषुप्तावस्था में पड़ा है। इन दिनों किसी उपयोगी नवीन द्रव्य को अपनी आर्ष-पद्धति से परीक्षण कर द्रव्यगुण विषयक ग्रन्थों में उसका समावेश करने की ओर विशेष अभिरुचि दिखायी नहीं देती। आयुर्वेद-विज्ञान की प्रगति और श्रीवृद्धि के लिए यह आवश्यक है कि द्रव्यगुण का अधिक से अधिक ज्ञानप्राप्त किया जाय। इस ग्रन्थ में पूज्यपाद स्वर्गीय आचार्यजीने काफी अनुसन्धान कर द्रव्यों के गुणों पर विवेचन किया है। इस ग्रन्थ से द्रव्यगुणशास्त्र के विषयप्रधान शिक्षण के पाठ्यक्रम में श्रेष्ठ ग्रन्थ का अभाव दूर हो गया है और आयुर्वेद के विद्यार्थियों को आयुर्वेदविज्ञान के मूलाधार-द्रव्यगुणविज्ञान के विषय में सम्यक् ज्ञान-लाभ करने में पर्याप्त सहायता मिली है। भारत के विभिन्न आयुर्वेदीय महाविद्यालयोंने इस ग्रन्थ को अपने पाठ्यक्रम में कई वर्षों से शामिल कर रखा है और स्नातकोत्तर प्रशिक्षण में यह ग्रन्थ अतीव उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

हमें आशा है कि आयुर्वेद-जगत 'द्रव्यगुणविज्ञान-पूर्वार्द्ध' के इस संस्करण को भी पूरे उत्साह के साथ ग्रहण कर आयुर्वेद की श्रीवृद्धि में सचेष्ट होगा।

विनम्र निवेदक

वैद्य पं० रामनारायण शर्मा

मैनेजिंग डायरेक्टर

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रा० लि०

कलकत्ता,
गंगादशहरा
२८-५-१९५८

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पंचम संस्करण–

प्रकाशकीय वक्तव्य

चतुर्थ संस्करण के पश्चात् अब यह पंचम संस्करण प्रकाशित हो रहा है। इसमें हमारी आशा फलवती सिद्ध हुई है।

प्रकाशनव्यय के अत्यधिक बढ़ जाने के कारण हमें इस ग्रन्थ का मूल्य अनिच्छा पूर्वक बढ़ाना पड़ रहा है, तो भी यह मूल्य लागत मात्र ही है। आशा है हमारे पाठकों का स्नेह पूर्ववत् बना रहेगा।

विनम्र निवेदक

नागपुर
बुद्ध जयन्ती
१३-५-१९७६

वैद्य पं० रामनारायण शर्मा
संस्थापक एवं प्रधान संचालक
श्री **वैद्यनाथ** आयुर्वेद भवन लिमिटेड

छात्रों एवं चिकित्सकोपयोगी अभूतपूर्व आयुर्वेदिक ग्रन्थ–

नेत्र–चिकित्सा (संस्कृत)

पृष्ठ २३० : मूल्य–६) रु.

ले०– डा० बालकृष्ण शिवराम मुंजे

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भारतीय द्रव्यगुणविज्ञान का उपोद्घात

इस शास्त्र को 'द्रव्यगुण विज्ञान' नाम देने का हेतु---

यद्यपि इस शास्त्र में द्रव्य, गुण (रस, विपाक, वीर्य, प्रभाव) और कर्म (जीवन-बृंहण-वमन-विरेचन आदि) इन तीनों विषयों का प्रतिपादन किया जाता है, अतः इसका नाम **'द्रव्य-गुण-कर्म-विज्ञान'** रखना उचित है, तथापि 'गुण' शब्द धर्ममात्र का वाचक होने से 'गुण' शब्द से रस, विपाक, वीर्य, प्रभाव और कर्म-इन द्रव्यों के यावत् धर्मों का ग्रहण हो जाता है, अतः लाघवार्थ इस शास्त्र को **'द्रव्यगुणविज्ञान'**[1] कहते हैं।

द्रव्यगुणशास्त्र में प्रतिपाद्य मुख्य विषय---

द्रव्यगुणशास्त्र के मुख्य अभिधेय-प्रतिपाद्य विषय **द्रव्य, गुण** तथा गुणशब्द से संगृहीत **रस, विपाक, वीर्य, प्रभाव** और **कर्म** ये सात पदार्थ[2] हैं। अर्थात् इन सात पदार्थों का द्रव्यगुणशास्त्र में विचार और वर्णन किया जाता है।

द्रव्यगुणशास्त्र की दृष्टि से इन सात पदार्थों के विषय में भारतीय आयुर्वेद के जो मूलभूत सिद्धान्त (मन्तव्य) हैं, वे क्रमशः दिये जाते हैं। इन सिद्धान्तों को प्रारम्भ में ठीक समझ लेने से आगे समग्र ग्रन्थ को समझने में बड़ी सरलता होगी।

१—'विज्ञान' शब्द का **'शास्त्र'** अर्थ में भी प्रयोग होता है। देखिये—'विज्ञानं शिल्पशास्त्रयोः' (अमरकोष, का. १, वर्ग ४, श्लो. ६)। इस उपोद्घात में मैंने आगे **'द्रव्यगुणविज्ञान'** के स्थानपर प्रायः 'द्रव्यगुणशास्त्र' शब्द का प्रयोग किया है।

२—पदार्थ उसे कहते हैं जिसमें अस्तित्व, अभिधेयत्व और ज्ञेयत्व ये तीन धर्म हों। **पदार्थधर्मसंग्रह में प्रशस्तपादाचार्यने** लिखा है कि—"षण्णामपि पदार्थानां साधर्म्यमस्तित्वाभिधेयत्व-ज्ञयत्वानि।" (द्रव्यग्रन्थ, साधर्म्य-वैधर्म्यनिरूपण)। प्रत्येक शास्त्र के अपने-अपने अस्तित्व रखनेवाले, अभिधेय (वर्णन करने योग्य) और ज्ञेय (जानने योग्य) पदार्थ (प्रतिपाद्य विषय) होते हैं। जैसे—**वैशेषिक** दर्शन के **द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष और समवाय** ये छः तथा **न्यायदर्शन** के **प्रमाण, प्रमेय** आदि षोडश पदार्थ हैं। इसी प्रकार द्रव्यगुणविज्ञान के **द्रव्य, गुण, रस, विपाक, वीर्य, प्रभाव और कर्म** ये सात पदार्थ हैं। **भावमिश्रने** "द्रव्ये रसो गुणो वीर्यं विपाकः शक्तिरेव च। पदार्थाः पञ्च तिष्ठन्ति स्वं-स्वं कुर्वन्ति कर्म च॥" इस श्लोक में "द्रव्य में रस, गुण, वीर्य, विपाक और शक्ति (प्रभाव) ये पाँच पदार्थ रहते हैं और वे अपना-अपना कर्म-कार्य करते हैं" ऐसा लिखा है; द्रव्य तथा गुण-शब्दसंगृहीत इन पाँच पदार्थों में सातवाँ कर्म मिलाने से द्रव्यगुणविज्ञान के सात पदार्थ (प्रतिपाद्य विषय) होते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्य

द्रव्य दो प्रकार का है--१ **कारणद्रव्य**, २ **कार्यद्रव्य**।

कारणद्रव्य--आयुर्वेद में वैशेषिक के मतानुसार पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, आत्मा, मन, काल और दिक्--इन नवों को समग्र सृष्टि का **कारणद्रव्य (मूलद्रव्य**[1]**)** माना है। अर्थात् सारी सृष्टि इन्हीं नौ द्रव्यों के मेल से बनी हुई है। पृथिव्यादि नौ ही द्रव्य चेतन सृष्टि के तथा आत्मा और मन को छोड़कर शेष सात द्रव्य अचेतन सृष्टि के आरम्भक (बनानेवाले) हैं।

कार्यद्रव्य--कार्यद्रव्य दो प्रकार का है--१ **चेतन**, २ **अचेतन**। चेतन द्रव्य के भी दो भेद हैं--१ **बहिरन्तश्चेतन**--यथा--मनुष्य, पशु आदि; तथा २ **अन्तश्चेतन**--यथा--वृक्ष आदि। चेतन द्रव्य के **जरायुज, अण्डज, स्वेदज**[2] और **उद्भिज्ज**--ये चार भेद माने गये हैं। अचेतन द्रव्य स्वर्ण, रौप्य आदि भेद से अनेक प्रकार के हैं, तथापि उन सब में अचेतनत्वरूप सामान्य धर्म होने से उनका एक ही प्रकार (वर्ग) माना गया है। शास्त्र में उनका **पार्थिव (भौम) द्रव्य** नाम से व्यवहार होता है।

चेतन और अचेतन वर्ग के सब द्रव्यों का चिकित्सा में आहार और औषध रूप में उपयोग होता है। यद्यपि चेतन द्रव्य पृथिवी आदि नौ कारण द्रव्यों से और अचेतन द्रव्य आत्मा और मन को छोड़कर शेष सात कारण द्रव्यों से बने हैं, तथापि सब द्रव्यों का चिकित्सार्थ निर्जीवावस्था में[3] ही उपयोग किया जाता है, इस अवस्था में उनमें आत्मा और मन होते ही नहीं और काल तथा दिक् कार्यद्रव्य की उत्पत्ति में समवायिकारण (उपादान कारण) नहीं किन्तु निमित्तकारण हैं, अतः द्रव्यगुणशास्त्र में वर्णनीय सब द्रव्य शेष पृथिव्यादि पञ्चभूतों से ही बने होने से **पाञ्चभौतिक** माने जाते हैं। अतः भगवान् **पुनर्वसु ने** कहा है कि--"सर्वं द्रव्यं पाञ्चभौतिकमस्मिन्नर्थे" (इसी ग्रन्थ में पृ० १)। अर्थात् द्रव्यगुणशास्त्र में **द्रव्य** शब्द का अर्थ 'आहार और औषध के रूप में उपयोग में आनेवाले निर्जीव पाञ्चभौतिक कार्यद्रव्य' इतना ही है। कार्यद्रव्यरूप प्रसिद्ध स्थूल जल, अग्नि और वायु ये

१--रसवैशेषिकसूत्र में **भदन्त नागार्जुनने** कारणद्रव्यों के **मूलद्रव्य** नाम दिया है--"तत्र पृथिव्यादीनिमूलद्रव्याणि तेषाम्।" (अ. २. सू. ३९)। "पृथिव्यादीनि पृथिव्यप्तेजो-वाय्वाकाशानि। मूलद्रव्याणि कारणद्रव्याणि। तेषामिति जङ्गमानां कार्यद्रव्याणाम्॥" (भा.)।

२--जरायुज, अण्डज और स्वेदज इन तीनों प्रकार की सृष्टि को सामान्यतः 'प्राणी' कहते हैं।

३--'द्रव्यहेतुकाः निर्जीवद्रव्यमूलाः' (सु. सू. अ. ४१, श्लो. १२ की टीका में **क० हाराणचन्द्रजी**)।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भी पञ्चीकृत पञ्चमहाभूतों से उत्पन्न पाञ्चभौतिक द्रव्य हैं, अतः आयुर्वेद में उनके भी गुण-कर्म लिखे गये हैं।

वाचस्पत्यवृहदभिधान में 'द्रव्य' शब्द की व्याख्या में "भिषजस्तु—रसो गुण-स्तथा वीर्यं विपाकः शक्तिरेव च। पञ्चानां यः समाहारस्तद्द्रव्यमिति कथ्यते ॥" यह वैद्यों के मत से द्रव्य का एक लक्षण दिया है। यह श्लोक आयुर्वेद के उपलभ्यमान ग्रन्थों में मेरे देखने में नहीं आया। 'रस, गुण, वीर्य, विपाक और शक्ति (प्रभाव[1]) इन पाँच गुणों का जो समुदाय है वही द्रव्य है' यह इस श्लोक का अर्थ है। प्राचीन काल में अपने यहाँ गुणसमुदाय (गुणों के समूह) को ही द्रव्य माननेवाला एक संप्रदाय था, उस संप्रदाय का यह मत है। इस मत का **नागार्जुनने रसवैशेषिक सूत्र** (अ. २ सू. १-२२) में तथा स्व. वा. **आयुर्वेदाचार्य पं० नारायणदत्तजी ने** 'द्रव्य-गुणादिविवेचनात्मकमभिभाषणम्' नाम के निबन्ध में (पृ. १६) युक्ति पूर्वक खण्डन किया है।

द्रव्य का लक्षण और अनेकविध भेद तथा कर्मानुसार द्रव्यों के सर्ग इस ग्रन्थ के **द्रव्यविज्ञानीयाध्याय में** विस्तार से लिखे हैं, उनको वहीं देखें।

गुण

गुर्वादि गुण द्रव्य में आश्रित होकर रहते हैं और निष्क्रिय होने से उनमें कर्तृत्व नहीं होता, वमन-विरेचनादि कर्मों में गुण उपकरण-साधन-रूप-होते हैं, परंतु कर्ता द्रव्य ही होता है। जो दूसरों का आश्रय और कर्ता होता है वह प्रधान होता है और जो अन्याश्रित तथा उपकरण होता है वह अप्रधान-गौण होता है। गुर्वादि अन्याश्रित और उपकरणभूत होने के कारण गौण होने से **'गुण'** कहे जाते हैं—"क्रियाहीनत्वेन कर्तृत्वाभावादप्राधान्येन गौणत्वाच्च तस्य **'गुण'** इति संज्ञा" (द्रव्यगुणादिविवेचनात्मकमभिभाषणम्, पृ. ९)। गुण का लक्षण इसी ग्रन्थ में पृ० १०१-१०२ पर देखें।

चरकने (सू. अ. १ में) "सार्था गुर्वादयो बुद्धिः प्रयत्नान्ताः परादयः। गुणाः प्रोक्ताः" इस श्लोक में ४१ गुण कहे हैं (देखें इसी ग्रन्थ में पृ. १०३)। आयुर्वेद में इनमें से शब्द, स्पर्श, रूप, रस, और गन्ध ये पाँच आकाशादि एक-एक महाभूत के विशेष गुण होने से उनको **वैशेषिकगुण** कहते हैं। गुर्वादि द्रवान्त बीस गुणों को **शारीरगुण**[2] कहते हैं, क्योंकि इन गुणों का शरीर और शरीरपर प्रयुक्त होनेवाले

१—"तत्राचिन्त्यक्रियाहेतुः 'प्रभाव' उच्यते, या द्रव्याणां शक्तिरभिधीयते" (क. गङ्गाधरजी च. सू. अ. १, श्लो. ५२ पर टीका में)।

२—"गुर्वादय इति गुरु-लघु-शीतोष्ण-स्निग्ध-रूक्ष-मन्द-तीक्ष्ण-स्थिर-सर-मृदु-कठिन-विशद-पिच्छिल-खर-मसृण-स्थूल-सूक्ष्म-सान्द्र-द्रवा इति विंशतिः—→

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्यों से ही विशेष सम्बन्ध है। बुद्धि, इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख और प्रयत्न ये छः आत्मा के गुण होने से इनको **आत्मगुण** कहते हैं। शेष परादि दश गुण महाभूत, शरीर तथा शरीरेतर सब के लिए सामान्य होने से उनको **सामान्यगुण** कहते हैं। द्रव्यगुणशास्त्र में ४१ गुणों में से गुर्वादि द्रवान्त बीस शारीर गुणों का ही मुख्यतया वर्णन आता है। **चरकाचार्य ने** यज्जःपुरुषीयाध्याय (सू. अ. २५) में आहार के गुणों का निर्देश करते हुए "विंशतिगुणः गुरु × × × द्रवानुगमात्" ऐसा लिखा है। **सुश्रुतने** सूत्रस्थान के ४६ वें अध्याय में गुर्वादि बीस गुणों के ही कर्म बताये हैं। रस भी गुण है, तथापि रस के विषय में वक्तव्य होने से एक स्वतन्त्र अध्याय में उसका निरूपण किया है। मृदु, तीक्ष्ण, गुरु, लघु, स्निग्ध, रूक्ष, उष्ण और शीत ये आठ गुण जब उत्कृष्टशक्तिसंपन्न हों तब उनको **वीर्य** कहते हैं। वीर्यों के विषय में भी विशेष वक्तव्य होने से उनका एक स्वतन्त्र अध्याय में वर्णन किया गया है। परन्तु गुर्वादि गुण जब उत्कृष्टशक्तिरहित होते हैं तब इनको गुण[1] ही माना जाता है, गुणों के प्रकरण में भी उनका वर्णन किया गया है। **नागार्जुन** गुर्वादि आठ गुणों को वीर्य नहीं मानते, परंतु छर्दनीय आदि कर्मलक्षण वीर्य मानते[2] हैं; अतः उन्होंने उष्ण, स्निग्ध, रूक्ष, विशद, पिच्छिल, गुरु, लघु, मृदु और तीक्ष्ण—इन दस गुणों को **कर्मण्य** (कर्म करने में अधिक शक्तिसंपन्न) **गुण** माना है। द्रव्यगुणविज्ञान में गुर्वादि बीस गुणों का वर्णन विशेष आवश्यक होने से विस्तार से तथा अन्य गुणों का वर्णन संक्षेप में किया गया है।

रस

यद्यपि आयुर्वेद में **'रस'** शब्द का प्रयोग 'यो रसति अहरहर्गच्छति' स रसः= जो निरन्तर शरीर में गति करता है वह **रस** कहाता है, इस निरुक्ति से सप्त धातुओं के अन्तर्गत रसधातु में; 'यो रसति सर्वान्' लोहान् स रसः=जो स्वर्णादि सब लोहों को अपने में लीन[3] कर लेता है वह **रस** कहाता है, इस निर्वचन से पारद में; 'यो रसति शरीरे आशु प्रसरति' स रसः=जो सारे शरीर में शीघ्र फैल जाता है वह **रस** कहाता है, इस व्युत्पत्ति से स्वरसादि कल्पों में तथा 'यो रस्यते आस्वाद्यते रसनेन' स रसः=

←शारीरगुणाः स्वयं वक्ष्यन्ते" (क. गङ्गाधरजी च. सू. अ. १, श्लोक ४९ पर की टीका में)।

१—"गुर्वाद्या वीर्यमुच्यन्ते शक्तिमन्तोऽन्यथा गुणाः।" (अष्टाङ्गसंग्रह सू. अ. १७)।

२—देखें इसी ग्रन्थ में पृ. १०५।

३—"परमात्मनीव सततं भवति लयो यत्र सर्वसत्त्वानाम्। एकोऽसौ रसराजः शरीरमजरामरं कुरुते॥" (रसहृदय तन्त्र, १ अवबोध, १३ श्लोक)।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो इन्द्रिय से ग्रहण किया जाता है वह रस कहाता है, इस निरुक्ति से मधुरादि छः रसों में होता है; तथापि द्रव्यगुणाधिकार में 'रस' शब्द मधुरादि छः रसों के अर्थ में ही पारिभाषिक माना गया है। रस का लक्षण इसी ग्रन्थ में पृ. १२८-१३२ पर दिया है।

आयुर्वेद के मतानुसार सब द्रव्य पाञ्चभौतिक होने से कोई भी द्रव्य एक रस वाला नहीं किन्तु षड्रस[1] होता है, तथापि जिस द्रव्य में जो रस व्यक्त[2] हो उस प्रधान रस से उस द्रव्य का यह मधुर है, यह अम्ल है, इत्यादि व्यपदेश होता है।

आयुर्वेद में द्रव्यों के गुण लिखते समय यह द्रव्य मधुर है, यह अम्ल है इत्यादि उनके रस लिखे हैं वहाँ केवल यह द्रव्य स्वाद में मधुर है, अम्ल है, इतना ही अर्थ न लेना चाहिये, परन्तु मधुरादि रसों के जो गुण कर्म लिखे हैं वे सब न्यूनाधिकांश में उसमें हैं, इतना ही नहीं परन्तु मधुरादि रसों के जो विपाक और रस-सहचर[3] वीर्य लिखे हैं वे भी यदि रस के अनुकूल हों तो उसमें प्रायः विद्यमान हैं, इतना व्यापक अर्थ उससे समझना चाहिये। जिस द्रव्य में प्रधान रस के विपरीत विपाक और वीर्य हों प्रायः वहाँ ही उस द्रव्य के विपाक और वीर्य स्पष्ट शब्दों में लिखे हैं। जहाँ विपाक और वीर्य रस के अनुकूल होनेपर भी स्पष्ट शब्दों में लिखे हों, वहाँ वे विशेष स्पष्टीकरणार्थ लिखे गये हैं ऐसा जानना चाहिये।

विपाक

आयुर्वेद में खाए हुए द्रव्यों का दो प्रकार का पाक[4] माना गया है—अवस्थापाक और **निष्ठापाक**। निष्ठापाक को **विपाक** कहते हैं। अवस्थापाकापेक्षया विशिष्टः पाको विपाकः = अवस्थापाक की अपेक्षया जो विशिष्ट (भिन्न—खास) पाक है, उसको **विपाक** कहते हैं। यद्यपि 'पाक' शब्द भाववाचक होने से पचनक्रिया मात्र का द्योतक है, तथापि 'विपाक' शब्द आहार के अन्तिम पाक के समय में आद्य रस धातु में उत्पन्न गौरव या लाघवयुक्त मधुर, अम्ल और कटु—इन तीन रसों में

१—"तस्मान्नैकरसं द्रव्यं भूतसङ्घातसंभवात्।" (अ. हृ. सू. अ. ९)।

२—"द्रव्यों में जो रस व्यक्त हो उसको रस (प्रधान रस) और जो रस अव्यक्त हो या अन्त में कुछ व्यक्त हो उसको अनुरस (अप्रधान रस) कहते हैं 'तत्र व्यक्तो रसः स्मृतः। अव्यक्तोऽनुरसः किञ्चिदन्ते व्यक्तोऽपि चेष्यते।" (अ. हृ. सू. अ ९)।

३—'तत्र मधुरो रसः × × × स्निग्धः शीतो गुरुश्च, अम्लो रसः × × × लघुरुष्णः स्निग्धश्च' इत्यादि (देखें इसी ग्रन्थ में पृ. १६४-१६७)।

४—'पाकः पचनं द्रव्याणां स्वरूप-रसयोः परावृत्तिः। सा च स्वरूपान्तरत्वेन रसान्तरत्वेन च परिणतिः' गङ्गाधर कविराज।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

लाक्षणिक है, ऐसा समझना चाहिए। इसी ग्रन्थ में पृ. २२९ पर विपाक का और पृ. २३० में अवस्थापाक का निरूपण किया गया है। इससे मालूम होगा कि मुख से लेकर बृहदन्त्र तक महास्रोतस् में तत्तत्स्थान में मिले हुए मधुर, अम्ल और कटु (कटुक्षार) रसवाले द्रवों, प्राण और समान वायु (नाड़ियों–Nerves की क्रियाओं) और शरीरस्थ ऊष्मा के द्वारा महास्रोतस् के भिन्न-भिन्न स्थानों में जो आहार पाक होता है उसको **अवस्थापाक** कहते हैं। अवस्थापाक को **आहारपाक** या **जठराग्निपाक** भी कहते हैं। अवस्थापाक की प्रथम, द्वितीय और तृतीय ये तीन अवस्थाएँ होती हैं। छहों रसोंवाला अन्न प्रथम पाक में मधुरप्राय, द्वितीय पाक में अम्लप्राय और तृतीय पाक में कटुप्राय होता है। इन तीनों अवस्थापाकों में क्रमशः मल (किट्टांश) रूप कफ, पित्त, वात, मूत्र और पुरीष की उत्पत्ति होती है[1]। इन तीनों अवस्थापाकों के अन्त में जब आहारप्रसादरूप रसधातु की उत्पत्ति होती है और **धात्वग्निपाक** प्रारम्भ होता है तब प्रायः मधुर और लवण रस का मधुर, अम्ल रस का अम्ल तथा कटु, तिक्त और कषाय रस का कटु विपाक होता है। मधुर विपाक से प्रसादभूत कफ, अम्ल विपाक से प्रसादभूत पित्त और कटु विपाक से प्रसादभूत वायु की उत्पत्ति होती है। ये प्रसादभूत वात-पित्त-कफ सूक्ष्म रूप से रस धातु में संचार करते हुए शरीर में अपना-अपना कार्य करते हैं। धात्वग्निपाक में भी रस के किट्टांश रूप में कफ की और रक्त के किट्टांश रूप में पित्त की उत्पत्ति होती है[2]। अवस्थापाक प्रत्यक्षगम्य है और विपाक फल देखकर अनुमान किया जाता है। **वाग्भटने** मधुर, अम्ल और कटु विपाक को उन रसों के तुल्यफल (गुण-कर्म) वाला बताया[3] है। **चरक** और **सुश्रुतने** विपाक का फल स्वतन्त्र रूप से भी लिखा है[4]। सुश्रुत और नागार्जुन मधुरादि रसों को नहीं परन्तु पञ्चमहाभूतों के गुरु और लघु इन दो गुणों के रूप में विपाक मानते हैं। परन्तु चरक और सुश्रुत के शब्दप्रयोग में ही अन्तर है, विपाक के फल के विषय में दोनों के मत में अन्तर नहीं है, यह पृ. २६५ पर स्पष्ट दिखाया गया है।

१–देखें इसी ग्रन्थ में पृ. २३० पर **अवस्थापाकनिरूपण**, म. म. **कविराज गणनाथ सेनजी** विरचित **सिद्धान्तनिदान** २ खण्ड पृ. ३–६, तथा पृ. २३१–२३३ में उद्धृत **जल्पकल्पतरुव्याख्या**।

२–"किट्टमन्नस्य विण्मूत्रं, रसस्य तु कफोऽसृजः। पित्तं" (च. चि.अ. १५)। "रसस्य कफ इति रसे पच्यमाने किट्टं कफो भवति, प्रसादश्च रक्तं; एवं रक्तादिमलेऽपि ज्ञेयम्। ××× यथा कफोऽवस्थापाकाद्, रसमलतया च भवति" (च. द.)।

३–देखें इसी ग्रन्थ में पृ. २६३।

४–देखें इसी ग्रन्थ में पृ. २६०-२६१।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वीर्य और प्रभाव

'वीर' विक्रान्तौ (च. आ. से.) = विक्रम (शक्तिसंपाद्य कार्य) करना, इस धातुसे 'वीरयते अनेन' इति वीर्यं = द्रव्य जिस शक्ति के द्वारा कार्य करता है वह वीर्य है, इस व्युत्पत्ति से 'वीर्य' शब्द का शक्ति यह अर्थ होता है। इस अर्थ को लेकर चरकने द्रव्यों का पाञ्चभौतिक संगठन, रस, विपाक और गुर्वादि गुण इन सबकी अपनी-अपनी क्रिया करने की जो शक्ति, उसको वीर्य माना है "वीर्यंतु क्रियते येन या क्रिया" (च. सू. अ. २६)। शक्ति दो प्रकार की होती है—१ चिन्त्य और २ अचिन्त्य। चिन्त्य शक्ति को वीर्य और अचिन्त्य शक्ति को प्रभाव कहा जाता है[1]। आयुर्वेद में वीर्य के विषय में तीन पक्ष पाये जाते हैं। पहला पक्ष शक्तिरूप वीर्य मानता है, इस मतवालों को शक्तिरूपवीर्यवादी या बहुवीर्यवादी कहते हैं। चरक इस मतके अनुयायी हैं। दूसरा पक्ष उत्कृष्ट शक्तिसंपन्न गुर्वादि आठ या शीत और उष्ण दो गुणों को ही वीर्य मानता है। इस मतवालों को पारिभाषिक-वीर्यवादी या गुणवीर्यवादी[2] कहते हैं। सुश्रुत, वृद्धवाग्भट और वाग्भट इस मत के अनुयायी हैं। तीसरा पक्ष कर्मलक्षण वीर्य मानता है। यह नागार्जुन का मत है[3]। वीर्य का स्वरूप बताते हुए शिवदाससेन लिखते हैं कि—"वीर्यं शक्तिः, सा च पृथिव्यादीनां भूतानां यः सारभागस्तदतिशयरूपा बोध्या[4] = द्रव्य में पृथिव्यादि भूतों का जो अतिशय सार भाग जिसमें क्रिया करने की शक्ति हो, वह चाहे द्रव्यों के पाञ्चभौतिक संगठनरूप हो, रसरूप हो, विपाकरूप हो या गुर्वादि उत्कृष्टशक्ति सम्पन्न गुणरूप हो, उसको वीर्य कहते हैं।" रसादि में 'वीर्य' शब्द का प्रयोग धर्म-शक्ति और धर्मी-रसादि इनके अभेदोपचार से होता है। वास्तव में शक्ति और रसादि ये दोनों गुण हैं और गुण सर्वदा द्रव्य को आश्रय करके ही रहते हैं, अतः द्रव्य में रहा हुआ जो क्रियाजननसमर्थ सारभाग जिसको आधुनिक वैज्ञानिकों ने 'ऍक्टिव प्रिन्सिपल्स (Active Principles)' नाम दिया है उसको वीर्य नाम देना चाहिये, ऐसा जो परिशिष्ट में डॉ० पाठकजी ने लिखा है वह ठीक मालूम होता है[5]। आयुर्वेदाचार्यों को द्रव्यों में भूतप्रसादातिशयरूप सार भाग रहता है इस बात का ज्ञान था, परन्तु उस समय विश्लेषणक्रिया का विकास नहीं हुआ था, इसलिये उनका विशेष विवरण संहिताग्रन्थों में नहीं पाया जाता। रसाचार्योंने धातुओं (खनिजों) से विश्लेषण प्रक्रिया द्वारा स्वर्णादि लोह (मेटल्स Metals)

१—देखें इसी ग्रन्थ में पृ. ३०२ पर वक्तव्य।
२—देखें इसी ग्रन्थ में पृ. २७२-२७४।
३—देखें इसी ग्रन्थ में पृ. २८६-२९४।
४—देखें इसी ग्रन्थ में पृ. २६८-२७० पर शिवदाससेन की व्याख्या।
५—देखें इसी ग्रन्थ में परिशिष्ट २, पृ. ३५८।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अलग करके निकाले थे और उनको उन्होंने **सत्त्व** नाम दिया था। आजकल आधुनिक वैज्ञानिक द्रव्यों से जो सारभाग निकालते हैं उनके लिये **'वीर्य'** या **'सत्त्व'** शब्द का प्रयोग करना ठीक होगा। आयुर्वेद में द्रव्यों की शरीरपर होनेवाली क्रियाओं की मीमांसा या उत्पत्ति उनके पञ्चभूतात्मक संगठन, रस, गुण, वीर्य विपाक और प्रभाव की सहायता से की जाती है। अतः आधुनिक वैज्ञानिकों के निकाले हुए कुनैन आदि सत्त्वों के कर्मों की मीमांसा भी आयुर्वेद की दृष्टि से उनके पञ्चभूतात्मक संगठन, रस, गुण, वीर्य, विपाक और प्रभाव द्वारा ही करनी चाहिये आयुर्वेद में यद्यपि वीर्य शक्तिरूप, उत्कृष्टशक्ति-संपन्न गुणरूप या कर्म-लक्षण है—ये तीन मत पाये जाते हैं, तथापि द्रव्यों के गुण लिखते समय शीत, उष्ण आदि पारिभाषिक वीर्यवाचक शब्दों का ही प्रयोग हुआ है[1]। सुश्रुत और नागार्जुन ने **प्रभाव** नाम के पदार्थ का 'प्रभाव' नाम से उल्लेख नहीं किया है, परन्तु सुश्रुत ने जो **अमीमांस्य** और अचिन्त्य भेषज[2] तथा नागार्जुन ने **अचिन्त्य वीर्य**[3] लिखे हैं, वे प्रभाव ही हैं।

कर्म

यद्यपि पदार्थविज्ञान की दृष्टि से **वैशेषिकदर्शन में** कर्मपदार्थ का "एकद्रव्यमगुणं संयोगविभागेष्वनपेक्षकारणमिति कर्मलक्षणम्" (१।१।१७) तथा **चरकने** "संयोगे च विभागे च कारणं द्रव्यमाश्रितम्। कर्तव्यस्य क्रिया कर्म कर्म नान्यदपेक्षते ॥" (सू. अ. १) यह लक्षण लिखा है, तथापि द्रव्यगुणाधिकार में 'कर्म' शब्द का प्रयोग 'शरीरपर होनेवाली द्रव्यों की वमन-विरेचन आदि क्रिया, इस अर्थ में होता है। चरकने लिखा है कि—"कर्म पञ्चविधमुक्तं वमनादि" (सू. अ. २६)। यहाँ 'वमनादि' पद में 'आदि' शब्द से बृंहण-जीवन आदि द्रव्यों के सब कर्म लेने चाहिए—"एतच्च (वमनादि) प्राधान्यादुच्यते, तेन बृंहणाद्यपि बोद्धव्यम्।" (**च. द.**)। सुश्रुत ने भी "इहौषध-कर्माणि ऊर्ध्वाधोभागोभयभागसंशोधन-संशमन-सांग्राहिकाग्निदीपन-पीड़न-लेखन-बृंहण-रसायन-वाजीकरण-श्वयथुकर - विलयन - दहन-दारण मादन-प्राणघ्न-विषप्रशमनादीनि वीर्यप्राधान्याद्भवन्ति।" (इसी ग्रन्थ में पृ. २७६) इस सूत्र में वमन-विरेचन आदि को **औषधकर्म** कहा है। **नागार्जुन ने** कर्म-प्राधान्य प्रकरण में द्रव्यों का शरीर पर जो प्रयोग वह कर्म, ऐसा लिखा हैं='कर्म सर्वेषाम्।' (र. वै. अ. २. सू. ३८)। "द्रव्यादयः पदार्थाः सर्वे तेषां कर्म प्रयोग इत्यर्थः। × × ×। प्रयोगः कर्मसंज्ञितः षष्ठः पदार्थः" (**भा.**)।

१—"शास्त्रे व्यवहारस्तु पारिभाषिकवीर्यनयेनैव"—**शिवदाससेन**।
२—देखें इसी इन्थ में पृ. ३०२।
३—देखें इसी ग्रन्थ में पृ. २८६–२९४।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्राचीन काल में हमारा द्रव्यगुणविज्ञान एक जीवित शास्त्र था। महर्षियों ने दीर्घकाल के परिश्रम और अनुभव से द्रव्यगुणविज्ञान के आधारभूत सिद्धान्त स्थापित किए थे। कोई भी नया द्रव्य उनके सामने आता था तो वे अपने सिद्धान्तानुसार मनुष्यशरीर पर उसका परीक्षण करके उसके पाञ्चभौतिक सगठन, रस, वीर्य, विपाक, प्रभाव और कर्म निश्चित करते थे और उपयुक्त सिद्ध होनेपर उस द्रव्य को ग्रन्थों में स्थान देते थे। परन्तु आजकल हमारा यह शास्त्र मूर्च्छितावस्था में है। इन दिनों किसी भी उपयोगी नवीन द्रव्य का हमारी आर्षपद्धति से परीक्षण करके द्रव्यगुण के ग्रन्थों में उसका समावेश कर लेने का उदाहरण नहीं पाया जाता। हमारे संहिताग्रन्थ या निघंटुओं में अनुक्त कुछ नवीन द्रव्यों का आजकल वैद्य लोग उपयोग करते हैं, परन्तु वह यूनानी या आधुनिक वैद्यक में लिखे हुए उनके गुण-कर्मों को देखकर तदनुसार या लोक में प्रसिद्ध गुण-कर्मानुसार करते हैं। हमारी आर्षपद्धति के अनुसार उनका परीक्षण करके द्रव्यगुण के ग्रन्थों में उनका समावेश करने का यत्न नहीं किया जाता। यदि हम इस शास्त्र को पुनरुज्जीवित करना चाहते हैं तो हमलोगों का कर्तव्य होगा कि अपने सामने आये हुए नवीन द्रव्यों का अपने सिद्धान्तानुसार परीक्षण करके उनको अपने ग्रन्थों में ले लें। प्राचीन ग्रन्थों में कई द्रव्यों के रस, गुण, वीर्य और विपाक के विषय में विभिन्न मत पाये जाते है, उनका पुनः परीक्षण करके निश्चय करने की और उनमें एकवाक्यता लाने की आवश्यकता है। आयुर्वेद में प्रचलित कई द्रव्यों के गुण-कर्म यूनानी और पाश्चात्य वैद्यक में हमारे से अधिक लिखे हैं, उनका भी परीक्षणपूर्वक संग्रह कर लेना चाहिये। प्राचीन काल में या आजकल वैद्यों ने प्रायः औषधों के गुण ग्रामीणों या अन्य देशवासियों से पहले जानकर पीछे उनका मनुष्यों या अन्य प्राणियोंपर प्रयोग करके परीक्षण किया है और परीक्षण प्राप्त ज्ञान के आधारपर उनके गुण-कर्मों की अपनी पद्धति के अनुसार शास्त्रीय उपपत्ति लगाने का यत्न किया है। हम लोगों को भी इस पद्धति का अनुसरण करना चाहिए।

वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्यगुणविज्ञानपूर्वार्धान्तर्गतविषयाणां वर्णानुक्रमणिका

विषयः	पृष्ठम्	विषयः	पृष्ठम्
अङ्गमर्दप्रशमनं	५६	औषधाहारभेदेन द्वौ द्रव्यभेदौ	२७
अनुलोमनं	७१	कण्ठ्यं	४०
अनुवासनोपगं	४८	कण्डूघ्नं	४१
अभिष्यन्दि	८०	कफजादिव्याधौ रसोपयोग क्रमः	२२१
अर्थनिरूपणं	१०६	कर्मभेदेन द्रव्यभेदाः	२९
अर्शोघ्नं	४१	कासहरं	५३
अवसादकं	९०	कुष्ठघ्नं	४१
अवसादनं	८५	कृमिघ्नं	४१
अवस्थापाकनिरूपणं	२३०	के रसाः कं दोषं जयन्ति कोपयन्ति च	१९४
अश्मरीनाशनं	८७	केश्यं	८२
आर्तवजननं	८८	केषां द्रव्याणां रसेभ्य एव गुणाः दोषप्रकोपकत्वं, दोषप्रशमनत्वं च विज्ञेयं	१८९
आविजननं	८९	कोथप्रशमनं	८७
आशुकारी	८०	कोष्ठवातप्रशमनं (टि.)	३७
आस्थापनोपगं	४७	गर्भपाति	८८
आस्वाद्यमानस्य द्रव्यस्य रसः कदा उपलभ्यते	१६३	गुणलक्षणं	१०१
उत्तेजकं	९०	गुणविज्ञानीयाध्यायः	१०१-१२७
उत्सादनं	८५	गुणसंख्या	१०३
उदर्दप्रशमनं	५६	गुर्वादिविंशतिगुणकर्माणि	१०८
उपयुज्यमानानां द्रव्याणां वीर्यं कदोपलभ्यते	२९६	गुर्वादिविंशतिगुणनिरूपणं	१०६
उपशोषणं	८६	चरकमतेन विपाकनिरूपणं	२३५
एकीयमतेन गुणप्राधान्य-निरूपणं	१२५	चक्षुष्यं	८२
एकीयमतेन द्रव्यप्राधान्य-निरूपणं	९०	चेतनाचेतनभेदेन द्वौ द्रव्यभेदौ	६
एकीयमतेन रसप्राधान्य-निरूपणं	२२४	छर्दिनिग्रहणं	४८
औद्भिदद्रव्याणामवान्तरभेदाः	२२	छेदनम्	७३
		जङ्गमद्रव्याणामवान्तरभेदाः	२६

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विषयः	पृष्ठम्
जीवनीयं	३०
ज्वरहरं	५४
तारकाविकासि	८९
तारकासंकोचनं	८९
तृप्तिघ्नं	४०
तृष्णानिग्रहणं	४९
त्रिषष्टिरसभेदाः	
तेषामुपयोगश्च	२०९
दहनं	५५
दारणं	८४
दाहप्रशमनं	५५
दीपनीयं	३५
दुर्गन्धहरं	८८
द्रव्यगुणविज्ञानप्रतिपाद्य-	
द्रव्यशब्दार्थः	१
द्रव्यगुणवैशेष्याद्विपाकलक्षणत्वाल्प-	
मध्यभूयिष्ठत्वं	२६३
द्रव्यलक्षणं	२
द्रव्यगुणविज्ञानपूर्वार्धस्य	
प्रथमं परिशिष्टं	३२२-३३४
द्रव्यगुणज्ञानपूर्वार्धं का	
द्वितीय परिशिष्ट	३३५
द्रव्यगुणविज्ञानीयाध्यायाः	१-१००
द्रव्याणां वर्गीकरणहेतुः	६
द्रव्याण्येव शरीरस्थिति,	
क्षय-वृद्धिहेतवः	३१९
द्रव्यादिप्राधान्यवादोपसंहारः	३०९
नागार्जुनमतेन कर्मनिरूपणं	३१२
नागार्जुनमतेन रसानां कर्म	१८०
नागार्जुनमतेन वीर्यनिरूपणं	२८६
पञ्च भूतेभ्यः कार्यद्रव्याणामुपत्ति-	
प्रकारः	३

विषयः	पृष्ठम्
परस्परविरुद्धानामपि रसादीनां	७६
कार्यसाधनेऽविघातकत्वं	१६
परादिदशगुणनिरूपणं	
पाचनं	
(व्रण) पाचनं	
पाञ्चभौतिकत्वेऽपि रसानां	
षड्विधत्वे हेतुः	
पार्थिवादिभेदेन पञ्च द्रव्यभेदाः	
पित्तसारकं	
पुरीषजननं	
पुरीषविरजनं	
पुंस्त्वोपघाति	
प्रजास्थापनं	
प्रपीडनं	
प्रभावभेदेन द्रव्यभेदाः	
प्रभावनिरूपणं	२
प्रमाथि	८
बल्यं	३
बुद्धीच्छा-द्वेष-सुख-दुःख-	
प्रयत्नानां निरूपणं	११९
बृंहणीयं	३२
भुज्यमानानां द्रव्याणां विपाकः	
कदोपलभ्यते	२६५
भूतोत्कर्षापकर्षतो रस-वीर्य-	
विपाकानां द्रव्ये एकरूपत्वं	
विरूपत्वं वा भवति	३१८
भेदनीयं	३४
मद्यं	७६
मधुरादिरसानां सोमगुणा-	
तिरेकत्वादि कथं निर्धार्यते	१५६
मार्दवकरं	८८
मूत्रविरजनीयं	५२

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्यगुणविज्ञानपूर्वार्धान्तर्गतविषयाणां वर्णानुक्रमणिका

विषयः	पृष्ठम्
ीयं	५२
ीयं	५१
	८२
वि ानं	८९
अहि	८१
अदेन द्रव्यभेदाः	२२
अं	८६
देन द्रव्यभेदाः	२८
देन षड्वर्गाः	२२२
ज्ञानीयाध्यायः	१२८-२२८
ख्या	१२४
लक्षणमुत्पत्तिक्रमश्च	१२८
द्वारा द्रव्याणां कर्म-	
व-निरूपणं, रसादीनां	
कबलनिरूपणं च	३१३
नां गुण-कर्माणि	१६३
नां गुणतारतम्यं	१९१
नां दोषजननेऽपवादः	२०१
रसानां दोषजनने दोषप्रशमने च युक्तिः	२०३
रसानामन्यथात्वगमननिरूपणं	१४५
रसानुरसयोर्लक्षणं	१४६
रसायनं	७३
रसोपलब्धिहेतवः	१४९
रूक्षणं	६०
रेचनं	६८
रोगजन्तुघ्नं	८८
रोपणं	८५
रोमशातनं	८६
रोमसंजननं	८६
लङ्घनं	५९
लालाप्रसेकजननं	९०
लालाप्रसेकापनयनं	९०
लेखनीयं	३३
वमनं	६४
वमनोपगं	४७
वयःस्थापनं	५८
वर्ण्यं	३९
वाजीकरणं	४४
विकासि	७५-११६
विचित्रप्रत्ययारब्धद्रव्यकर्माणि	३०५
विदाहि	८०
विदाह्यविदाहिभेदेन रसानां द्वैविध्यं	१५७
विपाककर्माणि	२६०
विपाकभेदेन द्रव्यभेदाः	२८
विपाकलक्षणं	२२९
विपाकविज्ञानीयाध्यायः	२२९-२६६
विपाकयोर्विपर्यासप्राप्तिहेतवः	२६४
विपाकविषये नागार्जुनस्य मतं	२५१
विम्लापनं	८३
विरुद्धं	८७
विरेचनोपग	४७
विषं	७८
विषघ्नं	४२
वीर्यतो विपाकतश्चाविरुद्धानां रसोपदेशेन गुणोपदेशः, तत्रापवादाश्च	१८३
वीर्य-प्रभावविज्ञानीया-ध्यायः	२६७-३२०
वीर्यभेदेन द्रव्यभेदाः	२९
वीर्यलक्षणं संख्या च	२६७
वीर्ये भूतोत्कर्षनिरूपणं वीर्यगुणकर्माणि च	२८२

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विषयः	पृष्ठम्
वृष्यं	४४
वेदनास्थापनं	५७
व्यवायि	७५-११६
शिरोविरेचनोपगं	४८
शीतप्रशमनं	५६
शुक्रजननं	४३
शुक्रशोधनं	४६
शूलप्रशमनं	५६
शोणितास्थापनं	५६
शोणितोत्क्लेशकं	८९
शोथहरम्	५३
शोधनं	७२
(व्रण) शोधनं	८५
श्रमहरं	५५
श्लेष्मनिःसारकं	८८
श्वयथुजननं	५४
श्वासहरं	५३
षडेव रसा इति सिद्धान्तप्रतिपादनं	१३४
षड्रसविज्ञानं	१५८
षाण्ढ्यकरं	८१
सर्वेषां द्रव्याणामौषधत्वनिरूपणं	१३
साहचर्योपचाराद्द्रव्यगुणानां रसेषूपदेशः	१८१
सुश्रुतमतेन विपाकनिरूपणं	२४५
सुश्रुतमतेन वीर्यनिरूपणं	२७६
सूक्ष्मं	७४-११६
सौमनस्यजननं	८२
सौम्याग्नेयभेदेन रसानां द्वैविध्यं तयोर्गुणश्च	१५७
संज्ञासंस्थापनं	५८
संधानीयं	३५
संशमनं	६३
संसृष्टरसानां द्रव्याणां प्रभाव-विज्ञानोपायः	२०४
स्तन्यजननं	४३
स्तन्यनाशनं	८७
स्तन्यशोधनं	४३
स्तम्भनं	६२
स्नेहनं	६१
स्नेहोपगं	४६
स्फोटजननं	८९
स्रंसनं	७१
स्वप्नजननं	८१
स्वापजननं	८७
स्वेदापनयनं	८१
स्वेदोपगं	४७
हिक्कानिग्रहणं	४९
हृदयोत्तेजकं	९०
हृद्यं	४०

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इस ग्रन्थ में दिये हुए संकेत चिन्ह

च. चरकसंहिता ।
सु. सुश्रुतसंहिता ।
अ. सं. अष्टाङ्गसंग्रह ।
अ. हृ. अष्टाङ्गहृदय ।
र. वै. रसवैशेषिकसूत्र ।
भा. भावप्रकाश ।
शा. शार्ङ्गधरसंहिता ।
वै. द. वैशेषिकदर्शन ।
न्या. द. न्यायदर्शन ।
सि. भे. सिद्धभेषजमणिमाला कृष्णराम-भट्टविरचिता ।
च. द. चक्रपाणिदत्त, चरक और सुश्रुत के व्याख्याकार ।
ग. गङ्गाधर कविराज, चरकव्याख्याकार ।
यो. योगीन्द्रनाथसेन कविराज, चरकव्याख्याकार ।
ड. डल्हण, सुश्रुतव्याख्याकार ।
हा. हाराणचन्द्र कविराज, सुश्रुत-व्याख्याकार ।
इ. इन्दु अष्टाङ्गसंग्रहव्याख्याकार ।
अ. द. अरुणदत्त, अष्टाङ्गहृदय-व्याख्याकार ।
हे. हेमाद्रि, अष्टाङ्गहृदयव्याख्याकार ।
भा. रसवैशेषिकसूत्रभाष्य ।
शि. शिवदाससेन, चरकसंहिता और द्रव्यगुणसंग्रह के व्याख्याकार ।
आ. आढमल्ल, शार्ङ्गधरसंहिता-व्याख्याकार ।
का. काशीराम, शार्ङ्गधरसंहिता-व्याख्याकार ।
डा. वा. दे. डॉक्टर वामन गणेश देसाई, औषधिसंग्रहकार ।
पा. पाणिनीय अष्टाध्यायी ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्य-गुण-विज्ञानम्

पूर्वार्धः

(द्रव्य-गुण-रस-विपाक-वीर्य-प्रभाव-कर्म-विज्ञानात्मकः)

द्रव्यविज्ञानीयो नाम प्रथमोऽध्यायः

अथातो द्रव्यविज्ञानीयं नामाध्यायं व्याख्यास्यामो यथोचुरात्रेय-धन्वन्तरिप्रभृतयः ॥

अस्मिन् ग्रन्थे द्रव्य-गुण-रस-विपाक-वीर्य-प्रभाव-कर्माण्यभिधेयानि । तेषु रसादीनामाश्रयभूतत्वेन द्रव्यमेव प्रधानं, तस्मादादौ द्रव्यविज्ञानीयाध्याय आरभ्यते । द्रव्यस्य प्रभाव-स्वरूप-कर्मादिभेदैर्विशिष्टं ज्ञानं द्रव्यविज्ञानं तदधिकृत्य कृतो ग्रन्थो द्रव्यविज्ञानीयः ॥

इस ग्रन्थ में द्रव्य, गुण, रस, विपाक, वीर्य, प्रभाव और कर्म—इन सात विषयों का प्रतिपादन होगा । उनमें द्रव्य ही रसादि का आश्रयभूत होने से प्रधान है । अतः प्रारम्भ में द्रव्य का विशेषरूप से (प्रभाव-स्वरूप-कर्म आदि भेद से) जिस में विवेचन होगा ऐसा द्रव्यविज्ञानीय अध्याय आत्रेय-धन्वन्तरि आदि महर्षियों के वचनानुसार लिखा जाता है ।

द्रव्यगुणविज्ञानप्रतिपाद्यद्रव्यशब्दार्थः—

सर्वं द्रव्यं पाञ्चभौतिकमस्मिन्नर्थे । —च० सू० अ० २६

सर्वं द्रव्यमिति कार्यद्रव्यम् अस्मिन्नर्थे इति अस्मिन् प्रकरणे, द्रव्यगुणाधिकारे इति यावत् । गुणशब्देनात्र धर्मवाचिना रस-विपाक-वीर्य-प्रभाव-कर्माणि सर्वाण्येव द्रव्यधर्माण्यभिधीयन्ते । पाञ्चभौतिकमिति पृथिव्यादिभिः पञ्चभिर्भूतैर्मिलितैरारब्धमित्यर्थः । प्रकरणान्तरे यद्यपि पञ्चभूतात्म-मनः-काल-दिशां नवानामपि कारणद्रव्याणां द्रव्यशब्देन ग्रहणं भवति, तथाऽप्यस्मिन् द्रव्यगुणाधिकारे 'द्रव्य' शब्देन औषधाहारोपयोगीनि पाञ्चभौतिकानि गडूची-गोधूमादीनि कार्यद्रव्याण्येवाभिप्रेतानीत्यर्थः ।

द्रव्यमाश्रयलक्षणं पञ्चानाम् । —र० वै० सू० १, १६६

रसादीनां पञ्चानां भूतानां यदाश्रयभूतं तद् द्रव्यम् । —भा०

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वैशेषिकदर्शन में तथा आयुर्वेद में भी अन्य प्रकरणों में (च० सू० अ० १, श्लो० ४८ आदि में) **'द्रव्य'** शब्द से आकाश, वायु, तेज-अग्नि, जल, पृथिवी, आत्मा, मन, काल और दिशा--इन नौ का ग्रहण होता है, तथापि इस प्रकरण में (द्रव्यगुणाधिकार में) **'द्रव्य'** शब्द से पञ्चमहाभूतों के मेल से बने हुए औषध और आहार के लिए उपयुक्त गिलोय, गेहूँ आदि पाञ्चभौतिक कार्यद्रव्य ही अभिप्रेत[1] हैं। **नागार्जुन ने** रस, गुण, विपाक, वीर्य और कर्म--इन पाँचों के आश्रयभूत पदार्थ को **'द्रव्य'** माना है।

द्रव्यलक्षणम्--

यत्राश्रिताः कर्मगुणाः कारणं समवायि यत्।
तद्द्रव्यं × × × × ×। --च० सू० अ० १

द्रव्यलक्षणं तु 'क्रिया-गुणवत् समवायिकारणम्' इति।
--सु० सू० अ० ४०

द्रव्यलक्षणमाह—यत्रेत्यादि। यत्राश्रिता यत्र समवेताः (समवायसंबन्धेन स्थिताः), कर्म च गुणाश्च कर्म-गुणाः। कारणं समवायि यदिति समवायिकारणं यत्, द्रव्यमेव हि द्रव्य-गुण-कर्मणां समवायिकारणम्। समवायिकारणं च तद् यत् स्वसमवेतं कार्यं जनयति; गुणकर्मणी तु न स्वसमवेतं कार्यं जनयतः अतो न ते समवायिकारणे (च० द०)। × × ×। व्यवहारभूमावाकाशं परमसूक्ष्मं क्रियं चोपलभ्यते, तत् पुनर्भूतान्तरैः संहन्यमानं क्रियावद्भवति (एतेन दिक्कालावपि व्याख्यातौ)। एवमात्मा निष्क्रियोऽपि मनसः क्रियया क्रियावान्। द्रव्यं

१—द्रव्यगुणविज्ञान में 'द्रव्य' शब्द से जैसे पाञ्चभौतिक कार्यद्रव्य अभिप्रेत हैं, वैसे ही 'गुण' शब्द से द्रव्यगुणविज्ञानोपयुक्त शब्दादि पाँच इन्द्रियार्थ तथा गुर्वादि बीस 'शारीर गुण अभिप्रेत हैं; और कर्म शब्दसे द्रव्यगुणविज्ञानोपयुक्त वमन-विरेचनादि कर्म ही अभिप्रेत हैं। जैसे कि--इसके आगे मूल में **"तस्य च गुणाः शब्दादयो गुर्वादयश्च द्रवान्ताः, कर्म पञ्चविधमुक्तं वमनादि"** अर्थात्--उस पाञ्चभौतिक द्रव्य के शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध तथा गुरु-लघु-शीत-उष्ण-स्निग्ध-रूक्ष-मन्द-तीक्ष्ण-स्थिर-सर-मृदु-कठिन-विशद-पिच्छिल-श्लक्ष्ण-खर-सूक्ष्म-सान्द्र-द्रव ये गुण हैं; और वमन-विरेचन-आस्थापन-अनुवासन-शिरोविरेचन-बृंहण आदि कर्म हैं, ऐसा लिखा है। इससे यह स्पष्ट है कि--द्रव्यगुणाधिकार में गुणशब्द से शब्दादि पाँच और गुर्वादि बीस गुण ही प्रधानतया विवक्षित हैं। वैशेषिकदर्शन में तथा आयुर्वेद में भी प्रकरणान्तर में इच्छा-द्वेष-सुख-दुःख तथा परत्व-अपरत्व आदि अन्य जो आत्मा-मन आदि के गुण कहे गये हैं वे यहाँ 'गुण' शब्द से प्रधानतया विवक्षित नहीं हैं। एवं 'कर्म' शब्द से भी उत्क्षेपण-अवक्षेपण--आदि नाम से जो पञ्चविध कर्म माने गये हैं, वे यहाँ प्रधानतया विवक्षित नहीं हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

यदा उत्पद्यते तदानीमपि तन्नागुणं, स्वाभाविकगुणानुवृत्तेः । पृथिव्या गन्धः, अपां रसः, तेजसो रूपम्, इत्येवमादिकः स्वाभाविको गुणो न शक्यते तदा प्रतिषेद्धुम् । कारणं समवायीति यच्च समवायिकारणम् । समवायीति गुणैः सह अपृथग्भावः समवायः, तद्वत् समवायि । द्रव्यं गुणसमवायबद्धि कारणं भवति, गुणोऽपि द्रव्य-समवायवान् । अनेन समवायस्यापि कारणत्वमुपदर्शितं भवति । अथवा यच्च कारणं समवायि न पृथग्भवति; यथा—तन्तवः पटस्य, तद् द्रव्यम् । 'गुण-कर्माश्रयः समवायि कारणम्' इति द्रव्यलक्षणम् (यो०) । यत्र कर्म परिस्पन्द-लक्षणं संयोगविभागकारणं (समवेतम्); समवेताश्च गुणाः यत्र शब्दादयो गुर्वादयो वा बुद्धिर्वा परादयो वा समवेताः; यच्च कारणं समवायि, तद् द्रव्यमुच्यते । एतानि कर्मगुणाश्रयित्व-समवायिकारणत्वानि यद्यपि सर्वाणि सर्वस्मिन् द्रव्ये न विद्यन्ते, तथाऽपि यद्यत्र संभवति तेन तस्य द्रव्यत्वं कल्प्यम् । तद्यथा—मनसः कर्म-गुणाश्रयित्वेन, वाय्वादीनां तु कर्म-गुणाश्रयत्वेन समवायिकारणत्वेन च (अ०द०) ॥

जिसमें संयोग-विभाग का कारण परिस्पन्दनलक्षण (चलनात्मक) कर्म और रूपादि गुण समवाय (नित्य) संबन्ध से आश्रित हैं और जो कार्यद्रव्य के प्रति समवायि (उपादान) कारण है, उसे द्रव्य कहते हैं । जिसमें आश्रित होकर कार्य उत्पन्न होता है और जो कार्य से या कार्य जिससे कदापि भिन्न नहीं रह सकता उसे **समवायि कारण** कहते हैं । जैसे—मिट्टी घड़े का और तन्तु पट का समवायि कारण है । यद्यपि द्रव्य का यह लक्षण प्रधानतः कारणद्रव्य का है, तथापि द्रव्यगुण-शास्त्र में प्रतिपाद्य गुडूच्यादि कार्यद्रव्य भी गुणकर्माश्रय और गुडूच्यादिमोदक आदि के समवायि कारण होने से कार्यद्रव्य में भी यह लक्षण लागू होता है ।

पञ्चमहाभूतेभ्यः कार्यद्रव्याणामुत्पत्तिप्रकारः—

तत्र पृथिव्यप्तेजो-वाय्वाकाशानां समुदायाद् द्रव्याभिनिर्वृत्तिः, उत्कर्षस्त्वभिव्यञ्जको भवति—इदं पार्थिवम्, इदमाप्यम्, इदं तैजसं इदं वायव्यम् इदमाकाशीयमिति ॥ —सु० सू० अ० ४१

सर्वकार्यद्रव्याणां पञ्चभूतारब्धत्वं दर्शयित्वा चिकित्सोपयुक्तं पार्थिवत्वादि विशेषमाह—तत्रेत्यादि । समुदायादिति मेलकात् । पृथिवी-जलानिलादीनां च यद्यपि विरुद्धगुणत्वं, तथाऽप्यदृष्टवशादेकद्रव्यरूपकार्यारम्भकत्वं दृष्टत्वादेव भवति । यथा—वातादीनामेकव्याध्यारम्भकत्वं, शुक्र-शोणितयोर्वा सौम्याग्नेय-योर्गर्भजनकत्वं, सत्त्व-रजस्तमसां वा महदाद्यारम्भकत्वम् : उत्कर्षः प्रत्येकं पृथिव्याद्युत्कर्षः । अभिव्यञ्जक इति पार्थिवत्वाद्यभिव्यञ्जकः । तमेवाह—

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इदमित्यादि (च. द.)। ××× तारतम्येन समुदितेभ्यः पञ्चमहाभूतेभ्यो द्रव्याभिनिर्वृत्तिर्भवतीत्यर्थः। तथा चोपपन्नं भवति--उत्कर्षस्त्वभिव्यञ्जक इति (हा.)॥

इह हि द्रव्यं पञ्चमहाभूतात्मकम्। तस्याधिष्ठानं पृथिवी, योनिरुदकं, खानिलानलसमवायान्निर्वृत्ति-विशेषौ। उत्कर्षेण तु व्यपदेशः॥ —अ० सं० सू० अ० १७

द्रव्यं पञ्चभूतात्मकं पञ्चभिर्भूतैरारब्धमित्यर्थः। पञ्च भूतानि पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशानि लोके प्रसिद्धानि। आकाशस्य तु शून्यात्मनोऽपि गुणाश्रयत्वात् पृथिव्यादिवदेव भूतत्वं द्रव्यारम्भकत्वं च विज्ञेयम्। तथाच नभोभागाधिके द्रव्येऽवयवनिबिडभावाद्यभावेन स्वरूपमजहदेव नभः कारणतां याति। ×××। ननु पृथिव्यादयः केन प्रकारेण कारणतां तत्र गच्छन्तीत्याह--तस्येत्यादि। तस्य द्रव्यस्य, अधिष्ठानम् आश्रयः पृथिवी। सा हि गुडूच्यादेराहारौषधोपयोगिनो द्रव्यस्योपलम्भेन प्रधानं कारणम्। तस्य च गुडूच्यादेः सर्वस्यैव द्रव्यस्याम्बु योनिः। 'यु' मिश्रणे, धातुः; तस्मिन् 'योनिः' इति रूपं भवति। कारणं स्वभावसंबन्धहेतुरित्यर्थः। नभो-वाय्वनलानां समवायात् पृथिव्युदकाभ्यामविनाभाववृत्तित्वात्तस्य द्रव्यस्य निर्वृत्ति-विशेषौ भवतः। निर्वृत्तिः निष्पत्तिः आत्मलाभः; विशेषः द्रव्यान्तरेणासादृश्यम्। तथा च संस्थानविशेषलाभायावयवव्यूहने नभःकारणतां याति, काठिन्यादिके वायुः, तेजःप्रसादलभ्याश्चांकुराद्यवस्थाविशेषाः; तेनैतदुक्तं भवति--पञ्चानामेव भूतानां संयोगात् सर्वद्रव्याणामाहारौषधाद्युपयोगिनां सम्भवः। तेषामेव भूतानामेकादितारतम्यादिसंयोगविशेषेण द्रव्याणां परस्परव्यावृत्तिः। यश्च पार्थिवं द्रव्यम्, आप्यं द्रव्यम्, इत्यादिव्यपदेशः स भूयसा प्रभूतेन महाभूतेन जन्यते। तेन पञ्चसु मध्ये यदधिकं तदीयं व्यपदेशं प्राप्नोतीत्यर्थः (इ.)॥

पञ्चभूतात्मकं तत्तु, क्ष्मामधिष्ठाय जायते॥
अम्बुयोन्यग्नि-पवन-नभसां समवायतः।
तन्निर्वृत्तिर्विशेषश्च, व्यपदेशस्तु भूयसा॥
--अ० हृ० सू० अ० ९

तुरवधारणे। यत्तदोश्च नित्याभिसंबन्धात् 'यत्' इत्येतदनुक्तमप्यर्थाल्लभ्यते। तेनायमर्थः--यद्रसादीनामाश्रयभूतं कार्यं द्रव्यं हरीतक्यादि स्थावरं, छागादि वा जङ्गमं, (सैन्धवादि वा पार्थिवं), तत् पञ्चभूतात्मकं; न तु यत् कारणं द्रव्यमाकाशादि। तस्य हि पञ्चभूतात्मकत्वे सत्याकाशादीनां पृथक्त्वेनात्मलाभो न स्यात्। ततश्चेदमाकाशं नाम महाभूतम्, इदं पृथ्वी नाम महाभूत-

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मिति गदितुं न पार्येत, सर्वस्य पञ्चमहाभूतात्मकत्वात् । न च यत् कारणं तत् कदाचित् कार्यं स्यात् । तस्मात् कार्यद्रव्यस्यैव पञ्चभूतात्मकत्वं, न कारण-द्रव्यस्याकाशादेः । अथ केन महाभूतेन कथं कृत्वाऽऽरब्धं तद् द्रव्यमित्याह—क्ष्मामित्यादि । पृथ्वीमाधारीकृत्योत्पद्यते । एवं पृथिव्याख्येन भूतेनाधारत्वेनोपकृत्य तेन तदारब्धं द्रव्यमित्युच्यते । तथा अम्बु सलिलं, योनिः कारणं यस्य तदम्बुयोनि द्रव्यम् । एवं जलं नाम महाभूतं रसवत्त्वाद्योनितयोपकृत्य तेन तदारब्धमित्युच्यते । × × × । तथा अग्नि-पवन-नभसां समवायात् अपृथग्भावात्, तस्य द्रव्यस्य निर्वृत्तिः निष्पत्तिः, तथा तस्य द्रव्यस्य यो विशेषः इदमन्यदिदमन्यद् द्रव्यमित्येवंरूपो नानास्वभावः, सोऽप्यग्नि-पवन-नभसां समवायात् । एवमग्नि-पवन-नभोभिः समवायिकारणत्वेनोपकृत्य तैरेतद्द्रव्यमारब्धमित्युच्यते । एवं च सर्वं कार्यद्रव्यं पञ्चमहाभूतात्मकं, पञ्चभिर्महाभूतैरारब्धत्वात् । × × × (अ. द.) । द्रव्योत्पत्तिमाह—तत्त्विति । तद् द्रव्यं क्ष्मां पृथिवीमधिष्ठाय जायते, मृदमिव घटः; उपादानकारणं पृथ्वीत्यर्थः । अम्बु उदकं, योनिर्विपरिणामकारणं यस्य तदम्बुयोनिः ; यथा— घटे निष्पाद्ये मृदः पिण्डीभावादौ । अग्न्यादीनां सम्बन्धनात् तन्निर्वृत्तिः संपूर्णावयवत्वं काठिन्य-क्रियावकाशादिदानेन । विशेषः परस्परं, सोऽपि तत एव । यथा—पिण्डीभूताया मृदो मणिक-करक-शरावादिभेदः (हे.) । पृथिवी प्रधानकारणत्वमुपादानलक्षणं भजते, तदवयवानां मिश्रणं करोति जलम्,अग्निरुपादानं पचति,वायुरूर्ध्वाधस्तिर्यगवयवानुत्कर्षति, नभोऽवकाशं ददाति ; सर्वत्रैवायं क्रमः । आग्नेये चित्रकादौ पृथिव्येव प्रधानकारणं, नाभसे वेण्वादौ, वायव्ये तुम्बादौ च (हृ. बो.) ॥

पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश इन पाँचों महाभूतों के समुदाय (मेल) से सर्व कार्यद्रव्यों की उत्पत्ति होती है । कार्यद्रव्यों की उत्पत्ति में पृथिवी उनका अधिष्ठान (आश्रय, आधार) भूत है, जल योनिरूप अर्थात् उनके अवयवों का (अणुओं का) मिलानेवाला—संमिश्रण करनेवाला है ('यु मिश्रणे' धातुसे 'योनि शब्द बना है); आकाश, वायु और तेज के समवाय (मेल) से उनका आत्मलाभ अर्थात् उनकी (गुडूची-गोधूम आदि कार्यद्रव्यों की) स्वरूपोत्पत्ति तथा एक दूसरे से भिन्नता होती है । अर्थात् आहारौषधोपयुक्त गोधूम-गुडूच्यादि सब कार्यद्रव्यों की उत्पत्ति में पृथिवी आधार (आश्रय) रूप से,जल उनके अवयवोंके सम्मिश्रण-संयोग करानेवाले के रूपसे, तेज काठिन्य-पाक और रूप उत्पन्न करके,वायु काठिन्य-ऊर्ध्व-अधः और तिर्यक् विस्तार और क्रिया उत्पन्न करके तथा आकाश अवकाशदान से उनके सम्पूर्ण स्वरूप बनने में और एक दूसरे से भिन्न होनेमें कारणरूप होते हैं । जैसे—किसी पौधे की उत्पत्ति में पृथिवी आधाररूप से, जल उसके अवयवों के मिलानेवाले के रूप में, तेज पाक के द्वारा उसकी अंकुरादि अवस्था-

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जङ्गमवर्ग के आयुर्वेदमें चार अवान्तर भेद किये गये हैं--**जरायुज, अण्डज, स्वेदज** और **उद्भिज्ज**[1] । (१) जो प्राणी जरायु (उल्ब-आँवल) के द्वारा आवृत ही उत्पन्न होते हैं, उनको **जरायुज** कहते हैं; जैसे--मनुष्य, पशु आदि । (२) जो प्राणी अण्डे से निकलते हैं, उनको **अण्डज** कहते हैं; जैसे--पक्षी, साँप आदि । (३) कृमि, कीट आदि जो प्राणी स्वेद (पृथ्वीके वाष्प तथा मनुष्यादि प्राणियों के स्वेद) से उत्पन्न होते हैं, उनको **स्वेदज** कहते हैं । (४) बीरबहूटी, मेंढक आदि जो प्राणी पृथ्वीको फाड़कर बाहर आते हैं, उनको **उद्भिज्ज** कहते हैं ।

वक्तव्य--जङ्गम वर्गके जिन द्रव्यों का उपयोग आहाररूप में होता है उनके भेद (वर्ग) आयुर्वेद में मांसवर्ग में दिये गये हैं, तथा, विषचिकित्सा के प्रकरण में जङ्गम विषोंमें सर्पों और सविष कीटों आदि का वर्गीकरण दिया है । उसे वहीं देखना चाहिए ।

औषधाहारभेदेन द्वौ द्रव्यभेदौ--

(औषधाहारभेदेन) द्रव्यं तावद् द्विविधं-वीर्यप्रधानमौषधद्रव्यं, रसप्रधानमाहारद्रव्यं च । तत्राप्यौषधद्रव्यं त्रिविधं वीर्यभेदात्--तीक्ष्णवीर्यं, मध्यवीर्यं, मृदुवीर्यं चेति (च. सू. अ. २ । श्लो. १७ की टीका में च. द.) ।

औषधाहारभेदेन द्रव्यं विभजते—द्रव्यमित्यादि । वीर्यप्रधानमिति वीर्यं प्रधानं यस्मिन्निति । यद् द्रव्यमभ्यवहृतं देहे वीर्यसंज्ञकाञ्शीतोष्णादिगुणान् प्राधान्येनोपजनयति, न त्वाहारद्रव्यवत् प्रधानतया रसादिधातून् पुष्णाति, तद्वीर्य-प्रधानमौषधद्रव्यम; औषधद्रव्यसंज्ञकमित्यर्थः । यथा—शुण्ठी-पिप्पल्यादि । रसप्रधानमिति रसपोषणं प्रधानं कर्म यस्य तद् रसप्रधानम् । यद् द्रव्यमुपयुक्तं

१--यहाँ 'उद्भिज्ज' शब्द जङ्गम के एक भेद के अर्थ में प्रयुक्त है, वनस्पति-नहीं है ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

देहे रसधातुं तद्द्वारा रक्तादिधातूंश्च प्राधान्येन पुष्णाति, न त्वौषधद्रव्यवत् प्रधानतया देहे रसधातुं तद्द्वारा रक्तादिधातूंश्च प्राधान्येन पुष्णाति, न त्वौषधद्रव्यवत् प्रधानतया देहे शीतोष्णादीन् वीर्यसंज्ञकान् गुणाञ्जनयति तद् रसप्रधानं, तदाहारद्रव्यम्; आहारद्रव्यसंज्ञकमिति यावत् । यथा—गोधूमादि । वीर्यगततारतम्यभेदेनौषधद्रव्याणि भूयस्त्रेधा भिद्यन्ते—तीक्ष्णवीर्यं, मध्यवीर्यं, मृदुवीर्यं चेति । तद्यथा—उष्णवीर्यद्रव्यस्य तीक्ष्ण-मध्य-मृदुभेदेन उष्णतमम्, उष्णतरम्, उष्णं चेति त्रिविधो भेदः कल्प्यते । एवं शीतादिवीर्याणामपि ।

द्रव्यों के औषध और आहार भेद से दो भेद होते हैं । जो द्रव्य वीर्यप्रधान हों अर्थात् जिसके उपयोग से शरीर में वीर्यसंज्ञक शीत-उष्ण आदि गुणों की उत्पत्ति प्रधानतया होती हो, शरीर के रसादि धातुओं का पोषण जिसका प्रधान कार्य न हो उसको औषधद्रव्य कहते हैं; जैसे—सोंठ, पीपल आदि । जो द्रव्य रसप्रधान हो अर्थात् जिसके उपयोग से शरीर में रस तथा रससे पुष्ट होनेवाले रक्तादि धातुओं का पोषण प्रधानतया होता हो, शीत-उष्ण आदि वीर्यसंज्ञक गुणों की उत्पत्ति (गुणों का असर) प्रधानतया न होती हो, उसको आहारद्रव्य कहते हैं । जैसे—चावल, गेहूँ आदि । औषधद्रव्यों के (उनके) शीत-उष्ण आदि वीर्यों के तारतम्यभेद से तीक्ष्णवीर्य, मध्यवीर्य और मृदुवीर्य ये तीन अवान्तर भेद होते हैं । उदाहरणार्थ—उष्णवीर्य के उष्णतम (तीक्ष्ण), उष्णतर (मध्य) और उष्ण (मृदु) ऐसे तीन भेद होते हैं ।

रसभेदेन द्रव्यभेदाः—

रसभेदेन द्रव्याणां मधुरवर्गः, अम्लवर्गः, लवणवर्गः, कटुवर्गः, तिक्तवर्गः, कषायवर्गश्चेति षड्वर्गा भवन्ति । तेषां विवरणं रसविज्ञानीयाध्याये द्रष्टव्यम् ।

मधुरादि छः रसों के भेद से द्रव्यों के मधुरवर्ग, अम्लवर्ग, लवणवर्ग, कटुवर्ग, तिक्तवर्ग और कषायवर्ग ये छः वर्ग-गण-स्कन्ध होते हैं । उनका विवरण आगे रसविज्ञानीयाध्याय में किया जायगा ।

विपाकभेदेन द्रव्यभेदाः—

चरकमते विपाकभेदेन मधुरविपाकं, अम्लविपाकं, कटुकविपाकं च, इति त्रयो द्रव्यभेदा भवन्ति । सुश्रुतमते विपाकभेदेन गुरुविपाकं (मधुरविपाकं), लघुविपाकं (कटुविपाकं) चेति द्वौ भेदौ भवतः ।

विपाकभेद से चरक के मत में मधुरविपाक, अम्लविपाक और कटुविपाक ये तीन भेद होते हैं; तथा सुश्रुत के मत में गुरुविपाक (मधुरविपाक) और लघुविपाक (कटुविपाक) ये दो भेद होते हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वीर्यभेदेन द्रव्यभेदाः—

वीर्यभेदेन अष्टविधवीर्यवादिमते गुरुवीर्यं, लघुवीर्यं, स्निग्धवीर्यं, रूक्षवीर्यं मृदुवीर्यं, तीक्ष्णवीर्यं, शीतवीर्यं, उष्णवीर्यं चेति द्रव्याणामष्टौ भेदा भवन्ति; द्विविधवीर्यवादिमते शीतवीर्यं उष्णवीर्यं चेति द्वौ भेदौ भवतः।

वीर्यभेद से अष्टविधवीर्यवादियों के मत में गुरुवीर्य, लघुवीर्य, स्निग्धवीर्य, रूक्षवीर्य, मृदुवीर्य, तीक्ष्णवीर्य, शीतवीर्य तथा उष्णवीर्य ये आठ और द्विविध-वीर्यवादियों के मत में शीतवीर्य तथा उष्णवीर्य ये दो भेद होते हैं।

कर्मभेदेन द्रव्यभेदा :—

आयुर्वेदे द्रव्याणां कर्मानुसारं तन्त्रकारैः कृतमनेकधा वर्गीकरणम्। चरके सूत्रस्थानस्य द्वितीयेऽध्याये विमानस्थानस्याष्टमेऽध्याये च वमन-विरेचनास्थापनानु-वासनशिरोविरेचनोपयोगिनो निर्दिष्टाः पञ्चवर्गाः, सूत्रस्थानस्य चतुर्थेऽध्याये उक्ता महाकषायसंज्ञकाः पञ्चाशद्वर्गाः, सूत्रस्थानस्य द्वाविंशतितमेऽध्याये लङ्घन-बृंहणादीनां लक्षणान्युक्तानि। एते वर्गा औषधद्रव्याणां कर्मानुसारमुक्ता इति सोदाहरणं व्याख्याता अस्मिन्नध्याये। चरकादितन्त्रेषु प्रोक्ता रसायन-वाजी-करणव्याख्याऽप्यत्रैव दत्ता। सुश्रुते सूत्रस्थानस्यैकोनचत्वारिंशत्तमेऽध्याये ऊर्ध्व-भागहराधोभागहरोभयतोभागहर - वातसंशमन-पित्तसंशमन-कफसंशमनाख्याःपञ्च वर्गा उक्ताः। तेषां व्याख्या यथास्थानं चरकोक्तवर्गव्याख्यायामेव दत्ता। सुश्रुते सूत्रस्थानस्य सप्तत्रिंशत्तमेऽध्याये शल्यचिकित्सोपयोगिनो विस्लापनादयोऽष्टौ वर्गा उक्ताः, चरकोक्तवर्गेभ्यो भिन्नत्वात् स्वतन्त्रमेव व्याख्यातास्ते। शार्ङ्गधरे प्रोक्तानां चरकोक्तवर्गाणां शार्ङ्गधरोक्ता व्याख्या यथास्थानं चरकोक्तवर्गेष्वेव प्रदत्ता; शार्ङ्गधरोक्तानामन्येषां वर्गाणां तु शार्ङ्गधरोक्ता व्याख्या स्वतन्त्रतयैव लिखिता। चरकसुश्रुतादावाहारोपयोगिनो ये वर्गा उक्तास्ते द्रव्याणां कर्मानुसारं नोक्ताः, किन्तु आहारद्रव्याणां स्वरूपानुसारमुक्ता इति तेषां व्याख्यानमाहारद्रव्य-विज्ञानखण्डे करिष्यते। चरकसुश्रुतोक्तवर्गाणां व्याख्या प्रायो मूलग्रन्थेषु नोप-लभ्यते, अतष्टीकाग्रन्थेभ्यस्तन्त्रान्तरेभ्यश्च संगृह्य यथास्थानं लिखिता।

आयुर्वेद में तन्त्रकारों ने द्रव्यों का उनके कर्मों के (जीवित मानव शरीर पर होने-वाली उनकी क्रियाओं के) अनुसार अनेक प्रकार से वर्गीकरण किया है। चरक-संहिता में सूत्रस्थान के दूसरे अध्याय में तथा विमानस्थान के आठवें अध्याय में वमन विरेचन, आस्थापन, अनुवासन और शिरोविरेचन इन पञ्चकर्मों में उपयुक्त द्रव्यों के पाँच वर्ग (गण) दिये हैं। सूत्रस्थान के चौथे अध्याय में पञ्चाशन्महा-कषाय के नाम से दस-दस द्रव्यों का एक-एक गण करके पचास गण (वर्ग) दिये हैं। सूत्रस्थान के २२ वें अध्याय में लङ्घन, बृंहण, रूक्षण, स्नेहन, स्वेदन और

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

स्तम्भन इन छः कर्मों (वर्गों) की व्याख्या लिखी है। ये गण औषधद्रव्यों के कर्मानुसार होने से मैंने इस प्रकरण में उन वर्गों की व्याख्या और उदाहरण दिये हैं। चरक-सुश्रुत आदि तन्त्रकारों ने **रसायन** और **बाजीकरण** की जो व्याख्या दी है, वह यहां दी गयी है। सुश्रुत ने सूत्रस्थान के ३९ वें अध्याय में **ऊर्ध्वभागहर, अधोभागहर, उभयतोभागहर, वातसंशमन, पित्तसंशमन** ये पाँच वर्ग दिये हैं। इन वर्गों का उल्लेख यथासम्भव चरक के तत्तत् वर्गवाचक (गणवाचक) शब्द की व्याख्या के साथ कर दिया है; सूत्रस्थान के मिश्रकचिकित्सित अध्याय में शस्त्रकर्मोपयोगी **विस्लापन, पाचन** आदि **आठ वर्ग-गण** दिये हैं, ये गण चरकोक्त गणों से स्वतन्त्र होने के कारण उन गणों की व्याख्या और उदाहरण स्वतन्त्र रूप में ही दिये गये हैं। अष्टाङ्गसंग्रह और अष्टाङ्गहृदय में प्रायः चरक–सुश्रुतोक्त वर्गीकरण ही पाया जाता है। उनका उल्लेख भी चरक-सुश्रुतोक्त वर्गों की व्याख्या के साथ ही दिया गया है। शार्ङ्गधर में प्रायः चरक-सुश्रुतोक्त वर्गीकरण ही पाया जाता है। कहीं एक वर्ग के कुछ उपवर्ग किये गये हैं और कुछ वर्ग अधिक भी दिये गये हैं। उनकी व्याख्या और उदाहरण भी चरक-सुश्रुतोक्त वर्गों की व्याख्या के पीछे दिया गया है; जो वर्ग चरकोक्त वर्गों के समान हैं, उन वर्गों की व्याख्या चरकोक्त वर्गों के साथ ही दी गयी है। शार्ङ्गधर को छोड़कर अन्य चरक-सुश्रुत आदि मूलग्रन्थों में प्रायः जीवनीय आदि शब्दों की व्याख्या नहीं दी गयी है। मैंने यह व्याख्या टीकाग्रन्थ और तन्त्रान्तरों से संगृहीत करके वहां लिखी है। चरक, सुश्रुत, अष्टाङ्गसंग्रह, अष्टाङ्गहृदय आदि में आहारोपयुक्त द्रव्यों के जो वर्ग लिखे हैं वे द्रव्यों के कर्मानुसार नहीं परन्तु द्रव्यों के स्वरूपानुसार लिखे गये हैं, अतः इनकी व्याख्या यहाँ न देकर **आहारद्रव्यखण्ड** में दी जायगी।

चरक, सुश्रुत आदि ने प्रत्येक वर्ग के उदाहरण रूप अनेक द्रव्य दिये हैं। परन्तु मैंने विस्तारभय से अनुवाद में वे सब द्रव्य न देकर एक-दो द्रव्य ही उदाहरणरूप में दिये हैं, जिनको सब द्रव्य जानने की इच्छा हो, वे मूलग्रन्थों में ही देखें।

जीवनीयम्-जीवनम्––

जीवनम् आयुः "शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगो धारि जीवितम्। नित्यगश्चानुबन्धश्च पर्यायैरायुरुच्यते॥" (च सू. अ. १) इत्युक्तलक्षणं, तस्मै हितं जीवनीयम् जीवनीयशब्देनेहायुष्यत्वमभिप्रेतम्। यत्र च मधुररसगुणे "आयुष्यो जीवनीयः"। (च. सू. अ. २६) इति च करिष्यति तत्र मूर्च्छितस्य संज्ञाजनकत्वेन जीवनीयत्वं व्याख्येयम् (च. द. ग. यो.)। जीवनः प्राणधारणः (सु- सू. अ. ३८।३६ङ)। जीवनीयं प्राणानां संधारकम् (अ. सं. सू. अ. ३४ इन्दु)। "पृथिव्यपां गुणैर्युक्तं जीवनीयमिति स्थितिः।" (र.वै.अ.४, सू ३० भाष्य) "जीवकर्षभौ मेदा महामेदा

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

काकोल्यौ क्षीरकाकोली मुद्गपर्णी माषपर्णी जीवन्ती मधुकमिति दशेमानि जीवनीयानि भवन्ति" (च. सू. अ. ४)। "प्रवरं जीवनीयानां क्षीरमुक्तं", "जीवनः × × × विदारिकन्दः" (च. सू. अ. २७)। "काकोल्यादिरयं (गणः) × × × जीवनः" (सु. सू. अ. ३६)।

शरीरेऽस्मिन् प्रतिक्षणं धात्वग्निपरिपाकक्रियया धातवः क्षयमापद्यन्तेः ; तत्क्षयपरिपूर्त्यां प्राणधारणार्थं जीवनीयद्रव्याणां क्षीर-शालि-गोधूमादीनां प्रत्यहमुपयोग आवश्यक एव। सत्यपि क्षीरादीनां जीवनीयत्वेऽस्मिन्नौषधद्रव्यसंग्राहके गणेऽनुक्तिस्तेषामाहारप्रधान द्रव्यत्वात्। एवं बृंहणादिगणेष्वपि बृंहणादिकर्म प्रधानानां मांसा[1]दीनामनुक्तौ हेतुर्ज्ञेयः। जीवनीयादिपञ्चाशन्महाकषायेषु प्रतिगणं दशद्रव्याणामेवोपदेशे भगवताऽऽत्रेयेणायं हेतुरुक्तः-"एतावन्तो ह्यलमल्प बुद्धीनां व्यवहाराय, बुद्धिमतां च स्वालक्षण्यानुमानयुक्तिकुशलानामनुक्तार्थज्ञानाय" इति (च. सू. अ. ४)। एतावन्तो यथोक्ताः। अलं समर्थाः। व्यवहारायेति चिकित्साव्यवहाराय। स्वलक्षणस्य भावः स्वालक्षण्यं, तेनानुमानं, तत्र कुशला अभिज्ञा इत्यर्थः। बुद्धिमन्तो हि जीवकादयोऽमी स्निग्ध-शीत-मधुरादि गुणयुक्ताः सन्तो जीवनं कुर्वन्तीति भूयोदर्शनादवधार्य तद्गुणयुक्ते द्राक्षा-पयो-बिदार्यादौ तज्जातीयत्वेन 'जीवनीयानि' इत्यनुमिमते (च. द.)।

जो द्रव्य जीवन के (आयुष्य के-प्राणधारण के) लिए हितकर (आयुष्य को स्थिर रखनेवाला) हो, उसको **जीवनीय** या **जीवन** कहते हैं। जैसे—जीवक, ऋषभक आदि। यद्यपि इस लक्षण के अनुसार जल-अन्न-आदि प्राणधारण के लिए उपयुक्त होने से जीवनीय हैं, तथापि जिन द्रव्यों में प्राणधारण-शक्ति अधिक हो और अल्प मात्रा मे सेवन करने पर भी जिनसे प्राणधारण हो सके उन द्रव्यों को **जीवनीय** कहा जाता है। चरक ने (सू० अ० २७ में) दूध को जीवनीय द्रव्यों में श्रेष्ठ और विदारिकन्द को **जीवन** कहा है। सुश्रुतने काकोल्यादिगण को जीवन कहा है। जीवनीय द्रव्य पृथिवी और जल के गुणों की अधिकतावाला होता है अर्थात् पार्थिव और आप्य द्रव्यों के जो गुण-कर्म कहे गये हैं, जीवनीय द्रव्य उन गुण-कर्मो से युक्त होता है (र. वै. भा.)। मधुर रस के गुणों में **'आयुष्यो जीवनीयः'** इस प्रकार दोनों शब्दों का साथ में प्रयोग आया है, वहाँ 'मूर्च्छित को संज्ञा देनेवाला' ऐसा जीवनीय शब्द का अर्थ जानना चाहिए।

१—'मांसं बृंहणीयानां' (च० सू० अ० २५)।

२—**जीवनीय**—जीवनीय द्रव्य स्वस्थावस्था में रक्त में या शरीर में रहते हैं। रोगावस्था में ये द्रव्य कम हुए होते हैं। उनकी कमी की पूर्ति के लिए इनके सेवन की आवश्यकता होती है। जैसे—लोह, जवाखार, फॉस्फॉरस, नमक आदि। इन्हें अंग्रेजी में Restoratives-रिस्टोरेटिव्स् कहते हैं (डॉ० वा. दे.)। →

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शरीर में प्रतिक्षण धात्वग्नियों की परिपाक क्रिया से धातुओं का क्षय होता रहता है। उसकी पूर्ति के लिये जीवनीय द्रव्यों का प्रतिदिन प्रयोग करना आवश्यक है। यद्यपि चावल-गेहूँ-दूध आदि द्रव्य प्राणधारणोपयुक्त होने से जीवनीय हैं, तथापि वे आहार-द्रव्य होने से उनका यहाँ औषध द्रव्यों के गण में संग्रह नहीं किया है। इसी प्रकार बृंहण आदि गणों में बृंहणकर्मप्रधान मांस आदि के न लिखने में हेतु जानना चाहिये। जीवनीय आदि गणों में दस-दस ही द्रव्य लिखने का हेतु बताते हुए भगवान् आत्रेय कहते हैं कि—प्रत्येक गण में उदाहरण रूप से कहे गये इतने (दस-दस) द्रव्य अल्पबुद्धियों को चिकित्साव्यवहार के लिये पर्याप्त होंगे और इन द्रव्यों के लक्षणों से अन्य अनुक्त द्रव्य का अनुमान कर सकें ऐसे बुद्धिमानों को अनुक्त द्रव्यों के अनुमान के लिये होंगे। बुद्धिमान् लोग, जैसे यहाँ कहे हुए जीवकादि द्रव्य स्निग्ध-शीत-मधुर आदि गुणयुक्त होने से जीवन कर्म करते हैं वैसे ही द्राक्षा-दूध-विदारीकन्द आदि द्रव्य भी उन गुणों से युक्त होने से जीवन होने चाहिये, ऐसा अनुमान कर लेंगे।

बृंहणीयम्-बृंहणम्—

"बृंहत्त्वं यच्छरीरस्य जनयेत्तच्च बृंहणम्। गुरु शीतं मृदु स्निग्धं बहुलं स्थूलपिच्छिलम्॥ प्रायो मन्दं स्थिरं श्लक्ष्णं द्रव्यं बृंहणमुच्यते। क्षीणाः क्षताः कृशा वृद्धा दुर्बला नित्यमध्वगाः स्त्रीमद्यनित्या ग्रीष्मे च बृंहणीया नराः स्मृताः॥" (च. सू. अ. २२)। बहलं घनं, मन्दमिति चिरकारि तीक्ष्णविपरीतं, स्थूलं संहतावयवं लड्डुक-पिष्टकादि, (च. द.)। बहलं सान्द्रं, लङ्घनोक्तलघूष्णादिविपरीतगुरुशीतादिगुणैर्युक्तं द्रव्यं प्रायो बृंहणमुच्यते (यो.)। देहबृंहणाय हितं बृंहणीयम् (ग.)। "बृंहणं पृथिव्यम्बुगुणभूयिष्ठम्।" (सु. सू. अ. ४१)। क्षीरिणी-राजक्षवकाश्वगन्धा-काकोली-क्षीरकाकोली-वाट्यायनी-भद्रौदिनी-भारद्वाजी-पयस्यर्ष्यगन्धा इति दशेमानि बृंहणीयानि भवन्ति" (च. सू, अ. ४)। "मांसं बृंहणीयानां" (च. सू. अ. २५)। चरकेणान्यत्र (सू. अ. २७) मुञ्जातक-विदारिकन्द-मृद्वीका-खर्जूरफलगु-तालफल-नारिकेल-वातामाभिषुकाक्षोड-मुकूलक—निकोचकोरुमाणि—

→सालममिश्री के गुणों में डॉ०. वा. देसाई लिखते हैं कि—इसका एक तोला चूर्ण प्रौढ़ मनुष्य के लिये २४ घंटे के लिये पूरा अन्न है। इतने अल्पप्रमाण में जीवन को टिकानेवाला दूसरा अन्न नहीं है। इसलिये इसको जीवन कहना उचित है (औ० सं० पृ० ७०६)। पाश्चात्य वैद्यक में विटामिन थियरी का आविष्कार होने के बाद उस मत का हिन्दी में अनुवाद करते समय विटामिनों के लिए भी कई लेखक 'जीवनीय'-शब्द का प्रयोग करते हैं। जीवनीय द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'मुगज्जी' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

बृंहणान्युक्तानि । सुश्रुतेनैतदतिरिक्तानि आम्र-पनस-मोचफलानि--वातामादि-मज्जानः काकोल्यादिगणश्च बृंहणान्युक्तानि ।

जो द्रव्य शरीर में मोटापन लाता है (शरीर को पुष्ट करता है) उसे बृंहणीय[1] या बृंहण कहते हैं । जो द्रव्य गुरु, शीत, मृदु, स्निग्ध, बहल (घन-गाढा), स्थूल (संहतावयव-स्थूलावयव जैसे--लड्डू आदि), पिच्छिल (लुआबदार), मन्द (चिरकारि), स्थूल और श्लक्ष्ण हो वह प्रायः बृंहण होता है । जैसे--असगन्ध काकोली आदि (च) । बृंहण द्रव्य पृथिवी और जल के गुणों की अधिकतावाला होता है अर्थात् पार्थिव और आप्य द्रव्य के जो गुण-कर्म कहे गये हैं, बृंहण द्रव्य उन गुण-कर्मों से युक्त होता है (सु) । चरक ने सालममिश्री, विदारीकन्द, मुनक्का खजूर, अंजीर, ताल के फल, नारियल, बादाम, अखरोट, पिस्ता, चिलगोजा और खुरमानी को बृंहण कहा है । सुश्रुत ने काकोल्यादिगण को बृंहण लिखा है । रोगादि से क्षीण, व्रणवाले, कृश, वृद्ध, दुर्बल (अशक्त), नित्य चलनेवाले, स्त्री और मद्य का नित्य सेवन करनेवाले तथा ग्रीष्मऋतु में सब मनुष्यों को बृंहण द्रव्य देने चाहिये ।

लेखनीयम्--लेखनम्

लेखनम् ईषच्चर्मविदरणं घर्षणेन, तस्मै हितं लेखनीयम् (ग.) लेखनम् कर्शनं, तस्मै हितं लेखनीयम् (यो.)। लेखनं देहे उपलेपादिकान् भावान् विच्छिनत्ति (इ.)। लेखनं पत्तलीकरणम् (सु. सू. अ. ४० । ५ ड) । "लेखनमनिलानलगुणभूयिष्ठम्" (सु. सू. अ. ४१) । लेखनं कफमेदसोः (ड.)-"मुस्त-कुष्ठ-हरिद्रा-दारुहरिद्रा-वचाऽतिविषा-कटुरोहिणी-चित्रक-चिरबिल्व-हैमवत्य इति दशेमानि लेखनीयानि भवन्ति ।" (च. सू. अ. ४) । शल्यतन्त्रे कठिनोत्सन्न-मांसानां व्रणानां शस्त्रेण क्षौमादिभिर्वा घर्षणं लेखनमित्युच्यते । क्षौमं प्लोतं पिचुं फेनं यावशूकं सलैन्धवम् । कर्कशानि च पत्राणि लेखनार्थे प्रदापयेत् ।।" (सु. चि. अ. १) । "धातून् मलान् वा देहस्य विशोष्योल्लेखयेच्च यत् । लेखनं तद्यथा क्षौद्रं नीरमुष्णं वचा यवाः ।।" (शा. प्र. ख. अ. ४) । यद् द्रव्यं धातून् रसादीन् मलान् वा, विशोष्य शुष्कान् कृत्वा, लेखयेत् स्थूलस्य कृशतां कारयेत् तल्लेखनम् । यवा इति बहुवचनग्रहणेनैवम् गुणविशिष्टा अन्येऽपि बोद्धव्याः (आ.) ।।

जो द्रव्य शरीर के रसादि धातुओं और मलों को विशेष कर कफ और मेद को सुखाकर निकाल देता है और शरीर को पतला करता है, वह लेखन कहाता है ।

१--बृंहणीयद्रव्य को यूनानी वैद्यक में मुसम्मित बदन कहते हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जैसे--नागरमोथा, कूठ, हल्दी आदि (च०) ; शहद, गरम जल, बच और जौ (शा०)। लेखन याने घर्षण से चमड़ी का कुछ फटना, उसके लिए उपयुक्त द्रव्य को लेखनीय कहते हैं (ग०)। लेखन अर्थात् कर्शन (शरीर को कृश करना), उसके लिए उपयुक्त द्रव्य को लेखनीय कहते हैं (यो०)। कफ और मेद को सुखाकर शरीर को पतला करनेवाला द्रव्य लेखन कहाता है (ड०)। शरीर के अन्दर चिपकनेवाले कफ-मेद आदि को विछिन्न करनेवाला द्रव्य लेखन कहाता है (इन्दु)। लेखन-द्रव्य वायु और अग्नि के गुणों की अधिकतावाला होता है (सु०) अर्थात् वायव्य और आग्नेय द्रव्य के जो गुण-कर्म कहे गये हैं, लेखन-द्रव्य उन गुण कर्मो से युक्त होता है। लेखन शब्द की टीकाकारों ने भिन्न-भिन्न व्याख्या की है, परन्तु गङ्गाधरजी को छोड़कर सबका तात्पर्य यह है कि--जो द्रव्य शरीर में चिपकने वाले मेद आदि धातु और कफ को सुखाकर निकाल दे और शरीर को कृश-पतला करे, उसको लेखन कहते हैं। शल्यतन्त्र में लेखन का एक और भी अर्थ लिया गया है। व्रण के अन्दर कठिन और उभरे हुए मांसादि को शस्त्र से छीलने को लेखन[1] कहते हैं। यह कार्य जिस औषध-द्रव्य से हो उसको भी लेखन कहा जाता है। क्षार द्रव्य से भी लेखन का-छीलने का कार्य होता है, अतः सुश्रुत ने क्षार को लेखन कहा है (सु० सू० य० ११)। "लेखनः कठिनोत्सन्नमांसानां व्रणानाम्।" (हा०)। सुश्रुतने सालसारादिगण को (सू. अ. ३८) कफमेदोविशोषण (लेखन) लिखा है।

भेदनीयम्-भेदनम्--

भेदनाय शरीरान्मलनिर्हरणाय हितम् (ग.)। भेदनं पिण्डितमलानां द्रवीकृत्य बहिःसारणं, तस्मै हितम् यो.। "सुवहार्कोरुबुकाग्निमुखी-चित्रा-चित्रक-चिरविल्व-शङ्खिनी-शकुलादनी-स्वर्णक्षीरिण्य इति दशेमानि भेदनीयानि भवन्ति।" (च. सू. अ, ४)। सुश्रुतेन श्यामादिगणो 'विड्भेदी' इत्युक्तः। "मलादिकमबद्धं च बद्धं वा पिण्डितं मलैः। भित्त्वाऽधः पातयति तद्भेदनं कटुकी यथा॥।" (शा. प्र. अ. ४)। यन्मलादिकमबद्धं, मलैर्दोषैश्च कृत्वा पिण्डित परिपाकात् पिण्डीभूतं बद्धं, ईदृशं मलादिकं भित्त्वा स्थानात् संचाल्य, अधःपातयति, तद्भेदनं, 'ज्ञातव्यम्' इति शेषः। यथा--कटुकी। बद्धं विबद्धं शुष्कं, ग्रथितं च। तत्र शुष्कं पुरीषविषयं, ग्रथितं दोषादिविषयम्। तथा अबद्धं द्रवरूपमपि द्विविधम्--एवं पुरीषविषयम्, अन्यन्मलादिकमिति। मलोऽत्र दोषः आदिग्रहणात् रूक्षदूषिता- (तवाता) दीनामपि ग्रहणम्। भित्त्वेति तत् पुरीषं भित्त्वा विदार्याधः पातयति द्रव्यम्' इति शेषः (आ.)। यद् द्रव्यमबद्धं मलादिकं

१--इस अर्थ में प्रयुक्त लेखन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'जाली' या 'मुजल्ली' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पिण्डितैः पिण्डीभूतैर्मलैर्बद्धं वा भित्त्वा विदार्य, अधः पातयति तद्भेदनम्। (का.)॥

शरीर से मल और दोषों का निर्हरण करने वाले द्रव्य को **भेदनीय** कहते हैं (ग.)। शरीर में पिण्डित (जमे हुए) मलों को द्रव करके बाहर निकालने वाले द्रव्य को **भेदनीय** कहते हैं (यो०)। जैसे निशोथ, एरण्ड आदि (च०)। जो द्रव्य अबद्ध-द्रवरूप पुरीष और दोषादि अथवा दोषों के द्वारा पिण्डित हो करके विबद्धशुष्क पुरीष और ग्रथित वातादि के विबन्ध को तोड़ करके उन्हें अधोमार्ग से बाहर निकालता है, उसको **भेदन** कहते है। जैसे--कुटकी (शा०)। सामान्यतः शरीर के सब स्रोतों में जमे हुए कफादि दोष और विशेषतः आँतो में जमे हुए सूखे मल (सुद्दे) को तोड़, ढीला करके बाहर निकालनेवाले द्रव्य को **भेदन** कहते हैं। भेदन को अधोभागहर वर्ग का एक भेद समझना चाहिए। सुश्रुत ने श्यामादिगण (सु० सू० अ० ३८) को **विड्भेदी (भेदन)** बताया है। चरक ने अम्लवेतस के गुण में उसे भेदन लिखा है[1]। (सू० अ० २७)

सन्धानीयम्-सन्धानम्--

सन्धानाय भग्नसंयोजनाय हितं सन्धानीयम् (ग., यो.)। **सन्धानकं शरीरेऽन्तःसंहतिकरं भावानाम्** (इन्दुः)। **संधानीयं भग्नसन्धानकारकम्** (ड.)। **"मधुक-मधुपर्णी-पृश्निपर्ण्यम्बष्ठकी-समङ्गा-मोचरस-धातकी-लोध्र-प्रियंगु-कट्फला नीति दशेमानि सन्धानीयानि भवन्ति।"** --च. सू. अ. ४

भग्न अस्थि आदि के संयोग के (जोड़ने के) लिए उपयुक्त द्रव्य को **संधानीय** या **सन्धान** कहते हैं (ग०, यो०)। जैसे--मुलेठी, पिठवन आदि। शरीर के अन्दर अस्थि आदि द्रव्यों की संहति (संघात-काठिन्य-अवयवों का मेल) करने वाले द्रव्य को **सन्धानक** कहते हैं (इं०)। सारांश, शरीर में टूटे हुए या अलग हुए हड्डी, रक्त-वाहिनी आदि को जोड़ने वाले द्रव्य को **सन्धानीय** कहते हैं। सुश्रुत ने **प्रियङ्ग्वादि, अम्बष्ठादि और न्यग्रोधादि** गण को **सन्धानीय** बताया है[2]। (सु० सू० अ० ३८)।

दीपनीयम्-दीपनम्-अग्निदीपनम्--

दीपनीयं वह्नेरुद्दीपनाय हितम् (ग.)। **दीपनमन्तरग्नेः संधुक्षणं, तस्मै हितं**

१--भेदन के लिये पाश्चात्य मत 'रेचन' शब्द की टिप्पणी में दिया है, उसको वहीं देखें।

२--**सन्धानीय**--भग्न अस्थि को जोड़ने वाले द्रव्य--Union Promoter--यूनियन् प्रोमोटर् (डॉ० वा० दे०)।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

दीपनीयम् (यो.) । "दीपनमग्निगुणभूयिष्ठं, तत्समानत्वात् ।" (सु. सू. अ. ४१) । "पित्तलान् रसान् गुणांश्च दीपनीयम् । तदाग्नेयम् ।" (र. वै. सू. अ. ४।१०) "कटुकाम्ल-लवणान् रसान्, तीक्ष्णोष्ण-लघून् गुणांश्चाश्रितमिति, तदग्निनैव निर्वर्त्यम् ।" (र. वै. पृ. १७९, भाष्य) । पृथिव्यनिलबाहुल्याद्दीपनं परिचक्ष्महे ।" (र. वै. अ. ४, सू. ३० भाष्य) "यदग्निकृत् पचेन्नामं दीपनं तद्यथा घृतम् । दीपनं ह्यग्निकृत्त्वामं कदाचित् पाचयेन्न वा ।" (अ. हृ. सू. अ. १४।७ स. सु. टीकायामुद्धृतं तन्त्रान्तरीयं वचनम्) । "पचेन्नामं वह्निकृच्च दीपनं तद्यथा मिशिः ।" (शा. प्र. ख. अ. ४) । यद् द्रव्यमामं न पचेद्वह्निकृच्च भवति तद्दीपनं जानीयात् । यथा—मिशिः शतपुष्पा । तथा चोक्तं द्रव्यगुणावल्यां—"शतपुष्पा-लघुस्तीक्ष्णा पित्तकृद्दीपनी कटुः ।" इति । ननु, कथमेतद्गुणयुक्ता मिशिर्नामघ्नी भवति, तदविनाशकत्वेन कथमग्नेः प्रबोधःस्यात् ? उच्यते—द्रव्याणां प्रभावोऽविचारणीय इति सुश्रुतः, न हेतुभिर्विचार्यते । तदुक्तं—"नौषधीर्हेतुभिर्विद्वान् परीक्षेत कथंचन । सहस्रेणापि हेतूनां नाम्बष्ठादिर्विरेचयेत् ।" (सु. सू. अ. ४०) इति । आम इति अपरिपक्वरसः । तद्यथा—"जठरानलदौर्बल्यादविपक्वस्तु यो रसः । स आमसंज्ञको ज्ञेयो देहदोषप्रकोपणः ॥" इति (आ.) । "पिप्पली-पिप्पलीमूल-चव्य-चित्रक-शृङ्गवेराम्लवेतस-मरिचाजमोदा-भल्लातकास्थि-हिंगुनिर्यास इति दशेमानि दीपनीयानि भवन्ति ।" (च. सू. अ. ४)

अन्तरग्नि अर्थात् जठराग्नि को प्रदीप्त करने (बढ़ाने) वाले द्रव्य को **दीपनीय दीपन** या **अग्निदीपन** (भूख उत्पन्न करने और बढाने वाला) कहा जाता है। जैसे—छोटी पीपल, पीपलामूल आदि (च०) । दीपन-द्रव्य अग्नि के गुणों की अधिकता वाला होता है । अर्थात् आग्नेय द्रव्य के जो गुण-कर्म लिखे हैं, दीपन-द्रव्य उनसे युक्त होता है (सु०) । जो द्रव्य आम (अपरिपक्व रस या अन्न) का पाचन नहीं करता, परन्तु जठराग्नि का दीपन करता हैं (क्षुधा को बढ़ाता है) उसको **दीपन** कहते हैं । जैसे—सौंफ (शा०) । **सुश्रुत ने पिप्पल्यादि, त्रिफला, त्रिकटु, आमलक्यादि, बिल्वादि, गुडूच्यादि**—इन गणों को **दीपन** बताया है (सु० सू० अ० ३८) । जो द्रव्य जठराग्नि का दीपन करता हो, उसको **दीपन** कहते हैं यह कदाचित् आम का पाचन करता है और कदाचित् नहीं भी करता है। (स० सु० टीका में उद्धृत तन्त्रान्तर वचन) । सारांश जो द्रव्य आम का पाचन करे या न करे परन्तु भूख बढ़ावे उसको **दीपन** कहते हैं । **शार्ङ्गधर**ने पाचन न करने वाले परन्तु जठराग्निका दीपन करनेवाले द्रव्य का उदाहरण सौंफ लिखा है, इसकी अपेक्षया यदि वे भाँग का उदाहरण देते तो अधिक अच्छा रहता । कारण भाँग में जैसा भूख को बढ़ाने का गुण है, वैसा खाये हुए अन्न को पचाने का गुण नहीं है । **र०वै०सू०**के भाष्य में दीपन द्रव्य को पृथिवी और वायु के गुणों की अधिकतावाला

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कहा है[1]। जब अन्न का परिपाक होता हो परन्तु भूख ठीक न लगती हो तब दीपन-द्रव्यों का प्रयोग करना चाहिए।

पाचनम्—

"पचत्यामं न वह्निं च कुर्याद्यत्तद्धि पाचनम्। नागकेशरवद्विद्याच्चित्रो दीपन-पाचनः॥" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यमामं पचति वह्निं न कुर्यात् तत् पाचनं ज्ञेयम्। अत्रापि द्रव्यप्रभावो बोद्धव्यः। तच्च नागकेशरवद्विद्यात् जानीयात्। यतः—"नागकेशरकं रूक्षमुष्णं लघ्वामपाचनम्।" इति। × × सामानां दोषधातुमलानां पाचनमित्येके। उभयात्मकमाह—चित्रो दीपनपाचन इति। चित्रक उभयकार्यकरो भवति दीपनः, पाचनश्च। तदुक्तं—"चित्रकः कटुकः पाके वह्निकृत् पाचनो लघुः।" इति (आ.)। "पचन्तमग्निं प्रतिपक्षक्षपणेन बलदानेन च यत् पाचयति तत् पाचनं; तच्च बाह्याग्निगुणभूयिष्ठम्।" (च. सू. अ. २२।८ की टीका में च. द.)। "पचतोऽग्नेः पक्तुं शक्तिमधिकां यदुत्पादयति तद् द्रव्यं क्रिया वा पाचनमुच्यते; यथा—लङ्घनं, मुस्तादि वा" (अ. द.)। "पाचनं पाचयेद्दोषान् सामान् शमनमेव तु।" (अ. हृ. सू. अ. १४।७, स. सं. में उद्धृत तन्त्रान्तरीय वचन)। "अग्नेस्तु गुणबाहुल्यात् पाचनं परिचक्ष्महे।" (र. वै. भाष्य पृ. १८७)।

जो द्रव्य आम अर्थात् अपक्व अन्नरस और मल को (एकीय मत में—आमयुक्त दोषों, धातुओं और मलों को) पकावे परन्तु जठराग्नि को प्रदीप्त न करे, अर्थात् जठराग्नि को प्रदीप्त करने का गुण जिसमे प्रधान न हो, वह द्रव्य **पाचन** (या **आम-पाचन**) कहाता है। जैसे—नागकेशर। जो द्रव्य जठराग्नि का दीपन भी करता है और आम को पकाता भी है उसे **दीपनपाचन**[2] कहते हैं। जैसे—

१—**दीपन** ये द्रव्य आमाशय में रक्त तथा आमाशय से निकलनेवाले पाचक रस को बढ़ाते हैं। इनसे भूख लगती है, जैसे—सुगन्धित द्रव्य, तिक्त द्रव्य, मद्य तथा मद्यघटित योग और क्षार। इनको **'Stomachics स्टोमॅकिक्स'** कहते हैं। दीपन को यूनानी वैद्यक में **'मुश्तही'** कहते हैं।

२—**कोष्ठवातप्रशमन**—ये द्रव्य आँतों को उत्तेजित करते हैं, इनसे आँतों की शक्ति बढ़ती है, अधोवायु सरता है, डकार आती है और पेट का दर्द कम होता है। उदाहरण—सर्व सुगन्धि द्रव्य, सोंठ, त्रिकटु, तगर, हींग, कस्तूरी। इनको Carminatives—कार्मिनेटिव्स् और Aromatics—ॲरोमेटिक्स कहते हैं। इन द्रव्योंसे आमाशयकी भी शक्ति बढ़ती है इसलिये दीपनवर्गमें इनकी गणना होती है (डॉ० वा० दे०)। लवंग के प्रकरण में सुगन्धि द्रव्यों के विषय में डॉ० देसाई लिखते हैं कि—"(१) सुगन्धि द्रव्यों से भूख बढ़ती है, पाचक रस तैयार होता है और मन को आह्लाद होकर खावें ऐसी इच्छा मालूम होती है। इसलिये आयुर्वेद में प्रायः सर्व योगों में सुगन्धि द्रव्यों का उपयोग किया गया है। (२) सुगन्धित द्रव्य—

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

चित्रक (शा०)। जो द्रव्य साम दोषों का पाचन करे, उसे **पाचन** कहते हैं। यह पाचन शमन का ही एक भेद है। (स० सु० में उद्धृत तन्त्रान्तरीय वचन)। जो द्रव्य पाचन करते हुए अग्नि को बल देकर और विरोधी का नाश करके अन्नादि को पकावे, उसको **पाचन** कहते हैं[1]। पाचन द्रव्य वायु और अग्नि के गुणों की अधिकतावाला होता है। अर्थात् वायव्य और आग्नेय द्रव्यों के जो गुण-कर्म लिखे हैं, पाचन-द्रव्य उन गुणों से युक्त होता है (च० द०)। र० वै० भाष्य में पाचन द्रव्यों को अग्नि के गुणों की अधिकतावाला कहा है। **चरक ने** (सू० अ० ४ के) पचास गणों में **पाचन और दीपनपाचन** नाम के स्वतन्त्र गण (वर्ग) नहीं दिये हैं, परन्तु (सू० अ० २२ में) पाचन को लङ्घन का[2] एक भेद माना है। **शार्ङ्गधर ने दीपन, पाचन और दीपनपाचन** ये तीन वर्ग लिखे हैं। **चरक ने दीपनीयगण के** उदाहरणों में जो पीपल, पीपलामूल, चाब, चित्रक आदि द्रव्य लिखे हैं, उनका शार्ङ्गधरोक्त **दीपन, पाचन और दीपनपाचन** तीनों में अन्तर्भाव हो सकता है। **अतः शार्ङ्गधर के पाचन और दीपनपाचन गण चरकोक्त दीपनीयगण के पीछे दिये गये हैं। सुश्रुत ने पिप्पल्यादि और दशमूल गण को आमपाचन, वचादि**

←आमाशय और आँतों में स्थित सूक्ष्म जन्तुओं का नाश करनेवाले और पूतिहर हैं। पेट का आफरा सूक्ष्म जन्तुओं से होता है, वह इन सुगन्धि द्रव्यों से नष्ट होता है। (३) सुगन्धि द्रव्यों से रक्तस्थित श्वेत कण बढ़ते हैं। इससे आगन्तु सूक्ष्म जन्तु शरीर में प्रविष्ट हुए हों तो उनका नाश होता है। आयुर्वेद के प्राचीन तन्त्रकारों को सुगन्धि द्रव्यों के इन गुणों का अच्छा ज्ञान था ऐसा मालूम होता है। इसलिये ज्वर के सर्व योगों में इनका प्रयोग किया गया है। (४) सुगन्धि द्रव्य चेतना लाते हैं। उनकी यह क्रिया हृदय, रक्ताभिसरण और श्वासोच्छ्वास की क्रियापर स्पष्ट होती है। इसलिये इनका उपयोग त्रिदोष-सन्निपात में किया जाता है। (५) सुगन्धि द्रव्य शरीर के अन्दर की दुर्गन्ध का नाश करते हैं। इसलिये कफ, लाला आदि की दुर्गन्ध नाश करने के लिये इनका प्रयोग किया जाता है। (७) सुगन्धि द्रव्य मूत्रजनन हैं। इनसे गुर्दे (वृक्क) से मूत्रद्वार पर्यन्त के मार्ग की शुद्धि होती है। (८) सुगन्धि द्रव्यों को शरीर के बाहर चेतनाकारक, वेदनास्थापन, पूतिहर, व्रणशोधन और व्रणरोपण परिणाम होता है। सुगन्धि द्रव्यों के ऊपर लिखे हुए आठ गुण सर्व सुगन्धि द्रव्यों में कम-अधिक प्रमाण में देखने में आते हैं।" पाश्चात्य द्रव्यगुणशास्त्र में लिखा हुआ कार्मिनेटिव् वर्ग शार्ङ्गधरोक्त दीपनपाचन वर्ग के समान होने से उसको दीपनपाचन वर्ग की टिप्पणी में लिखा है। कोष्ठवात-प्रशमन को यूनानी वैद्यक में **'कासिर रियाह'** कहते हैं।

१—**पाचन** ये द्रव्य आमाशय और पक्वाशय को अन्न पचन करने में सहायता करते हैं। जैसे—एरण्ड खरबूजे (पपीते) का दूध, जौ का सत्त्व (मॉल्ट) आदि। इन्हें अंग्रेजी में Digestives-डाईजेस्टिव्स्; Digestants-डाईजेस्टन्ट्स् कहते हैं। (डॉ० वा० दे०)। पाचन को यूनानी में 'हाजिम' कहते हैं।

२—आगे 'लङ्घन' शब्द की व्याख्या देखें।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तथा हरिद्रादि गण को दोषपाचन (आमसंसृष्टदोषपाचन, ड०) और मुस्तादि गण को पाचन लिखा है। चरक ने सौवीरक और तुषोदक को जरणीय ('जरणीयं पाचनं' यो०) लिखा है। पाचन के लिये 'जरण' और 'जरणीय' शब्द का भी प्रयोग होता है। जब अन्न का परिपाक ठीक होता हो परन्तु भूख न लगती हो तब दीपन द्रव्यों का, जब भूख ठीक लगती हो परन्तु अन्न का परिपाक ठीक न होता हो तब पाचन द्रव्यों का प्रयोग करना चाहिये। जब भूख ठीक न लगती हो और खाये हुए अन्न का पाचन भी ठीक न होता हो तब दीपनपाचन द्रव्यों का प्रयोग करना चाहिये।

बल्यम्––बलवर्धनम्––

बलाय हितं बल्यम् (ग., यो.)। "ऐन्द्रीऋषभ्यतिरसर्ष्यप्रोक्तापयस्या-श्वगन्धा-स्थिरा-रोहिणी-बलातिबला इति दशेमानि बल्यानि भवन्ति।"

––च. सू. अ. ४

शरीर के बल[1] (शक्ति) को बढ़ानेवाले द्रव्य को बल्य या बलवर्धन कहते हैं। जैसे––कवाँच, शतावरी, असगंध आदि। सुश्रुत ने लघुपञ्चमूल को बलवर्धन लिखा है (सु० सू० अ० ३८)। चरक ने सालमपंजा (मुञ्जातक), विदारीकन्द, पका आम, बादाम, पिस्ता, अखरोट, चिलगोझा (नेजा) और कूर्म के मांस को बलवर्धन लिखा[2] है (सू० अ० २७)।

वर्ण्य––वर्णप्रसादनं––वर्चस्यम्––

वर्णाय हितं वर्ण्यम् (ग., यो.)। "वर्चसे प्रभायै––वर्णाय हितं वर्चस्यम्।" (र. वै. पृ. १८१)। "चन्दन-तुङ्ग-पद्मकोशीर-मधुक-मञ्जिष्ठा-पयसा-सारिवा-सिता-लता इति दशेमानि वर्ण्यानि भवन्ति।" ––च. सू. अ. ४

शरीर के वर्ण (कान्ति) को सुधारनेवाले और रोग से बिगड़े हुए वर्ण को फिर स्वाभाविक अवस्था में लानेवाले द्रव्य को वर्ण्य कहते हैं। जैसे–चन्दन, पद्माख,

---

१–आयुर्वेद में अनुत्पन्न रोगों का प्रतिबन्ध करनेवाली और उत्पन्न रोग को दूर करनेवाली शक्ति को भी बल (Vitality–वाइटॅलिटि) नाम दिया है– "बलं ह्यलं निग्रहाय रोगाणां–बल रोगों का निग्रह करने के लिए समर्थ है" (च० चि० अ० ३)।

२––बल्य ––ये द्रव्य जिन-जिन अवयवों पर क्रिया करते है, उनका बल बढ़ाते हैं किंवा उनको स्वस्थ करते हैं। जैसे–आमाशय के लिए तिक्त और दीपन द्रव्य; सुषुम्णाकाण्ड के लिए कुचला; हृदय के लिए अर्जुन और डिजिटेलिस; नाड़ी-संस्थान के लिए तगर; पेशियों के लिए कषायाम्ल (टॅनिक एसिड्) युक्त द्रव्य; और रक्त के लिए लोह। इन्हें अंग्रेजी में 'Tonics–टोनिक्स' कहते हैं (डॉ० वा० दे०)। यूनानी वैद्यक में बल्य को 'मुकव्वी' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

नजीठ, अनन्तमूल आदि। सुश्रुत ने लोध्रादिगण को वर्ण्य और एलादिगण को वर्णप्रसादन लिखा है (सू० अ० ३८)। रसवैशेषिक सूत्र में 'वर्ण्य' के स्थान में 'वर्चस्य' शब्द का प्रयोग किया है।

कण्ठ्यम्––कण्ठजननम्––स्वर्यम्

कण्ठस्थितस्वराय हितं कण्ठ्यम् (ग.)। कण्ठाय हितं कण्ठ्यम् (यो.)। 'सारिवेक्षुमूल-मधुक-पिप्पली-द्राक्षा-विदारी-कैडर्य-हंसपादी-बृहती-कण्टकारिका। इति दशेमानि कण्ठ्यानि भवन्ति।" ––च. सू. अ. ४.

कण्ठ के स्वर (गले की आवाज) के लिये हितकर (स्वर को सुधारनेवाले और रोग से बिगड़े हुए स्वर को––फिर स्वाभाविक अवस्था में लानेवाले) द्रव्य को कण्ठ्य कहते हैं। जैसे––अनन्तमूल, मुलेठी, मुनक्का, हंसराज आदि। सुश्रुत ने अदरख को स्वर्य लिखा[1] है (सू० अ० ४६)॥

हृद्यम्––

हृदयाय मनसे हितं हृद्यम् (ग. यो.)। "आम्राम्रातक-लकुच-करमर्द-वृक्षाम्लाम्लवेतस-कुवल-बदर-दाडिम-मातुलुङ्गानिति दशेमानि हृद्यानि भवन्ति।" (च. सु. अ. ४)। 'अम्लं हृद्यानाम्'। ––च. सू. अ. २५

हृद्य अर्थात् मन को प्रिय और हृदय को हितकर द्रव्य को हृद्य कहते हैं। जैसे––आम आदि अम्लरसवाले द्रव्य मन को प्रिय लगनेवाले होने से हृद्य और अर्जुन की छाल-माणिक्य-नीलम-अंबर आदि द्रव्य हृदय को बल देनेवाले होने से हृद्य कहलाते हैं। सुश्रुत ने परुषकादिगण को हृद्य बताया है। (सू० अ० ३८)।

तृप्तिघ्नम्––

तृप्तिःश्लेष्मविकारः, येन तृप्तमिवात्मानं मन्यते, तद्घ्नं तृप्तिघ्नम् (च.द) तृप्ति श्लेष्मविकारभेदः, तन्नाशकम् (ग.) तृप्तिं हन्तीति तृप्तिघ्नम्, अनन्नाभिनन्दनात् तृप्तिरिव तृप्तिररोचकः, स च श्लेष्मजो विकारः (यो)। "नागरचव्य-चित्रक-विडङ्ग-मूर्वा-गुडूची-वचा-मुस्त-पिप्पली-पटोलानीति दशेमानि तृप्तिघ्नानि भवन्ति। ––च. सू. अ. ४

चालीस श्लेष्मविकारों में 'तृप्ति' नाम का श्लेष्मरोग कहा गया है, इससे मनुष्य अपने को तृप्त (पेट भरे हुए) जैसा अनुभव करता है; इस रोग को नष्ट करनेवाले

१––कण्ठ्य––ये द्रव्य मुख में रखकर धीरे-धीरे चूसने से श्वासनली और कण्ठ से कफ को बाहर लाते हैं। जैसे––नौसादर, सेन्धा नमक, गोंद, मुलेठी। इन्हें अंग्रेजी मे 'Ciliary excitant–सिलिअरी एक्साइटन्ट्' कहते हैं। (डॉ० वा० दे०)।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्य को तृप्तिघ्न कहते हैं (च. द., ग.)। तृप्ति अर्थात् अन्न की इच्छा न होना (अरुचि), उसे नष्ट करनेवाले द्रव्य को तृप्तिघ्न कहते हैं (यो०)। जैसे—सोंठ, चित्रक, गिलोय, बच, नागरमोथा आदि। सुश्रुत ने बृहत्यादि, गुडूच्यादि तथा आमलक्यादि गण को अरोचकहर लिखा है (सू० अ० ३८)। चरक ने धन्याक-धनिया और अजगन्धा-अजमोदा को रोचन लिखा है (सू० अ० २७)।

अर्शोघ्नम्—

अर्शांसि हन्तीति अर्शोघ्नम्। एवं कुष्ठघ्नादयः (यो.)। "कुटज-बिल्व-चित्रक-नागरातिविषाभया-धन्वयासक-दारुहरिद्रा-वचा-चव्यानीति दशेमान्यर्शो-घ्नानि भवन्ति।" —च. सू. अ. २३

अर्श (ववासीर) को नष्ट करनेवाले द्रव्य को अर्शोघ्न कहते हैं। जैसे—कुड़ा, बेल, हरड़, दारुहल्दी, नागकेशर आदि।

कुष्ठघ्नम्—

कुष्ठं हन्तीति कुष्ठघ्नम्। "खदिराभयामलक-हरिद्रारुष्कर-सप्तपर्णारग्वध-करवीर-विडङ्ग-जातीप्रवाला इति दशेमानि-कुष्ठघ्नानि भवन्ति।" —च. सू. अ. ४

कुष्ठ—त्वग्दोष (त्वचा के रोगों) को नष्ट करनेवाले द्रव्य को कुष्ठघ्न कहते हैं। जैसे—खैर, हरड़, आँवला, अमलतास, तुवरकतैल आदि। सुश्रुत ने आरग्वधादि, त्रिफला, त्र्यूषण और लाक्षादिगण को कुष्ठघ्न लिखा है[1] (सू० सू० अ० ३८)

कण्डूघ्नम्—कण्डूनाशनम्—

कण्डूं हन्तीति कण्डूघ्नम्। "चन्दन-नलद-कृतमाल-नक्तमाल-निम्ब-कुटज-सर्षप-मधुक-दारुहरिद्रा-मुस्तानीति दशेमानि कण्डूघ्नानि भवन्ति।" —च. सू. अ. ४

कण्डू (खाज) को नष्ट करनेवाले द्रव्य को कण्डूघ्न कहते हैं। जैसे—चन्दन, अमलतास, करंज, नीम, दारुहल्दी आदि। सुश्रुत ने आरग्वधादि और पटोलादि गण को कण्डूघ्न तथा एलादि गण को कण्डूनाशन लिखा है।

कृमिघ्नम्—कृमिप्रशमनम्—कृमिसूदनम्—

कृमीन् हन्तीति कृमिघ्नम्। "अक्षीव-मरिच-गण्डीर-केवुक-विडङ्ग-निर्गुण्डी-किणिही-श्वदंष्ट्रा-वृषपर्णिकाऽऽखुपर्णिका इति दशेमानि कृमिघ्नानि भवन्ति।" —च. सू. अ. ४

१—कुष्ठघ्न—ये द्रव्य त्वचापर होनेवाले जीवाणजन्य रोगों को अच्छा करते हैं। जैसे—पारा, गन्धक, कासीसाम्ल। इन्हें Antiparasitics—ॲन्टिपॅरॅसाइटिक्स' कहते हैं। (डॉ० वा० दे०)

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शरीर में उत्पन्न होनेवाले नाना प्रकार के बाह्य और आभ्यन्तर कृमि तथा उनसे उत्पन्न होनेवाले विकारों को नष्ट करनेवाले द्रव्य को कृमिघ्न कहते हैं। जैसे—सहिंजना, काली मिर्च, वायविडंग, संभालू आदि। सुश्रुत ने अर्कादि गण को कृमिप्रशमन, सुरसादि गण को कृमिसूदन और लाक्षादि गण को कृमिघ्न[1] लिखा है (सू० अ० ३८)।

विषघ्नम्—विषप्रशमनम्—अगदम्—

भेषजसामान्यवचनोऽप्यगदशब्दोऽत्र विषहरौषध एव प्रवर्तते, सामान्यशब्दस्यापि क्वचिद्विशेषवृत्तित्वात्; यथा—पञ्चमूलीति (सु० सू० १।३; हा०)। "हरिद्रा-सुवहा - मञ्जिष्ठा - सूक्ष्मैला-पालिन्दी - चन्दन - कतक-शिरीष - सिन्धुवार-श्लेष्मातका इति दशेमानि विषघ्नानि भवन्ति।" —च० सू० अ० ४

नाना प्रकार के विष और उनसे उत्पन्न होनेवाले विकारों को नष्ट करनेवाले द्रव्य को विषघ्न या अगद कहते हैं। जैसे—हल्दी, मजीठ, छोटी इलायची, चन्दन, निर्मली, निर्विषी (जद्वार) आदि। सुश्रुत ने लोध्रादि, अर्कादि, एलादि, पटोलादि, उत्पलादि और त्रप्वादि गण को विषघ्न लिखा है[2] (सू० अ० ३८)।

१—कृमिघ्न—ये द्रव्य आँतों के अन्दर के कृमियों को मारते हैं, या उन्हें निकालने में सहायता करते हैं। जैसे—(१) किरमाणी अजवायन (और पलाशबीज) गोल कृमि (केंचुए—Round worm) के लिए; (२) (वायविडंग) कमीला, सुपारी और अनार के मूल की छाल फीते जैसे चपटे कृमि (Tape worm) के लिए; (३) नमक, चूना और फिटकिरी के घोल (तथा कलुम्बा के क्वाथ) की आस्थापनबस्ति सूत जैसे कृमि (Thread worm) के लिए; (४) अजवायन के फूल बडिशकृमि (Hook worm) के लिए। इन्हें अङ्गरेजी में 'Anthelmintics—अॅन्थेल्मिन्टिक्स्'; 'Vermifuge वर्मिफ्युज'; 'Vermicides वर्मिसाइडस्'; 'Antiscoliac—अॅन्टिस्कॉलिआक' कहते हैं। जो द्रव्य बाहर के (त्वचा आदि के) कृमियों को मारते हैं, वे **बाह्यकृमिघ्न** कहाते हैं। जैसे—कायफल, बच, निमोली का तेल आदि। इन्हें अंग्रेजी में 'Insecticides—इन्सेक्टिसाइडस्' कहते हैं (डॉ० वा० दे०)। कृमिघ्न औषध को यूनानी वैद्यक में 'कातिल दीदान' (कृमियों को मारनेवाले) और 'मुखरिज दीदान' (कृमियों को बाहर निकालनेवाले) कहते हैं।

२—अगद—ये द्रव्य विष के लक्षणों को कम या दूर करते हैं। (उतार, वारण)। जैसे—द्रावकाम्ल के लिए चूना, तमाखू के लिए कुचला, फिरङ्गोपदंश के विष के लिए पारा, सर्पविष के लिए सोना आदि। इन्हें अङ्गरेजी में 'Antidotes—एन्टिडोट्स्' कहते हैं (डॉ० वा० दे०)। विषघ्न औषध को यूनानी वैद्यक में 'तिरियाक' और 'फादजहर' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

स्तन्यजननम् स्तन्यवृद्धिकरम्—

स्तन्यं जनयतीति स्तन्यजननम् (यो०)। "वीरण-शालि-षष्टिकेक्षुवालिका-दर्भ-कुश-काश-गुन्द्रेत्कट-कत्तृणमूलानीति दशेमानि स्तन्यजननानि भवन्ति।"

—च० सू० अ० ४

स्त्रियों के स्तन्य (दूध) को उत्पन्न करनेवाले और बढ़ाने वाले द्रव्य को स्तन्यजनन या स्तन्यवृद्धिकर कहते हैं। जैसे—खस, गन्ने के मूल, शालि (चावल) विदारीकन्द, शतावरी, दर्भ के मूल आदि। सुश्रुत ने काकोल्यादि गण को स्तन्यजनन (सू० अ० ३८) और विदारीकन्द आदि कन्दशाकों को स्तन्यवृद्धिकर लिखा है[1] (सू० अ० ४६)।

स्तन्यशोधनम्—स्तन्यशुद्धिकरम्—

दोषदूषितं स्तन्यं शोधयतीति स्तन्यशोधनम्। "पाठा-महौषध-सुरदारु-मुस्त-मूर्वा-गुडूची-वत्सकफल-किराततिक्तक-रोहिणी-सारिवा इति दशेमानि स्तन्यशोधनानि भवन्ति।"

—च० सू० अ० ४

दोषदूषित (बिगड़े हुए) स्त्रियों के स्तन्य (दूध) को शुद्ध करने वाले द्रव्य को स्तन्य-शोधन कहते हैं। जैसे—पाठा, सोंठ, नागरमोथा, गिलोय, अनन्तमूल आदि। सुश्रुत ने वचादि, हरिद्रादि और मुस्तादि गण को स्तन्यशोधन लिखा है (सु० सू० अ० ३८)।

शुक्रजननम्—शुक्रलम्—

'जीवकर्षभक-काकोली-क्षीरकाकोलीमुद्गपर्णी-माषपर्णी-मेदा-वृक्षरुहा-जटिला-कुलिङ्गा इति दशेमानि शुक्रजननानि भवन्ति। —च० सू० अ० ४

पुरुष के शुक्रधातु को (वीर्य को) उत्पन्न करने और बढ़ाने वाले द्रव्य को शुक्रजनन या शुक्रल कहते हैं। जैसे—जीवक, ऋषभक आदि (च०); असगन्ध, मूसली, मिसरी, शतावर (शा०)।

चरक ने पचास गणों में शुक्रजनन वर्ग लिखा है। शुक्रजनन (शुक्रल) यह वाजीकर (वृष्य) का एक अवान्तर भेद है। अतः वाजीकरण के विषय में चरक सुश्रुत आदि संहिताग्रन्थों में तथा टीका ग्रन्थों में जो विशेष बातें उपलब्ध होती हैं, वे नीचे एकत्र संग्रह करके दी जाती हैं—

१—जैसे—बकरी का दूध, एरण्ड की पत्ती, सौंफ, गिलोय। इन्हे अंग्रेजी में Galactogogue—गॅलॅक्टोगॉग कहते हैं (डॉ० वा० दे०)। स्तन्यजनन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'मुवल्लिद लब्न' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वाजीकरणम्--वाजीकरम्--वृष्यम्[1]--

"बाजीवातिबलो येन यात्यप्रतिहतः स्त्रियः। भवत्यतिप्रियः स्त्रीणां येन येनोपचीयते ॥ तद्वाजीकरणं, तद्धि देहस्यौजस्करं परम् ॥" (अ. सं. उ. अ. ५०; अ. हृ. उ. अ. ४०) । येन हेतुभूतेन पुरुषो वाजीव अश्व इवाप्रतिहतोऽङ्गना याति, येन च स्त्रीणामतिप्रियो भवति, येन च (शुक्र) धातुरुपचयं प्राप्नोति,तद्वस्तु बाजीकरणमित्युच्यते ; तद्धि परं देहस्यौजस्करम् (इ.) । "येन नारीषु सामर्थ्यं बाजिवल्लभते[2] नरः। व्रजेच्चाभ्यधिकं येन बाजीकरणमेव तत् ॥" (च. चि. अ. २, पा. ४) । वाजीकरणशब्दनिरुक्तिमाह--येनेत्यादि । व्रजेच्चाभ्यधिकमिति पुनः पुनर्गच्छेत् ; 'व्यज्यते' इति वा पाठः, तत्रापि भूयो गमनेन नारीषु पुंस्त्वेन व्यज्यते । × × × । अनेन निरुक्तेन त्रिविधमपि वृष्यमवरुध्यते ; यथा[3]--शुक्रवृद्धिकरं माषादि, तथा स्तुतिकरं सङ्कल्पादि, शुक्रस्तुति-वृद्धिकरं क्षीरादि । यदुक्तमन्यत्र--"शुक्रस्तुतिकरं किंचित्, किंचिच्छुक्रविवर्धनम् । स्तुति-वृद्धिकरं किंचित्, त्रिविधं वृष्यमुच्यते ।" इति । त्रिविधमपि हीदं व्यवाये बलवत्त्वं पुनः पुनर्व्यवायशर्वित च करोति (च. द.) । "बाजीकरणतन्त्रं (बाजीकरणं) नामाल्प-दुष्ट-क्षीण-विशुष्करेतसामाप्यायन-प्रसादोपचय-जननिमित्तं प्रहर्षजननार्थं च ।" (सु. सू. अ. १) । अल्परेतसः प्रकृत्यैव स्तोकरेतसः, तेषामाप्यायननिमित्तं; दुष्टरेतसो वातादिदुष्टरेतसः, तेषां प्रसादनिमित्तं ; क्षीणरेतसः कारणैः स्वमानादल्पीभूतरेतसः. तेषामुपचयनिमित्तं ; विशुष्करेतसः स्वमानादत्यर्थं क्षीणरेतसः, तेषां जननिमित्तम् (यदौषधं तद्वाजीकरणमित्यर्थः) । अथवाऽल्परेतसः पञ्चविंशतिमप्राप्ताः, क्षीणरेतसस्तु मध्यवयसः कारणादल्पीभूतरेतसः, शुष्करेतसो वृद्धाः। प्रहर्षजननार्थं चेति स्वस्थस्य शुक्रवृद्धि-स्तुतिकरणार्थं चेत्यर्थः। अन्ये तु वजनं वाजो वेगः प्रकरणाच्छुक्रस्य, स विद्यते येषां ते वाजिनः, अवाजिनो वाजिनः क्रियन्तेऽनेनेति वाजीकरणम् ; अन्ये तु वाजीशब्देन शुक्रमभिधीयते, तेन शुक्रहितस्य बाजी शुक्रं क्रियतेऽनेनेति बाजीकरणम् (ड.) । 'सेव्यमानो यदौचित्याद्वाजीवात्यर्थवेगवान् । नारीस्तर्पयते तेन वाजीकरणमुच्यते ।" (सु. चि. अ. २६) । तत् त्रिविधं--जनकं, प्रवर्तकं, जनक-प्रवर्तकं चेति । तत्र जनकं मांस-घृतादिकं यतस्तद्रसादिधातुक्रमेण परिणतं सप्तधातुपुष्टिं करोति ; प्रवर्तकमुच्चटाचूर्णादिकं शुक्र-विरेचनं, तस्य च वैरेचनिकत्वे सत्याशुक्षयकारित्वं स्यात्-

---

१--'वृषाय हितं वृष्यम्' (र० वै० भा० पृ० १८३) ।

२--'वाजीव लभते' इति पाठान्तरम् ।

३--"स्तुतिकरं स्त्रीस्पर्शादि, वृद्धिकरं क्षीरादि, स्तुतिवृद्धिकरं माषादि ।" इति (सु० सू० अ० १ टीकायां च० द०) ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अतो विरेचनं शुक्रस्य पतनायाभिमुखीभावमात्रकरणं ; जनकप्रवर्तकं तु गव्यघृत-गोधूम-माष-नक्काण्डादिकम् । केवलं देहबलकरं जनकं गोधूमादिकं, केवलमनोबलकरं संकल्पादि तु प्रवर्तकं, घृतक्षीरादि देह-मनोबलकरं सदुभयकरमिति । वृष्यादिद्रव्यानां सद्यः शुक्रादिकरणे प्रभावोऽयम् । तथा च श्रीवाग्भटः—"केचिदाहुरहोरात्राद्दशाहादपरे परे । मासात् प्रयाति शुक्रत्वमन्नं पाकक्रमादिति ॥ वृष्यादीनि प्रभावेण सद्यः शुक्रादि कुर्वते । प्रायः करोत्यहोरात्रात् कर्माद्यन्यच्च भेषजम् ।" इति (ड.) । अल्पशुक्रं प्रकृत्यैव यदल्पशुक्रं, तस्याप्यायनाय ; दुष्टं दोषतः, तस्य प्रसादाय ; क्षीणं स्वमानात् प्राकृतात्, तस्योपचयाय ; शुष्कमत्यल्पत्वाच्छुष्कमिव, तस्य जननाय ; इति विभागः । × × × (च. द.) । "यस्माद् द्रव्याद्भवेत् स्त्रीषु हर्षो वाजीकरं च तत् । यथा नागबलाद्याः स्युर्बीजं च कपिकच्छुजम् ।। यस्माच्छुक्रस्य वृद्धिः स्याच्छुक्रलं तु तदुच्यते । यथाऽश्वगन्धा मुसली शर्करा च शतावरी ॥ दुग्धं माषाश्च भल्लातफलमज्जामलानि च । प्रवर्तकानि कथ्यन्ते जनकानि च रेतसः ॥ प्रवर्तनी स्त्री शुक्रस्य, रेचनं बृहतीफलम् । जातीफलं स्तम्भकं च, शोषणी च हरीतकी ॥" (शा. प्र. ख. अ. ४) । यस्माद् द्रव्यात् स्त्रीषु स्त्रीपुरुषयोर्हर्षः कामशक्ति-सुरतसुखं भवेत् तद्वाजीकरं ज्ञातव्यम् । यथा नागबलाद्याः स्युरिति नागबला गाङ्गेरुकी, आदिशब्दाज्जातीफलाहिफेन-भङ्गाप्रभृतीनां ग्रहणम् । कपिकच्छुबीजमपि वाजीकरणं, कपिकच्छुर्वांनरी । द्विविधदृष्टान्तेनात्र द्विविधं वाजीकरणं सूचितम् । एकं वीर्यस्तम्भनरूपम्, अपरं वीर्यवर्धनम्, इत्यनेन पुनरुक्त्याऽप्यदोषः । शुक्रलमिति शुक्रवृद्धिकरम् । रेतसः शुक्रस्य दुग्धादीनि द्रव्याणि प्रवर्तकानि कथ्यन्ते ; न केवलं प्रवर्तकानि उत्पादनकराणि च कथ्यन्ते । प्रस्तावाद् वाजीकरणानामौषधानां विशेषानाह—प्रवर्तनीत्यादि । शुक्रस्य वीर्यस्य प्रवर्तनी प्रकटकारिणी स्त्री कथितेत्यर्थः । रेचनं बृहतीफलमिति शुक्रस्येत्यत्रापि संबन्धः । बृहती बृहत्कण्टकारिका, तस्याः फलम् । स्तम्भकम् अवरोधकरं जातीफलं भवति ; अत्रापि शुक्रस्येति सम्बन्धः । शोषणी हीन (क्षीण) त्वकारिणी हरीतकी कथिता । चकारादत्रापि शुक्रस्येत्यर्थः । एके 'शोषणी च हरीतकी' इत्यस्य स्थाने 'कालिङ्गं क्षयंकारि च' इति पठन्ति, व्याख्यानयन्ति च—कालिङ्गं वर्तुलफलमिति (आ.) । कालिङ्गं ब्रह्मशीर्षं, क्षयकारि स्यात् (का.) ।

जिस द्रव्य के सेवन से सुरत-मैथुन में पुरुष और स्त्री दोनों को अधिक हर्ष उत्पन्न हो तथा पुरुष अश्व के जैसे अति बलवान् होकर बिना रुकावट के स्त्रीगमन में समर्थ हो, उसे वाजीकरण ; वाजीकर या वृष्य कहते हैं । वाजीकर द्रव्य के चार प्रधान भेद हैं—(१) जिस द्रव्य से शुक्र की (वीर्य की) वृद्धि हो, उसे शुक्रजनन शुक्रल या शुक्रविवर्धन कहते हैं ; जैसे—वृषण, कंवाँच के बीज,

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विदारीकन्द, शतावरी, सालमपंजा, गाय का घी आदि। इस वर्ग का प्रधान कार्य शुक्र (वीर्य) धातु को उत्पन्न करना और बढ़ाना है (देहबलकर); ये द्रव्य साक्षात् प्रवर्तक--स्रुतिकर--कामोत्तेजक होते हैं या नहीं भी होते। (२) शुक्रस्रुतिकर-शुक्रप्रवर्तक--कामोत्तेजक--ये द्रव्य साक्षात् शुक्र की वृद्धि नहीं करते, परन्तु केवल कामोत्तेजन मात्र करते हैं (मनोबलकर); जैसे--स्त्रीस्पर्श, अकरकरा, मकरध्वज, कस्तूरी आदि। (३) कुछ द्रव्य जनक और प्रवर्तक दोनों होते हैं (देह-मनोबलकर); जैसे--दूध, उड़द, भिलावे का मग्ज आदि; उनको शुक्रस्रुति-वृद्धिकर कहा गया है; (४) शुक्रस्तम्भन--ये द्रव्य शुक्रधातु का स्तम्भन करके सुरतकाल को दीर्घ करते हैं; जैसे--जायफल, अफीम आदि[1]।

शुक्रशोधनम्--शुक्रदोषविनाशनम्--

दोषदूषितं शुक्रं शोधयतीति शुक्रशोधनम्। "कुष्ठैलवालुक-कट्फल-समुद्रफेन-कदम्बनिर्यासेक्षु-काण्डेक्षिवक्षुरक-वसुकोशीराणीति दशेमानि शुक्रशोधनानि भवन्ति।"

—च. सू. अ. ४

दोषदूषित शुक्र (वीर्य) की शुद्धि करनेवाले द्रव्य को शुक्रशोधन कहते हैं। जैसे--कूठ, कायफल आदि। सुश्रुत ने विदार्यादि, करमर्दादि और मुष्ककादि गण को शुक्रदोषविनाशन लिखा है। (सू० अ० ३८)

स्नेहोपगम्--

स्नेहनस्य सर्पिरादेः स्नेहनक्रियायां सहायत्वेनोपगच्छतीति स्नेहोपगम्। मृद्वीकादिस्नेहोपगयुक्तस्य सर्पिरादेः स्नेहने प्रकर्षवती शक्तिर्भवतीत्यर्थः (च० द०)। स्नेहोपग इति स्नेहविधौ उपगन्तुं पानाहारादिषु शीलं यस्य तत् यथा, एवं परत्रापि व्याख्येयम् (ग०); स्नेहमुपगच्छति स्नेहनक्रियायां सहायीभवतीति

१--वाजीकर--ये द्रव्य मैथुनेच्छा और शिश्नेन्द्रिय की शक्ति को बढ़ाते हैं। जैसे--कुचला, भाँग, फॉस्फॉरस, कैन्थॅरिडस्। इनमें (१) कई द्रव्य शिश्नेन्द्रिय की नाड़ी के केन्द्र पर प्रत्यक्ष क्रिया करते हैं; जैसे--कुचला। (२) कई द्रव्य मूत्राशय और मूत्रनलिका का क्षोभ करके अप्रत्यक्ष रीति से यह क्रिया करते हैं; जैसे--कॅन्थॅरिडिस्। इस वाजीकर वर्ग के तीन अवान्तर भेद किये जाते हैं--(१) स्तम्भन--शुक्रस्राव के समय को बढ़ानेवाले द्रव्य; जैसे--जायफल। (२) बृष्य--हर्ष (कामेच्छा) बढ़ानेवाले और वीर्य को बढाकर गाढ़ा करनेवाले द्रव्य; जैसे--वृषण। (३) वाजीकर मैथुनशक्ति बढ़ानेवाले तथा मैथुन के अनन्तर होनेवाली थकान को रोकनेवाले द्रव्य (जैसे-सालमपंजा)। इन्हें अंग्रेजी में 'Aphrodisiac—अॅफ्रॉडिसिअॅक्' कहते हैं (डॉ० वा० दे०)। यूनानी वैद्यक में वाजीकर औषध को 'मुकव्वी बाह' और 'मुन्ही', शुक्रजनन को 'मुवल्लिद मनी' और शुक्रस्तम्भन को 'मुम्सिक मनी' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

स्नेहोपगम्, एवं स्वेदोपगादयः (यो०)। "मृद्वीका-मधुक-मधुपर्णी-मेदा-विदारी काकोली-जीवक-जीवन्ती-शालपर्ण्य इति दशेमानि स्नेहोपगानि भवन्ति।"

—च० सू० अ. ४

जो द्रव्य घृत आदि स्नेहन द्रव्यों के साथ पान आदि में सहायक रूप में प्रयुक्त किये जानेपर उनकी स्नेहन-शक्ति को बढ़ाता है, उसे स्नेहोपग कहते हैं। जैसे—मुनक्का, मुलेठी, विदारीकन्द, मेदा आदि।

स्वेदोपगम्—

स्वेदनद्रव्यस्य अग्न्यादेः स्वेदनक्रियायां सहायत्वेनोपगच्छतीति स्वेदोपगम्। "शोभाञ्जनैरण्डार्क-वृश्चीर-पुनर्नवा-यव-तिल-कुलत्थ-माष-बदराणीति दशेमानि स्वेदोपगानि भवन्ति।" —च० सू० अ० ४

जो द्रव्य अग्नि आदि स्वेदन (पसीना लानेवाले) द्रव्यों के साथ सहायक रूप में प्रयुक्त किये जानेपर उनकी शक्ति को बढ़ाता है, उसे स्वेदोपग कहते हैं। जैसे—सहिजना, एरण्ड आदि।

वमनोपगम्—

वमनद्रव्यस्य मदनफलादेर्वमनक्रियायां सहायत्वेनोपगच्छतीति वमनोपगम्। "मधु-मधुक-कोविदार-कवुदार-नीप-विदुल-बिम्बी-शतपुष्पी-सदापुष्पा-प्रत्यक्पुष्प्य-इति दशेमानि वमनोपगानि भवन्ति।" —च० सू० अ. ४

जो द्रव्य मैनफल आदि वमन द्रव्यों के साथ सहायक रूप में प्रयुक्त किये जानेपर उनकी शक्ति को बढ़ाता हैं, उसे वमनोपग कहते हैं। जैसे—शहद (मधु) मुलेठी, कचनार, सैन्धव लवण आदि।

विरेचनोपगम्—

विरेचनद्रव्यस्य त्रिवृदादेर्विरेचनक्रियायां सहायत्वेनोपगच्छतीति विरेचनोपगम्। "द्राक्षा-काश्मर्यफल-परूषकाभयामलक-बिभीतक-कुवल-बदर-कर्कन्धु-पीलूनीति दशेमानि विरेचनोपगानि भवन्ति।" —च. सू. अ. ४

जो द्रव्य निशोथ आदि विरेचन द्रव्यों के साथ सहायक रूप में प्रयुक्त किये जानेपर उनकी शक्ति को बढ़ाता है, उसे विरेचनोपग कहते हैं। जैसे—मुनक्का, गंभारी के फल, उन्नाव आदि।

आस्थापनोपगम्—

आस्थापनद्रव्याणां पाटलादीनामास्थापनक्रियायां सहायत्वेनोपगच्छतीति आस्थापनोपगम्। "त्रिवृद्वित्व-पिप्पली-कुष्ठ-सर्षप-वचा-वत्सकफल-शतपुष्पा-मधुक-मदन-फलानीति दशेमान्यास्थापनोपगानि भवन्ति।" —च. सू. अ. ४

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो द्रव्य पाटला आदि आस्थापन (आस्थापन-बस्ति में उपयोगी) द्रव्यों के साथ सहायक रूप में प्रयुक्त होने पर उनकी शक्ति को बढ़ाता है, उसे आस्थापनोपग कहते हैं। जैसे—निशोथ, बेल, सर्षप, बच, इन्द्रयव आदि।

अनुवासनोपगम्—

अनुवासनद्रव्यस्य तैलादेरनुवासनक्रियायां सहायत्वेनोपगच्छतीत्यनुवासनोपगम्। "रास्ना-सुरदारु-बिल्व-मदन-शतपुष्पा-वृश्चीर-पुनर्नवा-श्वदंष्ट्राग्निमन्थ-श्योनाका इति दशेमान्यनुवासनोपगानि भवन्ति।" —च. सू. अ. ४

जो द्रव्य अनुवासन (अनुवासन-बस्ति में उपयोगी तैलादि) द्रव्यों के साथ सहायक रूप में प्रयुक्त होने पर उन की शक्ति को बढ़ाता है, उसे अनुवासनोपग कहते हैं। जैसे—रास्ना, देवदारु, बेल, मैनफल, सौंफ आदि।

शिरोविरेचनोपगम्—

शिरोविरेचनोपगे तु शिरोविरेचनप्रधानान्येव द्रव्याणि (च.द.) "ज्योतिष्मती-क्षवक-मरिच-पिप्पली-विडङ्ग-शिशु-सर्षपापामार्गतण्डुल-श्वेता-महाश्वेता इति दशेमानि शिरोविरेचनोपगानि भवन्ति।" —च. सू. अ. ४

शिरोविरेचन में उपयोगी प्रधान द्रव्यों को शिरोविरेचनोपग या शिरोविरेचन कहते हैं। जैसे—मालकंगनी, नकछिकनी, कालीमिर्च आदि[1]।

छर्दिनिग्रहणम्—वमिनिग्रहणम्—

छर्दिं निगृह्णाति स्तम्भयतीति छर्दिनिग्रहणं; व्याधिहरणवचनेन तद्धेतुदोष-हरणमपि लभ्यते, एवं परत्रापि (ग.)। छर्दिं वमिं निगृह्णातीति छर्दिनिग्रहणम्, एवं तृष्णानिग्रहणादयः (यो.)। "जम्ब्वाम्रपल्लव-मातुलुङ्गाम्लबदर-दाडिम-यव-यष्टिकोशीर-मृल्लाजा इति दशेमानि छर्दिनिग्रहणानि भवन्ति।" —च. सू. अ. ४

१—चरकसंहिता में स्नेहोपग स्वेदोपग, वमनोपग, विरेचनोपग और आस्थापनोपग इन गणों में जो द्रव्य आये हैं वे स्नेहन, स्वेदन, वमन, विरेचन और आस्थापन के प्रधान द्रव्यों से भिन्न हैं। स्नेहोपग आदि द्रव्य प्रधानतया स्नेहन आदि कर्म नहीं करते, किन्तु स्नेहन आदि द्रव्यों की शक्ति बढ़ाकर उनकी क्रियाओं में सहायता करते हैं। शिरोविरेचनोपग गण में शिरोविरेचन में सहायक द्रव्य नहीं किन्तु प्रधान शिरोविरेचन द्रव्य ही लिये हैं। शिरोविरेचन—(Errhines—एरहाइन्स) ये द्रव्य नाक में श्लेष्मा को बढ़ाते हैं। इनसे छींकें नहीं आतीं। जैसे—अँमोनिया, सिरके की भाप (डॉ० वा० दे०)। छिक्काजनन (Sternutatories—स्टर्न्युटॅटरिस्)—ये द्रव्य सूंघने से छींकें आती हैं। जैसे—तमाखू, कुटकी, सोंठ, मिर्च, एपिकाक्युआना। छिक्काजनन औषध को यूनानी वैद्यक में 'मुअत्तिस' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो द्रव्य वमन-उलटी के कारणभूत दोष को शान्त करके वमन को दूर करे, उसे छर्दिनिग्रहण कहते हैं। जैसे—जामुन और आम की कोंपल, दाड़िम, खस, लाजा (धान का लावा) आदि। सुश्रुत ने आरग्वधादि, पटोलादि और गुडूच्यादि गण को वमिहर लिखा है[1] (सू० अ० ३८)।

तृष्णानिग्रहणम्-तृष्णाघ्नम्-पिपासाघ्नं-पिपासाहरम्-तृट्प्रशमनम्-

"नागर-धन्वयासक-मुस्त-पर्पट-चन्दन-किराततिक्त-गुडूची-ह्रीबेर-धान्यक-पटोलानीति दशेमानि तृष्णानिग्रहणानि भवन्ति।" —च. सू. अ. ४

जो द्रव्य तृषा के कारणीभूत दोष को शान्त करके तृषा (प्यास) का नाश करे, उसे तृष्णानिग्रहण कहते हैं। जैसे—नागरमोथा, धमासा, चन्दन, धनियाँ आदि। सुश्रुत ने सारिवादि, परूषकादि, उत्पलादि और त्रपवादि गण को पिपासाहर लिखा है (सू० अ० ३८)।

हिक्कानिग्रहणम्—हिक्काघ्नम्—

"शटी-पुष्करमूल-बदरबीज-कण्टकारिका-बृहती-वृक्षरुहाभया-पिप्पली-दुरालभा-कुलीरशृङ्गीच इति दशेमानि हिक्कानिग्रहणानि भवन्ति। —च. सू. अ. ४

जो द्रव्य हिक्का (हिचकी) के निमित्तभूत दोष को शान्त करके हिक्का को दूर करे उसे हिक्कानिग्रहण कहते हैं। जैसे—कचूर, पोहकरमूल, छोटी पीपल, काकड़ासिंगी आदि[2]। जो द्रव्य वमन को बन्द करते हैं वे प्रायः हिक्का को भी बन्द करते हैं।

पुरीषसंग्रहणीयम्- -विड्ग्रहणम्—सांग्राहिकम्—संग्राहि—ग्राहि—

पुरीषसंग्रहणं पुरीषस्य स्तम्भनं, तस्मै हितम् (ग.)। पुरीषस्यातिसरतः संग्रहणं संग्रहः, तत्र हितं पुरीषसंग्रहणीयम् (यो.)। "सांग्राहिकमनिलगुणभूयिष्ठम्, अनिलस्य शोषणात्मकत्वात्।" (सु. सू. अ. ४१)। "दीपनं पाचनं यत् स्याद्दुष्णत्वाद् द्रवशोषकम्। ग्राहि तच्च यथा शुण्ठी जीरकं गजपिप्पली।" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यं दीपनम् अग्निकरं, पाचनम् आमादीनां द्रवशोषकमिति द्रवस्वरूपाणां दोष-धातु-मलादीनां शोषकमित्यर्थः; उष्णत्वात् उष्णवीर्यत्वाद् द्रवशोषकमिति योज्यं; दीपनादिकार्यकरत्वेनोपलक्षितमिति भावः, तद् ग्राहि विज्ञेयम्। यथा—शुण्ठी, जीरक, गजपिप्पली च। गजपिप्पली चव्यफलम्। ननु संग्राहकमनिलगुणभूयिष्ठम्, अनिलस्य शोषणात्मकत्वात्, तत् कथमुक्तम्—

१—छर्दिनिग्रहण—'Anti-emetic—अॅन्टि-इमेटिक्' (डॉ० वा० दे०)। छर्दिनिग्रहण औषध को यूनानी वैद्यक में 'मुसक्किन कै' कहते हैं।

२—हिक्कानिग्रहण औषध को यूनानी वैद्यक में 'मुसक्किन फवाक' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

उष्णत्वादिति। उच्यते--पक्वामग्राहकत्वेन द्विविधं हि संग्राहकम्। तत्र यद् ग्रहण्यामामं संपाच्य वह्निं कृत्वा तत्रस्थं द्रवं च शोषयित्वा संग्रहणं करोति तदुष्णग्राहकं ज्ञेयम्; यद् द्रव्यमतिसारादौ पक्वमलादिकं संस्तभ्य संग्रहं करोति तच्छीतसंग्राहकं ज्ञेयम्, एतदनिलगुणभूयिष्ठमित्यदोषः (आ.)। 'सांग्राहिकं विजानीयात् पृथिव्यनिलसंभवम्।" (र. वै. पृ. १८७)। "लवण-तीक्ष्णोष्णेभ्योऽन्यत् सांग्राहिकं, तत् पार्थिव-वायव्यम्।" (र. वै. ४।९)। लवणातद्गुणद्वयाच्चान्यद्रसगुणं तस्य (सांग्राहिकस्य) आश्रयः; तत् पार्थिव-वायव्यम् आभ्यां भूताभ्यां निवर्त्यते सांग्राहिकम् (भा.)। "द्वयोर्निग्रहणं सांग्राहिकम्।" (र. वै. ४।२३)। निग्रहणं प्रशमनम्। द्वयोरित्युक्तं, न विशेषितं तथा पित्त-श्लेष्मणोरिति गम्यते, पार्थिव-वायव्यत्वात्तस्य वीर्यस्य, आश्रयस्य च लवणतीक्ष्णोष्णेभ्योऽन्यत्वात् पित्तनिग्रहे समर्थं; पार्थिव-वायव्यत्वाद्रौक्ष्य-वैशद्याभ्यां श्लेष्मनिग्रहे समर्थम् (भा.)। "प्रियङ्ग्वनन्ताम्रास्थि-कट्वङ्ग-लोध्र-मोचरस-समङ्गा-धातकीपुष्प-पद्मकेशराणिति दशेमानि पुरीषसंग्रहणीयानि भवन्ति।" (च. सू. अ. ४)।

जो द्रव्य द्रवीभूत तथा अत्यन्त (बार-बार और प्रभूत मात्रा में) सरनेवाले पुरीष (मल) को बाँधे, उसे **पुरीषसंग्रहणीय, विड्ग्रहण, सांग्राहिक, संग्राहि या ग्राहि** कहते हैं। जैसे—आम की गुठली, सोनापाठा, मोचरस, लोध, धाय के फूल आदि। (च०)। जो द्रव्य दीपन हो, आमादिक का पाचन करनेवाला हो और उष्णवीर्य होने से द्रवरूप मलादिकों का शोषण करनेवाला हो, उसे **ग्राहि** कहते हैं। जैसे—सोंठ, जीरा, गजपीपल (शा०)। **सुश्रुत ने न्यग्रोधादि** गण को **संग्राही, रोध्रादि** गण को **स्तम्भी (स्तम्भन)** तथा **प्रियङ्ग्वादि** और **अम्बष्ठादि** गण को **पक्वातिसारनाशन** लिखा है। (सु० सू० अ० ३८)। सांग्राहिक द्रव्य वातगुण-भूयिष्ठ होता है, क्योंकि वायु शोषण करनेवाला है (सु०)। **शार्ङ्गधर** में शोषण क्रिया का हेतु 'उष्णत्वात्' दिया है, **सुश्रुत में** इसका कारण वायु को कहा है। इस मतभेद का समाधान करते हुए **आढमल्ल** कहते हैं कि, संग्राहक द्रव्यों के दो भेद हैं—**पक्वसंग्राहक** और **आमसंग्राहक**। इन में जो द्रव्य ग्रहणी में आम को पका, जठराग्नि को प्रदीप्त कर और वहाँ स्थित द्रव-मल का शोषण करके संग्रहण करता (मल को बाँधता) है, उसे **उष्णसंग्राहक** कहते हैं। जो द्रव्य अतिसारादि में, पक्वमलादिक का स्तम्भन करके संग्रहण करता है, उसे **शीतसंग्राहक** कहते हैं। ये पिछले द्रव्य वातगुण की अधिकतावाले होते हैं। **रसवैशेषिकसूत्र में** सांग्राहिक द्रव्य को लवण रस तथा तीक्ष्ण और उष्ण गुण को छोड़कर अन्य रस-गुणवाला तथा पृथिवी और वायु के गुणों की अधिकतावाला कहा है[1]।

१—**स्तम्भन, ग्राहि, संग्राहक** (Astringents--ॲस्ट्रिन्जन्ट्स्)——→

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वक्तव्य--अतिसार और ग्रहणी रोग में जब पतले दस्त आते हों तब **पुरीषसंग्रहणीय** द्रव्यों का प्रयोग किया जाता है। जब मल आमलक्षणयुक्त आता हो तब सोंठ, जीरा, सौंफ आदि उष्णसंग्राहक (ग्राहि) द्रव्यों का तथा जब मल पक्वलक्षणयुक्त होनेपर भी बार-बार पतले दस्त आते हों तब लोध्र, मोचरस, धातकीपुष्प आदि शीतसंग्राहक (स्तम्भन) औषधों का प्रयोग करना चाहिये। चरक के उदाहरणरूप लिखे हुए द्रव्य शीतसंग्राहक और शार्ङ्गधर के उदाहरणरूप लिखे हुए द्रव्य उष्णसंग्राहक हैं।

पुरीषविरजनीयम्--विड्विरजनम्--

"पुरीषस्य विरजनं दोषसम्बन्धनिरासं करोतीति पुरीषविरजनीयम्। एवं मूत्रविरजनीयेऽपि व्याख्येयम् (च. द.)। दोषसंबद्धस्य पुरीषस्य दोषसंबन्धाद् विगमेन रजनं रागः, तस्मै हितं पुरीषविरजनीयम्। एवं मूत्रस्य च व्याख्येयम् (ग.)। पुरीषस्य विरजनं दोषसंबन्धविगमेन रजनं, तस्मै हितम् (यो.)। 'जम्बूशल्लकीत्वक्कच्छुरा-मधुक-शाल्मली-श्रीवेष्टक-भृष्टमृत्पयस्योत्पल-तिलकणा इति दशेमानि पुरीषविरजनीयानि भवन्ति।"

—च. सू. अ. ४

जो द्रव्य दोषदूषित पुरीष (मल) के दोष को दूर करके उसका वर्ण स्वाभाविक कर दे, उसे पुरीषविरजनीय कहते हैं। जैसे--जामुन, कवाँच, कमल, मुलेठी, गन्धाविरोजा आदि।

मूत्रसंग्रहणीयम्--मूत्रग्रहणम्--

अतिमात्रं पुनः पुनश्च प्रवर्तमानं मूत्रं संगृह्णातीति मूत्रसंग्रहणीयम्। "जम्ब्वाम्रप्लक्ष-वट-कपीतनोदुम्बराश्वत्थ-भल्लातकाश्मन्तक-सोमवल्का इति दशेमानि मूत्रसंग्रहणीयानि भवन्ति।"

—च० सू० अ० ४

←(१)--स्तम्भन--रूक्षता, कषायता और शीतगुण के कारण आँतों में रहे हुए पतलेद्रव्यों और स्रावों को रोकनेवाले द्रव्य। ये द्रव्य शीघ्र और जोरदार क्रिया करते हैं। जैसे--अफीम, कुड़े की छाल, सोनापाठा। (२ अ) ग्राहि--अग्नि को प्रदीप्त करके और आम का पचन करके आँतों के पतले द्रवों को गाढ़ा किंवा शुष्क करनेवाले द्रव्य। ये द्रव्य उष्णवीर्य होते हैं; इनकी क्रिया धीरे-धीरे होती है। जैसे--सोंठ, जीरा, बड़ी पीपल। (Carminatives--कार्मिनेटिव्स्; Aromatics--ॲरोमॅटिक्स्)। (२ ब) संग्राहक--कषाय गुण के कारण पेशियों का संकोच करनेवाले तथा संयोग को प्राप्त अङ्गों में रूक्षता लानेवाले द्रव्य। ये आँतों की लसीका या स्राव को कम करके उनको गाढ़ा करते हैं। जैसे--माजूफल तथा माजूफल में स्थित कषायाम्ल जिन-जिन द्रव्यों में हो वे द्रव्य, द्रावकाम्ल, फिटकिरी (डॉ. वा. दे.)। यूनानी वैद्यक में संग्राहक द्रव्य को 'काबिज' और स्तम्भन को 'हाबिस' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो द्रव्य अत्यन्त (बार-बार तथा अति मात्रा में) निकलनेवाले मूत्र को रोके (कम करे), उसे **मूत्रसंग्रहणीय** कहते हैं। जैसे--जामुन, आम, बड़-गूलर-पीपल इन वृक्षों की छाल, भिलावा आदि[1]।

मूत्रविरजनीयम्--मूत्रविरजनम्--

मूत्रं विरजयति दोषसंबन्धनिरासं कृत्वा प्रकृतौ स्थापयतीति मूत्रविरजनीयम्। "पद्मोत्पल-नलिन-कुमुद-सौगन्धिक-पुण्डरीक-शतपत्र-मधुक-प्रियङ्गु - धातकीपुष्पाणीति दशेमानि मूत्रविरजनीयानि भवन्ति।" च. सू. अ. ४

जो द्रव्य दोषदूषित मूत्र के दोष को दूर करके उसका वर्ण स्वाभाविक कर दे, उसे **मूत्रविजनीय** या मूत्रविरजन कहते हैं। जैसे--कमल के फूल, मुलेठी, धाय के फूल आदि।

मूत्रविरेचनीयम्--

"मूत्रस्य विरेचनं करोतीति मूत्रविरेचनीयम् (च० द०)। मूत्रविरेचनीयमिति मूत्रस्य वर्तनाय हितम् (ग०)। मूत्रस्य विरेचनं बहिःसारणं, तत्र हितम् (यो०)। "वृक्षादनी-श्वदंष्ट्रा-वसुक-वशिर- पाषाणभेद - दर्भ - कुश-काश - गुन्द्रेक्षटमूलानीति दशेमानि मूत्रविरेचनीयानि भवन्ति।" --च० सू० अ० ४

जो द्रव्य मूत्र का विरेचन (प्रवृत्ति-खुलासा) करे उसे **मूत्रविरेचनीय, मूत्र-विरेचन, बस्तिशोधन** या **मूत्रल**[2] कहते हैं। जैसे--बाँदा, गोखरू, ककड़ी, पाषाणभेद, दर्भ के मूल, पुनर्नवा, कलमी शोरा आदि। **सुश्रुत** ने **परूषकादि** और **तृणपञ्चमूल** इन दो गणों को **मूत्रदोषहर** लिखा है (सु० सू० अ० ३८)। चरक ने त्रपुष और विदारीकन्द के गुणों में उसे **मूत्रल** लिखा है[3]।

१--**मूत्रसंग्रहणीय** (Urine diminisher--यूरिन डिमिनिशर्) ये द्रव्य मूत्र को कम करते हैं। जैसे--अफीम, जस्त की भस्म, तगर (डॉ० वा० दे०) मूत्रसंग्रहणीय द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'हाबिस बौल' कहते हैं।

२--'**मूत्रल**' शब्द सु० सू० अ० ४६ में श्लो० ९५।३१८ आदि स्थलों में आया है।

३-- **मूत्रजनन** (Diuretics--डाइयुरेटिक्स्)--ये द्रव्य मूत्रग्रन्थियों के उत्तेजक तथा मूत्र को बढ़ानेवाले हैं। (१) कई द्रव्य मूत्रग्रन्थियों को साक्षात् उत्तेजित करते हैं, जैसे--कबाब चीनी, काली मिर्च, अनन्तमूल, हाउवेर, गन्धा-विरोजा, कॅन्थॅरिडिस्, मद्य। इन्हें **मूत्रजनन** (Stimulating diuretics--स्टिम्युलेटिंग् डाइयुरेटिक्स) कहते हैं। (२) कई द्रव्य मूत्रग्रन्थियों में रक्त का आयात और रक्त का दबाव बढ़ाते हैं। जैसे--जंगली प्याज, बुंददाना (कॉफी), डिजिटेलिस, पुनर्नवा। इन्हें **मूत्रविरेचनीय** (Hydragogue diuretics--हाईड्रागॉग् डाइयुरेटिक्स्) कहते हैं। ये मूत्र जोर से (बलात्)--

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कासहरम्--

कासं हरतीति कासहरम्, एवं श्वासहरादयः (यो०)। "द्राक्षाभयामलक-पिप्पली-दुरालभा-शृङ्गी-कण्टकारिका-बृश्चीर-पुनर्नवा-तामलक्य इति दशेमानि कास-हराणि भवन्ति।"

--च० सू० अ० ४

कास (खाँसी) को नष्ट करनेवाले द्रव्य को कासहर या कासघ्न कहते हैं। जैसे--मुनक्का, हरड़, काकड़ासिंगी, अड़ूसा आदि। सुश्रुत ने विदारीगन्धादि और सुरसादि गण को कासहर लिखा है[1] (सू० अ० ३८)।

श्वासहरम्--श्वासप्रशमनम्--

श्वासं श्वासरोगं हरतीति श्वासहरम्। "शटी-पुष्करमूलाम्लवेत-सैलाहिंग्वगुरु-सुरसा-तामलकी-जीवन्ती-चण्डा इति दशेमानि श्वासहराणि भवन्ति।"

--च० सू० अ० ४

श्वासरोग को नष्ट करनेवाले द्रव्य को श्वासहर या श्वासप्रशमन कहते हैं। जैसे--कचूर, पोहकरमूल आदि। सुश्रुत ने विदारीगन्धादि, सुरसादि और दशमूल इन गणों को श्वासहर लिखा है[2] (सू० अ० ३८)। श्वासहर वर्ग के दो भेद होते हैं--(१) जो द्रव्य श्वास रोग के कारणभूत दोष को दूर करके श्वास रोग को दूर करें; जैसे--पुष्पकरमूल, वासा आदि (२) जो द्रव्य श्वास के वेग को कम करें जैसे--सोम, धतूरा, बेलाडोना आदि।

शोथहरम् श्वयथुविलयनम्--

शोथं हरतीति शोथहरम्। "सर्वान् रसान् शीत-मृदु-पिच्छिलांश्च गुणान् विलायनम्। तत् सौम्यं पार्थिवं च।" (र० वै० ४।१९, २०)। "अग्नि-वायुजनितवायुवीर्यनिर्वाततत्वाच्छोथस्य तस्य विलायनं तत्प्रतिपक्षभूतनिर्वातितं भवति। विलायनं शोथानामुत्सेधप्रशमनम्।" (भा०) "पाटलाग्निमन्थ-श्योनाक-बिल्व-काश्मर्य-कण्टकारिका-बृहती-शालपर्णी-पृश्निपर्णी-गोक्षुरका--इति-दशेमानि शोथहराणि भवन्ति।"

--च० सू० अ० ४

←उत्पन्न करनेवाले द्रव्य हैं। (३) कई मूलग्रन्थियों को धो डालते हैं; जैसे--पानी, चावल का माँड, जौखार। इनको मूत्रविरजनीय (Refrigerant diuretics--रिफ्रजरन्ट् डाइयुरेटिक्स्) कहते हैं। मूत्र का स्वाभाविक रंग लानेवाले द्रव्य। मूत्रविरेचनीय--बाँदा, गोखरू, खस, बिसखंपरा, पाषाणभेद, डाभ, काँस, रोहिषघास के मूल (डॉ. वा. दे.)। मूत्रविरेचनीय द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'मुदिर्र बौल' कहते हैं।

१--यूनानी वैद्यक में कासहर द्रव्य को 'मुजय्यल सुर्फा' कहते हैं।

२--श्वासहर द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'मुसक्किन तनफ्फुस' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शोथ (सूजन) को दूर करनेवाले द्रव्यों को **शोथहर** कहते हैं। जैसे—दशमूल, पुनर्नवा आदि। **सुश्रुत ने विदार्यादि और करमर्दादि गण को शोथहर** लिखा है। र० वै० सू० में शोथहर को सर्व रस तथा शीत, मृदु और पिच्छिल इन गुणों को आश्रित तथा पृथिवी और जल के गुणों की अधिकतावाला लिखा है[1]।

श्वयथुकरं–श्वयथुजननम्—

सुश्रुत-नागार्जुनाभ्यां श्वयथुकर (श्वयथुकरण-श्वयथुजनन) **द्रव्यमपि निर्दिष्टं; "यथा-इहौषधकर्माणि × × × श्वयथुकर-विलयन × × × विषप्रशमनादि वीर्यप्राधान्याद्भवन्ति। (सु. सू. अ. ४०।५)। श्वयथुकरत्वं च भल्लातकादीनाम् (हा.) "मधुर-कषाय-वर्जितान् रसान तीक्ष्णोष्ण-रूक्षांश्च गुणान् श्वयथुजननम्। तदाग्नेयं वायव्यं च। (र. वै. ४।१७,१८)। "मधुर-कषायवर्जितान् रसान् तीक्ष्णादीन् गुणांश्चाश्रित्य वर्तते तद्वीर्यम्। अग्नि-वायु-विश्लेषणं कृत्वोर्ध्वमुद्धूय शोथजननसमर्थौ भवतः।" (भा.)**

सुश्रुत और नागार्जुन ने श्वयथुकर द्रव्य भी लिखा है। नागार्जुन लिखते हैं कि—श्वयथुकर द्रव्य मधुर और कषाय रस छोड़ कर अन्य चार रस (अम्ल, लवण, कटु और तिक्त) तथा तीक्ष्ण, उष्ण और रूक्ष इन गुणोंवाला तथा अग्नि और वायु इन महाभूतों की अधिकतावाला होता है। **कविराज हाराणचन्द्रजी ने** श्वयथुकर का उदाहरण भिलावा लिखा है।

ज्वरहरम्—

ज्वरं ज्वरसंतापं हरतीति ज्वरहरम्। "सारिवा-शर्करा-पाठा-मञ्जिष्ठा-द्राक्षा-पीलु-परूषकाभयामलक-बिभीतकानीति दशेमानि ज्वरहराणि भवन्ति।

—च. सू. अ. ४

ज्वर को नष्ट (ज्वर के संताप-वेग को कम) करनेवाले द्रव्य को **ज्वरहर, ज्वरप्रशमन** या **ज्वरघ्न** कहते हैं। जैसे—पाठा, अनन्तमूल, चीनी, मजीठ, आदि। **सुश्रुत ने या पटोलादि और सारिवादि गण को ज्वरहर** लिखा[2] है (सू. अ. ३८)।

१—शोथहर द्रव्य को यूनानी में **मुहल्लिल वर्म** कहते हैं।

२—**ज्वरहर** (Antipyretics–ॲन्टिपाइरेटिक्स् ; Antifebrile–ॲन्टि फेब्राइल् ; Febrifuge फेब्रिफ्युज)—ये द्रव्य ज्वर में किंवा किसी भी रोग में उष्णता कम करते हैं। इनकी शरीरपर क्रिया अनेक प्रकार से होती है। (१) कई त्वचामें से उष्णता का अपहरण करते हैं जैसे—ठण्ढे जल से अङ्ग धोना, स्वेदन द्रव्य। (२) कई त्वचा की केशिकाओं को विकसित करते हैं, जिससे परिणामरूप में उष्णता स्वयं बाहर निकलती है जैसे—मद्य, सुरमा, बछनाग। (३) कई ज्वर उत्पन्न करनेवाले विष का नाश करते हैं ; जैसे—सोमल। (४) कई उष्णता के केन्द्रों पर शामक क्रिया करते हैं, जिससे →

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

श्रमहरम्–श्रमनाशनम्-श्रमघ्नम्––

"द्राक्षा-खर्जूर-प्रियाल-बदर-दाडिम-फल्गु-परूषकेक्षु-यव-षष्टिका इति दशेमानि श्रमहराणि भवन्ति।"

––च० सू० अ० ४

श्रम (थकान) को दूर करनेवाले द्रव्य को **श्रमहर** कहते हैं। जैसे—मुनक्का, खजूर, चिरौंजी, अनार, अंजीर, फालसा, गन्ना आदि।

दाहप्रशमनम्–निर्वापणम्––

दाहं प्रशमयतीति दाहप्रशमनम्, एवमुदर्दप्रशमनादयः (यो.)। "निर्वापणं दाहौष्ण्यशमनम्" (चि० चि० २५।४० पर च० द०) "लाजा-चन्दन-काश्मर्यफल-मधूक-शर्करा-नीलोत्पलोशीर-सारिवा-गुडूची–ह्रीबेराणीति दशेमानि दाह-प्रशमनानि भवन्ति।"

–च० सू० अ० ४

जो द्रव्य बाह्य या आन्तर दाह-जलन और उष्णता को शान्त करे, उसे **दाह-प्रशमन, दाहहर** या **निर्वापण** कहते हैं। जैसे––धान का लावा (खील), चन्दन, चीनी, कमल, अनन्तमूल, गिलोय, खस आदि। सुश्रुत ने सारिवादि, अञ्जनादि, न्यग्रोधादि, गुडूच्यादि और उत्पलादि गण को दाहनाशन लिखा है[1]।

दहनम्–

"अग्नेर्दहनशक्तिवत्त्वङ्मांसास्थिदाहे।" (र० वै० ४।२२)। दहनं क्षारादीनाम् (ड० सु० सू० अ० ४०।५)।

जो द्रव्य अग्नि की तरह त्वचा-मांस आदि को जला देता है, उसको **दहन** कहते हैं[2]।

→उष्णता उत्पन्न नहीं होती; जैसे––कुनैन, बेदमुश्क। ज्वरहर द्रव्यों का एक भेद **कालज (नियतकालिक) ज्वर-नाशन** (Anti-periodics—अँन्टिपीरिओडिक्स्) है। ये द्रव्य बारी से आनेवाले रोगों का विष नष्ट करते हैं। इनसे ज्वर भी कम होता है जैसे––कुनैन, सोमल (डॉ० वा० दे०)। ज्वरहर द्रव्य को यूनानी वैद्यक में **'दाफिअ हुम्मा'** कहते हैं। नियतकालिक ज्वर नाशक को यूनानी वैद्यक में **'मानिअ नौबत हुम्मा'** कहते हैं।

१—**दाहशमन** (Refrigerants––रिफ्रिजरन्ट्स्)––ये द्रव्य ज्वर में उष्णता कम करते हैं और गले तथा मुख में आर्द्रता लाकर तृषा को शान्त करते हैं। जैसे––फलों का रस, बहुत हल्का द्राक्षारिष्ट, स्वेदजनक द्रव्य (डॉ० वा० दे०)। दाहप्रशमन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में **'मुत्फी', 'मुबर्रिद,' 'तक्लील हरारत'** और **'मुसक्किन हरारत,** कहते हैं।

२—दहन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में **'मुहरिक'** कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शीतप्रशमनम्--

शीतं प्रशमयतीति शीतप्रशमनम् । "तगरागुरु-धान्यक-शृङ्गबेर-भूतिक-वचा-कण्टकार्यग्निमन्थ-श्योनाक-पिप्पल्य इति दशेमानि शीतप्रशमनानि भवन्ति।" (च० सू० अ० ४)। "रास्नागुरूणि शीतापनयनप्रलेपनानाम्।" (च० सू० अ० २५)

जो द्रव्य शीत (ठण्ड लगने को) शान्त करे और रोके, उसे शीतप्रशमन कहते हैं। जैसे--तगर, अगरु, अजवायन, वच, कूठ, चोरा आदि।

उदर्दप्रशमनम्-कोठनाशनम्--

उदर्दो वरटीदष्टाकारः शोथः, तत्प्रशमनम् उदर्दप्रशमनम्; न पुनरिह महारोगाध्याये पाठितो वातविकारो गृह्यते, तिन्दुकादीनामुदर्दप्रशमनानां वातं प्रत्यननुकूलत्वात् (च० द०)। "शीतपानीयसंस्पर्शाच्छीतकाले विशेषतः। सरागकण्डूः शोफः स्यादुदर्दः स कफोद्भवः॥" इति; साधवस्तु--"वरटी-दष्टसंस्थानः शोफः संजायते बहिः। सकण्डू-तोदबहुलश्छर्दि-ज्वरविदाहवान्॥ उदर्दं तं विजानीयाच्छीतपित्तमथापरे॥" इति (यो०)। "तिन्दुक-प्रियाल-बदर-खदिर-कदर-सप्तपर्णाश्वकर्णार्जुनासनारिमेदा इति दशेमान्युदर्दप्रशमनानि भवन्ति।" (च० सू० अ० ४)।

उदर्द (पित्ती-ददोड़े उठने) को शान्त करनेवाले द्रव्य को उदर्दप्रशमन कहते हैं। जैसे--चिरौंजी, बेर, अर्जुन, बिजयसार आदि। सुश्रुत ने एलादिगण को कोठनाशन लिखा है।

अङ्गमर्दप्रशमनम्--

"विदारीगन्धा-पृश्निपर्णी-बृहती-कण्टकारिकैरण्ड-काकोली-चन्दनोशीरैला-मधुकानीति दशेमान्यङ्गमर्दप्रशमनानि भवन्ति।" --च० सू० अ० ४

जो द्रव्य अङ्गमर्द (शरीर की पीडा-दर्द) को शान्त करे, उसे अङ्गमर्दप्रशमन कहते हैं; जैसे--सरिवन, पिठवन आदि।

शूलप्रशमनम्--

"पिप्पली - पिप्पलीमूल - चव्य - चित्रक-शृङ्गबेर-मरिचाजमोदाजगन्धाजाजी-गण्डीराणीति दशेमानि शूलप्रशमनानि भवन्ति" --च० सू० अ० ४

जो द्रव्य शूलरोग को शान्त करे, उसे शूलप्रशमन कहते हैं। जैसे--छोटी पीपल, पीपलामूल, सोंठ, जीरा आदि।

शोणितस्थापनम्-रुधिरसंस्थापनम्--

शोणितस्य दुष्टस्य दुष्टिमपहृत्य तत् प्रकृतौ स्थापयतीति शोणितस्थापनम् (च. द.)। शोणितं स्थापयति अतिप्रवृत्तं स्तम्भयतीति शोणितस्थापनम् एवं

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वेदनास्थापनादयः (यो.) । रुधिरसंस्थापनं पुरुषस्य रुधिरवृद्धि-स्थैर्यकरम् (इ.) । शोणितास्थापनं शोणितातिप्रवृत्तिस्तम्भनम् । (सु. चि. १।४८ ड.) । "मधु-मधक-रुधिर-मोचरस-मृत्कपाल-लोध्र-गैरिक-प्रियंगु-शर्करा-लाजा इति दशेमानि शोणितस्थापनानि भवन्ति । (च. सू. अ. ४) । रुधिरं कुंकुमम् (च. द.) ; रुधिरं प्राणिरुधिरम् (इं. अ. हृ. सू. अ. १५) ।

जो द्रव्य दोषदूषित रक्त के दोष (विकृति) को दूर करके उसको स्वाभाविक स्थिति में लाए उसे **शोणितस्थापन** कहते हैं (च. द.) । जो द्रव्य अत्यन्त बहते हुए रक्त (रक्तस्राव) को रोके, उसे **शोणितस्थापन** या **शोणितास्थापन** कहते हैं (ड., यो.) । रुधिर की वृद्धि और स्थिरता करनेवाले द्रव्य को **शोणित-स्थापन** कहते हैं (इन्दु) । जैसे--=मुलेठी, केसर, मोचरस, लोध, गेरू, आदि । सुश्रुत ने अञ्जनादि गण को रक्तपित्तहर लिखा है । चरक ने गंभारी के फल और अजाक्षीर को रक्तसंग्राहिक और कमल के केशर को **रक्तपित्तप्रशमन** लिखा है (च. सू. अ. २५) ।

यहाँ 'शोणितस्थापन' शब्द से टीकाकारों ने तीन वर्ग लिये हैं ; -(१) दुष्ट रक्त को शुद्ध करनेवाले (**रक्तसंशोधक-रक्तप्रसादन**), (२) **रक्तस्तम्भन**, (३) और **रक्तवर्धक** ।

वेदनास्थापनम्--

वेदनायां संभूतायां तां निहत्य शरीरं प्रकृतौ स्थापयतीति वेदनास्थापनम् (च. द.) । वेदनायाश्चिच्छक्तेः संतर्पकं वेदनास्थापनम् (इ.) ।

१--शोणितास्थापन (Hoematinies--हिमॅटिनिक्स Hoematies--हिमॅटिक्स् Blood tonics--ब्लड् टॉनिक्स्) रक्त को पूर्व स्थिति पर लानेवाले द्रव्य । ये द्रव्य रक्त की लाली बढ़ाते हैं रक्त को बढ़ाते हैं और इनके द्वारा रक्त-कण अच्छे होते हैं जैसे--लोह, प्रवाल, जवाखार, सांवरसींग की भस्म, कल्शियम् (सुधा-चुना) के बने द्रव्य, कोयले का पत्थर (Manganese--मॅन्गॅनीझ,) फॉस्फॉरस्, फॉस्फॉरस् के चूने के मेल से बने क्षार, मच्छी का तेल । रक्तस्कन्दन (सु. सू. अ. १४ श्लो. ३३) Styptics--स्टिप्टिक्स् --ये द्रव्य चुपड़े जानेपर अपने कषाय गुण के कारण तथा प्रत्यक्ष सयोग से रक्त का स्राव बन्द करते हैं, ये रक्त को जमाते हैं किंवा केशिकाओं को संकुचित करते हैं ; जैसे--फिटकरी, माजूफल, कसीस । ये केशिकाओं को संकुचित करके स्राव को बन्द करते हैं (स्कन्दन) । कषाय द्रव्य रक्त को जमा करके स्राव बन्द करते हैं (संधान) । रक्तसंग्राहिक (Haemostatics - हिमॉस्टॅटिक्स्) ये द्रव्य पेट में पहुँचकर रक्त-, द्वारा बहते हुए रक्तस्राव को रोकते हैं--जैसे कैल्शियम् क्लोराइड्, अर्गट माजूफल, गंधाविरोजा, सीसा, रानघेवड़ा (जंगली सेम) के मूल (डॉ. वा. दे.) । रक्तप्रसादन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'मुसफ्फी खून, रक्तस्तम्भन को 'हाबिस दम' तथा 'कातिउन्नजीफ' और रक्तवर्धक औषध को 'मुवल्लिद खून' कहते हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

"शाल[1]-कट्फल-कदम्ब-पद्मक-तुङ्ग-मोचरस-शिरीष-वञ्जुलैलवालुकाशोका इति दशेमानि वेदनास्थापनानि भवन्ति। —च. सू. अ. ४

जो द्रव्य वेदना (पीड़ा) को नष्ट करे, उसे वेदनास्थापन कहते हैं। जैसे—शाल (सखुआ), कायफल, पद्माख, अशोक आदि[2]।

संज्ञास्थापनम्—संज्ञाप्रदम्—

संज्ञां ज्ञानं स्थापयतीति संज्ञास्थापनम् (च. द. यो.)। "हिंगु-कैडर्या-रिमेद वचा-रोचक-वयस्था-गोलोमी-जटिलां-पलङ्कषाशोकरोहिण्य इति दशेमानि संज्ञास्थापनानि भवन्ति। —च. सू. अ. ४

जो द्रव्य संज्ञा अर्थात् ज्ञान (होश) को पुनः लानेवाला हो, उसे संज्ञास्थापन कहते हैं। जैसे—हींग, बकायन, बच, चोरा, ब्राह्मी, जटामांसी, गूगल आदि।

प्रजास्थापनम्—गर्भस्थापनम्—

प्रजोपघातकं दोषं हृत्वा प्रजां स्थापयतीति प्रजास्थापनम् (च. द.)। प्रजां गर्भं स्थापयति दोषं निरस्येति प्रजास्थापनम् (यो.)। "ऐन्द्री-ब्राह्मी-शतवीर्या-सहस्रवीर्याऽमोघाऽव्यथा-शिवाऽरिष्टा-वाट्यपुष्पी-विष्वक्सेनकान्ता इति दशेमानि प्रजास्थापनानि भवन्ति। —च. सू. अ. ४

जो द्रव्य प्रजा (गर्भ) की उत्पत्ति या स्थिति के बाधक दोष को नष्ट कर प्रजा की स्थापना करे (गर्भधारण कराये), उसे प्रजास्थापन कहते हैं। जैसे—ब्राह्मी, दूब आदि[3]।

वयःस्थापनम्—वयस्यम्—

वयः तरुणं स्थापयतीति वयःस्थापनम् (च. द., यो.)। "वयसे हितं वयस्यं, जरामभिहत्य यौवनं रक्षति। (र० वं० पृ० १८३)। "अमृताऽभया-धात्री-मुक्ता-श्वेता-जीवन्त्यतिरसा-मण्डूकपर्णी-स्थिरा-पुनर्नवा इति दशेमानि वयः-स्थापनानि भवन्ति। (च. सू. अ. ४) "आमलकं वयःस्थापनानाम्। (च. सू. अ. २५)।

१—"शैल" इति अ. सं. पा.

२—वेदनास्थापन (Anodynes—अॅनोडाइन्स (Analgesics—अॅनाल्जसिक्स्)—ये द्रव्य वेदना कम करते हैं। इनकी क्रिया मस्तिष्क किंवा ज्ञाननाड़ियों पर होती है। जैसे—अफीम, गाँजा, बेलाडोना, बछनाग (डॉ० वा० दे०)। वेदनास्थापन औषध को यूनानी वैद्यक में 'मुसक्किन अलम' और 'मुसक्किन वजा' कहते हैं।

३—प्रजास्थापन—ये द्रव्य प्रजा (संतान) का प्रतिबन्ध करनेवाले रोग को दूर कर प्रजोत्पत्ति में सहायता देते हैं। जैसे—फिरङ्गोपदंश में सोना, पूयमेह में चाँदी इत्यादि (डॉ. वा. दे.)।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो द्रव्य वय–तरुणावस्था (जवानी) को स्थिर रखे, उसे **वयःस्थापन** कहते हैं। जैसे––गिलोय, हरड़, आँवला आदि। यह वर्ग रसायन वर्ग का ही एक भेद है। जो द्रव्य जरावस्था को रोककर यौवन की रक्षा करे, उसे वयस्य कहते हैं[1]। (र० वै० अ० ४।२७)।

चरक के पञ्चाशन्महाकषाय[2] के नाम से कहे हुए पचास वर्गों का वर्णन किया गया है। चरक के सू. अ. २२ में कहे हुए लङ्घनादि छः वर्गों में से बृंहण का वर्णन पीछे पृ० ३२ पर किया गया है; शेष लङ्घन, रूक्षण, स्नेहन, स्वेदन और स्तम्भन इन पाँच वर्गों की व्याख्या की जाती है।

लङ्घनम्––

"यत्किञ्चिल्लाघवकरं देहे तल्लङ्घनं स्मृतम्। लघूष्ण-तीक्ष्ण-विशदं रूक्षं सूक्ष्मं खरं सरम्॥ कठिनं चैव यद् द्रव्यं प्रायस्तल्लङ्घनं स्मृतम्।" (च. सू. अ. २२) यत्किंचिद् द्रव्य-गुण-कर्मरूपं देहे लघुत्वमुत्पादयति तल्लङ्घनं स्मृतम्। प्रायोग्रहणादेवंगुणमपि किञ्चिल्लङ्घनं न भवति, उष्णगुणस्य पिप्पल्यादेर्वृष्यतया संतर्पणकार्यदर्शनात्। एवं बृंहणेऽप्युन्नेयम्। यथा––शीतस्यापि प्रियंगु-श्यामाकादेः कर्शनत्वम्। (च. द.)। "लङ्घनं लाघवाय यत् देहस्य।" (अ. सं. सू. अ. २४)। देहस्य यल्लाघवाय कल्पते तल्लङ्घनम्। आग्नेय-वायव्य-नाभसं लङ्घनमिति (इ.)। लघ्वादिनवगुणयुक्तमग्नि-वायु-नभोगुणाधिकं च द्रव्यं लङ्घनं भवति। चरकेण द्रव्याद्रव्यरूपं दशविधं लङ्घनमुक्तं; यथा––"चतुष्प्रकारा संशुद्धिः पिपासा मारुतातपौ। पाचनान्युपवासश्च व्यायामश्चेति लङ्घनम्।" (च. सू. अ. २२) इति। चतुष्प्रकारा संशुद्धिरिति अनुवासनं वर्जयित्वा, तस्य बृंहणत्वात्। पिपासेति पिपासानिग्रहः। मारुतो यद्यपि सोमसंबन्धात् तथा लङ्घनं न भवति, तथाऽपि स्वरूपेण लङ्घनमेव। पचन्तमग्निं प्रतिपक्षक्षपणेन बलदानेन च यत् पाचयति तत् पाचनम्; तच्च वाय्वग्नि-गुणभूयिष्ठम् (च. द.)। अत्र वमन-विरेचनास्थापनशिरोविरेचन-पाचनानि पञ्च द्रव्यरूपाणि, शेषाणि पिपासादीनि पञ्चाद्रव्यरूपाणि लङ्घनानि ज्ञेयानि। वाग्भटेन शोधन-शमनरूपं द्विविधं लङ्घनमुक्तं; यथा––"शोधनं शमनं चेति द्विधा तत्रापि लङ्घनम्। यदीरयेद्बहिर्दोषान् पञ्चधा शोधनं च तत्॥ निरूहो वमनं काय-शिरोरेकोऽस्रविस्रुतिः। न शोधयति यद्दोषान् समान्नोदीरयत्यपि॥

१––वयःस्थापन (Youth preserver––यूथ् प्रिझर्वर्; Youth restorer-यूथ् रिस्टोरर्)––बुढ़ापे को प्रकट न होने देनेवाले द्रव्य (डॉ० वा० दे०)।

२––अष्टाङ्ग-संग्रह में पञ्चचत्वारिंशन्महाकषायों का वर्णन सूत्रस्थान के १५ वें अध्याय में दिया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

समीकरोति विषमान् शमनं, तच्च सप्तधा। पाचनं दीपनं क्षुत्तृड्-व्यायामातप-मारुताः॥" इति (अ. सं. सू. अ. २४; अ. हृ. सू. अ. १४)।

जो द्रव्य (गुण और कर्म भी) शरीर में हलकापन लाता है, उसे लङ्घन कहते हैं। जो द्रव्य लघु, उष्ण, तीक्ष्ण, विशद, रूक्ष, सूक्ष्म, खर, सर और कठिन—इन नौ गुणों से युक्त होता है, वह प्रायः लङ्घन होता है। 'प्रायः' कहने का तात्पर्य यह है कि, ऐसे गुणोंवाला होने पर भी कोई द्रव्य लङ्घन नहीं होता; जैसे—छोटी पीपल वृष्य होने से उसका संतर्पण कार्य देखा जाता है। इसी प्रकार बृंहण आदि में भी 'प्रायः' शब्द का तात्पर्य जानना चाहिए। जैसे—कांग और सामा शीत होनेपर भी शरीर का कर्शन करनेवाले हैं। लङ्घन द्रव्य अग्नि, वायु और आकाश की अधिकतावाले होते हैं। लङ्घन द्रव्यों का कोई विशेष गण-वर्ग नहीं बताया गया है, परन्तु उसे चरक ने छः प्रकार के उपक्रमों में तथा वाग्भट ने दो प्रकार[1] के उपक्रमों में अन्यतम उपक्रम बताया है। चरक ने चार प्रकार का शोधन (वमन-विरेचन-आस्थापन-शिरोविरेचन), तृषा को रोकना (जल कम पीना), वायु तथा धूप का सेवन, पाचन और उपवास ये दस प्रकार के लङ्घन लिखे हैं। इनमें चार प्रकार के शोधन (वमन-विरेचन-आस्थापन-शिरोविरेचन) और पाचन ये पाँच द्रव्यरूप हैं और शेष पाँच अद्रव्यरूप हैं। वाग्भट ने शोधन और शमन दो प्रकार का लङ्घन लिखा है। उन्होंने शोधन में रक्तमोक्षण और द्रव्यरूप लंघन में दीपन अधिक बताया है।

रूक्षणम्—

"रौक्ष्यं खरत्वं वैशद्यं यत् कुर्यात् तद्धि रूक्षणम्। रूक्षं लघु खरं तीक्ष्णमुष्णं स्थिरमपिच्छिलम्॥ प्रायशः कठिनं चैव यद् द्रव्यं तद्धि रूक्षणम्।" (च० सू० अ० २२)। रौक्ष्यमित्यादौ रोक्ष्यमेव प्रधानं बोद्धव्यं, खरत्व-वैशद्ये तु तदनुगते। रूक्षणद्रव्यकथने यद्गुणमेव लङ्घनद्रव्यमुक्तं तद्गुणमेव रूक्षणं यद्यप्युक्तं, तथाऽपि रूक्षगुणस्यात्र प्राधान्यं, लङ्घने तु लघुगुणप्राधान्यं ज्ञेयं; तथा लङ्घनमद्रव्येणोपवासेनापि क्रियते, रूक्षणं तु द्रव्यकार्यतयैव प्राधान्यादुक्तं; तेन लङ्घन-रूक्षणयोर्नैकता। यत्तु वक्ष्यति—"कृतातिकृतलिङ्गं यल्लङ्घिते तद्विरूक्षिते।" (च० सू० अ० २२।३९) इति, तत् प्रायोवादात्। विरूक्षणस्य हि मुख्यः स्नेहाभावः साध्यः, लङ्घनस्य तु गौरवाभाव इति स्फुट एव भेदः प्रतिभाति (च० द०)। प्रायश इति क्वचिदेवंगुणमपि द्रव्यं रूक्षणं न भवति। यथा—लघ्वपि सार्षपं

१—वाग्भटने संतर्पण (बृंहण) और अपतर्पण (लङ्घन) ये दो उपक्रम लिखे हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तैलं छागं दुग्धं च स्नेहनम् । एवं वक्ष्यमाणस्नेहनेऽपि ज्ञेयम् । यथा--यवो गुरु-शीत-सारादिगुणयुक्तोऽपि रूक्षणः, तथा राजमाषोऽपि (यो०) ।

जो द्रव्य शरीरमें रूक्षता, खरता तथा विशदता (अपिच्छिलता) लाता है, उसे रूक्षण कहते हैं जो द्रव्य रूक्ष, लघु, खर, तीक्ष्ण, उष्ण और स्थिर-इन छः गुणोंवाला तथा अपिच्छिल हो, वह प्रायः रूक्षण होता है 'प्रायः' कहने का प्रयोजन यह है कि कोई द्रव्य इन गुणोंवाला होता हुआ भी रूक्षण नहीं होता। जैसे--सरसों का तेल तथा बकरी का दूध लघु होते हुए भी स्नेहन है। स्नेहन द्रव्य के विवरण में आये हुए 'प्रायः' शब्द का भी यही प्रयोजन जानना चाहिए। जैसे--यव तथा लोबिया गुरु, शीत, सर आदि गुणयुक्त होता हुआ भी रूक्षण होता है। यहाँ यह जानना चाहिए कि लङ्घन द्रव्यके जो गुण कहे हैं वही रूक्षण द्रव्य के भी, परन्तु दोनोंमें अन्तर यह है कि लङ्घन द्रव्य में लघु गुण की प्रधानता होती है और रूक्षण द्रव्य में रूक्ष गुण की प्रधानता होती है। अपरं च, लङ्घन अद्रव्यभूत उपवास आदि से भी होता है, परन्तु रूक्षण केवल द्रव्य का ही कार्य है[1]।

स्नेहनम्--

"स्नेहनं स्नेह-विष्यन्द-मार्दव-क्लेदकारकम् । द्रवं सूक्ष्मं सरं स्निग्धं पिच्छिलं गुरु शीतलम् ॥ प्रायो मन्दं मृदु च यद् द्रव्यं तत् स्नेहनं स्मृतम् ।" (च० सू० अ० २२)। विष्यन्दो विलयनम् (द्रवीभाव इत्यर्थः--यो०) (च० द०)। स्नेहविष्यन्दः शरीरस्य स्नेहविलयनं, शरीरात् स्नेहक्षरणमिव। स्नेहविष्यन्दादिभिरनुमीयते देहे स्निग्धत्वमिति (ग०)।

जो द्रव्य शरीरमें स्निग्धता, द्रवपना अथवा स्नेह का क्षरण (शरीरसे स्नेह चूना, टपकना-सा), मृदुता तथा क्लेद उत्पन्न करें, उसे स्नेहन कहते हैं। जो द्रव्य द्रव, सूक्ष्म, सर, स्निग्ध, पिच्छिल, गुरु, शीतल, मन्द तथा मृदु-इन नौ गुणोंवाला हो, वह प्रायः स्नेहन होता है। जैसे--घृत, तैल, वसा, मज्जा आदि[2]।

स्वेदनम् स्वेदजनकम्--

"स्तम्भ-गौरव-शीतघ्नं स्वेदनं स्वेदकारकम् । उष्णं तीक्ष्णं सरं स्निग्धं रूक्षं सूक्ष्मं द्रवं स्थिरम् । द्रव्यं गुरुच यत् प्रायस्तद्धि स्वेदनमुच्यते।" (च०सू०अ० २२)।

१--रूक्षण द्रव्य को यूनानीवैद्यक में 'मुजफिफ' कहते हैं।

२--स्नेहन (Demulcents--डिमल्सन्ट्स्)--इन औषधों का स्पर्श जिस-जिस भाग से होता है, उस-उस भाग का ये द्रव्य रक्षण करते हैं। ये स्निग्ध या तैलयुक्त होते हैं। जैसे--अलसी, बादाम, निशास्ता, मुलेठी (डा० वा० दे०)। स्नेहन द्रव्य को यूनानी वैद्यकमें 'मुरत्तिब' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

स्वेदकारकं घर्मकारकम्। स्वेदनगुणकथने स्निग्धं रूक्षमिति स्निग्धं वा रूक्षं वेत्यर्थः। एवं सर-स्थिरावपि विकल्पेन ज्ञेयौ (च० द०)। स्तम्भो गात्राणां निश्चलीभावः (यो०)। "स्वेदनाश्चरणायुधाः" (च० सू० अ० २७)।

जो द्रव्य स्तम्भ (अङ्गोंकी निश्चेष्टता-जकड़ना-सा), गौरव तथा शीत को नष्ट करे और पसीना लावे, उसे स्वेदन कहते हैं। जो द्रव्य उष्ण, तीक्ष्ण, स्निग्ध वा रूक्ष, सूक्ष्म, द्रव, सर वा स्थिर तथा गुरु हो वह प्रायः स्वेदन होता है[1]।

स्तम्भनम् स्तम्भी—

"स्तम्भनं स्तम्भयति यद्गतिमन्तं चलं ध्रुवम्। शीतं मन्दं मृदु श्लक्ष्णं रूक्षं सूक्ष्मं द्रवं स्थिरम्॥ यद् द्रव्यं लघु चोद्दिष्टं प्रायस्तत् स्तम्भनं स्मृतम्।" (च० सू० अ० २२)। गतिमन्तमिति प्रव्यक्तगतियुक्तं, चलं किंचिद्गतिमन्तम् (ग.)। गतिमन्तं बहिर्निःसरन्तम्; एतद्वम्यतिसार-शोणितस्रावादौ बोद्धव्यम्। तथा चलमन्तश्चलनशीलं, यथा—रुधिरपित्ते; एतच्च पित्त-क्षाराग्निदाह-विषार्तादौ (यो.)। "रौक्ष्याच्छैत्यात् कषायत्वाल्लघुपाकाच्च यद्भवेत्। वातकृत् स्तम्भनं तत् स्याद्यथा वत्सक-टुण्टुकौ॥" (शा० प्र० ख० अ० ४)। यद् द्रव्यं रौक्ष्यात् रूक्षगुणत्वात् शैत्यादिति शीतवीर्यत्वात्, कषायरसत्वात्, लघुपाकाच्च लघुपरिपाकाद् वातकृद्भवति तत् स्तम्भनं स्यात्; वातगुणसाधर्म्ये हेतुचतुष्टयम्। अनिलस्य शोषणात्मकत्वेनानिलगुणभूयिष्ठं द्रव्यं स्तम्भनं भवतीत्यभिप्रायः। यथा—वत्सक-टण्टुकौ; वत्सकः कुटजः, टुण्टुकः श्योनाकः। वातकृदित्यनेन कोष्ठवायोर्विष्टम्भकं, तस्मात् तद् द्रव्यं स्तम्भनं भवतीत्यर्थः (अ.)।

जो द्रव्य गतिमान्, (स्पष्टगतियुक्त— ग.; वमन, अतिसार आदि के रूप में शरीर से बाहर निकलते हुए—यो.) या चल (किंचित् गतिमान्—ग.; शरीर के अन्दर गतिमान् रुधिर और पित्त—यो.) द्रव पदार्थ को रोके, उसे **स्तम्भन** कहते हैं। जो द्रव्य शीत, मन्द, मृदु, श्लक्ष्ण, रूक्ष, सूक्ष्म, द्रव, स्थिर तथा लघु-इन नौ गुणोंवाला हो, वह प्रायः स्तम्भन होता है (च.)। जो द्रव्य रूक्ष, शीत, कषाय रसवाला और वातकर हो, वह स्तम्भन होता है। जैसे—कुड़ा और सोनापाठा (शा.)। सुश्रुत ने लोध्रादि गण को स्तम्भी कहा है (सु० सू० अ० ३८)। वमन, अतिसार,

---

१—स्वेदन (Diaphoretics – डाएफॉरेटिक्स्; Sudorifics – सुडॉरिफिक्स्)-इन द्रव्यों से पसीना छूटता है। इनकी क्रिया अनेक प्रकार से होती है। (१) सुषुम्णाकाण्ड के स्वेदकेन्द्र को उत्तेजित करके। (२) त्वचा की रक्तवाहिनियों को विकसित करके; जैसे—सुरमा, इपिकाक्युआना आदि द्रव्य। (३) स्वेदग्रन्थियों में स्थित नाड़ियों के सिरों को उत्तेजित करके (डा० वा० दे०)। स्वेदन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'मुअर्रिक' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रक्तपित्त, अतिस्वेद आदि के रूप में शरीर से निकनेवाले द्रव पदार्थ को रोकने-वाला द्रव्य स्तम्भन कहलाता है[1]।

संशमनम्--शमनम्--

"आकाशगुणभूयिष्ठं संशमनम्" (सु. सू. अ. ४१)। "वायु-सोम-मही-जातं तथा संशमनं विदुः॥" (र. वै. पृ १८७)। "न शोधयति यद्दोषान् समान्नोदीरयत्यपि। समीकरोति विषमान् शमनं तच्च सप्तधा॥ पाचनं दीपनं क्षुत्तृड्व्यायामातप-मारुताः। बृंहणं शमनं त्वेव वायोः पित्तानिलस्य च।" (अ. हृ. सू. अ. १४)। संप्रति शमनाख्यस्य लक्षणं प्रभेदं चाधिकृत्याह—नेत्यादि। यदौषधं दोषान् वातादीन् न शोधयति नान्तःस्थितान् बहिर्निष्कासयति, तथा समान् स्वप्रमाणस्थान्नोदीरयति न चोत्क्लेशयति, विषमांश्च स्वप्रमाणाद्धीनाधिकभावावस्थितान् समीकरोति स्वप्रमाणस्थान् विदधाति, तच्छमनमुच्यते। तच्च सप्तधा सप्तप्रकारं पाचनादिभेदेन। तत्रान्तरे दीपन-पाचनयोर्लक्षणमुक्तं; यथा—"यदग्निकृत् पचेन्नामं दीपनं तद्यथा घृतम्। पाचनं तद्विपर्यस्तं यथा वक्ष्यामि लङ्घनम्॥" इति; क्षारपाणिनाऽप्युक्तं—"पाचनं पाचयेद्दोषान् सामान् शमनमेव तु। दीपनं ह्यग्निकृत्त्वामं कदाचित् पाचयेन्न वा॥" इति। क्षुतृट्शब्दाभ्यां क्षुत्तृष्णानिग्रहावेह गृहीतौ। पाचनादीनां दोषशमनत्वमुक्तम्। तच्च वाते वात-पित्ते च न संभवतीत्याह—बृंहणमित्यादि। तुशब्दो विशेषे। विशेषस्तु लङ्घनापेक्षया। शोधनं शमनं चेति द्विधा लङ्घनमुक्तम्। बृंहणमपि शोधनं भवति। यथा--दुग्धादिद्रव्यम्, शोधनस्वभावद्रव्यत्वाद्। तेन तथाविधेन द्रव्येण केवलस्य वातस्य पित्तयुक्तस्य वा कोप आशंक्यते; यथा—शोधनद्रव्येण केवलस्य वातस्य पित्तयुक्तस्य वा कोप आशंक्यते; यथा—लङ्घनेन शोधन-द्रव्येण हरीतक्यादिना। ततो बृंहणस्य विशेषार्थस्तुशब्दः कृतः। बृंहणं यच्छोधनं तन्मरुतः केवलस्य पित्तसहितस्य वा शमनं, न तु लङ्घन-शोधनवत् कोपनम्। एवकारोऽवधारणार्थः;। बृंहणं शोधनरूपं वातस्य पित्तयुक्तस्य वा शमनमेवोक्तं, न कोपनं जातुचिदित्यर्थः। लङ्घनं तूभयरूपमपि वातस्य वात-पित्तयोर्वा कोपनमेव (अ. द.)। ×××। शोधन-शमनव्यतिरिक्तस्यौषधस्याभावात्, तयोश्च लङ्घनभेदत्वाद् बृंहणस्यानौषधत्वे प्राप्ते बृंहणं शमनमेवेत्याह--बृंहणं शमनं त्विति। शुद्धस्य पित्तसंसृष्टस्य च वायोर्विषमस्य समीकरणाच्छमनम् (हे.)। "न शोधयति न द्वेष्टि समान् दोषांस्तथोद्धतान्। समीकरोति विषमाञ्छमनं तद्यथाऽमृता॥" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यत्किंचित् पीत-लीढाशितमनिर्हृत्य दोषं संशमयति तत् संशमनम्। एतेन किमुक्तं ? यद् द्रव्यं न

१--यूनानी वैद्यक में स्तम्भन द्रव्य को 'हाबिस' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वामयति न विरेचयति किन्तु व्याधिना सह एकीभूय तत्स्थमेव व्याधिमुपशमयति तत् संशमनमिति भावः। दोषशब्दोऽत्र दोषेषु दोषकार्येषु व्याधिष्वपि वर्तते, कार्ये करणोपचारात्। असमं समं करोतीति समीकरोति। यथा—अमृता गुडूची संशमनी प्रसिद्धा। ×××। केचित्तु—"न शोधयति यद्दोषान् समान्नोदीरयत्यपि। समीकरोति च क्रुद्धांस्तत् संशमनमुच्यते॥" इति पठन्ति। अत्रापि स एवाभिप्रायः। सम्यक् शमयतीति संशमनं, सम्यग्दुष्टदोषस्यानिर्हरणपूर्वकं शमनमदुष्टस्यानुदीरणं च; व्याधिशमने तु प्रस्तुतव्याधिशमनमप्रस्तुतव्याधेरनुदीरणमिति (अ.)।

जो द्रव्य सम अवस्था में स्थित दोषों का वमन-विरेचनादि के द्वारा शोधन नहीं करता, एवं उन्हें बढ़ाता भी नहीं—उनका प्रकोपण भी नहीं करता, किन्तु बढ़े हुए दोषों को शरीर के भीतर ही शान्त करता है—पुनःसाम्यावस्था में लाता है, उसे संशमन या शमन कहते हैं[1]। जैसे—गिलोय। 'दोष' शब्द से दुष्ट वातादि और उनके कार्यभूत व्याधि दोनों लिये जाते हैं। 'दोष' शब्द से वातादि-दोषपक्ष में अर्थ ऊपर दिया है; व्याधिपक्ष में—उत्पन्न व्याधि का शमन करनेवाला और अनुत्पन्न व्याधि को उत्पन्न न करनेवाला, ऐसा अर्थ लेना चाहिये (शा.)। संशमन द्रव्य आकाश के गुणों की अधिकतावाला होता है (सु.)। संशमन द्रव्य वायु, जल और पृथिवी के गुणों की अधिकतावाला होता है (र. वै. भा.)।

संशमन द्रव्य के **वातसंशमन, पित्तसंशमन** और **कफसंशमन** ये तीन भेद करके उनके उदाहरणार्थ तीन वर्ग सु. सू. अ. ३८, अ. सं. सू. अ. १४, तथा अ. हृ. सू. अ. १५ में दिये गए हैं। उन्हे जिज्ञासुओं को वहीं देखना चाहिए। यहाँ विस्तारभय से नहीं दिये गये हैं।

आयुर्वेद में सब प्रकार के औषधद्रव्यों का **शोधन** और **शमन** इन दो वर्गों में अन्तर्भाव माना गया है ("शोधन-शमनव्यतिरिक्तस्यौषधस्याभावात्" हे.।) जो द्रव्य प्रकुपित दोषों को वमन, विरेचन आदि द्वारा शरीर से बाहर निकाले उनको **शोधन** और जो औषध दोषों को बाहर न निकाले परन्तु उनको शरीर के भीतर ही शान्त करके पुनः समावस्था में लावे उसे **शमन** कहते हैं। शमन के विषय में थोड़ा कहने का होने से शमन की व्याख्या पहले देकर अब शोधन के भेद और उनकी व्याख्या दी जाती है—

वमनम्-ऊर्ध्वभागहरं—छर्दनीयम्—

"दोषहरणमूर्ध्वभागं वमनसंज्ञकम्।" (च. क. अ. १)। ऊर्ध्वं मुखेन दोषनिर्हरणं

१—संशमन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'मुअदिल' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भजत इत्यूर्ध्वभागम् (च. द.)। "तत्रोष्ण[1] तीक्ष्ण-सूक्ष्म-व्यवायि-विकाशी-न्यौषधानि स्ववीर्येण हृदयमुपेत्य धमनीरनुसृत्य स्थूलाणुस्रोतोभ्यः केवलं शरीरगतं दोषसंघातमाग्नेयत्वाद् विष्यन्दयन्ति[2], तैक्ष्ण्याद् विच्छिन्दन्ति, स विच्छिन्नः परि-प्लवन्[3] स्नेहभाविते काये स्नेहाक्तभाजनस्थमिव क्षौद्रमसज्जन्नणु-प्रवणभावादामा-शयमागम्योदानप्रणुन्नोऽग्नि-वाय्वात्मकत्वादूर्ध्वभागप्रभावाच्चौषधस्योर्ध्वमुत्क्षिप्यते" (सलिल-पृथिव्यात्मकत्वादधोभागप्रभावाच्चौषधस्याधःप्रवर्तते, उभयतश्चोभयगुण-त्वात्) इति लक्षणोद्देशः।" (च. क. अ. १)। संप्रति द्वयोरपि वमन-विरेचन-द्रव्ययोः साधारणोष्ण-तीक्ष्णत्वादिगुणयोगकृतदोषविष्यन्दनादिसाधारणकार्यदर्शन-पूर्वकमग्नि-वाय्वात्मकत्वादिविशिष्टधर्मयोगकृतं विशिष्टं च कार्यं वमन-विरेचनं दर्शयन्नाह—तत्रोष्णेत्यादि। उष्णमिति उष्णवीर्यम्। स्ववीर्येणेति स्वप्रभावेण। धमनीरनुसृत्येति सकलदेहगता धमनीरनुसृत्य; सकलदेहगतधमन्यनुसरणं च वीर्येण ज्ञेयं, न साक्षात्। आग्नेयत्वाद्विष्यन्दयन्तीति विलीनं कुर्वन्ति। विच्छिदन्ति छिन्नं कुर्वन्ति। परिप्लवन् इतस्ततो गच्छन्। असज्जन्निति न क्वचिदपि सङ्गं गच्छन्। अणु-प्रवणभावादिति अणुत्वात्, प्रवणभावाच्च; प्रवणत्वमिह कोष्ठ-गमनोन्मुखत्वम्, अणुत्वं च अणुमार्गसंचारित्वम्। उदानप्रणुन्न इति उदानवायु-प्रेरितः। अग्नि-वाय्वात्मकत्वादिति अग्नि-वायूत्कर्षवत्त्वात्। ऊर्ध्वभागप्रभावादिति ऊर्ध्वभागदोषहरत्वरूपप्रभावात्। (एवं सलिल-पृथिव्यात्मकत्वमपि व्याख्येयम्। उभयतश्चेतिऊर्ध्वमधश्चक्षिप्यतइत्यर्थः। उभयगुणत्वादिति अग्नि-वाय्वात्मकत्वात् सलिल-पृथिव्यात्मकत्वादूर्ध्वाधोभागप्रभावाच्चेत्यर्थः)। इति लक्षणोद्देश इति अनन्तरग्रन्थेन वमन-विरेचनद्रव्यस्वरूपाभिधानां कृतिमित्यर्थः। अत्र च प्रकरणे सामान्येनैव वमन-विरेचनद्रव्याणाम् 'आग्नेयत्वाद्विष्यन्दयन्ति' इत्यनेनाग्नेयत्वं प्रतिपादितं, पुनश्च विशेषेण 'अग्नि-वाय्वात्मकत्वात्' इति पदेन वमनद्रव्यस्याग्न्या-त्मकत्वं प्रतिपाद्यते; तेन, सामान्ये विशेषे च वमनद्रव्याणामाग्नेयत्वप्रतिपादनात् प्रकृष्टमाग्नेयत्वं भवति; विरेचनद्रव्याणां तु सामान्योक्ताग्नेयत्वसंबन्धाद् विशेष-

---

१—"तत्रोष्णतीक्ष्णसूक्ष्म-व्यवायिविकाशीन्यौषधानि स्ववीर्येण हृदयमुपेत्य सौक्ष्म्याद् व्यवायित्वाच्च धमनीरनुसृत्य स्नेहेन मृदूकृतेऽन्तःशरीरे स्वेदोष्मणा ऽऽर्द्रदारुवद्विष्यण्णे स्थूलाणुस्रोतोभ्यः सकलमपि दोषसंघातमौष्ण्यात् पुनर्विष्यन्द-यन्ति, तैक्ष्ण्याद्विकाशित्वाच्च विच्छिन्दयन्ति; स विष्यण्ण-विच्छिन्नो दोषसंघातः परिप्लवः स्नेहाक्तभाजनस्थ इवोदकाञ्जलिरसज्जन्नणुप्रवणभावादामाशयमनु गम्य उदानप्रणुन्नोऽग्नि-वाय्वात्मकत्वादूर्ध्वभागप्रभावाच्चौषधस्योर्ध्वं प्रवर्तते, सलिल-पृथिव्यात्मकत्वादधोभागप्रभावाच्चौषधस्याधः, उभयतश्चोभयगुणात्मकत्वा-दुभयभागप्रभावाच्च।" (अ. सं. सू. अ. २७)।

२—'विष्यन्दयन्ति महानिग्ने (कोष्ठे) स्रावयन्ति' (इन्दु)।

३—'परिप्लवः' इति ग।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुणकथाप्रस्तावे च सलिल-पृथिव्यात्मकत्वाभिधानाद्वमनद्रव्यापेक्षयाऽपकृष्टमाग्नेयत्वं भवति। ×××। यच्चात्रोच्यते—वमनं यद्यूर्ध्वभागहरत्वप्रभावादूर्ध्वयति, तदाऽग्नि-वाय्वात्मकत्वादिति हेतुवर्णनं न युज्यते; यतः, यत् सोपपत्तिकं कार्यं न भवति तत् प्रभावकृतमिति व्यपदिश्यते; उक्तं हि—"प्रभावोऽचिन्त्य उच्यते।" (सू. अ. २६) इति। तन्न, यतः प्रभावस्येवेह वमनकार्ये वाय्वग्न्यात्मकगुणतया वाय्वग्न्यात्मकत्वं हेतुरुपदिश्यते, न तु वाय्वग्न्यात्मकत्वं स्वतन्त्रो वमनहेतुः; तथा हि सति यदन्यदपि वाय्वात्मकमूर्ध्वभागदोषहरत्वप्रभावरहितं तदपि वमनकरं स्यात्; यथा—कटुकरसे द्रव्ये तत् स्यात्; तस्मात् प्रभावगुणतयैव हेतुवर्णनम्। एवं विरेचनद्रव्येऽपि पूर्वपक्ष-सिद्धान्तावनुसर्तव्यौ (च. द.)। ×××। स दोषसंघातः विच्छिन्नः सन् परिप्लवः सर्वतः प्लावितः संश्च स्नेहभाविते काये स्नेहाक्तभाजनस्थं क्षौद्रं यथा न तद्भाजने सज्जते तथा असज्जन्, प्रवणभावात् प्लावनत्वादामाशयमुपेत्य, उदानप्रणुन्नः सन्नग्नि-वाय्वात्मकत्वादूर्ध्वभागप्रेरण-प्रभावादौषधस्योर्ध्वमुत्क्षिप्यते। प्रवणेति 'प्लु, प्लु गतौ' धातू, संतरणादिगति-विशेषार्थत्वात् प्रवणं प्लवनमित्येकोऽर्थः। ×××। ऊर्ध्वज्वलनत्वादग्नेः प्लवनत्वाद् वायोरग्नि-वाय्वात्मकद्रव्येण वमनं, निम्नगत्वस्वभावात् सलिलस्य, गुरुत्वात् पृथिव्याः सलिल-पृथिव्यात्मकेन द्रव्येण विरेचनं भवति। उभयतश्चोभय-गुणत्वादिति यद् द्रव्यमग्नि-वायु-सलिल-पृथिव्यात्मकं तदूर्ध्वाधोगमनप्रभावादुभयतो भागहरं, तेन दोषसंघात उभयतश्च प्रवर्तते (ग.)। "सरत्व-सौक्ष्म्य-तैक्ष्ण्य-विकाशित्वैर्विरेचनम्। वमनं तु हरेद्दोषं प्रकृत्या गतमन्यथा॥ यात्यधो दोषमादाय पच्यमानं विरेचनम्॥ गुणोत्कर्षाद् व्रजत्यूर्ध्वमपक्वं वमनं पुनः॥" (सु. चि. अ. ३३) विरेचनद्रव्येण सह गुणसाम्ये सति कथं वमनद्रव्यस्योर्ध्वभाग-गामित्वमित्याह—सरत्वेत्यादि। सरस्य भावः सरत्वमानुलोम्यं, गयी तु विसरण स्वभावत्वं सरत्वमाह; सूक्ष्मस्य भावः सौक्ष्म्यं, सूक्ष्मस्रोतोऽनुसारित्वं; तीक्ष्णस्य भावस्तैक्ष्ण्यं, शीघ्रतरदोषस्रावणकरत्वम्; उष्णस्य भाव औष्ण्यं, सौम्यद्रव्योप-मर्दनकरणसामर्थ्यं; विकाशिनो भावः विकाशित्वं, विकाशिभावेन धातोः शैथिल्य करणसामर्थ्यम्। अत्र प्रकृतिः, स्वभावः, शक्तिविशेषः, प्रभावो, वीर्यम्, इत्यनर्था-न्तरम्। तेन प्रकृत्या वीर्येण, अन्यथागतम् ऊर्ध्वगतं; सत्यपि सरत्वादिविरेचन-गुणसाम्ये वमनस्योर्ध्वगामित्वं प्रभावप्रभावितम्। ×××। तथाहि—"ऊर्ध्वानुलोमिकं यच्च तत् प्रभावप्रभावितम्।" (च. सू. अ २६) इति। एतेनैत दुक्तं भवति—सरत्वादिभिर्गुणैर्विरेचनमधो दोषानपहरेत्; वमनस्य तुल्य-गुणत्वेऽपि वीर्येणोर्ध्वगामित्वम्। पञ्जिकाकारेण 'प्रकृत्या गतमन्यथा' इत्यत्र 'सम्यग्युक्त्याऽतथाऽन्यथा' इति पठित्वैवं व्याख्यातं—सम्यग्युक्त्या सरत्वादिगुणै-र्विरेचनमधोभागेन. वमनमूर्ध्वभागेन, दोषानपहरेत्; अतथाऽन्यथेति नञत्रवैपरीत्ये,

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अतथा असम्यग्युक्त्या विरेचनं वमनं चान्यथा वैपरीत्येन दोषान् हरेदिति। केचित्तु 'सम्यग्युक्तं, वृथाऽन्यथा' इति पठन्ति। अयमर्थो युक्तः किल; सरत्वादयो गुणाः सुयुक्ता आशुतरदोषहराः, तथैव चान्यायोपयुक्ता एव जीवशोणित-धातु रसेन्द्रिय-मन-ओजः प्रभृतीनाकृष्य सारयन्तीति कीदृशं सत् पुनर्विरेचनं वमनद्रव्यं च दोषानादाय अध ऊर्ध्वं च यातीत्याह—यात्यधो दोषमित्यादि। विरेचन-द्रव्याणि स्थिर-गुर्व्योः पृथिव्यम्भसोर्गुणभूयिष्ठानि, अत एव स्थिरत्वात् पच्यमानानि गुरुत्वादधो यान्ति; वमनद्रव्याणि तु वाय्वग्न्योः शीघ्र-लघुगुणयोर्गुणभूयिष्ठानि, अतः शीघ्रगत्वादपक्वान्येव लघुत्वादूर्ध्वमुत्तिष्ठन्ति। द्रव्याणि हि द्रव्यप्रभावाद् गुणप्रभावाच्च कार्मुकाणि भवन्ति (ड.)। लघुत्वादूर्ध्वमुत्तिष्ठन्ते इत्यत्र प्रभावसहितादिति ज्ञेयम्। वायुश्च यद्यपि तिर्यग्गतिः, तथाऽप्यूर्ध्वगेनाग्निना युक्तो योगवाहित्वादूर्ध्वं गच्छतीति युक्तम् (च. द)। "वमनद्रव्याग्नि-वायु गुणभूयिष्ठानि; अग्निवायू हि लघू, लघुत्वाच्च तान्यूर्ध्वमुत्तिष्ठन्ति, तस्माद्वमन-मूर्ध्वगुणभूयिष्ठम्।" (सु. सू. अ. ४१)। लघुत्वं चेह प्रभावविशेषाधिष्ठितं मदनफलादिसमवेतं ग्राह्यं, न लघुत्वमात्रम्; अन्यथा कपिञ्जललावादीनां वामनीयत्वं स्यात्। ऊर्ध्वमुत्तिष्ठन्तीति धूमवज्ज्वालावच्च। वमनद्रव्यमूर्ध्व-गुणभूयिष्ठम् अग्नि-वायुगुण-भूयिष्ठमित्यर्थः (ड.)। 'अपक्वपित्त-श्लेष्माणौ-बलादूर्ध्वं[1] नयेत्तु यत्। वमनं तद्धि विज्ञेयं मदनस्य फलं यथा॥" (शा. प्र. खं. अ. ४)। यद्द्रव्यमपक्वं पाकमगच्छन्तं पित्त-श्लेष्माणं व्यस्तं मिश्रितं वा बलात् हठात्कारेणोर्ध्वं नयेत् मुखेन कृत्वा वामयेदित्यभिप्रायः, तद्वमनं ज्ञेयं; यथा—मदनस्य फलम्। बलादिति प्रभावसूचकः शब्दः, यतो वमनद्रव्याणि वाय्वग्निगुणभूयिष्ठानि, वाय्वग्नी हि लघू, लघुत्वाच्च तान्यूर्ध्वमुत्तिष्ठन्ति; लघुत्वं चेह प्रभावविशेषाधिष्ठितं मदनफलादिद्रव्यसमवेतं ग्राह्यं, न तु लघुत्व-मात्रम्; अन्यथा कपिञ्जल-लाजा (वा) दीनामपि वामनीयत्वं स्यात्। ननु, कफस्य वमनं, पित्तस्य विरेचनं प्रशस्तमिति प्रसिद्धिः, तत् कथं पित्तस्य वमनमिति? उच्यते—अपक्वपित्तस्य वमनादेव निबर्हणं बोद्धव्यम्। तच्च दृश्यते हि कटु-तिक्त हरित्पीताम्लवमनेन; यतः पित्तं विदग्धमम्लतामुपैति, अत एवाम्लपित्तचिकित्सायामादौ वमनमित्यदोषः (आ.)। यद्द्रव्यम-पक्वपित्त-श्लेष्मान्नचयमूर्ध्वं नयेत् हि निश्चयेन, तद्वमनं विज्ञेयम्। अपक्वं पित्तं च, अपक्वः श्लेष्मा च, अपक्वमन्नं च, तेषां चयमपक्वपित्त-श्लेष्मान्नचयम् (का.)। "तत्र सर्वान् रसानाश्रित्य छर्दनीयम्।" (र. वै. ४।२)। तेषु वीर्येषु सर्वान् रसान् मधुराद्यानाश्रित्य वर्तते छर्दनीयं वीर्यम् (भा.)। "तदाग्नेय-

१—'अपक्व-पित्त-श्लेष्मान्नचयमूर्ध्वं' इति का० संमतः पाठः।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वायव्यं च।" (र. वै. ४।३) "तेजोवायुजमूर्ध्वगम्।" (र. वै. अ. ४ सू. ३० पर भाष्य)। "वमनं श्लेष्महराणां (श्रेष्ठम्)" (च. सू. अ. २५)॥

जो द्रव्य ऊर्ध्वभाग (मुख) से दोषों को बाहर निकाले उसे **वमन, ऊर्ध्वभागहर या छर्दनीय** कहते हैं। वमन द्रव्य उष्ण, तीक्ष्ण, सूक्ष्म, व्यवायी और विकाशी गुणवाले होते हैं। वे अपने वीर्य (शक्ति-प्रभाव) से हृदय में जा, वहाँ से अपने सूक्ष्म और व्यवायी गुण से धमनियों द्वारा समग्र शरीर में पहुँच, स्थूल-सूक्ष्म सब स्रोतों से दोषों को अपने आग्नेय (उष्ण) गुण से द्रवीभूत और तीक्ष्णता से विच्छिन्न करते हैं (उखाड़ते हैं)। वह द्रवीभूत और विच्छिन्न (अपने स्थान से हटा हुआ) दोष (अपक्व पित्त, कफ तथा अन्न) वमन से पूर्व शरीर के स्नेहभावित किये जाने के कारण, जैसे स्नेह लगाये हुए पात्र में शहद नहीं चिपकता इस प्रकार शरीर में कहीं भी न चिपकता हुआ वमन द्रव्य के सूक्ष्म स्रोतोनुसरण और आमाशयगमनोन्मुख प्रभाव से आमाशय-(आमाशयोर्ध्वभाग) में आकर और उदान वायु से प्रेरित होकर वमन द्रव्य के ऊर्ध्वभाग से दोष निकालने के प्रभाव और अग्नि तथा वायु के गुणों की अधिकता से मुखमार्ग से बाहर निकलता है (च०, सु०)। जो द्रव्य अपक्व पित्त[1], कफ या दोनों और अन्न को मुख द्वारा बाहर निकाले, उसे **वमन** कहते हैं; जैसे—मैनफल (शा०)। यद्यपि कफ के लिये वमन और पित्त के विरेचन को प्रधान शोधन कहा गया गया है, तथापि अपक्व पित्त का वमन से ही निर्हरण होता है। इसी लिये अम्लपित्त चिकित्सा में प्रारम्भ में वमन का उपदेश किया गया है।

रेचनं-विरेचनम्- अधोभागहरम्-अनुलोमनीयम्—

"दोषहरणमधोभागं विरेचनसंज्ञकम्।" (च. क. अ. १)। अधो गुदेन दोषनिर्हणं भजत इत्यधोभागम् (च. द.)। "तत्रोष्ण-तीक्ष्ण-सूक्ष्म-व्यवायि-विकाशीन्यौषधानि स्ववीर्येण हृदयमुपेत्य, (सौक्ष्म्याद् व्यवायित्वाच्च वृ. वा.) धमनीरनुसृत्य, स्थूलाणुस्रोतोभ्यः केवलं शरीरगतं दोषसंघातमाग्नेयत्वाद्विष्यन्दयन्ति, तैक्ष्ण्याद्विच्छिन्दन्ति, सविच्छिन्नः परिप्लवन् स्नेहभाविते काये स्नेहाक्तभाजनस्थमिव क्षौद्रमसज्जन्ननुप्रवणभावादामाशयमागम्य × × × सलिलपृथिव्यात्मकत्वादधो-

---

१—वामक (Emetics—एमेटिक्स्)—इन द्रव्यों से उलटी होकर आमाशय खाली हो जाता है। इनके दो भेद हैं। (१) **प्रत्यक्ष**—ये द्रव्य आमाशय में क्षोभ या दाह उत्पन्न कर वमन कराते हैं। जैसे—नीलाथोथा, राई, बाबुना का गर्म फाण्ट, नमक, फिटकरी। (२) **अप्रत्यक्ष**—ये रक्त में मिल, रक्त द्वारा वमन केन्द्र में पहुँचकर उसे क्षुभित करते हैं, और इस प्रकार वमन कराते हैं। जैसे—सुरमा, इपिकाक्युआना, अडूसा, जंगली प्याज। इस वर्ग के बहुत से द्रव्य रक्त के साथ बहते हुए आमाशय की कला द्वारा बाहर पड़ते हैं और उसे उत्तेजित करते हैं (डॉ० वा० दे०)। यूनानी वैद्यक में वमन द्रव्य को 'मुकई' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भागप्रभावाच्चौषधस्यापानप्रणुन्नोऽधः प्रवर्तते ।" (च. क. अ. १) । "विरेचन-द्रव्याणि पृथिव्यम्बुगुणभूयिष्ठानि, पृथिव्यापो गुर्व्यः, ता गुरुत्वादधो गच्छन्ति ; तस्माद्विरेचनमधोगुणभूयिष्ठामनुमानात् ।" (सु. सू. अ. ४१) । गुरुत्वादिति गुरुत्वं चेह प्रभावविशेषाधिष्ठितं त्रिवृतादिसमवेतं ग्राह्यं, न तु गुरुत्वमात्रम् ; अन्यथा मत्स्य-पिष्टान्नमसूरादीनां विरेचकत्वं स्यात् (च. द.) । "विपक्वं यदपक्वं वा मलादि द्रवतां नयेत् । रेचयत्यपि तज्ज्ञेयं रेचनं त्रिवृता यथा ।" (शा. प्र. ख. अ. ४) । यद्द्रव्यं विपक्वमपक्वं वा., मलादि दोषादिकं, द्रवतां नयेत् द्रवभावं करोतीत्यर्थः, न केवलं द्रवतां नयेत् रेचयत्यपि च, तद्रेचनं ज्ञेयं ; यथा—त्रिवृता। मलादिकमिति आदिग्रहणाद् दूष्यादीनामत्र संग्रहः । ××× (आ.) । "तथाऽनु-लोमनीयम् । तत् पार्थिवमाप्यं च ।" (र. वै. ४।४,५) । तथेति पूर्वोक्तमाश्रय-माकर्षतीति सर्वान् रसान् सर्वान् गुणांश्चाश्रित्य वर्तत इति। पृथिवी गुरुत्वादेवाधो गच्छति, आपो द्रवत्वात् सरणमुपजनयन्तीति (भा.) । "अब्भूमिजमधो भागम्" (र. वै., अ. ४ सू. ३० पर भाष्य) । "विरेचनं पित्तहराणां (श्रेष्ठम्), त्रिवृत् सुखविरेचनानां, चतुरङ्गुलो मृदुविरेचनानां, स्नुक्पयस्तीक्ष्णविरेचनानाम् (श्रेष्ठम्) ।" (च. सू. अ. २५) ॥

जो द्रव्य अधोभाग (गुद) से दोषों का निर्हरण करे, उसे **रेचन, विरेचन अनुलोमनीय** या **अधोभागहर** कहते हैं। उष्ण, तीक्ष्ण, सूक्ष्म, व्यवायी, विकाशी (च.) तथा सर (सु०) गुणयुक्त विरेचन द्रव्य अपनी शक्ति (प्रभाव) से हृदय में पहुँच, वहाँ से अपने सूक्ष्म और व्यवायी गुण से धमनियों द्वारा स्थूल और अणु स्रोतों में होकर समस्त शरीर में पहुँचता है, और समग्र शरीर में स्थित दोषों के संघात को अपने आग्नेय गुण के कारण विलीन (द्रवीभूत) करता है और तीक्ष्णता के कारण विच्छिन्न करता है (उखाड़ता है) । वह द्रवीभूत तथा विच्छिन्न हुआ दोषसंघात सारे शरीर में भ्रमण करता हुआ विरेचन के पूर्व शरीर के स्नेह से भावित किये होने के कारण जैसे स्नेह से लिप्त पात्र में शहद नहीं चिपकता उसी प्रकार शरीरावयवों में कहीं भी नहीं चिपकता हुआ अपने अणुप्रवण (अणु-सूक्ष्म-स्रोतों में संचार करनेवाले) तथा कोष्ठाभिमुखगमन स्वभाववाला होने से आमाशय (आमाशयाधोभाग) में आता है । विरेचन द्रव्य अधोगमन और अधो-भागहरत्वरूपप्रभावविशिष्ट पृथिवी तथा जल के गुणों (गुरुत्व-स्थिरत्व-अधोगति) की अधिकतावाले होते हैं । अपने इन विशेष प्रभाव तथा गुणों के कारण नीचे की ओर गमन करते हुए अपने साथ अपान वायु द्वारा प्रेरित पच्यमान दोषों को बलात् नीचे की ओर ले जाकर बाहर निकालते हैं (च., सु.) । जो द्रव्य पक्व या अपक्व मलादि को द्रव करके विरेचन के द्वारा बाहर निकाले, उसे **रेचन** कहते हैं ; जैसे—निशोथ (शा०) ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

चरक में पचास कषायवर्गों में केवल भेदनीय (या भेदन) गण दिया गया है, विरेचन गण नहीं दिया है। चरक ने विरेचन द्रव्य के तीन भेद बताये हैं; (१) सुखविरेचन, जैसे--निशोथ, मृदुविरेचन, जैसे-- अमलतास ; तीक्ष्ण-विरेचन, जैसे--थूहर का दूध[1]।

१--रेचन (Purgative--पर्गेटिव्स्)-- इन द्रव्यों से शौच (पाखाना) जल्दी होता है किंवा अधिक होता है। न्यूनाधिक क्रिया के अनुसार इन द्रव्यों के पाँच भेद हैं। (१) आनुलोमिक (च०) सर(सु०) Laxatives--लॅक्सेटिव्स्)--मल और वायु की स्वाभाविक प्रवृत्ति के उत्तेजक। इनसे मल नरम होता है और आँतों की हलन-चलन की क्रिया (पेरिस्टाल्सिस्) कुछ बढ़कर शौच होता है। इनसे अपक्व मल नहीं आता। जैसे--यामशर्करा (तुरंजबीन), गंधक, सूखे अंजीर, आलू बुखारा, जैतून का तेल (ऑलिव् ओइल), हरड। (२) स्रंसन (च०) SimplePurgatives--सिंपल् पर्गेटिव्स् --इनसे आँतों की हलन-चलन क्रिया बढ़ती है, आँतों की ग्रन्थियों को कुछ उत्तेजन मिलता है और इस कारण साधारण पतला-ढीला शौच होता है। इनसे पक्व और अपक्व मल और मल की गाँठें निकलती हैं। जैसे--एरंड तैल, सनाय, पारा, एलुआ। (३) भेदन (च०) (Drastic Purgatives--ड्रॅस्टिक् पर्गेटिव्स्) -- ये द्रव्य स्रंसन द्रव्यों के समान किन्तु उनकी अपेक्षया जोरदार क्रिया करते हैं। इनसे आँतों में थोड़ा दाह होता है और ऐंठन होकर पतला शौच होता है। जैसे--निशोत, इन्द्रायन, रेवन्दचीनी, पोडोफाइलम (पाप्रा)। स्रंसन द्रव्य अधिकमात्रा में दिये जाने से भेदन होते हैं। (४) विरेचन (च०) (Hydragogue Purgatives--हाईड्रॅगॉग पर्गेटिव्स् ; Hydragogues--हाइड्रॅगॉग्स्)--इनसे आँतों में बहुत सा द्रव उत्पन्न होता है और पानी जैसा शौच होता है। ये रक्त में से पुष्कल रक्तद्रव का विरेचन कराते हैं। भेदन-वर्गीय द्रव्य अधिक मात्रा में दिये जाने पर विरेचन क्रिया कराते हैं। जैसे--जमालगोटा, कंटीली इन्द्रायन। कुछ लवण विरेचन हैं ; जैसे--सैन्धा नमक, खारी नमक (सोडियम् सल्फेट्), द्राक्षा-क्षार (पोटॅशियम् टार्टरेट्)। (५) पित्तविरेचन (Cholagogue-Purgatives कॉलगॉग् पर्गेटिव्स्)--ये द्रव्य शौच द्वारा पित्त को निकालते हैं। इनसे हरे रंग का पतला शौच होता है। इनकी यकृत् और ग्रहणी पर उत्तेजक क्रिया होती है। यकृत् उत्तेजन से पित्तस्राव अधिक होता है और ग्रहणी के उत्तेजन से उसमें स्रुत हुआ पित्त शीघ्र नीचे (पक्वाशय में) चला जाता है। जैसे--पारा, पाप्रा, यकृत् के उत्तेजक ; पारा एलुआ और रेवन्दचीनी ग्रहणी के उत्तेजक हैं। ये द्रव्य अल्प मात्रा में पित्तसारक हैं। चरक ने विरेचन के तीनविभाग किये हैं--(१) मृदु-विरेचन --जैसे--एरंडतेल --आनुलोमिक ; (२) सुख-विरेचन --जैसे--निशोथ--स्रंसन, पित्तविरेचन ; (३) तीक्ष्णविरेचन--जैसे--थूहर का दूध--भेदनविरेचन (डॉ० वा० दे०)। यूनानी वैद्यक में मृदुविरेचन को 'मुलय्यिन' और तीक्ष्णविरेचन को 'मुसहिल' कहते हैं। इन दोनों का भेद बताते हुए यूनानी द्रव्यगुणविज्ञान में लिखा है कि--वह औषध जिससे कब्ज निवारण होकर सरलतापूर्वक मलोत्सर्ग हो जाय और केवल आमाशय और अन्त्रस्थ--

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वमन और विरेचन द्रव्यों के गण चरक सू० अ० २ तथा वि० अ० ८, सु० सू० अ० ३९, अ० सं० सू० अ० १४ और अ० हृ० सू० अ० १५ में दिये गये हैं। उन्हे जिज्ञासुओं को वहीं देखना चाहिए। यहाँ विस्तारभय से नहीं दिये गये हैं। चरक ने उभयतोभागहर गण नहीं दिया है।

अनुलोमनम्–सरम्–

"सरोऽनुलोमनः प्रोक्तः।" (सु० सू० अ० ४६)। अनुलोमनो वातमलप्रवर्तनः (ङ)। 'कृत्वा पाकं मलानां यद्विबन्धमधो नयेत्। तच्चानुलोमनं ज्ञेयं यथा प्रोक्ता हरीतकी॥" (शा. प्र. ख. अ. ४) यद् द्रव्यं मलानां दोषाणां पाकं कोपशान्तिं कृत्वा, बन्धं विबन्धं च भित्त्वा भिन्नतां नीत्वा, अधो नयेत् अधः करोति 'वातादिकम्' इति शेषः; तेन प्रतिलोमादनुलोमं करोतीत्यर्थः; तच्चानुलोमनं ज्ञेयम्। अनुलोमनं वातादीनामधःप्रवर्तनं, सरगुणत्वात्; यथा—हरीतकी। सैवानुलोमनी प्रसिद्धैव। बन्धमिति दोषाणां परस्परग्रथितत्वम्; एके वात-मूत्र-पुरीषादीनामप्रवृत्तिरूपं विबन्धमाहुः (आ.)। यद् द्रव्यमपरिपच्यमानानां मलानां पाकं कृत्वा, बन्धं च भित्त्वा अधो नयेत् कोष्ठादधः पातयेत् तदनुलोमनं ज्ञेयम् (का.)।

जो द्रव्य मलों और दोषों को पकाकर और उनके विबन्ध को तोड़कर उन्हें अधोमार्ग द्वारा बाहर निकालता है, उसको अनुलोमन या सर (सारक) कहते हैं। जैसे—हरड़। वात-मूत्र-पुरीषादि की अप्रवृत्ति को विबन्ध कहा जाता है। दोषों के परस्पर ग्रथित होने को भी कोई विबन्ध कहते हैं। यह अधोभागहर वर्ग का ही एक भेद है[1]।

स्रंसनम्–

"पक्तव्यं यदपक्त्वैव श्लिष्टं कोष्ठे मलादिकम्। नयत्यधः स्रंसनं तद्यथा स्यात् कृतमालकः॥" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यं मलादिकमपक्त्वैव तेषां पाकमकृत्वैव, अधो नयति अधःपतनं करोति, तत् स्रंसनं स्यात्; यथा—कृतमालकः। कीदृशं मलादिकमित्याह—पक्तव्यमिति।—पच्यमानम्; अत एव कोष्ठे श्लिष्टम्। कोष्ठे इति पाचकस्थाने। श्लिष्टमिति आश्रितम् (आ.)। स्रंसनशब्दो विरेचनसामान्येऽपि प्रयुज्यते-यथा—"पित्तं वा कफपित्तं वा पित्ताशयगतं हरेत्। स्रंसनं" (च. चि. अ. ३)। स्रंसनं विरेचनम् (यो.)।

←—दोष विसर्जित हो जाय, उसे 'मुलय्यिन' कहते हैं; और जो द्रव्य संपूर्ण शरीरस्थ दोष का मलमार्गसे निर्हरण करे, उसे 'मुसहिल' कहते हैं।

१—अनुलोमन (सर) द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'मुलय्यिन' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो द्रव्य कोष्ठ (पेट) के अन्दर चिपके हुए पच्यमान (पकते हुए) मलादिकों को पकाये बिना ही बाहर निकाल देता है, उसे स्रंसन कहते हैं । जैसे--अमलतास। यह अधोभागहर वर्ग का ही एक भेद है। शार्ङ्गधर ने 'स्रंसन' वर्ग को किसी तन्त्रान्तर से लेकर भिन्न बताया है; चरक ने 'विरेचन' द्रव्य के लिये ही 'स्रंसन' शब्द का प्रयोग किया है।

शोधनम्--संशोधनम्--देहसंशोधनम्--उभयतोभागम्--

"उभयतश्चोभयगुणत्वात्।" (च. क. अ. १)। उभयतश्चेति ऊर्ध्वमधश्च क्षिप्यत इत्यर्थः। उभयगुणत्वादिति अग्नि-वाय्वात्मकत्वात् सलिल-पृथिव्यात्मकत्वादूर्ध्वाधोभागप्रभावाच्चेत्यर्थः (च. द.)। "उभयगुणभूयिष्ठमुभयतोभागम्।" (सु. सू. अ. ४१)। उभयगुणभूयिष्ठमिति विरेचनवमननिर्दिष्टभूतचतुष्टयगुणभूयिष्ठमित्यर्थः (ड)। "स्थानाद्बर्हिर्नयेदूर्ध्वमधश्च मलसंचयम्। देहसंशोधनं तत् स्याद्देवदालीफलं यथा॥" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यं स्थानात् प्रकुपितस्थानात्, मलसंचयं दोषादीनां संचयं, स्वस्थानादूर्ध्वमधश्च नयेत् बहिः करोति, तद्देहस्य शरीरस्य संशोधनं कथितम्। यथा--देवदालीफलम्। ऊर्ध्वं मुखेन, अधः पायुमार्गेण (आ.)। यद्यपि देहसंशोधनशब्देन वमन-विरेचनास्थापन-शिरोविरेचन-मूत्रविरेचन-शोणितावसेकादीनि सर्वाण्यपि प्राप्यन्ते, तथाऽपि तेषां पृथक्तत्वात् पारिशेष्यान्मुख-गुदोभयभागनिर्हरणमेवात्र गृह्यते। "वातलान् रसान् पित्तलांश्च गुणानुभयतोभागम्। तत् पार्थिवाप्य-तैजस-वायव्यम्।" (र. वै. ४।६) वातलान् वातजनान् कटु-तिक्त-कषायान् रसान्, पित्तलान् पित्तजनान् तीक्ष्णोष्णलघून् गुणान्, आश्रितमुभयतोभागम्। तदुभयतोभागं पृथिव्युदकाभ्यां गुरुभ्यामग्निवायुभ्या लघुभ्यां च निर्वर्तते। उभयतोभागं वमनविरेचनकरम् (भा.)। "तथैवोभयतोभागं मह्याग्न्यनिलजं मतम्।" (र, वै, अ. ४, सू. ३० पर भाष्य)।

जो द्रव्य ऊर्ध्वभाग (मुख) और अधोभाग (गुद) दोनों मार्गों से दोषों को निकाले, उसे संशोधन, शोधन, या उभयतोभाग (हर) कहते हैं। संशोधन द्रव्य भी वमन और विरेचन द्रव्यों के समान तीक्ष्णत्वादि गुणोंवाले होते हैं। इनकी पूर्वोक्त क्रिया से दोषसंघात आमाशय (आमाशयके ऊर्ध्व और अधोभाग) में आकर उपस्थित होता है। संशोधन द्रव्य उभयतोभागहरत्वरूप प्रभाव से विशिष्ट पृथिवी जल, अग्नि और वायु के गुणों की अधिकतावाले होते हैं। ये दोनों मार्गोंसे निकलते हुए अपने साथ उदान और अपान से प्रेरित दोषों का भी ऊर्ध्वाधोभाग से बलात् निर्हरण करते हैं (च० सु०)। जो द्रव्य मलों (पुरीष और दोषों) के संचय को अपने स्थान से हटाकर ऊपर और नीचे दोनों मार्गों से बाहर निकाल दे, उसको

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

देहसंशोधन कहते हैं ; जैसे--बन्दाल (शा०)। वमन और विरेचन दोनों एक साथ करनेवाले द्रव्य को संशोधन कहते हैं।

छेदनम्--छेदनीयम्--

"श्लिष्टान् कफादिकान् दोषानुन्मूलयति यद्बलात्। छेदनं तद्यथा क्षारा मरिचानि शिलाजतु।" (शा प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यं श्लिष्टान् संचितान्, परस्परग्रथितानित्येके, अत्यर्थं कुपितानित्यपरे ; कफादिकान् दोषान् ; आदिग्रहणेन वात-पित्त-शोणित-कृमिग्रहणम्। × × ×। बलादिति स्वशक्तितः, उन्मूलयति उच्छेदयति, तच्छेदनं ज्ञेयम्। यथा—क्षारा यवक्षारादयः, मरिचानीति बहुवचनेन श्वेतमरिचमपि ग्राह्यम् (आ.)। यद्द्रव्यं श्लिष्टान् मलादिकान् दोषान् बलादुन्मूलयति स्वभावान्नाशयति तच्छेदनं ज्ञेयम् (का.)। "छेदनोपशमने द्वे कर्मणी।" (च. सू. अ. २६)। द्रव्याणि हि अम्ल-लवण-कटूनि शारीरक्लेदादीनि छिन्दन्ति (ग.)। "हिंगुनिर्यासच्छेदनीय-दीपनीयानुलोमिक-वातश्लेष्महराणाम्।" (च. सू. अ. २५)।

जो द्रव्य शरीर में संचित और चिपके हुए कफादि दोषों को अपने प्रभाव से अपने स्थान से उखाड़ दे (पृथक कर दे), उसे छेदन[1] या छेदनीय कहते हैं। जैसे--क्षार, काली मिर्च, शिलाजीत, हींग आदि।

रसायनम्--

'दीर्घमायुः स्मृतिं मेधामारोग्यं तरुणं वयः। प्रभावर्णस्वरौदार्यं देहेन्द्रियबलं परम्॥ वाक्सिद्धिं प्रणतिं[2] कान्तिं लभते नरो रसायनात्। लाभोपायो हि शस्तानां रसादीनां रसायनम्॥" (च. चि.; अ १, पा. १; अ. सं. उ. अ ४९ ; अ. हृ. उ. ३९) रसादिग्रहणेन स्मृत्यादयोऽपि गृह्यन्ते (च. द.)। शस्तानां रसादीनां शुक्रान्तानां धातूनां लाभोपायः प्राप्त्युपायः × × × अतः रसायनमित्युच्यते (यो.)। दीर्घायुःप्रभृतीन् रसायनादधिगच्छति। कस्मादेतानि रसायनाल्लभ्यन्ते ? इत्याह—लाभोपाय इति। श्रेष्ठानां रस-रुधिरादीनां यो लाभोपायः स रसायनमुच्यते (अ. द.)। "रसायनतन्त्रं (रसायनं) नाम वयःस्थापनमायुर्मेधाबलकरं रोगापहरणसमर्थं च।" (सु. सू. अ. १।८)। वयःस्थापनं वर्षशतमायुःस्थापनम्। आयुष्करं शताधिकमपि करोति। अन्ये तु वयःस्थापनं जरापहरणं, तारुण्यं बहुकालं स्थापयतीत्यर्थः। रसानां रस-रक्तादीनामयनमाप्यायनं रसायनम। अथवा रसानां रस-वीर्य-विपाकादीनामायुःप्रभृतिकारणानामयनं विशिष्टलाभोपायो

१--यूनानी वैद्यक में छेदन द्रव्य को 'जाली' और 'मुकत्तिक' कहते हैं।

२--प्रणतिं लोकवन्द्यताम् (च.द.)। 'वृषतां इति पाठान्तरम्।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रसायनम् (ड.)। वयःस्थापनमिति प्रशस्त-तरुणवयःस्थापनम्। यदुक्तं—"अस्य प्रयोगाद्वर्षशतमजरं वयस्तिष्ठति।" (च. चि. अ. १, पा. १) इत्यादि। अनियतायुषि युगनियतादधिकस्यायुषः करणम् आयुःकरणम् (च. द.)। "रसायनं च तज्ज्ञेयं यज्जराव्याधिनाशनम्। यथाऽमृता रुद्रन्ती च गुग्गुलुश्च हरीतकी।" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यं जरा-व्याधिनाशनं भवति तद्रसायनं ज्ञेयम्। रसादीनां धातूनामयनमाप्यायनरूपं रसायनम्। जरा वार्धक्यं, व्याधयो ज्वरादयो रोगा ग्राह्याः। ननु व्याधिग्रहणेन जराग्रहणं, तत् कथमत्र जरा पृथगभिहिता? उच्यते—जरा स्वाभाविकी ज्ञेया, यतः सप्ततेरूर्ध्वं स्वभावाद्भवतीति स्वभावकथनत्वेन पृथगभिधानमित्यदोषः (आ)।

जिस द्रव्य से प्रशस्त रस-रक्तादि धातु, स्मृति, मेधा, आरोग्य, तारुण्य, प्रभा, अच्छा वर्ण, उत्तम स्वर, वाक्सिद्धि, लोकवन्दनीयता, कान्ति और शरीर तथा इन्द्रियों का उत्तम बल आदि प्राप्त हों, उसे रसायन कहते हैं (च०, सु०)। जो द्रव्य जरावस्था और व्याधि का नाश करता है, उसे रसायन कहते हैं[1]; जैसे—गिलोय, रुद्रवन्ती, गूगल, हरड़ आदि (शा०)। चरक के पचास महाकषायोंमें कहे हुए वयःस्थापन और जीवनीय ये दो गण भी रसायन के ही भेद हैं।

सूक्ष्मम्—

"सूक्ष्मस्तु सौक्ष्म्यात् सूक्ष्मेषु स्रोतःस्वनुसरः स्मृतः।" (सु, सू. अ. ४६) देहस्य सूक्ष्मच्छिद्रेषु विशेद्यत् सूक्ष्ममुच्यते। तद्यथा-सैन्धवं क्षौद्रं निम्बतैलं[2] रुबूद्भवम्॥" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यं देहस्य शरीरस्य, सूक्ष्मच्छिद्रेषु रोमकूपप्रभृतिषु, विशेत् प्रवेशं करोति, तत् सूक्ष्ममुच्यते। यथा—सैन्धवादिकम्। सूक्ष्मो गुणविशेषः, सूक्ष्मस्रोतोऽनुसरणशीलत्वात्। सैन्धवं प्रसिद्धं, क्षौद्रं मधु; निम्बतैलं निम्बः, तैलं च; यद्वा निम्बस्य तैलं, रुबूद्भवं एरण्डसंभवम् (आ.)।

जो द्रव्य देह के सूक्ष्म स्रोतों (मार्गों-छिद्रों) के अन्दर प्रवेश कर सके, उसे सूक्ष्म कहते हैं; जैसे—सैन्धव, शहद, नीम या नीम का तेल, तिलतैल, एरण्डतैल आदि।

१—रसायन (Alterative–ऑल्टरेटिव) ये द्रव्य वैद्यकीय मात्रा में देने से शरीर पर उनकी क्रिया प्रत्यक्ष नहीं दिखाई देती, परन्तु इनसे रोग दूर होता है। इनसे शरीर की धातुपाक (मेटाबॉलिज्म) की क्रिया सुधरती है और शरीर पूर्वस्थिति प्राप्त करता है (अन्य औषधों से अच्छे न होनेवाले रोगों को अच्छा करनेवाले द्रव्य)। जैसे—सोना, सुंरजान, सुरमा, पारा, सोमल (डॉ० वा० दे०)। यूनानी वैद्यक में रसायन औषध को 'अक्सीरुल बदन' कहते हैं।

२—'निम्बस्तैलं' इति पाठान्तरम्।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

व्यवायि--

व्यवायी चाखिलं देहं व्याप्य पाकाय कल्पते।" (सु० सू० अ. ४६)। अपक्व एवाखिलं देहं व्याप्नोति पश्चान्मद्य-विषवत् पाकं याति (ड)। "पूर्वं व्याप्याखिलं कायं ततः पाकं च गच्छति। व्यवायि तद्यथा--भङ्गा फेनं चाहिसमुद्भवम्।।" (शा. प्र. ख. अ. ४)। व्यवायी गुणविशेषः, अपक्वमेवाखिलं देहं व्याप्नोति पश्चान्मद्य-विषवत् पाकं याति। यथा--भङ्गा, अहिफेनं च। अन्ये तु 'ततो भवाय कल्पते' इति पठन्ति। तत्रापि स्थितये कल्पते नोर्ध्वमधो वा प्रवर्तते इति स एवार्थः। अन्ये पुनर्भावशब्दमभिप्रायार्थमिच्छन्ति। तत्र नियतद्रव्य-प्रभावेणात्मशक्त्यानुरूपं तद् द्रव्यं मद्य-विषवद् विशेषाभिप्रायाय कल्पते (इत्यर्थः (आ.)।

जो द्रव्य जठराग्नि के द्वारा परिपक्व होने के पूर्व ही अपने प्रभाव से सारे शरीर के अन्दर व्याप्त होकर अपने गुण-कर्म दिखलाते हैं, उसे व्यवायी कहते हैं; जैसे— भाँग, अफीम, और वत्सनाभ आदि।

विकाशि (सि)-

"विकासी विकसन्नेवं धातुबन्धान् विमोक्षयेत्।" (सु. सू. अ. ४६)। व्यवायिनः सकाशाद्विकासिद्रव्यस्य किंचिद् भेदं दर्शयन्नाह-विकासीत्यादि। विकासी गुणः। विकसन् प्रसर्पन्। एवमिति अपक्व एव सकलं देहं व्याप्य, धातुबन्धान् विमोक्षयेत् धातुशैथिल्यं करोतीत्यर्थः (ड)। "संधिबन्धांस्तु शिथिलान् यत् करोति विकाशि तत्। विश्लिष्यौजश्च धातुभ्यो, यथा—क्रमुक-कोद्रवाः।।" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यं संधिबन्धान् शिथिलीभूतान् करोति तद्विकाशि बोद्धव्यम्। 'विकाशी' इत्यपि गुणविशेषः। न केवलं संधिबन्धान् शिथिलान् करोति, किंतु धातुभ्य ओजो बलं विश्लेष्य विभज्य 'पाकं गच्छति' इत्यध्याहारः; धातुशैथिल्यमपि करोतीत्यर्थः। चकारात् 'अपक्वमेव' इत्यत्रापि सम्बध्यते। क्रमुक-कोद्रवा इति क्रमुकं पूगफलं, कोद्रवः कुधान्यविशेषः। अत्र क्रमुक-कोद्रवा मदकरा ज्ञेयाः, धातुशैथिल्यकरत्वात् ओजो बलमिति; सुश्रुतेन तदुक्तं—"रसादीनां शुक्रान्तानां यत् परं तेजस्तत् खल्वोजस्तदेव बलमित्युच्यते।" (सु. सू. अ. २१); यतः "देहः सावयवस्तेन व्याप्तो भवति देहिनाम्" इति। संधिप्रभृतीनां शिथिलत्वेन श्रम उत्पद्यते, तेन ओजःक्षयो भवतीत्यभि-प्रायः, अत एवाह कश्चित्—"अभिघातात् क्षयात् कोपाद्धचानाच्छोकाच्छ्रमात् क्षुधः। ओजः संक्षीयते म्ह्योयो धातुग्रहणनिःसृतम्।।" (सु. सू. अ. २१) इति। अन्ये तु सरविशेषो व्यवायी, तीक्ष्णविशेषो विकाशीति ब्रुवते, तन्न सर्वसम्मतम् (आ.)।।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो द्रव्य जठराग्नि के द्वारा पाक होने के पहले ही धातुओं से ओज को विभक्त करके संधियों के बन्धनों को शिथिल करता है, उसे विकाशी (सी)[1] कहते हैं। जैसे--कच्ची और ताजी सुपारी, कोदो[2] आदि।

मद्यम्--मादकम्--मदकारि--

"मद्यं हृदयमाविश्य स्वगुणैरोजसो गुणान्। दशभिर्दश संक्षोभ्य चेतो नयति विक्रियाम्॥ लघूष्ण-तीक्ष्ण-सूक्ष्माम्ल-व्यवाय्याशुगमेव च। रूक्षं विकाशि विशदं मद्यं दशगुणं स्मृतम्॥ गुरु शीतं मृदु श्लक्ष्णं बहलं मधुरं स्थिरम्। प्रसन्नं पिच्छिलं स्निग्धमोजो दशगुणं स्मृतम्॥ गुरुत्वं लाघवाच्छैत्यमौष्ण्यादम्लस्वभावतः। माधुर्य, मार्दवं तैक्ष्ण्यात्, प्रसादं चाशुभावनात्॥ रौक्ष्यात् स्नेहं, व्यवायित्वात् स्थिरत्वं श्लक्ष्णतामपि। विकासिभावात्, पैच्छिल्यं वैशद्यात्, सान्द्रतां तथा॥ सौक्ष्म्यान्मद्यं निहन्त्येवमोजसः स्वगुणैर्गुणान्। सत्त्वं तदाश्रयं चाशु संक्षोभ्य जनयेन्मदम्॥" (च. चि. अ. २४)। मद्यं यथा मादयति तथा प्राह--मद्यमित्यादि। दशभिरिति लघ्वादिभिर्गुणैः, दशापि गुर्वादीनोजोगुणान् संक्षोभ्य, न द्वित्रादिकैः; चेतोविक्रियां नयति विकृतं करोति। येन गुणेन मद्यस्य ओजोगुणक्षोभो भवति तदाह--गुरुत्वं लाघवादित्यादि। प्रसादं चाशुभावनादिति प्रसादाख्यगुणमाशुगत्वाद्धन्ति; आशुगत्वं च यद्यपि प्रसादविरुद्धं न भवति, तथाऽपि मद्यमेव प्रतिकूलतया ओजःप्रसाद हन्ति, तत्राशुगुण आहनेन व्याप्रियत इति ज्ञेयम्। व्यवायित्वात् स्थिरत्वमिति व्यवायित्वं व्यापकत्वं, तच्च स्थिरत्वं तद्विपरीतत्वादेव हन्ति; आशुगत्व-व्यवायित्वयोश्चायं विशेषः--यदाशुगं शीघ्रं गच्छति, व्यवायि तु सर्वव्यापकम्। विकासित्वं विकासनशीलत्वं सरत्वमिति यावत्; तच्च श्लक्ष्णविपरीतत्वादेव श्लक्ष्णतां हन्ति। सान्द्रता घनता। एते विकासित्वाशु-

---

१--विकाशिन् (Antispasmodics--अँन्टिस्पॅझ्मॉडिक्स्)--इस वर्ग के द्रव्यों की क्रिया अनेक प्रकार से होती है। जैसे--(१) कई द्रव्य कर्म के केन्द्रोंपर या चेष्टावह नाड़ियोंपर शामक (अवसादक) क्रिया करते हैं। (२) कई सारे शरीरपर अत्यन्त जोरदार शामक क्रिया करते हैं, जिसके कारण शरीर के सब अवयव शिथिल हो जाते हैं। जैसे--तमाखू, बछनाग, देवनल, कुटकी, पद्मकाष्ठ आदि अवसादक द्रव्य। (३) कई आँतो की शक्ति बढ़ाते हैं, जिससे अधोवायु छूटता है और उदरशूल शान्त होता है। जैसे--हींग, कस्तूरी, तगर और सुगन्धित द्रव्य। इस प्रकार के द्रव्यों को Aromatics--अँरोमॅटिक्स या Carminatives--कार्मिनेटिक्स् कहते हैं। (४) कई द्रव्य अपस्तम्भशाखा (श्वासनलिका) के संकोचविकास को कम करते हैं। जैसे--धतूरा, खुरासानी अजवायन, बेलाडोना (डॉ० वा० दे०)।

२--कोदो की एक जाति जो मादक होती है, वह यहाँ 'कोदो' शब्द से अभिप्रेत है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गत्वादयो गुणा यद्यपि विंशतिगुणगणनायां न पठिताः, तथाऽप्यसंख्येयत्वाद् गुणानामेषामपि गुणत्वं सिद्धं; ये तु तत्र पठितास्ते तावदाविष्कृततमा ज्ञेयाः। आश्रयोपघातादाश्रितोपघातो भवतीति दर्शयन्नाह—सत्त्वमित्यादि। सत्त्वस्य च ओज आश्रयः, ओज उपकार्यम्; यथा—राजाश्रितः पुरुषः (च. द.)। "बुद्धिं लुम्पति यद् द्रव्यं मदकारि तदुच्यते। तमोगुणप्रधानं च यथा मद्यं सुरादिकम्।" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यं बुद्धिं ज्ञानविषयं लुम्पति आच्छादयति, अत एव तमोगुणप्रधानं तमोगुणबहुलमित्यर्थः। यथा—सुरादिकं मद्यम्। बुद्धिशब्दस्तु मेधा-धृति-स्मृति-मति-प्रतिपत्तिषु वर्तते। एतेषां लक्षणं प्रसंगादुच्यते; तद्यथा—मेधा गन्थाकर्षणसामर्थ्यं; धृतिः संतुष्टिः, अन्ये नियमात्मिकां बुद्धिमाहुः; स्मृतिः पूर्वानुभूतस्य स्मरणम्, अर्थधारणशक्तिरित्यन्ये; मतिः अनागतविषयोपदेशः, त्रिकालविषया बुद्धिरित्यन्ये; प्रतिपत्तिः अर्थावबोधप्रागल्भ्यमिति। सुरादिकमित्यादिग्रहणात् सर्वे मद्यविकारा गृह्यन्ते। ननु, मद्यं तु बुद्धि-स्मृति-वाग्विचेष्टादिकरमुक्तं, यदुक्तं—"बुद्धि-स्मृति-प्रीतिकरः सुखश्च पानान्न-निद्रारतिवर्धनश्च। संपाठ-गीतस्वरवर्धनश्च प्रोक्तोऽतिरम्यः प्रथमो मदो हि॥" (मा. नि. म. अ. १८।७); तत् कथं बुद्धिलोपकमभिहितम्? उच्यते—मदस्य चतस्रः पानावस्था कथिताः; तत्र प्रथमं मदपानं बुद्ध्यादिकं करोति, शेषास्तु बुद्ध्यादिकं लुम्पन्तीत्यदोषः तदुक्तं माधवेन—"अव्यक्तबुद्धि-स्मृति-वाग्विचेष्टः सोन्मत्तलीलाकृतिरप्रशान्तः। आलस्य-निद्राभिहतो मुहुश्च मध्येन मत्तः पुरुषो मदेन॥" इत्यादि (आ.)। "सर्वान् रसान् तीक्ष्णोष्ण-रूक्ष-लघु-विशदांश्च गुणान् मदनीयम्। तदाग्नेयं वायव्यं च।" (र. वै. ४।११,१२)॥

जो द्रव्य तमोगुणप्रधान (किंचित् राजस गुणवाला भी) होने से बुद्धि का नाश करके मद (नशा) उत्पन्न करता है, उसे **मदकारि, मद्य, मदनीय, मादन** और **मादक** कहते हैं[1]। जैसे—नाना प्रकार के सुरा आदि मद्य (शा०)। मादक द्रव्य लघु, उष्ण, तीक्ष्ण, सूक्ष्म, अम्ल, व्यवायी, आशुग (आशुकारी), रूक्ष, विकाशि और विशद—इन दस गुणोंवाला होता है। ओज गुरु, शीत, मृदु, श्लक्ष्ण, बहल, सान्द्र, मधुर, स्थिर, प्रसन्न, पिच्छिल और स्निग्ध—इन दस गुणोंवाला होता है। मद्य हृदय में प्रविष्ट होकर अपने दस गुणों से ओज के ऊपर लिखे हुए दस गुणों को उनसे विपरीत गुणवाला होने से क्षुभित और नष्ट करके हृदय को विकृत कर देता है तथा उसके आश्रित सत्त्व (मन) को भी क्षुभित करके मद उत्पन्न करता है।

१—**मदकारि** (Delirifacients—डिलिरिफेशिअन्ट्स्)—इन द्रव्यों से प्रारम्भ में मद उत्पन्न होता है और पीछे बेहोशी आती है। जैसे—गाँजा, बेलाडोना, खुरासानी अजवायन (डॉ० वा० दे०)। मादक को यूनानी वैद्यक में **मुस्किर'** कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मद्य अपने लघु गुण से ओजके गुरु गुण का, उष्ण से शीत का, अम्ल से मधुर का, तीक्ष्ण से मृदु का, आशुकारिता से प्रसाद का, रूक्ष से स्नेह का, व्यवायी से स्थिर का, विकासी से श्लक्ष्ण का, विशद से पिच्छिल का और सूक्ष्म से सान्द्र गुणका नाश करता है (च०) मद्य सर्व रसवाला तथा तीक्ष्ण, उष्ण, रूक्ष, लघु और विशद गुणवाला तथा आग्नेय और वायव्य होता है (र० वै०)।

विषम्-प्राणहरम्-प्राणघ्नम्--

"लघु रूक्षमाशु विशदं व्यवायि तीक्ष्णं विकासि सूक्ष्मं च। उष्णमनिर्देश्यरसं दशगुणमुक्तं विष तज्ज्ञैः।। रौक्ष्याद्वातमशैत्यात् पित्तं, सौक्ष्म्यादसृक् प्रकोपयति। कफमव्यक्तरसत्वादन्नरसांश्चानुवर्तते शीघ्रम्।। शीघ्रं व्यवायिभावादाशु व्याप्नोति केवलं देहम्। तीक्ष्णत्वान्मर्मघ्नं तद्विकासित्वात्।। दुरुपक्रमं लघुत्वाद्वैशद्यात् स्यादसक्तगतिदोषम्। दोष-स्थान-प्रकृतीः प्राप्यान्यतमं हचुदीरयति।।" (च. चि. अ. २३)। विषगुणानाह--लघ्वित्यादि। प्रत्येकं गुणानां कार्यमाह--रौक्ष्यादित्यादि। अशैत्यादिति उष्णत्वात्। सौक्ष्म्यादसृक्प्रकोपणम्, असृजोऽपि सूक्ष्ममार्गानुसारित्वात्। अव्यक्तरसत्वं च कफकोपनाय अव्यक्तरसत्व-कफयोरेकजलरूपकार्यत्वाद्भवति। अन्नरसांश्चानुवर्तते इति अव्यक्तरसत्वेन जलं यथा गन्धग्रहणे योगवाहि भवति, तथा विषमपि अन्नरसान् झटित्यनुगतं भवति, ततः शीघ्रं तेन भावितमन्नं भवति। शीघ्रमित्यादौ शीघ्रत्वादाशु व्याप्नोति, व्यवायित्वात् केवलं देहं व्याप्नोतीति ज्ञेयम्। व्यवायित्वं सर्वतः प्रसरणशीलत्वं पानीयपतिततैलवत्। तीक्ष्त्वान्मर्मघ्नमिति मर्मणां सौम्यानां मृदूनां तीक्ष्णेन विरुद्धत्वं बोद्धव्यम्। बिकासि-वादिति हिंसनशीलत्वात्; 'वि' पूर्वश्च कसतिर्हिंसार्थः। लघुत्वादिति अनवस्थितत्वात्; यस्य चानवस्थितत्वं तस्य भेषजेनासंबन्धादुपक्रमणमर्किंचित्करम्। असक्ता अविश्रान्ता दोषेषु गतिर्यस्य तत् असक्तगतिदोषं; विशदं हि पिच्छाभागरहितत्वात् क्वचिन्न सज्जति। अत्र च गुणानां प्रतिनियमेन विरुद्धकर्मकरणे विषस्याशिवत्वमेव नियामकं ज्ञेयं; तेन रौक्ष्यादिभिः श्लेष्मक्षयादि नाशङ्कनीयम्। सुश्रुते च विषगुणे यत् पाकित्वमुक्तं, तदाशुकारिविषे निष्प्रयोजनमिति नेहोक्तं; तथाहि--विषं नैतावन्तं कालमपेक्षते येन यावत्तस्य पाको भवत्यविचार्यः। सुश्रुते च कालान्तरप्रकोपित्वमपि दूषीविषगोचरतयोक्तं, तदिहापि दूषीविषे चिन्तनीयमिति (च. द)। "रौक्ष्य-सौषिर्य-व्यवायित्व-विकाशित्वानि च प्राणघ्नम्।" (र. वै. ४।१३,)। शैष्यादीन् विशेषगुणान् पूर्वोक्तान् सर्वान् रसानाश्रित्य वर्तते प्राणघ्नम्। चशब्दात्ते च संगृहीताः, षड्रसं विषमिति वचनात्। "उष्णं सूक्ष्मं च तीक्ष्णं च विकाशि विशदं लघु। व्यवायि रूक्षं शीघ्रं च विषं नवगुणं स्मृतम्।। पापक्ति धातूनुष्णत्वात्तैक्ष्ण्यान्मर्मच्छिदं

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विषम्। सौक्ष्म्याद्धातून् प्रविशति, विकाशित्वाद्विसर्पति ॥ विश्लेषयति वंशद्यात् सन्धीन् धावति लाघवात्। व्याप्नोति तद् व्यवायित्वाद्रूक्षत्वात् स्नेहनाशनम् ॥ शीघ्रत्वान्मारयत्याशु विषं गौतम! षड्रसम्" इति (भा.)। "तदाग्नेयम्।" (र. वै. अ. ४।१४)। अग्नेर्दहन-पचन-शक्तितत्वादप्यकार्यस्य जीवनस्य च प्रतिपक्षत्वात् प्राणघ्नमाग्नेयं भवति (भा.)। "व्यवायि च विकाशि स्यात् सूक्ष्मं छेदि मदावहम्। आग्नेयं जीवितहरं योगवाहि स्मृतं विषम् ॥" (शा. प्र. ख. अ. ४)। यद् द्रव्यं व्यवाय्यादिगुणयुक्तं भवति तज्जीवितहरं प्राणहरं स्मृतं कथितम्। यथा—विषम्। तदेव योगवाहि स्मृतमित्यर्थः। व्यवायीति समस्तदेहं व्याप्य पश्चात् पाकं गच्छतीति व्यवायि गुणः, विकाशी गुणश्च सकलदेहं व्याप्य धातुशैथिल्यं करोति, सूक्ष्मो गुणस्तु सौक्ष्म्यात् सूक्ष्मेषु स्रोतस्स्वनुसरः स्मृतः। मनोदोष-धातु-मलादीन् बलादुन्मूलयति तच्छेदि कथितम्। मदावहमिति मदकारकम्। आग्नेयमिति आग्नेयगुणभूयिष्ठम् (आ.)॥

विष द्रव्य लघु, आशु (आशुकारी), विशद, व्यवायी, तीक्ष्ण, विकासी, सूक्ष्म, उष्ण तथा अव्यक्तरस—इन दस गुणोंवाला होता है। विषद्रव्य अपने रूक्ष गुण के कारण वायु को, उष्णता के कारण पित्त को, सूक्ष्मता के कारण रक्त को तथा अव्यक्त रस के कारण कफ को कुपित करता है; आशुकारी होने से अन्नरस का शीघ्र अनुसरण करता है, व्यवायी होने से शीघ्र ही संपूर्ण शरीर में व्याप्त होजाता है, तीक्ष्ण होने के कारण मर्मघ्न होता है, विकासी (हिंसनशील) होने से प्राणहर होता है, लघु (अनवस्थित-चञ्चल) होने के कारण दुश्चिकित्स्य होता है, विशद (अपिच्छिल) होने से दोषों में उसकी गति निर्बाध (अटके विना) होती है। इन कारणों से विषद्रव्य दोषों, उनके स्थानों और वातादि प्रकृति को प्राप्त होकर सर्व दोषों को विकृत कर देता है (च०)। विष सर्व रसवाला तथा शीघ्र, सुषिर व्यवायी और विकासी गुणवाला तथा आग्नेय होता है। विष अपने उष्ण गुण से धातुओं को पकाता है, तीक्ष्ण गुण से मर्मों का छेदन करता है, सूक्ष्म और विकासी गुणों से धातुओं में फैल जाता है, विशद गुण से धातुओं से ओज को अलग करता है, लघु गुण से संधियों में प्रवेश करता है, व्यवायी गुण से समग्र शरीर में व्याप्त होता है, रूक्ष गुण से स्नेह का नाश करता है और शीघ्र गुण से शीघ्र मारता है (र० वै०)। जो द्रव्य व्यवायी, विकाशी, सूक्ष्म, छेदी (छेदन), मादक, आग्नेय योगवाही और प्राणहर हो, उसे विष, प्राणहर या प्राणघ्न कहते हैं[1] (शा०)।

प्रमाथि—

"निजवीर्येण यद्द्रव्यं स्रोतोभ्यो दोषसंचयम्। निरस्यति प्रमाथि स्यात्,

---

१—यूनानी वैद्यक में विष को 'सम्मी' और 'कातिल' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तद्यथा-मरिचं वचा ।।" (शा. प्र. ख. अ. ४) यद् द्रव्यं निजवीर्येण स्वप्रभावेणकृत्वा स्रोतोभ्यः कर्ण-मुख-नासिकादीनामन्यतमविवरेभ्यो दोषबाहुल्यं निरस्यति, तत् प्रमाथिसंज्ञं कथितम् । यथा--मरिचं, वचा च । दोषशब्दोऽत्र व्याधिष्वपि वर्तते, कारणे कार्योपचारात् ; तेन व्याधिसंचयमपीत्यर्थः (आ.) । यद् द्रव्यं निजवीर्येण स्वप्रभावेण, स्रोतोभ्यो रसवाहिसिरामार्गेभ्यो, दोषसंचयं निरस्यति दूरीकरोति, तत् प्रमाथि स्यात् । (का.) ।

जो द्रव्य अपनी शक्ति से स्रोतों से अर्थात् रस-रक्तादि का वहन करनेवाली सिराओं और मार्गों तथा कर्ण, मुख, नासिका आदि के छिद्रों से दोषों के संचय को दूर करे, उसे प्रमाथि[२] कहते हैं । जैसे--कालीमिर्च और वच ।

अभिष्यन्दि-

अभिष्यन्दि दोष-धातु-मलस्रोतसां क्लेदप्राप्तिजननम् (सु. सू. अ. ४७।५१ ड.) । "मन्दकं दध्यभिष्यन्दजननानाम् ।" (च. सू. अ. २५) । "पैच्छिल्याद्-गौरवात् द्रव्यं रुद्ध्वा रसवहाः सिराः । धत्ते यद्गौरवं तत् स्यादभिष्यन्दि यथा-दधि ।" (शा. प्र. ख. अ. ४) । यद् द्रव्यं पैच्छिल्यात् पिच्छिलगुणयोगात् गौर-वात् गुरुगुणयोगात् गुरुपाकस्वभावाद्वा, रसवहाः सिराः रुद्ध्वा संरुध्य, गौरवं गुरुतां धत्ते, तदभिष्यन्दि कथितम् । यथा--दधि अभिष्यन्दीति, श्लेष्मप्रकोपीति रूढिः ; गुणसाधर्म्यात् श्लेष्माऽपि पिच्छिल-गौरवादिगुणयुक्तः (आ.) । यद् द्रव्यं पैच्छिल्याच्चैक्कण्याद् गौरवाच्च रसवहाः सिरा रुद्ध्वा गौरवं धत्ते तदभि-ष्यन्दि स्यात् (का.) । अभिष्यन्दो दोष-धातु-मलस्रोतसां क्लेदप्राप्तिः ; कफजोऽयं विकारः । (च. सू. २६।६४ पर यो.) ।

जो द्रव्य अपनी पिच्छिलता तथा गौरव (गुरु गुण या गुरु विपाक) से रस-वह सिराओं को रुद्ध करके शरीर में गौरव-भारीपन उत्पन्न करे और कफ का प्रकोप करे, उसको अभिष्यन्दी कहते हैं । जैसे--दही ।

आशुकारि--आशुगम्--आशु--

आशुकारी तथाऽऽशुत्वाद्धावत्यम्भसि तैलवत् ।" (सु. सू. अ. ४६)

जो द्रव्य अपने शीघ्रत्व गुण के कारण शरीर में शीघ्रता से फैल कर क्रिया करे, जैसे--जल में तैल, उसे आशुकारी कहते हैं ।

विदाहि--

"द्रव्यस्वभावादथ गौरवाद्वा चिरेण पाकं जठराग्नियोगात् । पित्तप्रकोपं

२--प्रमाथि औषध को यूनानी वैद्यक में 'मुफत्तिह' कहते हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विदहत् करोति तदन्नपानं कथितं विदाहि।" (सु. सू. अ. ४५।१५८ पर डल्हण टीका में उद्धृत तन्त्रान्तरीय वचन)।

जो द्रव्य अपने द्रव्यस्वभाव से अथवा पचने में भारी होने से देर में हजम हो और पकते समय पित्त का प्रकोप करके अन्नवहा नली में जलन, खट्टी डकार आदि उत्पन्न करे, उसे विदाही कहते हैं।

योगवाहि--

"गृह्णाति योगवाहि द्रव्यं संसर्गिवस्तुगुणान्।" (भा.)। एतदेव हि योगवाहित्वं यत् स्वगुणापरित्यागेनांशेन सादृश्यात् परस्य शक्तिपूरणम् (इ.)। "योगवाहि परं मधु।" (सु. च. सू. अ. २७)।

जो द्रव्य अपने गुणों को न छोड़ता हुआ अपने साथ संसर्ग में आनेवाले द्रव्य के गुणों को बढ़ावे, उसे योगवाहि कहते हैं; जैसे--मधु, पारद आदि।

षाण्ढ्यकरम्--पुंस्त्वोपघाति--

षण्ढस्य भावः षाण्ढ्यं[1], तत् करोतीति षाण्ढ्यकरम्, शुक्रनाशनम् (इ०)। पुंस्त्वमुपहन्तीति पुंस्त्वोपघाति। क्षारः पुंस्त्वोपघातिनाम्" --च. सू. अ. २५॥

जो द्रव्य वीर्य का क्षय करके षण्ढता (नपुंसकता) लावे (पुरुषत्व का नाश करे) उसको षाण्ढ्यकर या पुंस्त्वोपघाति कहते हैं। जैसे--क्षार।

स्वप्नजननम्--

स्वप्नं निद्रां जनयतीति स्वप्नजननम्। यथा--पारसीकयवानी-सर्पगन्धादि। "माहिषं क्षीरं स्वप्नजननानाम्" --च. सू. अ. २५

जो द्रव्य निद्रा लावे, उसको स्वप्नजनन या स्वापजनन कहते हैं। जैसे--खुरासानी अजवायन, पीपलामूल, चान्दर (सर्पगन्धा) आदि। चरक ने भैंस के दूध को स्वप्नजनन[2] कहा है।

स्वेदापनयनम्--

स्वेदं स्वेदातिप्रवृत्तिमपनयतीति स्वेदापनयनम्। "उशीरं × × स्वेदापनयनप्रलेपनानाम्।" --च. सू अ. २५

१--षाण्ढ्यकर इन द्रव्यों से संभोगशक्ति कम होती है। जैसे--कपूर, तमाखू (Anaphrodisiac--अॅनेप्रॉडिझिआक्) (डॉ० वा० दे०)। यूनानी वैद्यक में पुंस्त्वोपघाति औषध को 'कातिअ बाह' कहते हैं।

२--स्वप्नजनन--ये द्रव्य प्रारम्भ में मद उत्पन्न किये बिना ही निद्रा लाते हैं। (Hypnotics - हिप्नॉटिक्स्; या Soporifics--सोपोरिफिक्स्) (डॉ० वा० दे०) यूनानी वैद्यक में निद्राकारक औषध को 'मुनब्बिम' और 'मुसब्बित' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो द्रव्य स्वेद (पसीना निकलने) की अतिप्रवृत्ति को रोके, उसे **स्वेदापनयन**[1] कहते हैं। **चरक ने** खस के प्रलेप को स्वेदापनयन द्रव्यों में श्रेष्ठ बताया है।

सौमनस्यजननम्--

सौमनस्यं मनसः प्रसन्नतां जनयतीति सौमनस्यजननम्। "मद्यं सौमनस्य-जननानाम्।" —च. सू. अ. २५

जो द्रव्य मनको प्रसन्न (आनन्दित) करे, उसको **सौमनस्यजनन**[2] या **मनःप्रसादकर** कहते हैं। जैसे--मात्रा और विधि से पिया हुआ मद्य (च०)।

चक्षुष्यम्[3]**--**

चक्षुषे हितं चक्षुष्यम्। "मधुकं चक्षुष्य-वृष्य-केश्य-कण्ठ्य-वर्ण्य-विरजनीया-नाम्।" (च. सू. अ. २५)। **"त्रिफला × × × चक्षुष्या × × ×।"** (सु. सू. अ. ३८)। **"चक्षुष्यमग्र्यं बल्यं च गव्यं सर्पिः।"** (सु. सू. अ. ४५)।

जो द्रव्य नेत्र के (दर्शनशक्ति के) लिये हितकर हो, उसे **चक्षुष्य** कहते हैं; जैसे--मुलेठी, गाय का घी, त्रिफला आदि।

केश्यम्--

केशेभ्यो हितं केश्यम्। "केश्यं रसायनं मेध्यं काश्मर्य फलमुच्यते।" —सु. सू. अ. ४६

जो द्रव्य बालों को स्थिर रखने और बढ़ानेवाला हो उसको **केश्य** कहते हैं; जैसे--मुलेठी, गम्भारी का फल, भृँगरा आदि।

मेध्यम्--

मेधायै हितं मेध्यम्। "मण्डूकपर्ण्याः स्वरसः प्रयोज्यः, क्षीरेण यष्टीमधुकस्य चूर्णम्। रसो गुडूच्यास्तु समूलपुष्पः, कल्कः प्रयोज्यः खलु शङ्खपुष्प्याः॥ मेध्यानि चैतानि रसायनानि मेध्या विशेषेण च शङ्खपुष्पी॥"— च. चि. अ. १ पा ३

१—अत्यन्त पसीना आता हो तो ये द्रव्य उसको बन्द करते हैं। इनमें से (१) कई रक्ताभिसरणपर, (२) कई स्वेदग्रन्थियोंपर (३) कई स्वेदकेन्द्रपर और (४) कई स्वेदग्रन्थियों में जानेवाली नाड़ियों के अन्तिम भागोंपर क्रिया करते हैं। जैसे--बेलाडोना, खुरासानी अजवायन, धतूरा, कुनैन (स्वल्प प्रमाण में), जस्त, कषाय द्रव्य आदि (Anhydrotics—अॅन्हाइड्रोटिक्स्) (डॉ० वा० दे०)। यूनानी वैद्यक में स्वेदापनयन औषध को **'मानिअ अरक'** कहते हैं।

२--Exhilerents—एग्झिलरन्ट्स् (डॉ० वा० दे०)। सौमनस्यजनन को यूनानी वैद्यक में **'मुफर्रक'** कहते हैं।

३--चक्षुष्य औषध को यूनानी वैद्यक में **'मुकब्बी बसर'** कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो द्रव्य मेधा (स्मरणशक्ति या बुद्धि) को बढ़ानेवाला हो, उसको मेध्य कहते हैं ; जैसे--ब्राह्मी, शङ्खपुष्पी, सुवर्ण आदि ।

पुरीषजननम्--

पुरीषं जनयति प्रमाणाधिकं पुरीषमुत्पादयतीति पुरीषजननम् । "माषाः पुरीषजननानाम् ।" (च. सू. अ. २५) । "बहुवातशकृद्यवः" (च. सू. अ. २७)।

जो द्रव्य अधिक प्रमाण में मल उत्पन्न करे, उसको **पुरीषजनन** कहते हैं ; जैसे--उड़द, जौ, पत्रशाक आदि ।

अब **सुश्रुत** के कहे हुए शल्यचिकित्सोपयुक्त विम्लापनादि वर्गों की व्याख्या दी जाती है--

विम्लापनम्--शोथविलयनम्--

यानि द्रव्याणि व्रणशोथे आरम्भत एव प्रयुक्तानि शोथमपाचयित्वैव विम्लापयन्ति, तानि 'विम्लापनानि' इत्युच्यन्ते । वातज-पित्तज-श्लेष्मज सान्निपातिक-व्रणशोथविल (ला) यनार्थं सुश्रुते मिश्रकचिकित्सिते (सू. अ. ३७) विम्लापनाः प्रलेपा उक्ताः ।।

जो द्रव्य व्रणशोथ की प्रारम्भावस्था में ही प्रलेप के रूप में प्रयुक्त होनेपर व्रणशोथ को बिना पकाये ही बैठा देते हैं, उनको **विम्लापन**[1] कहते हैं । सुश्रुत सू० अ० ३७ में वातज, पित्तज, कफज और सान्निपातिक व्रणशोथ के विम्लापन के लिये प्रलेप लिखे हैं ।

पाचनम्--

पाकाभिमुखं व्रणशोथं यानि द्रव्याणि शीघ्रं पाचयन्ति, तानि 'पाचनानि' इत्युच्यन्ते ; यथा--"शण-मूलक-शिग्रूणां फलानि तिलसर्षपाः । सक्तवः किण्व-मतसी द्रव्याण्युष्णानि पाचनम्" (सु सू. अ. ३७) । पाचनद्रव्याण्युपनाहरूपेण प्रयुज्यन्ते ।।

जो द्रव्य पकने लगे हुए व्रणशोथ को शीघ्र पकाते हैं, उन्हें **पाचन (व्रणशोथ-पाचन)** कहते हैं ; जैसे--सन-मूली और सहेंजन के बीज, तिल, सरसों, सत्तू,

---

१--ये द्रव्य व्रणशोथ को बैठाते हैं । जैसे--पारा, बछनाग, सुरमा, कुटकी आदि (Antiphlogestic--ॲन्टिफ्लॉजेस्टिक) । **ग्रन्थिविलयन** (Resolvents--रिझॉल्वन्ट्स् ; Disentient--डिसेन्शिअन्ट्--ये द्रव्य व्रणशोथ किंवा सूजी हुई ग्रन्थियों को ठीक करते हैं । ये रसग्रन्थियों को उत्तेजन देते हैं । जैसे--उषक, कुन्दरू, अमरकन्द, पारा । इनसे पूय उत्पन्न हुए बिना शोथ बैठ जाता है (डॉ० वा० दे०) । यूनानी वैद्यक में विम्लापन औषध को 'मुहल्लिल वरम' कहते हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

किण्व, अलसी-तीसी और उष्णवीर्य द्रव्य (सु०)। इन द्रव्यों का उपनाह (पोल्टिस) के रूप में व्रणशोथ पर बाँधने में प्रयोग होता है[1]।

दारणम्-प्रदरणम्--

पक्वमपि स्वयमविदीर्यमाणं व्रणशोथं यानि द्रव्याणि दारयन्ति तानि दारणानि इत्युच्यन्ते। यथा--चित्रक-कपोतविट्-क्षारादीनि (सु. सू. अ. ३७)। 'पित्तलान् रसान् गुणांश्च प्रदरणम्। तत् पार्थिवमाग्नेयं च" (च. वै अ. ४।१५ १६)। पित्तलान् कटुकाम्ल-लवणान् रसान् तीक्ष्णोष्णौ च गुणावाश्रितं प्रदरणम्। तत् पृथिव्याग्निभ्यां निर्मितम्। पृथिवी खलु रौक्ष्यात् तत्रस्थं स्नेहमपास्य पृथिवी-परमाणूनामप्लंग्रहमपाकरोति ; ततस्तैक्ष्ण्यादग्निर्विदारयति॥

पकने पर भी अपने आप न फूटनेवाले व्रणशोथ को जो द्रव्य फोड़ दें, उन्हें दारण कहते हैं, जैसे--चित्रक, कबूतर की बीट, क्षार आदि। दारण द्रव्य पित्त-कर रस (कटु-अम्ल-लवण) और गुण (तीक्ष्ण और उष्ण गुण) को आश्रय करके रहता है तथा पृथिवी और अग्नि के गुणों की अधिकतावाला होता है[2] (च० वै०)।

प्रपीडनम्--

पक्वप्रभिन्नानां मर्मादिसमीपस्थानां सूक्ष्ममुखानां व्रणानां स्वयमेव सम्यक्पूयम-वहतां प्रपीडनं कृत्वा यानि द्रव्याणि तेभ्यः पूयं सम्यग्वाहयन्ति, तानि 'प्रपीडनानि' इत्युच्यन्ते। तथा च सुश्रुते--"पूयगर्भाणुद्वारान् व्रणान् मर्मगतानपि। यथोक्तैः पीडनद्रव्यैः समन्तात् परिपीडयेत्॥ शुष्यमाणमुपेक्षेत प्रदेहं पीडनं प्रति। न चाभिमुखमालिम्पेत्तथा दोषः प्रसिच्यते" (सु. चि. अ. १)। पीडनमिति शाल्मली-त्वगादीनां व्रणे कर्मविशेषः (सु. सू. अ. ४०। ५० ङ)। "द्रव्याणां पिच्छिलानां तु त्वङ्मूलानि प्रपीडनम्। यव-गोधूम-माषाणां चूर्णानि च समासतः॥

(सु. सू. अ. ३७)।

जो द्रव्य पककर फूटे हुए किन्तु मुख सूक्ष्म होने के कारण अच्छी तरह पूय को न निकालनेवाले व्रणों को पीड़ितकर (दबाकर) पूय को निकालते हैं, उन्हें **प्रपीडन** कहते हैं। प्रपीड़न के लिए पिच्छिल वृक्षों की छाल और मूल, जौ, गेहूँ तथा उड़द का आटा--इनका कल्क पूययुक्त, सूक्ष्म मुखवाले तथा किसी मर्मस्थान के समीपवर्ती

१--यूनानी वैद्यक में व्रणशोथपाचन को **'मुन्जिज वरम'** या **'मुकय्यिह'** कहते हैं।

२-- ये द्रव्य जहाँ लगाये जायँ उस भाग का नाश करते हैं, और उस भाग के अन्दर के जल को सुखाकर उसका नाश करते हैं ; जैसे--द्रावकाम्ल, क्षार, सोमल, संखिया (Escharotic--एस्कॅरॉटिक् ; Caustic--कॉस्टिक्) (डॉ० वा० दे०)। यूनानी वैद्यक में दारण औषध को **'मुफज्जिर वरम'** कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

व्रणों के चारों ओर प्रलेप के रूप में लगाया जाता है। इन प्रलेपों को सूखने देना चाहिए, तथा इनका लेप व्रण के मुख को छोड़कर चारों ओर करना चाहिये।

शोधनम्--

स्वयमेव विदीर्ण शस्त्रेण भेदितं वा व्रणं यानि द्रव्याणि शोधयन्ति, तानि 'शोधनानि' इत्युच्यन्ते शोधनं। पुनरष्टविधं—कषाय-वर्ति-कल्क-घृत-तैल-रसक्रिया-चूर्ण-धूपन-भेदेन। शोधनद्रव्यविस्तरस्तु सुश्रुते सूत्रस्थाने ३७ तमेऽध्याये चिकित्सास्थाने प्रथमेऽध्याये च द्रष्टव्यः॥

जो द्रव्य अपने आप फूटे हुए वा शस्त्र से भेदन किये हुए व्रणोंको शुद्ध करते हैं उन द्रव्यों को शोधन (व्रणशोधन) कहते हैं। इनका उपयोग कषाय, वर्ति, कल्क, घृत, तैल, रसक्रिया, चूर्ण और धूपन के रूप में आठ प्रकार से होता है। उनका विस्तार सु० सू० अ० ३७ तथा चि० स्था० अ० १ में देखें।

रोपणम्--

शुद्धं व्रणं यानि द्रव्याणि रोपयन्ति, तानि 'रोपणानि' इत्युच्यन्ते। रोपणं कषाय-वर्ति-कल्क-घृत-तैल-रसक्रिया-चूर्णभेदेन सप्तविधं भवति। रोपणद्रव्य-विस्तरस्तु सुश्रुते सूत्रस्थाने ३७ तमेऽध्याये, चिकित्सास्थाने प्रथमेऽध्याये च द्रष्टव्यः।

जो द्रव्य शुद्ध व्रण का रोपण करते हैं (व्रण को भर लाते हैं), उनको रोपण कहते हैं। इनका उपयोग कषाय, वर्ति, कल्क, घृत, तैल, रसक्रिया और चूर्ण के रूप में सात प्रकार से होता है; रोपण द्रव्यों का विस्तृत वर्णन सु० सू० अ० ३७ तथा चि० स्था० अ० १ में देखें[1]।

उत्सादनम्--

परिशुष्कालपमांसान् गम्भीरान् व्रणान् यानि द्रव्याणि मांसवर्धनेनोत्सादयन्ति, तानि 'उत्सादनानि' इत्युच्यन्ते। "अपामार्गोऽश्वगन्धा च तालपत्री सुवर्चला। उत्सादने प्रशस्यन्ते काकोल्यादिश्च यो गणः॥" (सु. सू. अ. ३७)। उत्सादनं मांसवर्धनं; लेपप्रयोगादुत्सादनं भवति (ङ)।

जो द्रव्य शुष्क, अल्प मांसवाले तथा गहरे व्रणों में मांस की वृद्धि करके उन्हें ऊँचे लाते हैं (समतल करते हैं), उन्हें उत्सादनकहते हैं[2]।

अवसादनम्--

उत्सन्नमृदुमांसान् व्रणान् यानि द्रव्याण्यवसादयन्ति, तानि 'अवसादनानि' इत्युच्यन्ते। "कासीसं सैन्धवं किण्वं कुरुविन्दो मनःशिला। कुक्कुटाण्डकपालानि

१—रोपण द्रव्य को यूनानी वैद्यक में मुदम्मिल' और मुल्हिम' कहते हैं।
२—उत्सादन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'मुम्बित लहम' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सुमनोमुकुलानि च ॥ फले शैरीषकारञ्जे धातुचूर्णानि यानि च। व्रणेषूत्सन्नमांसेषु प्रशस्तान्यवसादने।" (सु. सू. अ. ३७)। अवसादने इति मांसस्फोटने (ङ)।

जो द्रव्य उभरे हुए कोमल मांसयुक्त व्रणों को बैठाकर समतल करते हैं, उन्हें अवसादन कहते हैं, जैसे—कासीस, सैन्धव आदि।

उपशोषणम्—

उपशोषणं यच्छरीरे आर्द्रभावं शोषयति (अ. स सू. अ. १३ में इन्दु)। "कुटजत्वक् × × उपशोषणानाम्।" (च. सू. अ. २५)।

जो द्रव्य शरीर में आर्द्रता (गीलापन) को सुखाते हैं, उन्हें उपशोषण कहते हैं। जैसे--कुडा की छाल[1] (च०)।

रोम (लोम) शातनम्—

प्रलेपाद् रोमाणि शातयति नाशयतीति रोमशातनम्। यथा—हरितालमिश्रं शङ्खचूर्णादि (सु. चि. अ. १)॥

जो द्रव्य त्वचापर लगाने से बालों को निकाल दे, उसको रो(लो)मशातन कहते हैं; जैसे--हरताल और शङ्खचूर्ण (या चूने) का लेप[2]।

रोम (लोम) संजननम्—

रोमाणि सम्यग्जनयतीति रोमसंजननम्। यथा—हस्तिदन्तमसीयुक्तरसाञ्जनप्रलेपनम् (सु. चि. अ. १)॥

जो द्रव्य जहाँ से बाल निकल गये हों वहाँ प्रलेप करने से बालों को उत्पन्न करे, उसे रोमसंजनन[3] कहते हैं; जैसे--हाथी के दाँत की मसी मिलाई हुई रसौंत का लेप। (सु० चि० अ० १)।

रक्षोघ्नम्—

रक्षांसि अन्तरिक्षचरान् हिंसकान् जन्तून् धूपनादिभिर्हन्तीति रक्षोघ्नम्। यथा—गुग्गुल्वगुरु-वचा-सर्षप-निम्बपत्रादि (सु. सू. अ. ५)॥

१—ये द्रव्य शरीरपर के लसीका, पूय आदि दुःखदायक और दाहजनक मल पदार्थों का शोषण करते हैं; किंवा महास्रोतस् के अन्दर के वायु का शोषण करते हैं। जैसे—लकड़ी का कोयला; विशेष प्रक्रिया से तैय्यार की हुई रूई (अॅब्सॉर्बेन्ट कॉटन) व्रणलेखन (सु०) Absorbent—अॅब्सॉर्बेन्ट्) (डॉ० वा०दे०)। उपशोषण द्रव्य को यूनानी वैद्यक में 'नाशिफ' और 'मुनशिफ' कहते हैं।

२—रोमशातन औषध को यूनानी वैद्यक में 'हालिक' कहते हैं।

३—रोमसंजनन औषध को यूनानी वैद्यक में 'मुंबित शअर' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जो द्रव्य अन्तरिक्षचर और हिंसक राक्षसों को (रोगोत्पादक जन्तुओं को) धूपन आदि से नष्ट करे, उसे रक्षोघ्न कहते हैं। जैसे--गूगल, अगर, सरसों, वच, अजवायन, नीम की पत्ती आदि।

वक्तव्य--स्व० वा० डॉ० वामन गणेश देसाई ने ओषधिसंग्रह नाम के मराठी ग्रन्थ में द्रव्यों के कुछ और वर्ग लिखे हैं, वे आगे दिये जाते हैं--

स्वाप[1] **(सुप्ति) जनन**-- (Anaesthetics--ॲनिस्थेटिक्स्) --ये द्रव्य मस्तिष्क तथा सुषुम्णाकाण्ड में स्थित नाड़ीकेन्द्रों पर क्रिया करते हैं और बेहोशी, संज्ञानाश तथा स्पर्शनाश उत्पन्न करते हैं। ये द्रव्य उड़नेवाले होते हैं। इस वर्ग में मद्य, अफीम आदि मादक द्रव्यों का अन्तर्भाव नहीं होता। जैसे--क्लोरोफार्म। कई द्रव्य त्वचा किंवा क्षतपर लगाने से शून्यता उत्पन्न करते हैं। इनकी क्रिया प्रत्यक्ष ज्ञानतन्तुओं के सिरों पर होती है। इन्हें जहाँ लगाया जाता है, उस स्थान पर क्षति नहीं होती। जैसे--जटामांसी, तगर, बर्फ आदि (डॉ. वा. दे.)।

विरुद्ध-- (Antagonists--ॲन्टॅगोनिस्ट्स्)--ये द्रव्य एक दूसरे के विरुद्ध क्रिया करते हैं, कोई वीर्यविरुद्ध और कोई संयोगविरुद्ध। जैसे--मद्य और कुचला। अफीम और बेलाडोना। इनकी क्रिया परस्पर विरुद्ध होती है, अतः इनका संयोग नहीं होता; जैसे--बेलाडोना और धारीकून, धतूरा और पद्मकाष्ठ (डॉ.वा. दे.)।

स्तन्यनाशन—(Lactifuge--लॅक्टिफ्युज्)--स्त्रियों के स्तन्य (दूध) को उड़ानेवाले द्रव्य; जैसे--पान का पत्ता, मोगरे के फूल, कपूर का पत्ता (डॉ.वा. दे.)।

अश्मरी नाशन[2]--(सु० सू० अ० ३८) (Antilithics--ॲन्टिलिथिक्स्), **शर्करानाशन**((Lithontriptics--लिथोन्ट्रिप्टिक्स्) ये द्रव्य शरीर में बनी हुई या संचित पथरियों को पिघला देते हैं। जैसे--द्रावकाम्ल फॉस्फोरस की पथरी को; क्षार लाल रंग की पथरी को; सोडा सेलिसिलेट पित्ताश्मरी को पिघलाते हैं। Antilithics--ॲन्टिलिथिक्स्--पथरी का बनना रोकनेवाले द्रव्य (डॉ.वा. दे.)।

कोथप्रशमन (ॲन्टिसेप्टिक्स्)--ये द्रव्य सूक्ष्मजन्तुओं की वृद्धि का नाश करते हैं और इन जन्तुओं की वृद्धि से होनेवाली सड़ने की क्रिया (कोथ) को रोकते हैं। ये रोगजन्तुघ्न और दुर्गन्धनाशन वर्ग से भिन्न हैं; जैसे--लवङ्ग का तैल, सुहागा, पोदीने का सत्त्व, पारा, सर्वसुगन्धित तैल (डॉ. वां. दे.)।

पित्तसारक--(Cholagogues--कॉलॅगॉग्स्)--ये द्रव्य यकृत् को उत्तेजित करके पित्त का स्राव बढ़ाते हैं; जैसे--नौसादर, सज्जीखार, पारा, पौडोफिलम् (पाप्रा), रेवन्दचीनी, एलुआ (डॉ. वा. दे.)।

१--यूनानी वैद्यक में स्वापजनन औषध को 'मुखद्दिर' कहते हैं।

२--यूनानी वैद्यक में अश्मरीनाशन औषध को 'मुफत्तित हसात' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

दुर्गन्धहर—((Deodorants—डिओडरन्ट्स्)—ये द्रव्य दुर्गन्ध का नाश करते हैं ; जैसे—कोयला (डॉ. वा. दे.) ।

रोगजन्तुघ्न—(Disinfectants—डिसिन्फेक्टन्ट्स्) ये द्रव्य रोग उत्पन्न करनेवाले सूक्ष्म जन्तुओं का नाश करते हैं ; जैसे—कार्बोलिक ऍसिड, गर्म हवा, (डॉ. वा. दे.) ।

गर्भपाति—(Ecbolics—एक्बॉलिक्स् ; Abortifacients—ॲबॉर्टिफॅश्यन्ट्स्)—ये द्रव्य गर्भाशय की पेशियों का संकोच करते हैं ; जैसे—सर्पगन्धा इशरमूल, गाँजा, टंकण, सताप, कुनैन, अर्गट । ये द्रव्य अल्प प्रमाण में लेने से आर्तव को बढ़ाते हैं और अधिक प्रमाण में लेने से गर्भ को गिराते हैं (डॉ. वा. दे.) ।

आर्तवजनन—((Emmenagogues—एमिनॅगॉग्स्) —ये द्रव्य आर्तव बढ़ाते हैं । इनकी क्रिया दो प्रकार से होती है ; (१) प्रत्यक्ष गर्भाशय को उत्तेजित करके आर्तवस्राव कराते हैं ; जैसे—अर्गट, सताप, कपास की जड़ । (२) जिस कारण से आर्तव बन्द हो उसे दूर करते हैं । जैसे—लोहा, कुचला, एलुआ, कीड़ामारी (डॉ. वा. दे.)।

मार्दवकर—(Emollients—इमॉलिअन्ट्स् ; Protectives—प्रोटेक्टिव्स्) ये द्रव्य जहाँ लगाये जाते हैं उस भाग में मृदुता लाते हैं तथा हवा से उसकी रक्षा करते हैं ; जैसे—तैल, चर्बी, निशास्ता (डॉ. वा. दे.) ।

श्लेष्मनिःसारक[1]—(Expectorant—एक्स्पेक्टोरन्ट्)—श्वासनलिका और फेफड़ों से कफ को बाहर लानेवाले द्रव्य । इनकी क्रिया अनेक प्रकार से होती है । (१) **श्वासहर**—ये श्वासनलिका के संकोच-विकास को कम करते हैं । जैसे—देवनल, तमाखू, धतूरा । (२) **उत्क्लेशक**—इनसे जी मिचलाकर तथा उलटी की इच्छा-सी होकर कफ निकलता है । इनसे कफ पतला भी होता है । अधिक मात्रा में देने से ये द्रव्य उलटी कराते हैं । जैसे—सुरमा । (३) **उल्लेखन**—ये श्वासनलिका की कला का शोथ कम करते हैं तथा कफ का स्राव कराते हैं । सब वमन द्रव्य अल्प मात्रा में देने से उनकी इसी प्रकार क्रिया होती है । इन्हें Nauseating or depressant expectorant—नॉशिएटिंग् एक्स्पेक्टोरन्ट् या डिप्रेसन्ट् एक्सपेक्टोरन्ट् कहते हैं ; जैसे—सुरमा खडकी, रास्ना, एपिकाक्युआना । (४) **छेदन**—ये श्वासनलिका की कला को उत्तेजित करते हैं तथा कफ को पतला करते हैं । कफ का लेस कम होने से वह खाँसते ही बाहर निकल पड़ता है । इन्हें Stimulating expectorant—स्टिम्युलेटिंग् एक्स्पेक्टोरन्ट् कहते हैं ; जैसे—

१—श्लेष्मनिःसारक द्रव्य को यूनानी वैद्यक में **'मुनफ्फिस बल्गम'** और **'मुखरिज बल्गम'** कहते हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

नौसादर, उपक, प्याज, शिलारस, हींग, गन्धा-विरोजा, अडूसा। (५) **उद्भ्रंसिकाहर**--ये श्वास-क्रिया के केन्द्रों को शान्त करते हैं। खाँसी के साथ कफ पड़ना चाहिये। कफ न पड़ने से जो बहुत ही दुःखदायी खाँसी होती है, वह इन द्रव्यों से कम होती है। ये द्रव्य बहुत भयंकर और अवसादक होने से सावधानी से बरतने चाहिये। ये केवल सूखी खाँसी कम करते हैं। जैसे--अफीम। (६) **स्नेहन**--ये द्रव्य गले और श्वासनलिका के द्वारों में स्निग्धता लाते हैं। जैसे--गोंद, मिश्री, मुलेठी। (७) **उत्तेजक**--ये श्वास-क्रिया के केन्द्रों में स्फूर्ति लाते हैं। उन को उत्तेजन मिलने से खाँसने की शक्ति बढ़ती है और जोर से खाँसने के साथ कफ ठीक पड़ता है। जैसे--कुचला, बेलाडोना, पुष्करमूल (डॉ० वा० दे०)।

तारकाविकासि[1]-- (Mydriatics--मिड्रिएटिक्स्)--ये द्रव्य कनीनिका (आँखकी पुतली) को विकसित करते हैं। इनसे कनीनिका की पेशी दुर्बल होती है और कुछ काल दिखना कम होता है। जैसे--धतूरा, बेलाडोना (डॉ० वा० दे०)।

तारकासंकोचन--(Myotics--मायोटिक्स्)--इन द्रव्यों से कनीनिका का संकोचन होता है और आँखों का तनाव कम होता है। जैसे--अफीम। (डॉ० वा० दे०)।

मोहजनन--(Narcotics--नार्कोटिक्स्)--ये द्रव्य मस्तिष्क पर क्रिया करते हैं और निद्रा लाते हैं। इन से आरम्भ में थोड़ा-बहुत मद उत्पन्न होता है। जैसे--अफीम, गाँजा, मद्य। ये द्रव्य स्वप्नजनन वर्ग से भिन्न हैं; कारण, स्वप्नजनन वर्ग से प्रारम्भ में मद नहीं होता (डॉ० वा० दे०)।

आविजनन[2]--(Oxytocics--ऑक्सिटॉसिक्स्)--ये द्रव्य प्रसूति के समय या प्रसूति के पीछे गर्भाशय की संकोचन-क्रिया बढ़ाने के लिये दिये जाते हैं। जैसे--कुनैन, अर्गट आदि (डॉ० वा० दे०)।

शोणितोत्क्लेशक[3]--(Rubefecients--रुबिफेशिअन्ट्स्)--ये द्रव्य त्वचा पर लगाने से त्वचा लाल हो जाती है। जैसे--राई, हुलहुल, चित्रक, पोलु, कॅन्थॅरिडीस्। किन्हीं से त्वचा लाल होती है और किन्हीं से छाले उठते हैं (डॉ० वा०दे०)।

स्फोटजनन[4]--(Vesicant--वेसिकन्ट)--जैसे--कॅन्थॅरिडीस्, राई, चित्रक-मूल (डॉ० वा० दे०)।

१--तारकाविकासि द्रव्य को यूनानी वैद्यक में **'मुफत्तिह सुकुबहे इनबिय्या'** कहते हैं।

२--आविजनन औषध को यूनानी वैद्यक में **'मुखरिज जनीन व मशीना'** कहते हैं।

३--शोणितोत्क्लेशक द्रव्य को यूनानी वैद्यक में **'मुहम्मिर'** कहते हैं।

४- स्फोटजनन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में **'मुकर्रह'** कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अवसादक[1]--(Sedatives--सिडेटिव्स्; Depressants--डिप्रेसन्ट्स्) --ये द्रव्य शरीर के विभिन्न अवयवों का अवसाद करते हैं। मात्रा अधिक हो तो वह दुर्बल हो जाता है। (१) नाड़ीसंस्थान के केन्द्रों के अवसादक; जैसे--तमाखू, देवनल। (२) रक्ताभिसरण के अवसादक; जैसे--बछनाग, सुरमा, पद्मकाष्ठ (डॉ० वा० दे०)।

लालाप्रसेकापनयन--(Antisialogogues--ॲन्टिसाएलॉगोग्स्)--ये द्रव्य लाला का स्राव कम करते हैं। जैसे--बेलाडोना (डॉ० वा० दे०)।

लालाप्रसेकजनन[2]--(Sialagogues--साएलॅगॉग्स्)--ये द्रव्य लाला-स्राव को बढ़ाते हैं। (१) कई द्रव्य मुख में रखनेपर लालाग्रन्थियों को उत्तेजित करते हैं और लार बढ़ाते हैं। जैसे--अकरकरा तमाखू, राई, लाल मिर्च। (२) कई द्रव्य रक्त में मिश्रित होकर लालाद्वारा बाहर निकलते हैं और लाला-स्राव को बढ़ाते हैं। जैसे--पारा (डॉ० वा० दे०)।

उत्तेजक[3]--(Stimulants--स्टिम्युलन्ट्स्)--इन द्रव्यों से अङ्गों में उत्तेजना आती है चाहे इन्हें मुख द्वारा लिया जाय अथवा त्वचापर मसला जाय। इन की क्रिया विभिन्न अवयवोंपर होती है। (१) सुषुम्णाकाण्ड के उत्तेजक; जैसे--कुचला, फॉस्फरस। (२) यकृत् के उत्तेजक; जैसे--नौसादर, पित्त-सारक वर्ग। (३) आँतों के उत्तेजक; जैसे--रसकपूर। (४) रक्ताभि-सरण के उत्तेजक; जैसे--डिजिटेलिस, बेलाडोना, कपूर। (५) आमाशय के उत्तेजक; जैसे--सुगन्धित द्रव्य, मसाले। (६) त्वचा के उत्तेजक; जैसे--राई। (७) नेत्रों के उत्तेजक; जैसे--रसौत। (८) व्रणशोथ किंवा व्रण के उत्तेजक; जैसे--नीम की पत्ती, संभालू की पत्ती (डॉ० वा० दे०)।

हृदयोत्तेजक--(Cordial--कॉर्डिअल्)--सुगन्धि और उष्ण द्रव्य। ये रक्ताभिसरण की गति को बढ़ाते हैं (डॉ० वा० दे०)।

सुश्रुतने तथा सुश्रुतमतानुयायी **भदन्त नागार्जुन** नें अपने-अपने ग्रन्थ में द्रव्य, रस, गुण, वीर्य, विपाक इनमें से प्रत्येक की एकीयमत से प्रधानता दिखलाकर अन्त में इन सब में द्रव्य ही प्रधान है और द्रव्यादि सब मिलकर कार्य करते हैं, यह सिद्धान्त स्थापित किया है। इस ग्रन्थ में द्रव्यविज्ञानीय, गुणविज्ञानीय आदि प्रत्येक अध्याय में द्रव्यादि में से एक-एक की प्रधानता दिखाकर अन्त में उपसंहार प्रकरण में दोनों आचार्यों का सिद्धान्त दिया जायगा। द्रव्यविज्ञानीयाध्याय में मूल में **सुश्रुत** और टिप्पणी में

१--अवसादक औषध को यूनानी वैद्यक में '**मुसक्किन**' कहते हैं।
२--लालाप्रसेकजनन द्रव्य को यूनानी वैद्यक में '**मुद्दिर लुआब दहन**' कहते हैं।
३--उत्तेजक द्रव्य को यूनानी वैद्यक में **मुहर्रिक**' और '**मुहब्बिह**' कहते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

नागार्जुन के मत से **द्रव्यप्राधान्यवाद** (द्रव्यप्राधान्य के विषय में एकीयमत) लिखा जाता है--

केचिदाचार्या[1] ब्रुवते--द्रव्यं प्रधानं, कस्मात् ? व्यवस्थितत्वात्; इह खलु द्रव्यं व्यवस्थितं न रसादयः, यथा--आमे फले ये रसादयस्ते

१--**द्रव्यप्रभृतीनां तु प्रधानं द्रव्यमेके ब्रुवते** (र०वै०सू०अ०१सू० ९९)--एवं परीक्षितव्यानि परीक्ष्य, तत्र बलाबलचिन्तां चोक्त्वा, द्रव्यादीनां षण्णां पदार्थानां तत्र शरीरभूतानामिदंप्रधानतेदानीं परीक्ष्यते--द्रव्येत्यादि। अत्र षष्ठी निर्धारणलक्षणा। 'तु' शब्दोऽधिकारनिवृत्त्यर्थः (भा०)। द्रव्यं प्रधानं रसादिभ्य इति प्रतीज्ञा; कुतः! **तर-तमयोगानुपलब्धेः** (सू० १००)।--तर-तमयोगो रसादिषु दृष्टः। तत्र द्वयोरतिशये तरप्, बहुभ्योऽतिशये तमप्। मधुरतरो, मधुरतमः; शीततरः, शीततमः; छर्दनीयतर, छर्दनीयतमं; लघुतरो लघुतमः; कर्मतरं, कर्मतममिति। द्रव्येषु नास्ति यष्टीमधुकतरो यष्टीमधुकतम इति। तस्मात् तर-तमयोगाभावाद् रसादिभ्यो द्रव्यं प्रधानमिति। × × ×। (भा०)। **सर्वेन्द्रियोपलब्धेः** (सू० १०१)।--द्रव्यप्राधान्यसाधनार्थमयं च हेतुः--सर्वेत्यादि श्रोत्रादिभिरिन्द्रियैर्द्रव्यं गृह्यते, रसादयो ह्येकेन्द्रियग्राह्याः। रसनेन रसः शीतादिस्पर्शनेन वीर्यं फलदर्शनाच्चक्षुषेति कल्पयामः, विपाकस्तथैव, कर्म चक्षुषा। द्रव्यं पुनश्चक्षुषा दृष्ट्वा यष्टीमधुकं जानाति,स्पृष्ट्वा च रात्रौ यष्टीमधुकमिति प्रतिपद्यते,रसनेनास्वाद्य यष्टीमधुकमिति वेत्ति, घ्रात्वा च यष्टीमधुकमित्यवगच्छति, श्रुतं च यष्टीमधुकज्ञानं भवति; एवमनेकेन्द्रियग्राह्यत्वात् प्रधानं द्रव्यमिति (भा०) **व्यवस्थानात्** (सू० १०२) × ×। व्यवस्थानादिति द्रव्यं व्यवस्थितं, गुणा ह्यनवस्थिताः। उक्तं च--"दूर्वांकुरनिभं भूत्वा फलं जम्बवास्ततः पुनः। मेचकं भजते वर्णं पुनरञ्जनसंनिभम् ॥" इति। एवं तद्गताश्च स्पर्श-रस-गन्धाश्चानवस्थिताः।। जम्बूफलमिति द्रव्यं सामान्यम्। × × ×। (भा०)। **अधिष्ठानादाश्रयात्** (सू० १०३)। ××। द्रव्यमाश्रयः. आश्रयिणो रसादय इति। आश्रयभूतः प्रधानः स्वामी दृष्ट इति (भा०)। **आरम्भसामर्थ्यात्** (सू० १०४)। आरम्भश्चिकित्सायां क्रियारम्भः--मूलमाहरेत्यादि। तस्मिन् द्रव्यस्यैव सामर्थ्यं, न रसादीनामारम्भसामर्थ्यम्। अविकलेन्द्रियः पुरुषः प्रधानो दृष्टः पङ्गोरिति (भा०)। **विकल्पसामर्थ्यात्** (सू० १०५)। × ×। विविधः कल्पो विकल्पः कल्ककषायादिभेदेन तस्मिन् विकल्पे सामर्थ्यात्, तत् सर्वं द्रव्यस्यैव नान्यस्येति। × × ×। (भा०) **प्रतीघातसामर्थ्यात्** (सू० १०६)। प्रतीघात आवरणं, तस्मिन् सामर्थ्यं द्रव्यस्यैव भवति, मूर्तिमत्त्वात्। अप्रतीघातात्मनां काल-दिगात्मादीनां किं प्राधान्यं निवार्यत इति ? न सर्वेभ्यः प्राधान्यं साधयितुमिष्टं, (किन्तु) रसादिभ्य इत्यदोषः। तेषामपि मूर्तिमत्वमिष्यत एव कैश्चिदिति। तदप्यसत्। तस्मादयमन्यः कल्पः--प्रतीघातसामर्थ्यात् स्वस्थानेऽन्यस्यानवकाशदानादिति। रसादयःसंपृक्तास्तिष्ठन्तीति। आवरणार्थोऽपि स एव घटते यः स्वस्मिन् स्थानेऽन्यस्यावकाशं निरुणद्धि, स प्रधानो दृष्टः--चक्रवर्तीति (भा०)। **शास्त्रोपदेशसामर्थ्यात्** (सू० १०७)। × ×। आगमादित्यर्थः। शास्त्र एवोपदिश्यते हि--"य एव हि गुणा द्रव्ये शरीरेष्वपि->

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पक्वे न सन्ति; नित्यत्वाच्च, नित्यं हि द्रव्यमनित्या गुणाः. यथा[1]—कालादिप्रविभागात्तदेव संपन्नरसगन्धं व्यापन्नरसगन्धं वा भवति; स्वजात्यवस्थानाच्च, यथा हि—पार्थिवं द्रव्यमन्यभावं न गच्छत्येवं शेषाणि; पञ्चेन्द्रियग्रहणाच्च, पञ्चभिरिन्द्रियैर्गृह्यते द्रव्यं न रसादयः; आश्रयत्वाच्च, द्रव्यमाश्रिता रसादयः; आरम्भसामर्थ्याच्च, द्रव्याश्रित आरम्भः, यथा—'विदारिगन्धादिमाहृत्य संक्षुद्य विपचेत्' इत्येवमादिषु न रसादिष्वारम्भः, शास्त्रप्रामाण्याच्च, शास्त्रे हि द्रव्यं प्रधानमुपदेशे हि योगानां, यथा—"मातुलुङ्गाग्निमन्थौ च" (सु. सू. अ. ३७) इत्यादौ न रसादय उपदिश्यन्ते; क्रमापेक्षितत्वाच्च रसादीनां, रसादयो हि द्रव्यक्रममपेक्षन्ते, यथा—तरुणे तरुणाः, संपूर्णे संपूर्णा इति; एकदेशसाध्यत्वाच्च, द्रव्याणामेकदेशेनापि व्याधयः साध्यन्ते (न रसादिभिः, कस्मात् ? निरवयवत्वात्[2]), यथा—महावृक्षक्षीरेणेति; तस्माद् द्रव्यं प्रधानम्। द्रव्यलक्षणं तु 'क्रियागुणवत् समवायिकारणम्' इति ।।

पाको नास्ति विना वीर्याद् वीर्यं नास्ति विना रसात् ।
रसो नास्ति विना द्रव्याद् द्रव्यं श्रेष्ठमतः स्मृतम् ।।
जन्म तु द्रव्य-रसयोरन्योन्यापेक्षिकं स्मृतम् ।
अन्योन्यापेक्षिकं जन्म यथा स्याद्देह-देहिनोः ।।
वीर्यसंज्ञा गुणा येऽष्टौ तेऽपि द्रव्याश्रयाः स्मृताः ।
रसेषु न भवन्त्येते निर्गुणास्तु गुणाः स्मृताः ।।

←ते स्मृताः। तान् द्रव्यैस्तद्गुणैरेव प्रयोगेणाभिवर्धयेत्।।" इति। सामान्य प्रयोगवचने विशिष्टेन प्रयोगो निर्दिश्यत इति (भा०) **अवयवेन सिद्धे-** (सू० १०८)। ×× । अवयवेन एकदेशेन प्रदेशेन सिद्धेः, 'प्रयोगेषु' इति वाक्यशेषः यथा—मूलत्वगादिना अवयवेन यः साधयति स प्रधानो दृष्टः। ×× । (भा०)। **तदनुविधानाच्चेतरेषाम्** (सु० १०९)। ×× । इतरेषां रसादीनां द्रव्यस्यानुविधानात्। द्रव्यमनुवर्तन्ते हि रसादयः; तारुण्ये तरुणाः, संपत्तौ संपन्नाः, विपत्तौ विपन्ना भवन्तीति। ये यमनुवर्तन्ते ते तस्मादप्रधाना दृष्टाः। तद्यथा—गुरोः शिष्या इति (भा०) **द्रव्यमाश्रयलक्षणं पञ्चानाम्** (र० वै० सू० अ० १, सू० १६६)। रसादीनां पदार्थानां यदाश्रयभूतं तद् द्रव्यम् (भा०) ।।

१—'यथा कल्कादिप्रविभागः, स एव संपन्नरसगन्धो व्यापन्नरसगन्धो वा भवति इति डल्हणसंमतः पाठः। २—कोष्ठकान्तर्गतः पाठो हाराणचन्द्रेण न पठ्यते।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्ये द्रव्याणि यस्माद्धि विपच्यन्ते न षड्रसाः ।
श्रेष्ठं द्रव्यमतो ज्ञेयं शेषा भावास्तदाश्रयाः ॥

--सु. सू. अ. ४०

अत्र द्रव्यादीनां प्रत्येकं प्राधान्यमेकीयमतेन दर्शयितुं द्रव्यप्राधान्ये प्रथमं सहेतुकमेकीयमतमाह--तत्रेत्यादि । एतच्च एकीयमतोपदर्शनं सम्यग्द्रव्यादिस्वभावकज्ञानार्थम् ; अभिनिविष्टो हि वादी स्वपक्षसाधनार्थं सर्वं स्वरूपं प्राधान्यख्यापकं दर्शयति, तेन चान्ते वक्ष्यमाणाचार्यसिद्धान्तसहितेन सम्यक् प्रतीतिर्भवति ; एतदर्थमेव चरकेऽपि वातादिप्राधान्ये एकीयमतान्युपन्यस्य वातकलाकलीयादवाचार्यमतमुपदर्शितम् । व्यवस्थितत्वादिति अवस्थाभेदेन रसादिभेदेऽपि द्रव्यस्य व्यवस्थितत्वात् ; यथा—आम्रफलं प्रथमं कषायाम्लं, मध्येऽम्लं, ततो मधुरम् ; एवं रसाव्यवस्थानेऽपि द्रव्यमात्ररूपतया व्यवस्थितम् हेत्वन्तरमाह—नित्यत्वादिति । नित्यत्वं रसादिनाशेऽप्यव्यस्थितत्वमिह ज्ञेयं ; व्यवस्थितत्वं तु रसाद्यन्यथात्वे तद्रूपतया व्यवस्थितत्वमिति विशेषः । कालादीत्यत्रादिशब्देन जल-वातादयो गृह्यन्ते । व्यापन्नरस-गन्धमिति नष्टरस-गन्धम् । अत्रैकस्मिन् द्रव्यप्राधान्ये साध्ये बहुहेतूपदर्शनं शास्त्रत्वादेव भवति, वादे हि द्वितीयादिहेतुकथनमसाधनाङ्गवचनमिति नोपादीयते । स्वजात्यवस्थानादिति परिणामेऽपि द्रव्यं स्वजातावतिष्ठते, न जात्यन्तरं भवति ; यत् पार्थिवं तत् पार्थिवमिति, यदाप्यं तदाप्यमेवेत्यादि जात्यपरित्यागः ; रसस्तु क्षीरे मधुरत्वं परित्यज्य (दध्नि) चाम्लतां यातीत्याद्यनुसर्तव्यम् । जातिश्चेह पार्थिवत्वादिरूपा व्यवस्थिता अभिप्रेता ; तेन क्षीरस्य दधित्वं, गुडस्य शर्करात्वमित्यादि जातिभेदो नोद्भावनीयः । पञ्चेन्द्रियग्रहणादित्यत्र पञ्चभिरिन्द्रियैर्द्रव्यं गृह्यत इति चक्षुषा स्पर्शनेन तावद्द्रव्यग्रहणमविवादसिद्धमेव, घ्राण-रसन-श्रोत्राणामपि सुरभिचन्दनं, तथा मधुरः कोषकारः, तथा सुस्वरा वीणेत्यादि सामानाधिकरण्यज्ञाने द्रव्यग्रहणं प्रति स्फुटतरव्यापाराद् द्रव्यग्राहकत्वं ज्ञेयम् । आश्रयत्वाच्चेति रसादीनां द्रव्यमाश्रयः ; तेनाश्रिता रसादयः परतन्त्रत्वादप्रधानाः ; आश्रयस्तु प्रधानमित्यर्थः । आरम्भसामर्थ्यादिति षष्ठो हेतुर्व्यक्तः । शास्त्रप्रामाण्यादिति शास्त्रेण प्रमाणेन प्राधान्येनोपदेशात् । क्रमापेक्षितत्वादिति द्रव्यक्रमापेक्षितत्वाद्रसादीनाम् । तरुणा इति असंपूर्णाः । एकदेशसाध्यत्वादिति नवमो हेतुर्व्यक्तः । कस्माद्रसादीनामप्येकदेशेन न व्याधयः साध्यन्त इत्याह—निरवयवत्वादिति । व्युत्पादितप्राधान्यस्य द्रव्यस्य लक्षणमाह—द्रव्यलक्षणमित्यादि । क्रियावत्, गुणवत्, समवायिकारणं द्रव्यमिति । क्रिया कर्म, गुणा रसादयः, समवायिकारणं स्वसमवेतकार्यजनकम् । एते क्रियावत्त्वादयो रसादिव्यावर्तका इतीहोक्ताः । × × × । सर्वद्रव्य-व्यापक-विजातीयव्यावृत्तं तु लक्षणमिह गुणवत्त्वमेव । एतदेव क्रिया-गुणयोर्यथाक्रमं द्रव्यव्याप्यक्रिया द्रव्ये विद्यते, गुणाः समवयन्तीति

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

" मेदोऽभिवर्धनः	बलवर्धनः	तीक्ष्णः
" मज्जाभिवर्धनः	वातानुलोमनः	सरः
" ओजोऽभिवर्धनः	हृदयतर्पणः	विकासी
" शुक्राभिवर्धनः	आस्यस्रावणः	अवस्रंसी
आयुष्यः	भुक्तापकर्षणः	अवकाशकरः
षडिन्द्रियप्रसादनः	क्लेदनः	वातहरः
बलकरः	पाचनः	स्तम्भविधमनः
वर्णकरः	प्रीणनः	बन्धविधमनः
पित्तघ्नः	लघुः	संघातविधमनः
विषघ्नः	उष्णः	सर्वरसप्रत्यनीकः
मारुतघ्नः	स्निग्धः (च.)	आस्यस्रावणः
तृष्णाप्रशमनः	वातनिग्रहणः	कफविष्यन्दनः
दाहप्रशमनः	अनुलोमनः	स्रोतोविशोधनः
त्वच्यः	कोष्ठविदाही	शरीरावयवमार्दवकरः
केश्यः	बहिःशीतः	आहाररोचनः
कण्ठ्यः		

१—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० १६३–१८० ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मधुरो रसः

- वल्यः
- प्रीणनः
- जीवनः
- तर्पणः
- बृंहणः
- स्थैर्यकरः
- क्षीणक्षतसन्धानकरः
- घ्राणप्रह्लादनः
- ओष्ठप्रह्लादनः
- जिह्वाप्रह्लादनः
- दादप्रशमनः
- मूर्च्छाप्रशमनः
- षट्पदपिपीलिकेष्टः
- स्निग्धः
- शीतः
- गुरुः (च.)
- चक्षुष्यः
- संधानः
- बालहितः
- वृद्धहितः
- क्षतक्षीणहितः
- कृमिकरः
- कफकरः (सु.)
- स्तन्यकरः
- मृदुः (अ. सं.)
- सृष्टमूत्रः
- सृष्टपुरीषः (र. वै.)

अम्लो रसः

- प्रायशो हृद्यः (सु.)
- हृदयबोधनः
- तर्पणः
- व्यवायी (अ. सं.)
- कफकरः
- पित्तकरः
- रक्तप्रकोपकः (अ.हृ.)
- सृष्टमूत्रः
- सृष्टपुरीषः (र. वै.)

लवणो रसः

- आहाररोचनः
- किंचिद् गुरुः
- स्निग्धः
- उष्णः (च.)
- संशोधनः
- विश्लेषणः
- शैथिल्यकरः (सु.)
- स्नेहनः
- स्वेदनः
- व्यवायी
- कफविष्यन्दनः (अ.सं.)
- सृष्टमूत्रः
- सृष्टपुरीषः (र.वै.)

कटुको रसः

- मुखविशोधनः
- अग्निदीपनः
- भुक्तशोषणः

तिक्तो रसः

- अरोचिष्णुः
- अरोचकहरः
- विषघ्नः

कषायो रसः

- संशमनः
- संग्राही
- संधानकरः

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कटुको रसः	तिक्तो रसः	कषायो रसः
नासास्रावणः	कृमिघ्नः	पीडनः (व्रणस्य)
नेत्रविरेचनः	मूर्च्छाप्रशमनः	रोपणः
इन्द्रियपाटवकरः	दाहप्रशमनः	शोषणः
अलसकविनाशनः	कुष्ठप्रशमनः	स्तम्भनः
श्वयथुविनाशनः	तृष्णाप्रशमनः	श्लेष्मप्रशमनः
उपचयहरः	त्वक्स्थिरीकरः	रक्तप्रशमनः
उदर्दहरः	मांसस्थैर्यकरः	पित्तप्रशमनः
अभिष्यन्दहरः	ज्वरघ्नः	क्लेदशोषणः
स्नेहहरः	दीपनः	रूक्षः
क्लेदहरः	पाचनः	शीतः
मलहरः	स्तन्यशोधनः	लघुः (च.)
अन्नरुचिकरः	लेखनः	लेखनः (सु.)
कण्डूहरः	क्लेदोपशोषणः	बद्धपुरीषः
व्रणावसादनः	मेदस उपशोषणः	त्वक्सवर्णकरः
कृमिहरः	मज्जोपशोषणः	प्रीणनः (अ. सं.)
मांसविलेखनः	लसिकोपशोषणः	मेदोविशोषणः
बन्धच्छेदनः	पूयोपशोषणः	आमस्तम्भनः (अ. हृ.)
स्रोतोविवरणः	स्वेदोपशोषणः	बद्धमूत्रः (र. वै.)
श्लेष्मशमनः	मूत्रोपशोषणः	
लघुः	पुरीषोपशोषणः	
उष्णः	पित्तोपशोषणः	
रूक्षः (च.)	श्लेष्मोपशोषणः	
पाचनः	रूक्षः	
शोधनः	शीतः	
स्थौल्यहरः	लघुः (च.)	
आलस्यहरः	छेदनः	
स्वेदहरः	शोधनः	
कफहरः	कण्ठविशोधनः (सु.)	
विषहरः	मेध्यः (अ. सं.)	
कुष्ठहरः	बद्धमूत्रः	
स्तन्योपहन्ता	बद्धपुरीषः (र. वै,)	

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कटुको रसः

मेदोपहरः
शुक्रहरः (सु.)
शोणितसंघातभेदनः
तीक्ष्णः (अ. सं.)
मलापहरः (अ. हृ.)
बद्धमूत्रः
बद्धपुरीषः (र. वै.)

भक्ष्यमाणानां षण्णां रसानां लक्षणानि[1]

मधुररसलक्षणम्

स्नेहनम्
प्रीणनम्
आह्लादः
मार्दवम्
मुखव्यापनम्
मुखबोधनम्
मुखोपलेपः (च.)
परितोषः
तर्पणम्
जीवनम्
श्लेष्माभिवृद्धिः (सु.)
षट्पदपिपीलिकाप्रियत्वम् (अ. सं.)
इन्द्रियप्रसादनम् (अ. हृ.)

अम्लरसलक्षणम्

दन्तहर्षः
मुखास्रावः
स्वेदनम्
मुखबोधनम्
मुख-कण्ठविदाहः (च.)
अन्नभक्षणेऽभिरुचिः (सु.)
जिह्वोद्वेजनम्
अक्षिभ्रुसंकोचः
रोमहर्षः (अ. सं.)

लवणरसलक्षणम्

मुखे विलयनम्
क्लेदनम्
विष्यन्दनम्
मार्दवम्
मुखविदाहः (च.)
अन्नभक्षणे रुचिः
कफप्रसेकः (सु.)
कण्ठ-कपोल-विदाहः (अ. सं.)
कण्ठ-गलदाहः (अ. हृ.)

कटुरसलक्षणम्

रसनासंवेजनम्
जिह्वातोदः
विदाहः
मुखसंस्रावः
नासासंस्रावः

तिक्तरसलक्षणम्

रसनेन्द्रियप्रतिघातः
अस्वदनम्-अस्वादुता
मुखवैशद्यम्
मुखशोषः
प्रह्लादः (च.)

कषायरसलक्षणम्

जिह्वावैशद्यम्
जिह्वास्तम्भः
जिह्वाजाड्यम्
कण्ठविबन्धः (च.)
मुखशोषः

१—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० १५८-१६३।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कटुरसलक्षणम्

अक्षिसंस्रावः (च.)
जिह्वाप्रपीडनम्
उद्वेगः
शिरोग्रहः (सु.)

तिक्तरसलक्षणम्

गलचोषः
अन्नभक्षणे रुचिः
हर्षः (सु.)
कण्ठविशोधनम् (अ. सं.)
कण्ठ-कपोलयोश्चिमिचिमायनम् (अ. सं.)
कपोलदाहः (अ. हृ.)

कषायरसलक्षणम्

हृदयकर्षणम्
हृदयपीडनम् (सु.)
स्रोतोविबन्धः (अ. हृ.)

रसानामतिसेवने दोषाः[1]

मधुररसस्यातिसेवने जायमाना विकाराः

स्थौल्यम्
मार्दवम्
आलस्यम्
अतिस्वप्नम्
गौरवम्
अनन्नाभिलाषः
अग्निदौर्बल्यम्
आस्य-कण्ठयोर्मांसाभिवृद्धिः
श्वासः
कासः
प्रतिश्यायः
अलसकः
शीतज्वरः
आस्यमाधुर्यम्
वमनम्
संज्ञाप्रणाशः
स्वरप्रणाशः
गलगण्डः
गण्डमाला
श्लीपदः

अम्लरसस्यातिसेवने जायमाना विकाराः

दन्तहर्षः
तर्षः (तृष्णारोगः)
नेत्रसंमीलनम्
रोमसंवेजनम् (रोमहर्षः)
कफविलयनम्
पित्ताभिवृद्धिः
रक्तदुष्टिः
मांसविदाहः
देहशैथिल्यम्
क्षीण-क्षत-कृश-दुर्बलानां श्वयथुजननम्
क्षत-अभिहत-दृष्ट-दग्ध-भग्न-शून-प्रच्युत-अवमूत्रित-परिसर्पित-मर्दित-च्छिन्न-भिन्न-विश्लिष्ट-विद्ध-उत्पिष्टादिषु पूयजननम्
कण्ठोरोहृदयेषु दाहः (च.)
कण्डूः
पाण्डुता
दृग्विघातः

लवणरसस्यातिसेवने जायमाना विकाराः

पित्तप्रकोपः
रक्तप्रकोपः
तृषा
मूर्च्छा
तापः
दारणम्
मांसकोथः
कुष्ठप्रगलनम्
विषवर्धनम्
मांसस्फुटनम्
दन्तच्यवनम्
पुंस्त्वोपघातः
इन्द्रियोपरोधः
वलयः
पलितम्
खालित्यम्
रक्तपित्तम्
अम्लपित्तम्
विसर्पः
वातरक्तम्

१—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० १६३-१८०।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मधुररसस्यातिसेवने

जायमाना विकाराः

- गलशोथः
- बस्त्युपलेपः
- गलोपलेपः
- अक्ष्यामयाः
- अभिष्यन्दः (च.)
- कृमयः
- अर्बुदम् (सु.)
- प्रमेहः
- नेत्रार्बुदम्
- गलार्बुदम्
- उदर्दः
- शिरःशूलम्
- उदरम् (अ. सं.)
- संन्यासः (अ. हृ.)

अम्लरसस्यातिसेवने

जायमाना विकाराः

- क्षत-विहतविसर्पः
- रक्तपित्तम्
- भ्रमः (अ. सं.)
- तिमिरम्
- विस्फोटः
- ज्वरः (अ. हृ.)

लवणरसस्यातिसेवने

जायमाना विकाराः

- विचर्चिका
- इन्द्रलुप्तम् (च.)
- कण्डूः
- कोठः
- शोफः
- वैवर्ण्यम्
- इन्द्रियोपतापः
- मुखपाकः
- अक्षिपाकः
- वातरक्तम्
- अम्लोद्गारः (सु.)
- किटिभः
- आक्षेपः
- क्षतवृद्धिः
- विषवृद्धिः
- मदवृद्धिः
- बलक्षयः
- ओजःक्षयः (अ. सं.)
- कुष्ठानि (अ. हृ.)

कटुरसस्यातिसेवने

जायमान विकाराः

- पुंस्त्वोपघातः
- मोहः
- ग्लानिः
- सादः
- कृशता
- मूर्च्छा
- नमनम्
- तमः

तिक्तरसस्यातिसेवने

जायमाना विकाराः

- रसादिसप्तधातुशोषणम्
- बलक्षयः
- कृशता
- ग्लानिः
- मोहः-मूर्च्छा
- भ्रमः
- मुखशोषः
- वातविकाराः (च.)

कषायरसस्यातिसेवने

जायमाना विकाराः

- मुखशोषः
- हृदयपीड़ा
- उदराध्मानम्
- वाक्संगः
- स्रोतोविबन्धः
- श्यामवर्णता
- पुंस्त्वोपघातः
- विष्टम्भः

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कटुरसस्यातिसेवने

जायमाना विकाराः

भ्रमः
कण्ठदाहः
शरीरोपतापः
बलक्षयः
तृषा
भ्रमः
श्वयथुवदाहः
कम्पः
तोदः
भेदः
चरण-भुज-पार्श्व-पृष्ठ-
प्रभृतिषु वातरोगाः (च.)
मदः
गल-तालोष्ठशोषः
सन्तापः (सु.)
वमनम्
शुक्रक्षयः
गलोपशोषः
संकोचः (अ. सं.)
आकुञ्चनम्
कटिवेदना (अ. हृ.)

तिक्तरसस्यातिसेवने

जायमाना विकाराः

गात्रस्तम्भः
मन्यास्तम्भः
आक्षेपकः
शिरःशूलम्
तोदः
भेदः
छेदः
आस्यवैरस्यम् (सु.)

कषायरसस्यातिसेवने

जायमाना विकाराः

वात-मूत्र-पुरीषा-
णामवरोधः
कृशता
ग्लानिः
तृषा
स्तम्भः
पक्षवध-ग्रह-अपतानक-
प्रभृतयोवातरोगाः (च.)
मन्यास्तम्भः
गात्रस्फुरणम्
चुमचुमायनम्
आकुञ्चनम्
आक्षेपः (सु.)

रसानां गुणतारतम्यम्[1]

शीता (सौम्या) रसाः

मधुरः (उत्तमः)
तिक्तः (अवरः)
कषायः (मध्यमः)

उष्णा (आग्नेया) रसाः

कटुः (अवरः)
अम्लः (मध्यमः)
लवणः (उत्तमः)

गुरवो रसाः

मधुरः (उत्तमः)
लवणः (अवरः)
कषायः (मध्यमः) (च.)
अम्लः (सु.)

१—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० १९१–१९४।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

लघवो रसाः	रूक्षा रसाः	स्निग्धा रसाः
अम्लः (अवरः)	कषायः (उत्तमः)	मधुरः (उत्तमः)
कटुः (मध्यमः)	कटुः (मध्यमः)	अम्लः (मध्यमः)
तिक्तः (उत्तमः) (च.)	तिक्तः (अवरः)	लवणः (अवरः)
कषायः, (सु.)		

रससहचरा वीर्यसंज्ञका गुणाः[1]

मधुरः	अम्लः	लवणः	कटुः	तिक्तः	कषायः
स्निग्धः	लघुः	किञ्चिद्गुरुः	लघुः	रूक्षः	रूक्षः
शीतः	उष्णः	स्निग्धः	उष्णः	शीतः	शीतः
गुरुः	स्निग्धः	उष्णः	रूक्षः	लघुः	गुरुः
मृदुः		तीक्ष्णः		तीक्ष्णः	

दोषहरा रसाः[2]

वातहरा रसाः	पित्तहरा रसाः	कफहरा रसाः
मधुरः	कषायः	कषायः
अम्लः	मधुरः	कटुः
लवणः	तिक्तः	तिक्तः

दोषजनका रसाः[3]

वातजनका रसाः	पित्तजनका रसाः	कफजनका रसाः
कटुः	कटुः	मधुरः
तिक्तः	अम्लः	अम्लः
कषायः	लवणः	लवणः

रसानां विपाकाः[4]

मधुररसविपाकः	अम्लरसवि०	लवणरसवि०	कटुरसवि०	तिक्तरसवि०	कषायरसवि०
मधुरः	अम्लः	मधुरः	कटुः	कटुः	कटुः
गुरुः	लघुः	गुरुः	लघुः	लघुः	लघुः

१—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० १६३–१८०। २—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० १९४–२०१।
३—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० १९४–२०१। ४—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० २३५–२४५।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

चरकमतेन विपाककर्माणि[1]

कटुविपाकः	अम्लविपाकः	मधुरविपाकः
शुक्रनाशनः	शुक्रनाशनः	सृष्टविण्मूत्रः
बद्धविण्मूत्रः	सृष्टविण्मूत्रः	कफकरः
वातलः	पित्तकरः	शुक्रकरः
लघुः	लघुः	गुरुः[2]

सुश्रुतमतेन विपाककर्माणि

गुरुविपाकः	लघुविपाकः
वातपित्तघ्नः	बद्धविण्मूत्रः
कफकरः	वातकरः
सृष्टविण्मूत्रः	श्लेष्मघ्नः

वीर्यकर्माणि[3]

उष्णवीर्यकर्म	शीतवीर्यकर्म	स्निग्धवीर्यकर्म	रूक्षवीर्यकर्म
दहनं	प्रह्लादनं	स्नेहनं	वातवर्धनं
पचनं	विष्यन्दनं	बृंहणं	संग्रहणं
मूर्च्छनं	स्थिरीकरणं	संतर्पणं	पीडनं
स्वेदनं	प्रसादनं	वाजीकरणं	विरूक्षणं
वमनं	क्लेदनं	वयःस्थापनं	रोपणं
विरेचनं	जीवनं		
विलयनं	स्तम्भनं		
वात-कफ-नाशनं	रक्त-पित्त-प्रसादनं		
पित्तवर्धनं	वात-कफ-वर्धनं		
लाघवं	गौरवं		
शुक्रनाशनं	बलवर्धनं		
भ्रमः			
तृषा			
ग्लपनं			
स्वेदनं			

विशदवीर्यकर्म	पिच्छिलवीर्यकर्म	मृदुवीर्यकर्म	तीक्ष्णवीर्यकर्म
क्लेदाचूषणं	उपलेपनं	रक्त-मांस-प्रसादनं	आचूषणं
विरूक्षणं	पूरणं, संश्लेषणं	सुस्पर्शनं	अवदारणं
उपरोहणं	बृंहणं, वाजीकरणं		स्रावणं

१—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० २-६०२६३। २—अस्मिन्नेव ग्रन्थे पृ० २६१।
३—अस्मिन्नव ग्रन्थे पृ० २८२-२८६।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

परिशिष्ट २

आयुर्वेदिक तथा आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञान पर तुलनात्मक विचार

लेखक

स्वर्गीय डॉ० बालकृष्ण अमरजी पाठक एम० बी० बी० एस०

आज, जब कि आयुर्वेद के उपासकों पर विपक्षियों की ओर से यह आक्षेप करने में आता है कि—आयुर्वेद में द्रव्यों का उपयोग उनके शास्त्रीय ज्ञान के विना ही किया जाता है, 'द्रव्यगुणविज्ञानम्' जैसे ग्रन्थ का प्रकाशन स्वागतार्ह है। बहुत थोड़े मनुष्य यह जानते हैं कि आयुर्वेदाचार्यों ने भी द्रव्यों के गुण-दोषों के सम्बन्ध में अनेक विचार किये हैं। इतना ही नहीं, किन्तु इन विचारों को उन्होंने एक सिद्धान्त (Theory) द्वारा एकसूत्र में आबद्ध भी कर लिया है, तथा जैसे आयुर्वेद का रोगविज्ञान त्रिदोषवाद पर आश्रित है वैसे ही उसका चिकित्साविज्ञान (Therapeutics) भी द्रव्यगुणविज्ञानपर आश्रित है।

इस पूर्वार्द्ध में किया गया निरूपण लोकभोग्य नहीं, किन्तु विद्वद्भोग्य है; कारण, एक साधारण चिकित्सक को द्रव्यों के गुण-दोषों की जानकारी से ही सन्तोष हो जाता है। उसे यह जानने की आवश्यकता नहीं मालूम होती कि यह जानकारी किन प्रमाणोंपर अवलम्बित है।

जो लोग आयुर्वेद को जादू-टोने की नवीन आवृत्ति मानते हैं अथवा जिनका यह पूर्वग्रह (Prejudice) है कि इस देश के वैद्यकीय वाङ्मय में वैज्ञानिक विचारों का अभाव है, उन्हें तो मुझे कुछ कहना ही नहीं है। परन्तु जो अवलोकन के आधारपर[1] सत्यासत्य की परीक्षा किया चाहते हैं उनके लिये इस ग्रन्थ में संगृहीत जानकारी अमूल्य है। आयुर्वेद के उपासकों को इस ग्रन्थ में, मधुमक्षिकाओं द्वारा विभिन्न पुष्पों में से सुगन्धित द्रव्य संचित करके बनाये हुए मधु के सदृश, आयुर्वेदिक वाङ्मय के विभिन्न ग्रन्थों में एकत्र करके संकलित की गयी सरस सामग्री उपलब्ध होगी, ऐसा मेरा मत है।

जैसे वर्तमान वैद्यकीय ज्ञान का पदार्थविज्ञान (Physics), रसायनशास्त्र (Chemistry), जीवविद्या (Biology), मानसशात्र (Psychology) आदि विज्ञान की शाखाओं के साथ गाढ़ सम्बन्ध है, उसी प्रकार आयुर्वेद का उस काल के

१—Therefore, medical science should always be ready to investigate claims that can be confirmed or disproved by observation irrespective of the question as to the possibility of the truth of the theory which led to their discovery.–Applied Pharmacology by Clark.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

दर्शनों के साथ गाढ़ सम्बन्ध था। सांख्य, वैशेषिक, योग तथा न्यायशास्त्र के साथ आयुर्वेद का सम्बन्ध आयुर्वेद के अभ्यासियों को सुविदित है[१]।

आयुर्वेदाचार्यों ने संयमधन तपस्वियों के गम्भीर चिन्तनों के परिणामस्वरूप उत्पन्न दार्शनिक मन्तव्यों को चिकित्सा के व्यावहारिक क्षेत्र (Practical field) में नियोजित करके, अपनी वैज्ञानिक दृष्टि का उपयोग किया है। इस ग्रन्थ के अध्याय इस बात के साक्षी हैं।

साथ ही यह बात भी उल्लेखनीय है कि प्राचीन आचार्य अन्य वैद्यकीय शास्त्रों के प्रति भी उदार दृष्टि रखते थे[२]। जैसे व्यवहार में संकुचित दृष्टि दैन्यमनोग्रन्थि (Inferiority complex) का लक्षण है, वैसे ही विज्ञान के क्षेत्र में संकुचित दृष्टिवाले मनुष्य अपना मानसिक दौर्बल्य प्रकट करते हैं। यह कथन विज्ञान के अन्य क्षेत्रों की अपेक्षया वैद्यकीय क्षेत्र में अधिक सत्य है। कारण, रोगनिवारण (Cure) तथा रोगप्रतिबन्ध (Prevention) के सतत प्रयास होते हुए भी एक भी चिकित्सापद्धति को इस कार्य में संपूर्ण सिद्धि नहीं मिली है। यही देखकर तो इस देश में तथा पश्चिम में साहित्यकारों ने समय-समयपर अपनी प्रतिभा का उपयोग वैद्यों या डाक्टरों के धन्धे का उपहास करने में किया है[३]।

वाचकों को आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञान का यत्किञ्चित् परिचय कराने तथा पूर्व और पश्चिम की विचारधाराएँ कहाँ-कहाँ मिलती हैं और कहाँ-कहाँ पृथक् होती है, यह बताने के उद्देश्य से ही यह परिशिष्ट लिखा गया है। कहने की आवश्यकता नहीं कि इसमें प्रकट किये गये विचारों की जबाबदारी मेरी है। जिनको विशेष जिज्ञासा हो उन्हें तो प्राचीन तथा अर्वाचीन आकर ग्रन्थ ही देखने चाहिए।

पाश्चात्य द्रव्यगुणविज्ञान का इतिहास--

पाश्चात्य द्रव्यगुणविज्ञान (Pharmacology) अबतक विचित्र परिस्थितियों

१—देखिये 'आयुर्वेद अने दर्शनों' इस नाम का दुर्गाशङ्कर केवलराम शास्त्री का गुजराती निबन्ध, तथा पं० नारायणदत्त त्रिपाठीकृत 'आयुर्वेददर्शन' नामक ग्रन्थ।

२--देखिये--"विविधानि हि शास्त्राणि भिषजां प्रचरन्ति लोके, तत्र यन्मन्येत.....तदभिप्रपद्येत शास्त्रम्"; तथा--"न चैव ह्यति सुतरामायुर्वेदस्य पारं, तस्मादप्रमत्तः शश्वदभियोगमस्मिन् गच्छेत्.....परेभ्योऽप्यागमयितव्यम्। कृत्स्नो हि लोको बुद्धिमतामाचार्यः, शत्रुश्चाबुद्धिमताम्।" आदि उपदेशवचन (चरक० वि० अ० ८)।

३—संस्कृत में भाण-प्रहसन आदि रूपकों में अन्य अधम कक्षा के पात्रों के साथ एकाध मूढ़ वैद्य को भी खड़ा किया पाया जाता है। अंग्रेजी वाङ्मय में भी प्रख्यात सिद्धहस्त लेखक बर्नार्ड शॉने Doctor's Dilemma (डॉक्टर्स डाइलेमा) नाम के नाटक में चिकित्साशास्त्र के व्यापारी अर्थात् डाक्टरोंपर कटाक्षरूप शरवर्षा करने में कमी नहीं की है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

में से गुजरा है। इसका लोकप्रिय नाम **मेटीरिया मेडिका** (Materia-Medica) है। आजकल लगभग इसी अर्थ में **फॉर्मकॉलॉजी** (Pharmacology) शब्द व्यवहृत होता है। वैज्ञानिक पद्धति से जिन द्रव्यों का गुण-धर्म समझ में आवे उन्हीं का उपयोग करना यह इस शास्त्र का आग्रह है। प्राचीन ग्रीक तथा रोमन संस्कृतियों की इस पर छाया है। हीपोक्रेटिस, गेलन आदि प्राचीन चिकित्सकों के लेखों का इस पर प्रभाव है। ये प्राचीन पाश्चात्य चिकित्सक भारत के कितने अंश में ऋणी हैं यह बात ऐतिहासिकों को सुविदित है[1]। सत्रहवीं शताब्दी तक के इतिहास की परीक्षा की जाय तो तुलना में, इस देश में हुई द्रव्यगुण-विज्ञान की प्रगति बहुत संतोषकारक प्रतीत होगी। यूरोप में लगभग सोलहवीं शताब्दीतक परम्परागत मन्तव्यों किंवा रूढ़ियों का अनुसरण करने एवं लब्धप्रतिष्ठ वैद्यों का अनुकरण करने की परिपाटी प्रचलित थी। किन्तु अमुक औषध अमुक रोग की चिकित्सा में क्यों देना चाहिये, वह औषध किस प्रकार कार्य करती है; इस बात का सप्रमाण विचार (Logical thought) नहीं किया जाता था।

इस स्थिति का मुख्य कारण शरीरव्यापारशास्त्र (Physiology) तथा संप्राप्तिविज्ञान (Pathology) के ज्ञान का अभाव था। उस काल में विज्ञान की इन दोनों शाखाओं का संतोषप्रद विकास नहीं हुआ था। अतः द्रव्यगुणविज्ञान केवल अनुभव तथा शब्दप्रमाण पर आश्रित था। परन्तु, जबतक शरीर के विभिन्न अवयवों के व्यापार न विदित हों तबतक उनकी विकृतियाँ समझ में नहीं आ सकतीं, यह बात दीपक के समान स्पष्ट है[2]।

इस विचित्र परिस्थिति के परिणाम भी विचित्र थे। विषमज्वर (Malaria) चिकित्सा इसका ज्वलन्त उदाहरण है। सत्रहवीं शताब्दी में अमेरिका से लौटे हुए यात्रियों ने बताया कि सिनकोना की छाल (Cinchona bark) मलेरिया के लिए अमोघ औषध है। उन्नीसवीं शताब्दी में भारत से निवृत्त हुए एक डॉक्टर ने कहा कि विषमज्वर के लिए कैलोमेल (Calomel) एक अव्यर्थ औषध है। यह जानकर वाचकों को विस्मय होगा कि सन् १८४७ ई० तक कम्पनी सरकार के राज्य में कलकत्ता की हॉस्पिटल में विषमज्वर की चिकित्सा में कैलोमेल का छूट से उपयोग होता था। परिणाम की कल्पना की जा सकती है! अन्ततः क्वीनाईन का आविष्कार हुआ और अनेकों का विरोध होते हुए भी उसका उपयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही गया।

१—देखिये **'काश्यप संहिता'** का उपोद्घात पृ० १९१।

२—देखिये **चक्रपाणि** के मननीय शब्द—'तत्र ग्रहणीरोगनिर्दिष्टाग्नि-दोषे वक्तव्ये **प्रकृतिज्ञानानन्तरीयत्वाद् विकृतिज्ञानस्य** प्रथम तावदविकृतस्याग्ने रूपमाह' (च. चि. अ. १५)।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

औषध चिकित्साशास्त्र का महत्त्वपूर्ण अङ्ग है, परन्तु औषध देने में ही चिकित्सा की सम्पूर्णता नहीं है। अन्य विषयों पर भी लक्ष्य करना आवश्यक होता है[1]। शारीरशास्त्र तथा संप्राप्तिविज्ञान (Pathology) के घोर अज्ञान के वातावरण में ऐसा चिकित्साशास्त्र रचने के प्रयास शुरू हुए जिसका स्वरूप निश्चित हो तथा जो प्रत्यक्ष, अनुमान, अनुभव तथा युक्ति की भित्ति पर खड़ा (Rational System of Therapeutics) हो। इसके परिणामस्वरूप १९ वीं सदी में यूरोप में जो परिस्थिति उत्पन्न हुई उसका इतिहास बड़ा मनोरञ्जक है।

अठारहवीं शताब्दी से आजकल ॲलॉपॅथी (Allopathy) के नाम से प्रसिद्ध चिकित्सापद्धति का प्रचार बढ़ा। आजकल डाक्टर लोग इस नाम से चिढ़ते हैं। कारण, इसमें जो दोष विद्यमान थे वे प्रकाश में आ गये हैं। ॲलॉपॅथी का मुख्य ध्येय रोग के लक्षणों को जैसे बने दबा देना था। जैसे—ज्वर आया तो दो स्वेदल (Diaphoretic) औषध, अतिसार हुआ तो दो ग्राही (Astringent) औषध इत्यादि। और इस ध्येय की पूर्ति के लिये जोंक, सिरावेध, वमन, विरेचन प्रभृति का पुष्कल व्यवहार होता था। केवल फ्रांस में १८२७ ई० में तीन करोड़ बीस लाख जोंकों का उपयोग हुआ था। प्रवाहिका (Dysentery) तथा विषम ज्वर की चिकित्सा में कॉलोमेल की बीस ग्रेन जितनी बड़ी मात्रा दी जाती थी। फल यह होता था कि प्रायः केसों में रोगी सर्वथा अशक्त और निःसंज्ञ होकर परम-धाम को सिधार जाता था। आज भी डॉक्टरों में कितने ही इस परंपरा को चालू रखे हुए हैं।

इस लक्षणप्रत्यनीक चिकित्सापद्धति (Symptomatic treatment) के सामने **होमियोपैथी** ने सिर उठाया। उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में ही हेन्मेन (Hahnemann) ने प्रतिपादन किया कि औषधों की परीक्षा प्रथम स्वस्थ पुरुषों पर होनी चाहिए और पीछे उनका प्रयोग रोगियों पर होना चाहिए। यह विचार उत्तम था और है। परन्तु उसने दो अन्य सिद्धान्त भी प्रस्तुत किये जो विवादास्पद हैं—(१) स्वस्थ पुरुष को अमुक औषध देने से जो चिह्न दृष्टिगोचर हों उन्हीं चिह्नोंवाला रोग उस औषध के देने से मिट जाता है[2]। (२) औषध को क्रमशः घोटते-घोटते उसकी मात्रा का प्रमाण अल्पतर वा अल्पतम बनाने से उसकी रोगनिवारणशक्ति क्रमशः अधिकतर वा अधिकतम हो जाती है[3]। ये दोनों

१—देखिये भगवान् चरक के शब्द—'इह खलु व्याधीनां × × × अनन्तरं दोष-भेषज-देश-काल-बल-शरीराहार-सार-सात्म्य-सत्त्व-प्रकृति-वयसां मानम्' (च. वि. अ १)।

२—Like cures like.

३—The actions of drugs are potentiated by dilution.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सिद्धान्त अॅलॉपॅथी के सिद्धान्त से भिन्न हैं और इतने अंश में हॉमियोपॅथी का द्रव्यगुणविज्ञान भिन्न मार्ग का अनुसरण करता है। जब हॉमियोपॅथी की दवाओं से भी रोगी अच्छे होने लगे तब लोगों को ख्याल आया कि द्रव्यगुणविज्ञान के सिद्धान्तों में भी मतभेद को स्थान है एवं अॅलॉपॅथी में भी कुछ दोष हैं। अस्तु।

हॉमियोपॅथी के उपासकों ने औषधद्रव्यों की इतनी अल्पतम मात्रा देनी शुरू की कि साधारण मनुष्यों को वह हास्यास्पद लगने लगी। परन्तु उस काल में हॉमियोपॅथी अॅलॉपॅथी की अपेक्षा कम हानि करती थी। कारण, अत्यन्त अल्प मात्रा में औषध देकर हॉमियोपॅथी शरीर की स्वाभाविक संरक्षणशक्ति को रोग का सामना करने का अवसर देती थी। उधर उस काल की अॅलॉपॅथिक-पद्धति रोग के लक्षणों को एकदम दबाने का प्रयास करके, रोग रोगी को मारे, उसके पूर्व ही उसे यमसदन को पहुंचाती थी!

तथापि, आधुनिक वैज्ञानिक चिकित्साशास्त्र (Modern Therapeutics) उपर्युक्त दोनों चिकित्सापद्धतियों का ऋणी है। अॅलॉपॅथी में व्यवहृत होनेवाले कितनेक द्रव्य आज व्यवहार में आते हैं, जब कि हॉमियोपॅथी द्वारा इसे शरीर की अद्भुत संरक्षणशक्ति का ज्ञान हुआ है। रोग का आक्रमण होने के पश्चात् शरीर स्वतः स्वाभाविक रीति से रोगमुक्त होने का यत्न करता है, अतः उसे इस प्रयास में जितनी सहायता दी जा सके, उतनी ही चिकित्साशास्त्र की सफलता है[1]।

हॉमियोपॅथी के युग में साथ में जीवनरसायनशास्त्र (Biochemistry) का भी प्रादुर्भाव हुआ। शरीर में अमुक-अमुक द्रव्यों की कमी के कारण रोग होते हैं और ये द्रव्य प्रदान करने से रोग निर्मूल हो जाता है, इस मत पर यह आश्रित है। इसका औषधसंग्रह स्वल्प है। सहस्रों व्याधियों का बहुत थोड़े द्रव्यों की सहायता से प्रतीकार करने की यह चेष्टा कर रहा है। यह अॅलॉपॅथी की अपेक्षा हॉमियोपॅथी के अधिक निकट है।

इसके अनन्तर जानी औषधों से उद्विग्न रोगियों को आश्वासन देने को अस्थ्युपचारशास्त्र (Osteopathy) का आगमन हुआ। अस्थियों के स्थानभ्रंश (Dislocation) किंवा आघात के कारण रोग उत्पन्न होते हैं और अस्थियों का उपचार करने से शान्त हो जाते हैं, यह माननेवाले चिकित्सकों का भी एक वर्ग खड़ा हुआ, जो आज भी विलायत में खानगी रूप में अपना धंधा चला रहा है।

इसके बाद इन सब पद्धतियों को एक ओर रखकर केवल प्राकृतिक उपयों का अवलम्बन करनेवाली **निसर्गोपचारपद्धति** (Naturopathy) का जन्म हुआ।

१--यह स्थापना अॅलॉपॅथी से स्पष्टतः विपरीत है। लक्षणों को दबाने से रोग नष्ट नहीं होता। उसका कारण दूर करने से ही रोग का नाश होता है। रोग को नष्ट करने के लिये सम्पूर्ण शरीर यत्न करता है, यह उसका स्वभाव है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रकृति के नियमों का पालन करने से--सादा आहार अथवा उसमें योग्य परिवर्तन, लङ्घन, वस्ति, संवाहन, सूर्यस्नान आदि प्राकृतिक उपायों से ही रोग मिट जाते हैं, तथा चिकित्सापद्धति में औषध को स्थान नहीं है, यह इस शास्त्र का मन्तव्य है।

परन्तु ये सब पद्धतियाँ शारीरिक उपचारों की ओर ध्यान देती थीं। इन सबसे विरुद्धगामिनी एक नवीन चिकित्सापद्धति अस्तित्व में आई, जिसे **मानसोपचारपद्धति** (Psychotherapy) कहा जाता है। कितनेक मानसिक रोगों से पीडित रोगियों के लिये यह पद्धति वररूप सिद्ध हुई। आज वह अनेक रोगों के शान्त करने का दावा कर रही है। अल्पकाल में इसके तुल्यरूप एक अन्य उपचार पद्धति का भी आविष्कार हुआ, जिसे **प्रार्थनोपचारपद्धति** (Christian Science Faith healing) कहते हैं। रोगों को मिटाने के लिये मन को दृढ़ बनाना, आस्थासहित ईश्वरप्रार्थना करना, ईश्वरपर श्रद्धा रखना, इत्यादि इसके उपदेश हैं। यह पद्धति भी अभी चालू है।

यहाँ समस्त चिकित्साशास्त्रों की नामावली नहीं दी है, किन्तु मनुष्य जाति ने अपने को रोग के आक्रमण से बचाने के लिये कैसे-कैसे उद्यम किये हैं इसका संक्षिप्त दिग्दर्शन मात्र कराया है। किसी को भी चढ़ाने का या किसी को उतारने का मेरा इरादा नहीं है। कारण, सत्य एक है, परन्तु, सत्य के रूप अनेक हैं; जैसे विराट पुरुष एक होते हुए भी उसके हजार सिर, हजार आंख और हजार पैर है[1]।

चिकित्सा के प्रदेश में इस प्रकार नाना मत होने से सब कोई परस्पर के दोष देखने तथा एक पक्ष लेकर विवाद करने में मग्न हैं। परन्तु इस प्रकार के विवाद के परिणामस्वरूप कोई सिद्धान्त निश्चित नहीं होता, न सत्य की ही उपलब्धि होती है। विवादप्रिय जनों को मैं भगवान **पुनर्वसु** के शब्द[2] तथा आज से हजारों वर्ष पूर्व उच्चरित **ईशोपनिषद** के पवित्र शब्दों की[3] याद दिलाता हूँ।

बीसवीं सदी के प्रारम्भ से एक नवीन चिकित्सापद्धति का आविर्भाव हुआ जो अपने को वैज्ञानिक चिकित्सापद्धति कहलाती है। सामान्य जन तो इसे ॲलॉपैथी का नवीन संस्करण ही समझते हैं, यद्यपि इस नवीन चिकित्सापद्धति ने उन्नीसवीं

१--देखिये **पुरुषसूक्त**, "सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।" इत्यादि।

२--"तथर्षीणां विवदतामुवाचेदं पुनर्वसुः।
मैवं वोचत तत्त्वं हि दुष्प्रापं पक्षसंश्रयात्॥
वादान् सप्रतिवादान् हि वदन्तो निश्चितानिव।
पक्षान्तं नैव गच्छन्ति तिलपीडकवद्गतौ॥
मुक्त्वैवं वादसंघट्टमध्यात्ममनुचिन्त्यताम्।
नाविधूततमःस्कन्धे ज्ञेये ज्ञानं प्रवर्तते॥ --च. सू. अ. २६

३--"हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।
तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये॥" --ई. उ. १६

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शतीकी ॲलॉपॅथीके कितने ही मन्तव्यों को तिलांजलि दे दी है। आजकल इस पद्धति का प्रचार सबसे अधिक है।

विभिन्न चिकित्साशास्त्रों के विवाद के परिणामस्वरूप जो अनवस्था उत्पन्न हुई हैं उससे उद्धार पानेके लिए वैज्ञानिक चिकित्सापद्धति ने नवीन मार्ग स्वीकार किया है और वह है प्रत्येक औषध के गुण-धर्म दीर्घ अवलोकन तथा प्रयोग करने के पश्चात् निर्णय करने का। चिकित्सा के अन्य अङ्गों में भी यह पद्धति अन्य चिकित्सापद्धतियों की ऋणी है। स्वस्थ तथा रुग्ण प्राणियों एवं पुरुषों पर परीक्षण करने के पश्चात् ही औषधों को चिकित्सार्थ स्वीकार करना—इस नियम का इसने दृढ़तापूर्वक पालन करना शुरू किया है। वाचकों को यह न समझना चाहिए कि यह मार्ग सुगम है। कारण प्राणियों पर किये हुए परीक्षण सदा ही मार्गदर्शक सिद्ध नहीं होते। प्रत्येक प्राणी में रोग का प्रतिकार करने की शक्ति भिन्न-भिन्न प्रमाण में होती है, एवं एक ही औषधद्रव्यों की क्रिया भिन्न-भिन्न प्राणियों पर भिन्न-भिन्न होती है। इस कारण प्राणियों पर किये हुए प्रयोगों के परिणाम अक्षरशः मनुष्योंपर घटित नहीं हो सकते, यह मर्यादा स्वीकारनी पड़ी है। यही स्थिति मनुष्योंपर किये गये परीक्षणोंकी भी जाननी चाहिए। परन्तु सब मिलकर इस प्रयोगात्मक पद्धतिने अबतक हानिकी अपेक्षा लाभ ही अधिक प्रमाण में किया है।

यह चिकित्सापद्धति अस्तित्व में आने के अन्य भी कई ऐतिहासिक कारण हैं। गत सौ वर्षों में विज्ञान की प्रगति अति वेगवती हो गई है। इसकी विभिन्न शाखाओं ने इतने अधिक नवीन मन्तव्य प्रस्तुत किये हैं कि अबसे पूर्वकी चिकित्सापद्धतियों द्वारा उपदिष्ट सिद्धान्तोंके चौखटे में इनका समावेश नहीं हो सका। परिणाम-तया इस पद्धति का जन्म हुआ। यह किसी एक प्रजा या देश की नहीं है। यह संसारके विभिन्न देशों मे कार्य करनेवाले विज्ञानके विविध क्षेत्रों में संचरण करने वाले शोधकों के सामान्य विचार प्रस्तुत करती है। यह बात साधारण वाचक की समझ में न आयेगी, इस कारण इस दृष्टिबिन्दु की व्याख्या करनेवाली कुछ बातों का उल्लेख करता हूँ। आशा रखता हूँ कि भगवान् पुनर्वसु के शब्द ध्यान में रखते हुए वाचक निष्पक्ष होकर अनुमान कर लेंगे।

(१) शरीरव्यापारशास्त्र(Physiology)ने बतलाया कि मनुष्य के शरीरमें, सामान्य दशा में, दो प्रकार की सत्ता चल रही है। मस्तिष्क तथा ज्ञान-तन्तुओं के हाथमें (Nervous Control) जितनी सत्ता है उतनी ही सत्ता शरीरमें संचार करते तथा प्रतिदिन तैयार होते रासायनिक पदार्थों (Chemical Control) के हाथमें है। इनमें भी कतिपय नलिकाहीन ग्रन्थियों (Ductless Glands) द्वारा निर्मित अन्तःस्रावों के नामसे प्रसिद्ध (Hormones) द्रव्य विशेष करके उल्लेखनीय हैं। इन पदार्थों की क्रिया केवल शारीरिक व्यापारोंपर नहीं किंतु

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मानसिक व्यापारों पर भी होती है। अन्य शब्दों में कहें तो शरीर में नाडीतन्त्र (Nervous System) के साथ रहकर कार्य करता हुआ एक अन्य भी रासायनिक तन्त्र विद्यमान है, जो उसके व्यापारों के नियमन में भाग लेता है। प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों ने वातादि दोषोंका मन किंवा मानसिक व्यापारों के साथ सम्बन्ध प्रतिपादित किया है, यह बात तुलनात्मक दृष्टि से महत्व की है[१]।

(२) **विकृतिविज्ञान अथवा संप्राप्तिशास्त्र** (Pathology) की देन इससे भी अधिक महत्व की है। गत शताब्दी में **आशुमृतकपरीक्षा** (Postmortem examination) द्वारा रोगों के कारण शरीर मे उत्पन्न हुए परिवर्तनों का अवलोकन किया जाता था। परन्तु पीछे से विदित हुआ कि मृत्यु होते ही शरीर के प्रत्येक कोष (Cell) में इतने अधिक परिवर्तन प्रारम्भ हो जाते हैं कि यह निर्णय करना दुष्कर होता है कि रोगजन्य परिवर्तन कौनसे हैं तथा मृत्युजन्य परिवर्तन कौनसे हैं? अतः जीवित शरीर में होनेवाले विकृतिजन्य विकारों का अवलोकन करना अधिक लाभप्रद है। इस उद्देश्य से नवीन यन्त्रों और नवीन पद्धतियों का अन्वेषण होने लगा। इस शास्त्र की एक शाखा के रूप में **जन्तुशास्त्र** (Bacteriology) भी खूब पल्लवित हुआ। इसकी गवेषणाओं से सिद्ध हुआ कि इन जन्तुओं में से कितनेक की प्रवृत्तियों के परिणामरूप मनुष्यों, प्राणियों एवं वनस्पतियों में व्याधियाँ उत्पन्न होती हैं। तथा, इन रोगोत्पादक जन्तुओं से शरीर का रक्षण किया जाय, तो इनसे उत्पन्न होनेवाले व्याधियों के आक्रमण से बचा जा सकता है। इन विचारों के फलस्वरूप अनेक निज समझे जानेवाले रोग आगन्तुक समझे जाने लगे। क्षय, विषमज्वर, विसूचिका, श्लीपद, स्नायुक, महाकुष्ठ आदि इसके उदाहरण हैं। प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों को इस दिशा की झाँकी हुई थी, परन्तु सम्प्रति जैसे स्पष्ट विचार प्रचलित हैं वैसे उस काल में न थे। जन्तुशास्त्र की गवेषणाएँ कायचिकित्सकों से अधिक शल्यविदों (Surgeons) को उपयोगी हुई हैं, कारण, जन्तुओं की छूत के कारण होनेवाले उत्पात शान्त

१—नाड़ीतन्त्र के व्यापारों में प्राचीनोक्त वायु का समावेश होता है, जब कि रासायनिक तन्त्र के व्यापारों में प्राचीनों के पित्त और कफ का समावेश होता है। शरीर के प्रत्येक कोष में इन दोनों तन्त्रों की क्रियाएँ दृष्टिगत होती हैं। प्राचीनों की परिभाषा में, प्रत्येक कोष में याने प्रत्येक अतीन्द्रिय और अति सूक्ष्म शरीरावयव में वात, पित्त तथा कफ की क्रियाएँ दीख पड़ती हैं (देखिये—"शरीरावयवास्तु परमाणुभेदेन अपरिसंख्येया भवन्ति, अतिबहुत्वादतिसौक्ष्म्यादतीन्द्रियत्वाच्च" (च. शा. अ. ७)। वायु के व्यापार याने ज्ञानतन्तुओं के व्यापार, तथा पित्त और कफ के व्यापार अर्थात् कोषों में प्रवर्तमान भौतिक तथा रासायनिक परिवर्तन—इन दोनों तन्त्रों में नाड़ीतन्त्र का अधिक महत्त्व माना जाता है। प्राचीन आचार्य भी यही मानते होंगे-यह 'पित्तं पंगुः कफः पंगुः' इस प्रसिद्ध पंद्य से विदित होता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

हो गये तथा व्रणशोथ, विसर्प, विद्रधि (Abscess), अश्मरी और अन्त्रवृद्धि का भय दूर हो गया। प्लेग, कॉलरा, चेचक सरीखे छुतहे (संक्रामक) रोगों का आतङ्क भी अब कम होता जाता है। इन गवेषणाओं का प्रभाव चिकित्साशास्त्र पर भी हुआ है। कण्ठरोहिणी (Diphtheria), धनुर्वात (Tetanus) आदि रोगों की चिकित्सा में विषनाशक किंवा जन्तुनाशक रक्तजलों (Antitoxic or Antibacterial Sera) का पुष्कल उपयोग किया जाता है। इसी प्रकार जन्तुओं में से बनाई गयी लसीकाओं (Vaccines) का भी उपयोग होता है। इस चिकित्सा के अनेक मूलभूत सिद्धान्तों में कई दोष भी जानने में आये हैं। जन्तुशास्त्र की शोधों के कारण उत्साहाविष्ट लोगों ने रोगोत्पादन में जन्तुओं को उचित से अधिक महत्त्व दे दिया और इनका संहार करने से ही संपूर्ण रोग निर्मूल हो जायेंगे यह मान लिया। इसके पीछे विदित हुआ कि चेतन शरीर में रोगों का प्रतीकार करने की शक्ति (Immunity) स्वभाव से ही रहती है और यदि यह शक्ति टिकाये रखने का प्रयत्न किया जाय, तो जन्तुओं से डरने की आवश्यकता नहीं है। बीज और क्षेत्र में किसकी देखभाल अधिक करनी चाहिए—यह पुरातन प्रश्न है। वैज्ञानिक जगत् एक बार पुनः मानने लगा है कि क्षेत्र की देखभाल अधिक महत्त्व की है[१]।

जन्तु अत्यन्त सूक्ष्म होने से, उनके संपूर्ण जीवनव्यापार सूक्ष्मदर्शक यन्त्र (Microscope) की सहायता से भी नहीं देखे जा सकते। परन्तु अब यह त्रुटि भी दूर हो गयी है। हाल ही में आविष्कृत वैद्युत सूक्ष्मदर्शक यन्त्र (Electron Microscope) की सहायता से अब यह सूक्ष्मतम वस्तु भी दर्शनसुलभ हो गयी है। कारण, यह यन्त्र सूक्ष्म वस्तु को एक लाखगुनी बड़ी करके दिखाता है। इस यन्त्र द्वारा जन्तुओं के विष (Toxin) तथा उसके प्रतिविष (Antitoxin) के मध्य शरीर में होनेवाले व्यापार प्रत्यक्ष किये जा सकते हैं। आशय यह कि पहले के अनुमानगोचर व्यापार अब प्रत्यक्षगोचर किये जा सकते हैं, एवं इतने अंश में चिकित्साशास्त्रकी नींव अधिक दृढ़ हो गयी है। प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों ने शरीर के—क्षेत्रको—अधिक महत्त्व देकर जन्तुओं को गौण स्थान दिया था—इस मत का जो कि आज समर्थन होता है, परन्तु जान्तव सृष्टि की विस्तृत जानकारी आधुनिक वाङ्मय अतिविशाल प्रमाण में प्रस्तुत करता है। उनका एक अन्य सिद्धान्त भी आज स्वीकृत हुआ है और वह है रोग और मनुष्य की प्रकृति के बीच का सम्बन्ध। प्रत्येक मनुष्य की प्रकृति समान नहीं होती। अमुक प्रकृतिवाले को अमुक रोग होने की संभावना विशेषतः होती है। यह नियम शारीरिक तथा मानसिक दोनों प्रकार के

१—देखिये, Osler's Principles And Practice of Medicine. P.190.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रोगों की उत्पत्तिपर समान रूप से लागू होता है। रोग का आक्रमण होनेपर शरीर का एक भाग नहीं किन्तु समग्र शरीर रुग्ण होता है और इस रोग के सामने सारा शरीर युद्ध करता है। अतएव चिकित्साविधि में मनुष्य के केवल विकृति या विकृत होते हुए शारीरिक भाग की नहीं परन्तु एक व्यक्ति (Personality) की चिकित्सा करना उचित होता है। व्यक्ति से पुरुष की शारीरिक तथा मानसिक उभयविध बलसंपत्ति का ग्रहण है। आयुर्वेद का प्रत्येक अभ्यासी इन सिद्धातों में प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों द्वारा उपदिष्ट सिद्धान्तों की ही पुनःस्थापना समझे तो कोई विस्मय की बात नहीं[1]।

(६) रसायनविद्या ने चेतन शरीर के प्रत्येक पदार्थ का रासायनिक दृष्टि से अन्वेषण (विश्लेषण) किया और प्रतिपादन किया कि जिन मूल तत्त्वों (Elements) से यह स्थूल संसार बना है, उन्हीं से यह चेतन शरीर भी बना है। परन्तु चेतन शरीर में जो कितनेक नवीन यौगिक पदार्थ दिखाई पड़ते हैं, उन्हें प्रयोगशाला में कृत्रिम रीति से भी बनाया जा सकता है और जीवित शरीर को प्रदान किया जा सकता है। प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों की परिभाषा में कहना हो तो जिन पञ्च-महाभूतों से यह विश्व बना है, उन्हींसे यह मानवदेह बना है और इसमें विद्यमान पदार्थों के तुल्य पदार्थ बाहर से देने से उनकी कमी पूर्ण की जा सकती है[2]।

आहार की रासायनिक दृष्टि से मीमांसा होने पर आहारशास्त्र (Dietetics) अस्तित्व में आया। शरीर को अपेक्षित खाद्य पदार्थों तथा उनमें विद्यमान प्रजीवनक द्रव्यों की गवेषणा महत्त्वपूर्ण है। अनुभव के आधारपर उपयोगी सिद्ध हुए आहार-विषयक सिद्धान्तों को इस प्रकार रसायनशास्त्र से पुष्टि मिली है,इतना ही नहीं किन्तु इन प्रजीवनक द्रव्यों में से कई एक,वनस्पतियोंको हाथ लगाये बिना,कृत्रिम प्रकार से प्रयोगशाला में निर्मित होकर चिकित्साशास्त्र की सेवा में उपस्थित हो गये हैं। अब

१—A human being does not exist as rarefied mind united with a solid body. He is an organism all of Whose subsidiary functions contribute to this highest function—his mind which brings him not only consciousness, but also an integrated behaviour in relation to his surroundings. A Text Book of the practice of Medicine, By Price. P. 1805.

२—उदाहरणतया नलिकाहीन ग्रन्थियों के स्राव (Hormones) तथा प्रजीवनक द्रव्यों (Vitamins) में से कई एक प्रयोगशाला में बनाकर शरीर को प्रदान करने से शारीरिक स्वास्थ्य पुनः प्राप्त किया जा सकता है। देखिये इस विषय के प्रतिपादक भगवान् चरक के शब्द—"एवमेव सर्वधातुगुणानां सामान्ययोगाद् वृद्धिर्विपर्ययाद्ह्रासः" (च. शा. अ. ६)। तथा—"सर्वदा सर्वभावानां सामान्यं वृद्धिकारणम्। ह्रासहेतुर्विशेषश्च प्रवृत्तिरुभयस्य तु।" (च. सू. अ. १)।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आहार तथा रोगों का सम्बन्ध अधिक प्रमाण में समझ में आता जाता है और बड़े हॉस्पिटलों में आहारशास्त्री की नियुक्ति आवश्यक मानी जाती है।

प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों ने औषध द्रव्यों और आहार द्रव्यों का विचार एक ही साथ किया है। आज तो सुज्ञ या अज्ञ रोगी भी वैद्य से मिलते ही पथ्य की--क्या खाना और क्या न खाना, इस विषय की प्रश्नावली उपस्थित करता है। उधर, नव्य या वैज्ञानिक चिकित्साशास्त्र जन्तुओं का आमूल विनाश करने की कोरी कल्पना छोड़कर मानवदेह को समुचित आहारद्वारा, योग्य प्रजीवनक द्रव्यों के सेवन द्वारा अधिक शक्तिसम्पन्न बनाकर संक्रामक रोगों से टक्कर लेने का विचार कर रहा है[१]।

परन्तु रसायनविद्याने अधिक मूल्यवान् भाग तो चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदान किया है। संमोहन (Anaesthetics) तथा जन्तुनाशक (Antiseptics) द्रव्यों के आविष्कार ने शल्यविद्या तथा चिकित्साशास्त्र को सहायता दी है। शरीर का एक भी अवयव अब शल्यविदों के लिए दुष्प्राप्य या दुर्भेद्य नहीं रहा है। मस्तिष्क और हृदयपर भी शल्यशास्त्र अपना प्रभाव बढ़ाता जा रहा है। अब तो काय-चिकित्सा में भी रसायनशास्त्री मुख्य भाग लेने लग गये हैं--और वह है प्रयोगशाला में निर्मित रासायनिक द्रव्यों द्वारा जन्तुजन्य व्याधियों के नाश करने का कार्य (इस विषय का अधिक विवेचन आगे आयेगा)। धातुओं (Metals) का उपयोग पश्चिम में बहुत देर से शुरू हुआ। ये धातुएँ अब अर्धद्रव स्वरूप में (Colloidal state) चिकित्सा में प्रयुक्त होने लगी हैं।

वैज्ञानिक चिकित्सापद्धति की धारा ऐसे छोटे-छोटे स्रोतों के मिलने से बनी है। इस कारण इसमें कुछ वैविध्य भी आया है। परन्तु विस्मयजनक बात यह है कि इस पद्धति के सिद्धान्त आयुर्वेदिक चिकित्सापद्धति से अधिक-से-अधिक प्रमाण में सैद्धान्तिक दृष्टि से मिलते हैं। इसी कारण कई लोग कहते हैं कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति, इतिहास का विचार करें तो, आयुर्वेदिक पद्धति का पुनरवतार है। यह स्थापना अत्यन्त विवादास्पद है। इसका निर्णय मैं विद्वान् तथा मननशील वाचकों पर छोड़ता हूँ।

१--Preventive medicine hitherto has concerned itself chiefly with the prevention of the spread of organisms, but now it appears probable that much may be done by correct dieting to raise the resistance of populations.—रोगनिरोधक चिकित्सा का प्रधान अंग अब तक जन्तुओं के प्रसार को रोकना है। परन्तु अब यह सम्भव प्रतीत होता है कि उचित आहारद्वारा जनता की रोगनिवारण शक्ति को उत्कृष्ट बनाकर भी बहुत इष्टसिद्धि प्राप्त की जा सकती है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्य तथा उनके गुण-धर्म---

अभ्यास की सरलता के लिए द्रव्यों (Substances) के तीन भेद किये गये हैं—**औषधद्रव्य** (Drugs) **आहारद्रव्य** (Food) तथा **विषद्रव्य** (Poisons)। विज्ञान की इन तीनों द्रव्यसमूहों का वर्णन करनेवाली शाखाएँ क्रमशः **फार्मेकॉलॉजी** (Pharmacology—old term—Materia Medica प्राचीन संज्ञा—मैटिरिया मेडिका), **डायाटेटिक्स** (Dietetics) तथा **टॉक्सिकॉलॉजी** (Toxicology) नाम से प्रख्यात हैं। परन्तु कितनेक द्रव्य ऐसे हैं जिन्हें औषध कहा जाय या विष, इसका निर्णय दुष्कर होता है। सो, वाचकों को ये तीन विभाग सापेक्ष (Relative) समझने चाहिये। जैसे मधु, मद्य, द्राक्षा, दूध आदि द्रव्य आहारद्रव्यों एवं औषधद्रव्यों के अन्तर्गत हैं। यही कठिनाई औषध और विषद्रव्यों के भेद करने में होती है। कारण, कई औषध मात्रा और काल का विवेक न करके दिये जानेपर रोगी में विष के लक्षण उत्पन्न करते हैं। उधर, कई एक विष युक्तियुक्त सेवन से अल्पमात्रा में औषधरूप सिद्ध हुए हैं[1]। जैसे पारद के योग जमालगोटा, एरण्ड आदि अविवेक से दिये जानेपर हानि करते हैं जब कि अफीम, धतूरा या सर्पविष युक्तिपूर्वक प्रयोग से अमूल्य औषधरूप होते हैं[2]।

परन्तु इस ग्रन्थ का मुख्य विषय औषधद्रव्य होने से हम इन्हीं की मीमांसा करेंगे। आयुर्वेदाचार्यों ने द्रव्य का संघटन पाञ्चभौतिक माना है तथा गुण और कर्म द्रव्याश्रित माने हैं। अब इस सम्बन्ध में आधुनिक विज्ञानवादियों का मत देखते हैं। इसके मतानुसार द्रव्यों का संघटन विद्युच्छक्तिमय (Electrical) है। यह दृश्य जगत् ९२ मूल तत्त्वों (Elements) का बना हुआ है। प्रत्येक मूलतत्त्व का संघटन तथा गुणधर्म भिन्न-भिन्न होते हैं। परन्तु ये मूलतत्त्व भी अणुओं (Molecules) तथा परमाणुओं (Atoms) की लीला मात्र हैं। आशय यह है कि परमाणु मिलकर अणु बनते हैं और अणु मिलकर मूलतत्त्व बनते हैं। एवं ९२ मूलतत्त्वों के विविध संयोगों के परिणामस्वरूप अनेक यौगिक पदार्थ (Com-

---

१—तुलनार्थ देखिये—"योगादपि विषं तीक्ष्णमुत्तमं भेषजं भवेत्। भेषजं चापि दुर्युक्तं तीक्ष्णं संपद्यते विषम्॥" (च. सू. अ. १।१२६)। तथा—"अन्नं हि प्राणिनां प्राणास्तदयुक्त्या निहन्त्यसून्। विषं प्राणहरं तच्च युक्तियुक्तं रसायनम्॥"

२—It is indeed impossible to distinguish between drugs and poisons. Most remedies given in excess cause toxic symptoms; while many poisons are valuable remedies in small doses, Pharmacology and Therapeutics, by Cushny.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

pound Substances) प्रादुर्भूत होते हैं। अन्य शब्दों में कहें तो यह विश्व परमाणुओं का बना है। पदार्थों का संघटन परमाणुमय है, यह मन्तव्य अति प्राचीन है। प्राचीन वैशेषिकों तथा ग्रीक तत्त्ववेत्ताओं का भी यही अभिप्राय था। परन्तु आधुनिक परमाणुवाद इन प्राचीन मतों से भिन्न है। परमाणु भी विभाज्य घटक है—उसकी परीक्षा करने से उसमें प्रॉटोन, इलेक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन आदि विद्युद्वाही कण रहे हुए मालूम पड़ते हैं। इससे अधिक विस्तार जानने के लिए पदार्थविज्ञान के आकरग्रन्थ देखने चाहिए[1]। प्रत्येक रसायनव्यापार में (Chemical Process) परमाणु भाग लेते हैं। प्रत्येक मूलतत्त्व के परमाणुओं में विशिष्ट गुण-धर्म होते हैं। कारण, इनका भार तथा इनकी आन्तरिक रचना भिन्न होती है। इसी प्रकार मूलतत्त्वों के मिलने से यौगिक पदार्थ बनते हैं और उन्हें नवीन गुण-धर्म भी प्राप्त होते हैं। भूतानुप्रवेश के कारण होनेवाले महाभूतों के गुणधर्मों में परिवर्तन का निर्देश प्राचीनों ने भी किया है। परन्तु प्राचीनों के महाभूत आधुनिकों के मूलतत्त्व नहीं हैं। दोनों की विचारश्रेणियों में मौलिक मतभेद है। इससे स्पष्ट है कि आधुनिक विज्ञान के मतसे प्रत्येक पदार्थ के गुणधर्म में पार्थक्य का कारण उनका पृथक्-पृथक् परमाणुमय संघटन (Atomic Strucurte) है और इस संघटन से उनके भौतिक (Physical) तथा रासायनिक गुणों (Chemical Properties) का निर्णय होता है। इतना ही नहीं, मूल-तत्त्वों के अथवा किसी भी पदार्थ के आणविक संघटन में कृत्रिम रीतिसे— विद्युत्प्रवाह द्वारा या लोहचुम्बकद्वारा अथवा कोई प्राभाविक रासायनिक द्रव्य मिलाकर परिवर्तन किया जाय तो भी उनके गुणों में परिवर्तन हो जाता है। इसके विपरीत प्रयोगशाला में कृत्रिम साधनोंद्वारा अभीष्ट गुणोंवाले पदार्थ उत्पन्न किये जा सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मूलतत्त्वों को भी एक दूसरे के रूप में परिणत किया जा सकता है, यद्यपि व्यापारी पैमानेपर तो नहीं ही। इस प्रकार आजकल की प्रयोगशालाएँ नवीन पदार्थों के आविष्कार तथा प्राप्त पदार्थों के सूक्ष्म संघटन की शोध में तन्मयता से कार्य कर रही हैं।

१—**प्राचीन तथा अर्वाचीन परमाणुवाद**—प्राचीनकाल में परमाणु अखण्ड माने जाते थे। आजकल ये विभाज्य समझे जाते हैं। इनका संघटन विद्युन्मय है। परन्तु विद्युन्मय का अर्थ क्या ? इस प्रश्न का उत्तर कोई नहीं देता। इसके सिवाय परमाणु स्थिर नहीं किन्तु स्पन्दनशील हैं। विश्व में करोडों परमाणु प्रतिक्षण टूटते हैं और करोडों नये उत्पन्न होते हैं। अर्थात् कितने ही नवीन पदार्थ उत्पन्न होते हैं और कितने ही नाश को प्राप्त करते हैं। द्रव्य (Matter) और शक्ति (Energy) का सम्बन्ध अभी पूर्णतः स्पष्ट नहीं हुआ है। प्राचीन काल में ग्रीस में तथा इस देश में जो परमाणुवाद था उसमें ग्रीस के विचारों का वैशेषिक दर्शन पर प्रभाव पड़ा है, प्रख्यात विद्वान् कीथ का यह मत प्रमाणभूत नहीं है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अब पुनः औषधद्रव्यों के विचार की ओर जाते हैं, जो इस ग्रंथ का प्रधान विषय है। आधुनिक द्रव्यगुणशास्त्र को भूतकाल के अनुभव से बड़ा लाभ हुआ है। एवं वर्तमान काल में बढ़ती हुई वाहनव्यवहार की सुविधा के कारण विभिन्न देशों में प्रयुक्त होनेवाले औषधों की इसे ठीक-ठीक सहायता मिलती जाती है। फलतः इसके द्रव्यभण्डार में विभिन्न प्रकार के द्रव्य दीख पड़ते हैं। इन द्रव्यों के मुख्यतः चार विभाग किये जा सकते हैं--**वनस्पतिजन्य, प्राणिजन्य, खनिज** तथा प्रयोगशाला में कृत्रिम विधि से निर्मित **रासायनिक द्रव्य** (Synthetic Drugs)। रासायनिक द्रव्य बनाने की प्रवृत्ति दिन-दिन बढ़ती जा रही है। यह कहने की शायद ही आवश्यकता होगी कि वानस्पतिक द्रव्यों की संख्या बड़ी है। उनके विषय में निम्नोक्त बातों पर खास लक्ष्य दिया जाता है।

(१) **गुणोत्पादक तत्त्व**--(Active Principles)--प्रायः औषधों में विशिष्ट रासायनिक संघटनवाले पदार्थ स्थित होते हैं। औषधों के गुण-धर्म प्रायशः इनके कारण होते हैं। ये तत्त्व औषध के विभिन्न अंगों में विद्यमान होते हैं। अतएव जिस अङ्ग में ये पदार्थ या तत्त्व मालूम पड़े उसी का चिकित्सार्थ उपयोग होता है; उदाहरणतया, मूल, पत्र, त्वक्, स्कन्ध, पुष्प, बीज आदि। इन तत्त्वों का अन्वेषण प्रयोगशाला में रासायनिक विश्लेषणद्वारा किया जाता है। ये विशिष्ट तत्त्व आल्केलॉइड्, ग्लुकोसाइड्स, रेजिन्स्, ऑलीयोरेजिन्स्, गम्स्, वोलेटाइल् ऑइल्स् आदि नामों से प्रसिद्ध हैं। यहाँ यह स्वीकार करना चाहिये कि औषधद्रव्यों के संपूर्ण गुण-धर्म इससे स्पष्ट नहीं होते, परन्तु अधिकांश में समझ में आ जाते हैं[1]।

(१) **प्रशस्त भूमि** (Habitat) तथा **ग्रहणकाल** (Time for collection)। औषध किस भूमिपर उगा है तथा उसका किस काल में संचय किया गया है, इस बातपर औषध की शक्ति का बड़ा आधार है। जहाँ पर्याप्त पोषण न मिले ऐसे स्थलपर औषध उगा हो अथवा कुसमय में संचय किया गया हो, तो ऐसे औषध में उपर्युक्त तत्त्व यथेष्ट प्रमाण में नहीं होते। आजकल खास तैयार कराये गये खेतों में भिन्न-भिन्न प्रकार की खाद डालकर वनस्पतियों की खेती की जाती है और उनके अङ्गों में जब गुणोत्पादक तत्त्व अधिक से अधिक प्रमाण में हों ऐसे समय में ही उन्हें एकत्र किया जाता है[2]।

१--देखिये सु. सू. अ. ३९। इसमें भिन्न-भिन्न औषधीय कर्मों के लिए फल, मूल, त्वक्, आदि भिन्न-भिन्न अङ्ग लेने का उपदेश किया है। कारण, औषधों के उस-उस अङ्ग में खास-खास गुणोत्पादक तत्त्व विद्यमान होते हैं।

२--देखिये--सुश्रुत सू. अ. ३७। इस अध्याय में दिये गये निर्देशों का→

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(३) वनस्पतियाँ ठीक-ठीक पहिचाननी चाहिए। एक वर्ग की (N. O.) अनेक वनस्पतियाँ होती हैं और एक ही वनस्पति की अनेक जातियाँ (Species) होती हैं। इन सब की खिचड़ी न होने पावे यह आवश्यक है। इसी प्रकार इनके संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। उचित से अधिक धूप, सील, कीड़े आदि के कारण औषध बिगड़ जाते हैं या निर्वीर्य हो जाते हैं[1]। प्राणिजन्य औषधों के लिए भी ऐसी ही सावधानी रखनी चाहिए, अन्यथा वे भी निर्वीर्य बन जाते हैं। खनिजों को सामान्यतः रासायनिक विधि से साफ करके क्षार, अम्ल आदि के रूप में उपयोग में लिया जाता है। संक्षेप में, रसायनशास्त्र और औषधों के निर्माण में गाढ़ सम्बन्ध है।

शरीर और औषध—

प्रसिद्ध फ्रेंच साहित्यकार वॉल्टेर (Voltaire) ने अपने काल के चिकित्सा-शास्त्र का उपहास करते हुए कहा है कि औषध, जिनके सम्बन्ध में हम कुछ भी नहीं जानते, रोगी के शरीर में डालना, जिसके विषय में हमारा अज्ञान इससे भी अधिक है, इसका नाम है चिकित्सा या परिचर्या। आज भी यह पढ़कर हँसी आवे ऐसी स्थिति है; कारण, उक्त शब्द लिखे जाने के बाद शरीर और औषधों के सम्बन्ध में हमारा ज्ञान बहुत बढ़ गया है, परन्तु अज्ञात प्रदेश अब भी बहुत विशाल है।

जैसे-जैसे अभ्यास बढ़ता जाता है वैसे-वैसे शरीर के व्यापार और भी जटिल मालूम होते जा रहे हैं, जब कि औषधों और शरीर के मध्य आघात-प्रतिघात चन्द्र-ग्रहण के सदृश पहले से ही हिसाब करके नहीं कहे जा सकते। कारण स्पष्ट है कि एक ओर मानवदेह और दूसरी ओर औषध ये दोनों परिवर्तनशील पदार्थ हैं। उदाहरणतया, प्रत्येक रोगी के बल, वय, जठराग्नि आदि भिन्न होते हैं जब कि औषधों की रोगनिग्राहक शक्ति के ऊपर भी स्थल, काल, संग्रहणकाल आदि का प्रभाव होता है[2]। अतः दोनों के संयुक्त होनेपर सर्वदा एक ही प्रकार के (निर्धारित) परिणामों की आशा नहीं की जा सकती। फलितार्थ यह कि शरीर न तो घड़ी है न एञ्जिन, किन्तु एक चेतन घड़ी या एञ्जिन है। इसी विचारपरम्परा के कारण केवल प्राणियोंपर परीक्षण करके प्राप्त किया अनुभव मनुष्य जाति के लिये

←—आजकल पालन नहीं होता और निर्वीर्य औषध ही व्यवहृत होते हैं, यह शोचनीय है।

१—देखिये—सुश्रुत सू. अ. ३७ तथा चरक क. अ. १।

२—देखिये—चरक क. अ. १ में 'नानाविधदेशकाल × × × नानाप्रभाव-त्वाच्च।' यह वाक्य तथा इसपर चक्रपाणि की टीका।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

बहुत लाभदायक नहीं हो सकता। अलबत्ता, यह बात अन्वेषकों की दृष्टि के बाहर नहीं है। प्राचीन काल में औषधों का अनुभव मानवशरीरपर किये गये प्रयोगों से ही प्राप्त किया गया है। इस दृष्टि से हाल की विज्ञानशाखा--द्रव्यगुण-विज्ञानशाखा--प्राचीनों से भिन्न है। इसके सिवाय, कृत्रिम रोग और स्वयं उत्पन्न हुए रोग की चिकित्सा में भी भेद होता है। कारण, पहले दृष्टान्त में शरीर में प्राकृतिक बल होता है, जब कि दूसरे दृष्टान्त में वह इस बल से रहित होकर रोग का भोग हुआ प्रतीत होता है। अतः औषध की शक्ति का निर्णय करते हुए यह बात विचारने योग्य होती है। प्रयोगशालाओं में बहुधा प्राणियों में कृत्रिम प्रकार से रोग उत्पन्न करके औषधों के परीक्षण किये जाते हैं।

विज्ञानवादियों के मत से तथा प्रत्यक्षानुसार भी शरीर असंख्य सूक्ष्म कोषों-(Cells) का बना हुआ है। विभिन्न प्रकार के कोष शरीर में विभिन्न व्यापार करते हैं। औषधद्रव्यों की क्रिया इन कोषोंपर होती है। औषधों की क्रिया निम्न तीन में से एक प्रकार की हो सकती है। या तो औषध कोषों को उत्तेजित करता है (Stimulation), क्षुब्ध करता है (Irritation) अथवा अवसन्न करता है (Depression)। आशय यह कि कोषों का उत्तेजन, क्षोभण या अवसादन ये तीन ही औषधियों की क्रियाएँ हो सकती हैं। यहाँ यह याद रखना चाहिए कि औषधों के प्रभाव से कोष अपनी प्रवृत्ति न्यूनाधिक कर सकते हैं या विपथगामी भी कर सकते हैं, परन्तु उसे सर्वशः छोड़कर अन्य प्रकार की प्रवृत्ति नहीं करने लगते हैं। जैसे, फुप्फुस के कोष रक्त को न्यून अथवा अधिक स्वच्छ करें अथवा न करें परन्तु वे रक्त के कण उत्पन्न करने का नया कार्य नहीं करने पाते। एवं आमाशय के कोष न्यून वा अधिक पाचन करें या उत्क्लेश (Nausea) उत्पन्न करें परन्तु वे रुधिर स्वच्छ करने का नवीन काम नहीं करने लगते। सच्ची चिकित्सा का आदर्श इन कोषों को प्राकृतिक अवस्था में लाकर उनसे प्राकृतिक कार्य कराना है। अर्थात् क्षुब्ध हुए कोषों के व्यापार का संशमन, उत्तेजित व्यापारों का अवसाद और अवसन्न व्यापारों की उत्तेजना चिकित्सा का ध्येय है। प्राचीनों ने धातुओं की—दोषों की साम्यावस्था लाने का उपदेश किया है; कारण उन्होंने शरीर के प्राकृतिक और वैकृतिक कार्यों का खुलासा त्रिदोषवाद के आधारपर किया है और इसकी नींवपर अपने निदान और चिकित्सा को प्रतिष्ठापित किया है।

औषधद्रव्यों का शरीर में प्रवेश, शोषण, प्रसर, संचय तथा निःसरण (Entry, absorption, distribution, concentration, and excretion of drugs)—

व्याधि दूर करने के लिए विविध उपयुक्त औषधों को शरीर में प्रविष्ट करने के हेतु आजकल अनेक मार्गों का उपयोग किया जाता है। इनका वर्णन

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आगे होगा। परन्तु शरीर में प्रविष्ट होने के पश्चात् उनके गुण का—फल का आरम्भ होने में न्यूनाधिक समय लगता है। कारण, इस समय में द्रव्य विविध अवस्थाओं में से गुजरता है।—

(१) पिचकारीद्वारा सिरावेध करके रक्तप्रवाह में डाला हुआ द्राव्य (Soluble) औषध एक-दो मिनिट में ही सारे शरीर में फैल जाता है और शरीर के प्रत्येक कोष के संपर्क में आता है। हम जानते हैं कि केशवाहिनियों (Copillaries) की दीवालों से स्रुत लसीकाद्वारा धातुओं का पोषण होता है। वस्तुतः इस लसीकाद्वारा शारीरकोष वेष्टित या क्लिन्न (भीगे हुए) रहते हैं। जब औषध सारे शरीर में फैलता है तब वह इस लसीका के अन्दर भी व्याप्त हो जाता है। यहाँ भिन्न-भिन्न द्रव्यों की गति भिन्न-भिन्न होती है। (अ) कितनेक द्रव्य कोषों के बाहर की लसीका में ही रहते हैं, परन्तु कोषों के अन्दर घुस नहीं सकते। (ब) कितनेक द्रव्य कोषों के अन्दर एकदम प्रविष्ट हो जाते हैं और कोषों के चेतनरस (Protoplasm) पर अपनी क्रिया करते हैं। कोषों की दीवाल (Cellular wall) उनका मार्ग रोक नहीं सकती। अतः ये द्रव्य बहुत बलवान् माने जाते हैं, जैसे मद्य। (क) कितनेक द्रव्यों को शारीरिक कोष एकदम अपने अन्दर ग्रहण कर लेते हैं, जहाँ इनका कार्य तीव्रता से होता है अथवा सर्वथा बन्द हो जाता है। जैसे—यकृत् तथा मूत्रपिण्डों में कई बार द्रव्य एकत्र होते देखे जाते हैं, जो इनपर क्रिया करते हैं अथवा निष्क्रिय होकर बैठे रहते हैं।

परन्तु यह तो नवीन स्वीकृत किये हुए मार्गों की बात हुई[1]। सहस्रों वर्षों से चला आया मार्ग तो महास्रोत (Alimentary Canal) है। इससे भिन्न विविध मार्गों से प्रविष्ट हुए द्रव्य जठराग्नि की क्रिया से बच जाते हैं, जब कि मुखद्वारा प्रविष्ट हुए द्रव्य इससे बच नहीं सकते, यह बात मुख्यतः स्मरण रखने योग्य है।

(ख) मुखद्वारा प्रविष्ट हुए द्रव्यों में से बहुत थोड़े मुख के अन्दर लालास्राव के साथ मिलकर चूषित होते हैं, किन्तु अधिकांश द्रव्य आमाशय में जाते हैं। यदि खाली पेट पर्याप्त जल के साथ या अन्य द्रव के साथ औषध लिया जाय तो वह आमाशय में से शीघ्र ही निकलकर ग्रहणी में प्रविष्ट होता है और वहाँ से आगे जाता हुआ अन्त्रों की श्लेष्मकलाद्वारा चूसा जाता (Absorbed) है। इनमें से कई प्रतिहारिणी सिरा (Portal vein) द्वारा यकृत् में जाते हैं और कई रसायनियोंद्वारा

१—इसी प्रकार त्वचा में अथवा त्वचा के नीचे मांसपेशियों में पिचकारीद्वारा दिये गये द्रव्य न्यूनाधिक समय में शोषित होकर रुधिरप्रवाह में मिश्रित हो जाते हैं। जब महास्रोत दोषावृत हो जाता है अथवा शरीरपर तत्काल असर करने की आवश्यकता हो तब इन अन्य मार्गों का आश्रय लिया जाता है। इसके भी लाभालाभ हैं। **चरकोपदिष्ट अन्तः परिमार्जन** का यह एक प्रकार है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

चूसे जाकर रुधिरप्रवाह में मिल जाते हैं। यकृत् में गये हुए द्रव्यों में से कई एक उसके सूक्ष्म कोषों में से गुजरने के बाद रुधिरप्रवाह में जा मिलते हैं। इसके विपरीत कई विषरूप द्रव्यों को एकत्र करके यकृत् निर्विष (Detoxication) बनाता है अथवा उन्हें रुधिरप्रवाह में जाने से रोकता है, भले ही ये द्रव्य खुद यकृत् को हानि पहुँचानेवाले हों। इस प्रकार सोमल, फॉस्फरस आदि पदार्थों का शरीर में प्रमाण बढ़ जानेपर यकृत् उन्हें अधिक हानि करने से रोकता है। रुधिरप्रवाह में प्रविष्ट होने के पश्चात् इनका प्रसार ऊपर कहे गये प्रकारों से होता है। कहने की आवश्यकता नहीं कि मुख में प्रविष्ट होने के बाद प्रथम मुख में से ही लाला स्राव (Saliva) की, पीछे से आमाशय में जठररस (Gastric juice) की, उससे आगे ग्रहणी में पित्तरस, अग्न्याशयरस तथा अन्त्ररस (Succus entericus) की भौतिक और रासायनिक क्रिया होती है। बाद को इसका शोषण होता है। यदि भरे हुए पेटपर, थोड़े पानी के साथ औषध लिया जाय तो यह आमाशय में से शीघ्र निकल नहीं सकता, उसके शोषण की तो बात ही क्या? यहाँ यह स्वीकार करना पड़ेगा कि कतिपय द्रव्य (व्यवायी, विकासी या विशद) आमाशय में से बाहर ही बाहर चूसे जाकर यकृत् में से होकर सारे शरीर में फैल जाते हैं। इनपर पाकक्रिया पीछे से होती है। परन्तु अधिकांश द्रव्य पाकक्रिया के अनन्तर यकृत्द्वारा रुधिरप्रवाह में प्रविष्ट होते हैं।

आमाशय, क्षुद्रान्त्र या बृहदन्त्र में शोषण, वे खाली हों तब शीघ्र होता है, भरे हों तो धीमे-धीमे और कम होता है। एवं, द्राव्य द्रव्यों का शोषण तीव्रतासे, तथा अद्राव्य द्रव्यों का—धातुओं के अद्राव्य योगों का शोषण बहुत धीमें या अल्प प्रमाण में होता है। संक्षेप में, द्रव्यों का शोषण अन्नमार्ग की रिक्तावस्था तथा औषधों की द्रवणशीलता (Solubility) पर मुख्यतया आश्रित है[1]। परन्तु रोगी का

१—पाश्चात्य द्रव्यगुणवेत्ता द्रव्यों की द्राव्यता (Solubility) पर इतना अधिक भार देते हैं और उनका यह दृढ़ मत हो गया है कि इससे भिन्न किसी दशा में द्रव्य की क्रिया सम्भव नहीं। इस मन्तव्य के परिणामस्वरूप वे सुवर्ण और पारद जैसे अप्रतिम औषधों का यथेष्ट उपयोग नहीं कर सकते। वास्तव में तो यह उनका पूर्वाग्रह (Prejudice) है और प्राचीन वैद्यों के मत का तथा अनुभव का निष्कारण और अवैज्ञानिक तिरस्कार है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो इनका अभिप्राय निराधार है। जैसे-सुवर्ण और पारद जैसे शक्तिशाली औषधों को द्रव्यरूप में शरीर में प्रविष्ट करने-पर यकृत्, मूत्रपिण्ड तथा अन्य अवयवों में तीव्र क्षोभ उत्पन्न होता है; परन्तु इन्हीं द्रव्यों के थोड़े परमाणु शरीर को लाभदायी होते हैं। प्राचीन आचार्यों ने इसी कारण इन धातुओं का उपयोग अद्राव्य (insoluble) रूप में किया है। पारद के असंख्य योगरस तथा सुवर्ण के योग अद्राव्य होते हुए भी शरीर को लाभ पहुँचाते हैं, यह अनुभव की प्रत्यक्षसिद्ध बात है। सुवर्ण या पारद के योग जब महास्रोत में से गुजरते हैं तो इनके कुछेक परमाणु रसमार्ग द्वारा शरीर में प्रविष्ट होते हैं और→

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आमाशय या अन्त्र रोग के आक्रमण के समय स्वस्थ नहीं होते। ऐसे समय जब कि महास्रोत के इन भागों में शोथ, व्रण या इनका तीव्र क्षोभ (Spasm) हो तब औषधोंपर रसों की क्रिया-विपाक तथा श्लेष्मकला द्वारा उनका शोषण दुष्कर हो जाता है। बहुतबार औषध वमन या मलद्वारा सहसा शरीर के बाहर निकल जाते हैं अथवा इन भागों की श्लेष्मकलापर हानिकारक क्रिया—विपरीत गुण करते हैं। उलटी रोकने के लिए दिया गया औषध पेट में नहीं टिकता और अपना गुण नहीं दिखाता, जब कि दस्त साफ लाने के लिए दिया गया विरेचन महास्रोतस में हुए विचित्र रसपाक के कारण अपना गुण नहीं दिखा सकता (प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों की परिभाषा में कहना हो तो ये क्रियाएँ विपाक के अन्तर्गत हैं, इसका विचार आगे होगा) इससे यह न समझना चाहिए कि औषध खाली पेट ही देना चाहिए। औषध विविध उद्देश्यों से भोजन के पूर्व, साथ या पीछे योग्य अनुपान से दिये जाते हैं। इसी प्रकार नेत्र, नासिका, बृहदन्त्र, गुदनलिका (Rectum), मूत्रनलिका तथा अपत्यपथद्वारा दिये गये औषधों का न्यूनाधिक प्रमाण में शोषण होता है और इनके स्थानिक (Local) तथा सार्वदैहिक कर्म (General action) न्यूनाधिक प्रमाण में व्यक्त होते हैं।

विभिन्न द्रव्यों का संचय और निःसरण भी न्यूनाधिक प्रमाण में होता है। कई द्रव्य यकृत् में, कई नाड़ीसंस्थान में तथा कई मूत्रपिण्डों में संचित होते हैं। इनमें कइयों का निर्विषीकरण (Detoxic action) होता है और कइयों का नहीं होता। अधिकांश द्रव्यों के रासायनिक संघटन में भी भेद आता है, परिणामतः नवीन द्रव्य बनते हैं (Synthesis)। द्रव्यों को शरीर के बाहर फेंक देने में यकृत् तथा मूत्रपिण्ड मुख्यतया भाग लेते हैं। मुखद्वारा सेवित द्रव्य यदि अद्राव्य हों तो इनका भाग शोषित हुए बिना गुदद्वार से निकल जाता है। शोषित भाग यकृत् में जाता है। वहाँ उसमें इनपर अन्य रासायनिक परिवर्तन होकर पुनः थोड़ा अंश पित्तनलिकाद्वारा ग्रहणी में और वहाँ से बाहर फेंका जाता है। रक्त में मिश्रित द्रव्य का कुछ अंश मूत्रद्वारा बाहर निकल जाता है। कई द्रव्य प्रश्वास के साथ वायुरूप में और कई स्तन्य या प्रस्वेद के साथ भी बाहर निकलते हैं। जैसे पानी, प्रवाह में आई वस्तु को बाहर धकेल देता है उसी प्रकार मनुष्यशरीर अर्थात्

←दूषित प्रदेशपर अपनी क्रिया करते हैं। इतने थोड़े परमाणु कैसे क्रिया करते हैं यह शङ्का निरवकाश है। कारण, एड्रीनालीन (Adrenaline) की अत्यन्त अल्प मात्रा —दश अरब बूँदों में केवल एक बूंद प्रभावशाली सिद्ध हो चुकी है, तो फिर संस्कारित सुवर्ण और पारद के दो-चार परमाणु क्या पर्याप्त नहीं होंगे? इस मतभेद के कारण डाक्टर लोग सुवर्ण, ताम्र, मोती, आदि का उपयोग आयुर्वेदज्ञों के समान नहीं कर सकते, यद्यपि उनके मत की पुष्टि में वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

उसके कोष देह में प्रविष्ट होते हुए बाह्य पदार्थों को **शल्यरूप मानकर बाहर फेंक** देने का प्रयत्न करते हैं। केवल, द्रव्यों का जितना अंश शारीरिक कोषों के लिए हितावह हो उसे ही अपने चेतनरस में मिश्रित कर लेते हैं। यह कार्य **सात्मीकरण** कहाता है [भस्मों के निर्माण में जो भावना या पुट दिये जाते हैं उनका यही रहस्य है।] तो फिर विष की क्या गति होती है? कई द्रव्य शरीर में प्रविष्ट होकर कोषों के चेतनरस को मार डालते हैं और उनकी क्रियाओं को स्थगित कर देते हैं या नष्ट कर देते हैं। परन्तु सब विष प्रत्येक धातु को समान रूप से हानि नहीं करते। अफीम, धतूरा और ताम्र की क्रिया एक समान नहीं होती। यह अबतक 'शेष प्रश्न' है कि क्यों अमुक विष अमुक धातु को ही लक्ष्य बनाता है[1]। जो द्रव्य शरीर से बाहर निकल जाते हैं उनकी मात्रा बारबार देनी पड़ती है। परन्तु इससे भिन्न वर्ग के भी द्रव्य हैं जिनका निःसरण बहुत धीमे-धीमे होता है। ऐसे द्रव्यों की, विषमय क्रिया सञ्चित होनेपर, चिरकाल पश्चात् होती है; इनकी एक-दो मात्राओं की जरा भी खराब क्रिया नहीं होती। कई द्रव्यों का कार्य इनके लेने के बहुत काल पीछे मालूम होता है। कारण इनका शोषण तथा सात्मीकरण बहुत मन्द होता है (Delayed action)। कई द्रव्यों का प्रभाव सामूहिक रूप में होता है (Culminative action)। यदि ऐसा द्रव्य विष हो तो विष के लक्षण एक साथ प्रगट होते हैं, यद्यपि कुछ समय बाद।

औषध द्रव्यों की क्रिया--

अधिष्ठानभेद से द्रव्यों की क्रिया दो प्रकार की कही जा सकती है—**स्थानिक कार्य** (Local action) और **देहव्यापी कार्य** (General or systemic action)। शरीर के किसी प्रदेशपर औषध लगानेपर, औषध का शोषण होकर वह रुधिरप्रवाह में मिल जाय, उसके पूर्व ही जो क्रिया होती है, उसका नाम **स्थानिक कार्य** है। जैसे-क्षार आदि लगानेपर उस भागपर दाहक प्रभाव होता है। इससे विपरीत जब औषध का शोषण होकर वह सारे शरीरपर अमुक क्रिया करता है तो उसे **देहव्यापी कार्य** कहते हैं जैसे--पारा, कुचला आदि का देहव्यापी कार्य।

अनुबन्ध की दृष्टि से भी इसके दो भेद किये जा सकते हैं—**प्रत्यक्ष कार्य** (Direct action) तथा **परोक्ष कार्य** (Indirect or remote action)

१—अथवा, अमुक द्रव्य क्यों शरीर के अमुक संस्थान (System) पर क्रिया करते हैं यह भी 'शेष प्रश्न' है। यथा—मद्य की मस्तिष्कपर क्रिया, कुचले की सुषुम्नापर क्रिया, बङ्गभस्म की मूत्रपिण्डोंपर क्रिया, अफीम की श्वासकेन्द्र पर क्रिया इत्यादि।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्रव्य अपनी विशिष्ट शक्ति से अमुक अवयवोंपर विशिष्ट क्रिया करते हैं, यह उनकी **प्रत्यक्ष क्रिया** है। इसके साथ ही अन्य अवयवोंपर प्रतिक्रियाद्वारा (Reflex action) परोक्षरूप से कार्य करते हैं, यह उनका **परोक्ष कार्य** है। जैसे कई विष मस्तिष्कपर साक्षात् रूप से (सीधा) क्रिया करते हैं और असाक्षात् रूप से श्वासक्रिया, रुधिराभिसरण आदिपर क्रिया करते हैं। विकासी द्रव्य ये दोनों प्रकार के कार्य करते हैं। ओजोनिर्हरण इनका प्रत्यक्ष कार्य है, तथा स्नायुबन्धों की शिथिलता करना इनका गौण कार्य है। वामक, विरेचक द्रव्य भी इसी प्रकार प्रत्यक्ष या परोक्ष कार्य करते हैं।

द्रव्य किस प्रकार क्रिया करते हैं, इस विषय में विविध मत (General Theories of Pharmacological action)--

ऊपर मैं कह चुका हूँ कि द्रव्य शरीरपर जो क्रिया करते हैं वे प्रत्यक्षगम्य हैं। इस प्रत्यक्ष में मतभेद को स्थान नहीं है, परन्तु ये कैसे क्रिया करते हैं इस विषय में प्राचीन काल में मतभेद था और अब भी है। इनके विषय में ऐकमत्य न होने से विविध मतों का निर्देश करते हैं। सुश्रुत ने इस सम्बन्ध में विभिन्न मतों का उल्लेख कर अपना समाधान बताया है[1]।

(१) कई द्रव्य अपने भौतिक गुणों (Physical properties) के कारण शारीरिक कोषोंपर--शरीरपर प्रभाव करते हैं।

(२) कई द्रव्य अपने भौतिक एवं रासायनिक गुणोंद्वारा[2] शरीरपर प्रभाव करते हैं। परन्तु कई द्रव्य शरीरपर किस प्रकार क्रिया करते हैं, यह समझ में नहीं आता। हमारा यह अज्ञान तब ऐसा आश्चर्यजनक नहीं प्रतीत होता, जब हम यह विचार करते हैं कि एक सादे-से-सादे कोष की रचना अधिकांश द्रव्यों का रासायनिक संघटन कैसा जटिल है? द्रव्य कोषों के चेतनरस रासायनिक संघटनपर क्रिया करते हैं और उसके साथ रासायनिक प्रकार से मिल जाते हैं, जिससे विविध औषधीय गुण दृष्टिगोचर होते हैं यह मानना भी निर्दोष नहीं है। कारण, भिन्न रासायनिक रचनावाले भी द्रव्य समान प्रकार का अथवा एक दूसरे से मिलता औषधीय गुण धारण करते हुए पाये जाते हैं। अतः केवल रासायनिक दृष्टि से औषधीय गुणों का समाधान नहीं हो सकता। सच पूछो तो सम्पूर्ण द्रव्यों की क्रियाओं का समाधान करने में सहायक हो सके, ऐसा कोई भी सिद्धान्त अब तक सामने नहीं आया। यद्यपि आजकल औषधों के रासायनिक संघटन में परिवर्तन करके भिन्न-भिन्न परिणाम उत्पन्न करने के प्रयत्न हो रहे हैं; जैसे केमोथेरेपी

१--देखिये--सुश्रुत सू. अ. ४०--'तद्द्रव्यमात्मना किंचित्' इत्यादि सुश्रुतोक्त समाधान। अबतक यह मत बदलने का कोई कारण नहीं मिला है।

२—Physical and chemical properties.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Chemotherapy) के उपासक जन्तुजन्य व्याधियों की चिकित्सा में ऐसे औषध बनाने का प्रयास कर रहे हैं। परन्तु एक विलक्षण घटना इन औषधों के बनाने में भी देखी जाती है, और वह यह कि जन्तुघ्न द्रव्य काचनलिका (Test tube) में जन्तुओं को नहीं मार सकते, परन्तु शरीर के अन्दर प्रविष्ट होने पर शरीर के कोषों की सहायता से उनको तत्काल मार डालते हैं। इसके अतिरिक्त कई औषधों का अत्यन्त अल्प प्रमाण, जो कोष के आसपास एकस्तर (Monomolecular layer) रचने में भी समर्थ नहीं होता, वह भी इनपर क्रिया करने की पर्याप्त शक्ति रखता है। कइयों के मतानुसार औषधद्रव्य कोषों के आसपास फैलने के पश्चात उनका कवच (Cell membrane) भेदकर उसमें प्रविष्ट होने का यत्न करते हैं। उनके कुछेक परमाणु उसके अन्दर जाकर चेतनरस में मिल जाते हैं और अपनी क्रिया करते हैं। कई एक अन्दर जाकर निष्क्रिय बन जाते हैं, जब कई अन्दर घुस ही नहीं सकते। इस स्थिति में द्रव्यों के कर्मों के विषय में कोई निश्चित सिद्धान्त गढ़ना कठिन है। हाँ, इतना कहा जा सकता है कि द्रव्यों की शारीरिक कोषोंपर होनेवाली क्रिया में निम्नोक्त बातें खास तौर पर स्मरण रखने योग्य हैं।

(१) भिन्न-भिन्न औषधद्रव्यों की रासायनिक क्रिया भिन्न-भिन्न कोषों या धातुओं (Tissues) पर भिन्न-भिन्न प्रकार की होती है। अर्थात् औषधों की क्रिया औषधों और कोष के जीवनरस (Protoplasm) के बीच की रासायनिक प्रतिक्रिया पर अवलम्बित है।

(२) भिन्न-भिन्न कोष अपने कोषकवचद्वारा द्रव्यों का सहकार अथवा प्रतिकार करने की शक्ति रखते हैं। कोषों के व्यापार सजीव व्यापार (Biological Response) हैं—जिजीविषा (Will to live) का एक प्रकार है तथा भौतिक और रासायनिक नियमों से सदा बँधे नहीं रहते[१]।

यहाँ जिजीविषा में मानसिक तत्त्व का भी अन्तर्भाव है। अर्थात् यदि रोगी को आस्था हो तो औषधीय गुण अधिक कार्य करते हैं। कारण, शारीरिक कोषों के व्यापार मानसिक अंकुश से मुक्त नहीं हैं।

द्रव्यगुणविज्ञान के सम्बन्ध में आयुर्वेद के मौलिक विचार—

अब तक हमने मुख्यतः वैज्ञानिकों की विचारधारा देखी। अब पूर्व और पश्चिम दोनों की विचारधाराएँ देखते हैं। ईर्ष्या, द्वेष, अज्ञान तथा जिज्ञासावृत्ति के

१—The action of a drug on any cell, involves atleast two separate processes, namely a Chemical reaction and the Biological response to this reaction.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अभाव के कारण डॉक्टर तथा वैद्य आपस में खुले दिल से विचारविनिमय नहीं करते, अतः इस विषय में बहुत अनभिज्ञता रहती है। प्रस्तुत ग्रन्थ, आयुर्वेद के द्रव्यगुण-विषयक विचारों का दोहन होने के कारण अभ्यासकों के मार्ग को सरल करनेवाला है।

वैदिक काल से ही वनस्पतियों का वैद्यकीय उपयोग छोटे पैमानेपर (अल्प-प्रमाण में) शुरू हो चुका था। परन्तु, उस काल में आथर्वणों का जोर अधिक होने से मणि, मन्त्र तथा पवित्र जल का महत्त्व अधिक था। मनुष्य जाति के द्रव्य-गुणविषयक ज्ञान का यह उषःकाल था। इसके पश्चात् दैवव्यपाश्रय चिकित्सा का जोर घटने लगा, औषधों का उपयोग बढ़ने लगा[1]। साथ-साथ धातुओं का औषधार्थ उपयोग भी बढ़ने लगा। जब हम संहिताकाल में आते हैं तब औषधों की संख्या एकदम बढ़ी हुई पाते हैं। इतना ही नहीं, किन्तु इन सब औषधों तथा धातुओं के उपयोग को अपने विशाल उदर में समाविष्ट करनेवाला द्रव्यों के गुणों तथा कर्मों के विषय का सिद्धान्त भी स्थिर हो गया पाया जाता है। यह सिद्धान्त स्थिर होने के पूर्व अनेक मत-मतान्तर भी खड़े हुए होंगे, जिसका इशारा चरक और सुश्रुत दोनों ने किया है। प्रस्तुत ग्रन्थ में ये मतभेदसूचक एकीय मत देखे जा सकते हैं। उदाहरणतः, रसों की संख्या तथा द्रव्य, रस, गुण, वीर्य और विपाक के प्राधान्याप्राधान्य सम्बन्धी चर्चा मनोरञ्जक है तथा एक शक्तिशाली (Virile) और विचारशील समाज के मानसिक मन्थन का प्रतिबिम्ब है। ईसा से हजार-बारह सौ वर्ष पूर्व शुरू हुई औषधों की गुणकर्मविषयक चर्चा ईसा से चार या पाँच शती पूर्व एक सिद्धान्त का रूप प्राप्त करती हुई तथा ईसवी सन् के प्रारम्भ में तो एक व्यापक सिद्धान्त के रूप में स्थिर हुई दिखाई पड़ती है; औषधद्रव्य (उद्भिज्ज, खनिज तथा प्राणिज द्रव्य) और आहारद्रव्यविषयक विचार एक शृङ्खलाबद्ध व्यवस्थित स्वरूप में दृष्टिगोचर होते हैं। पीछे चाहे हम संहिताचतुष्टय (चरक, सुश्रुत, भेल तथा काश्यप) में से कोई एक लें। इसके बाद के वर्षों में कितनी ही वनस्पतियाँ भूली गयीं, कितनी ही विदेशी दवाइयाँ स्वीकारी गयीं, कितनी ही संदिग्ध हो गयीं। यह कालभगवान् की महिमा है। औषध द्रव्यों और रसशास्त्रोक्त प्रयोगों की संख्या बढ़ी; विकास की दृष्टि से यही हुआ। परन्तु संहिताकाल में उपदिष्ट सिद्धान्त में कुछ भी परिवर्तन नहीं हुआ।

सामान्यतः कहना हो तो आधुनिक विज्ञानवादियों की दृष्टि पृथक्करणशील (Analytical) है, जब कि प्राचीन आर्यों की दृष्टि सदा एकीकरणशील (Synthetic) रही है। परिणामतया, एक को विस्तार (Detail) प्रिय है और दूसरे को सूत्र[2]।

१—देखिये—चरक सू. अ. २१—त्रिविधमौषधम् ××× इत्यादि।

२—इसी कारण 'सूत्र' संस्कृत वाङ्मय के विशेष लक्षण हैं। अन्य किसी भाषा में सूत्रग्रन्थ लिखे हुए पाये नहीं जाते। इस सूत्रसाहित्य के स्रष्टा कुशाग्रबुद्धि→

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कुछ तुलनात्मक विचार--

जब यह देश स्वतन्त्र विचार करने की शक्ति रखता था तब इसमें विचारों के मतभेदों के सहन करने की भी शक्ति थी, अथवा सहिष्णुता (Tolerance) हमारे बुद्धिविकास का एक प्रधान चिह्न था। चरक तथा सुश्रुत में इस मतभेद सहिष्णुता के प्रमाण मिलते हैं। परिषदों में गर्भावक्रान्ति, रसों की संख्या, विपाक का स्वरूप, वीर्य के प्रकार, रोगों के प्रकार, आदि विषय विवादास्पद होते थे। विभिन्न विचारों के आयुर्वेदज्ञ ऋषि इनमें भाग लेते थे। केवल आयुर्वेद के क्षेत्र में ही नहीं, दार्शनिक क्षेत्र में भी बहुत विवाद प्रचलित थे। न्यायदर्शन ने इन विवादों को समुचित वैज्ञानिक रूप भी दिया है। जब कि चरक-सुश्रुत ने इनकी ओर अंगुलिनिर्देशमात्र किया है। आधुनिक काल में सन् १९३५ में बनारस में एक ऐसी ही परिषद् का आयोजन हुआ था, यह सुविदित है।

पूर्व तथा पश्चिम में स्वीकृत समान मन्तव्य यहाँ प्रस्तुत करते हैं।—

(१) जो तत्त्व बाह्य जगत् में दिखाई देते हैं, वे ही मनुष्य-शरीर में भी होते हैं। इस विषय में आधुनिक विज्ञान का क्या मत है यह ऊपर कहा जा चुका है। द्रव्य-(Matter) का संघटन विद्युन्मय है और विद्युत् एक प्रकार की शक्ति है। द्रव्य (Matter) और शक्ति (Force) का सम्बन्ध रहस्यपूर्ण है। द्रव्य के अनेक रूप हो सकते हैं। अब तक द्रव्य के विशिष्ट रूपों के तौरपर ९२ तत्त्व (Elements) विदित हुए हैं। इनमें से कुछेक मानवदेह में हैं। प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों ने सांख्य और वैशेषिक के विचारों का आश्रय लेकर अपना स्वतन्त्र मत उनमें बढ़ाकर अपने सिद्धान्त निश्चित किये हैं। समग्र विश्व पञ्चमहाभूतमय है—द्रव्य पाञ्चभौतिक हैं—और मनुष्यदेह भी पञ्चमहाभूतों से ही बना है। ये पञ्चमहाभूत हैं–आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी। इन महाभूतों का विचार करते हुए बहुतों को भ्रम (Delusion) हो जाता है। कारण दोनों प्रकार के वर्गीकरणों के दृष्टिबिन्दु भिन्न हैं। वैज्ञानिक जगत् का अर्थ है जड़ जगत्। इसके पदार्थ (Substance) भी जड़ पदार्थ हैं। इनकी कार्य करने की शक्ति (Force) भी जड़ है। इस जड़ शक्ति और जड़ द्रव्य या पदार्थ के सहकार से विज्ञान की सृष्टि चल रही है। इसके विपरीत प्राचीन दार्शनिकों की सृष्टि जड़ (Inanimate) और चेतन (Animate) की बनी हुई है। इसमें आत्मा या परमात्मा को स्थान है, जब कि आधुनिक विज्ञान इनका बहिष्कार करता है,

---

←ऋषियों की दृष्टि सृष्टि में पाये जानेवाले वैविध्य के आरपार देखकर परमतत्त्व का साक्षात्कार करने में तल्लीन थी। वैशेषिकों ने समग्र विश्व का समावेश छः पदार्थों में किया, सांख्य ने प्रकृति और पुरुष में और वेदान्त ने केवल एक अनिर्वचनीय ब्रह्म में सबका समावेश किया।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अथवा इनके प्रति शङ्का की दृष्टि से देखता है[1]। इसके मूल तत्त्वों का अस्तित्व प्रत्यक्ष प्रयोगों के आधार पर सिद्ध है। दार्शनिक परिभाषा में पदार्थ का अर्थ है पद का अर्थ। जिसमें ज्ञेयत्व, अभिधेयत्व और अस्तित्व ये तीन लक्षण हों वह पदार्थ है[2]। आशय यह कि 'पदार्थ' शब्द से न केवल जड़ जगत् का किंतु समग्र जड़ और चेतन सृष्टि की वस्तुओं का ग्रहण हो जाता है। अर्थात् विज्ञान का पदार्थ (Element) वैशेषिक पदार्थ से भिन्न है। इसी प्रकार वैशेषिकों का द्रव्य जो गुण और कर्म का आश्रय है, विज्ञान के द्रव्य (Matter) से भिन्न है, कारण, वैशेषिकों के मतानुसार आत्मा, मन, दिक् और काल की भी नव द्रव्यों में गणना होती है, जब कि आधुनिक विज्ञानवादी स्वतन्त्र आत्मा और मन का अस्तित्व मानने से कतराते हैं। अस्तु। पञ्चमहाभूतों को प्राचीनों ने जड़ सृष्टि का मूल तत्त्व माना है जब कि आधुनिकों ने ९२ मूल तत्त्व माने हैं, जो प्रत्यक्षसिद्ध है। परन्तु उपनिषत्काल से सृष्टि के उत्पत्तिक्रम के संबन्ध में जो विचार चले आये हैं और जिन्हें वेदान्त का भी समर्थन प्राप्त है, उनके अनुसार देखें तो पञ्चमहाभूत का अर्थ है जड़ द्रव्य की पाँच स्थितियाँ (States of conditions of matter)।

१—इस विषय में विज्ञान की भिन्न-भिन्न शाखाओं में मतभेद है। उदाहरणतया जीवविद्या (Biology) या प्राणिविद्या, स्पष्ट शब्दों में यह नहीं बताती कि प्राण (Life) का अर्थ क्या है? सजीव द्रव्य के लक्षण, रचना आदि की सविस्तर जानकारी देते हुए भी निर्जीव और सजीव सृष्टि के मध्य भेद माने या न माने यह प्रश्न अभी विवादास्पद है। पाश्चात्य मानसशास्त्रियों (Psychologists) में से कई एक प्राचीन बौद्धों के समान स्थिर आत्मा को नहीं मानते, किन्तु सहज वृत्तियों (Instincts) के समूहरूप मनको मानते हैं। कई मानसशास्त्री आत्मा को मानते भी हैं। आधुनिक विज्ञानवादियों में कई प्राचीन लोकायतिकों के समान देहात्मवादी हैं। अपने यहाँ भी आत्मा के स्वरूप के विषय में विविध मत थे, जिनका विवरण भगवान् शंकराचार्य के भाष्य में मिलता है। देखिये—ब्रह्मसूत्र १-१-१ पर शांकरभाष्य—'देहमात्रं चैतन्यविशिष्टमात्मेति ××× आत्मा स भोक्तुरित्यपरे।' निर्विशेष भौतिक आत्मा का लक्षण भगवान् चरकने वेदान्त से लिया है। और संयोगपुरुष अथवा शरीरी आत्मा का लक्षण न्याय-वैशेषिक से लिया है। न्याय-वैशेषिक ने व्यावहारिक अवस्था का विचार करके आत्मा का लक्षण घड़ा है, जब कि वेदान्तने सुषुप्ति, समाधि और मोक्ष दशा का विचार करके आत्मा का लक्षण घड़ा है। वर्तमान काल में, तत्त्वज्ञान (Philosophy) और विज्ञान (Science) के क्षेत्र दिन-दिन अधिक निकट आते जा रहे हैं। परन्तु आधुनिक पदार्थविज्ञान (Physics) आत्मा, मन, आदि को आधिभौतिक पदार्थविज्ञान (Metaphysics) का विषय मानता है। प्राचीन आर्य दर्शनों का पदार्थवाद इन सबको अपने विशाल क्षेत्र में स्थान देता है। अतएव तुलना करते हुए इस वर्गीकरण का भेद ध्यान में रखना चाहिये। अन्यथा दोनों पक्षों को अन्याय होना संभव है। २—देखिए प्रशस्तपादभाष्य पृ. १६।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जैसे--आकाश=Etheric state
वायु=Gaseous state
अग्नि=Luminous state
जल=Liquid state
पृथ्वी=Solid state

उपरोक्त कोष्ठक में कही अवस्थाएँ विज्ञान को मान्य हैं; कारण, ये प्रत्यक्ष-सिद्ध हैं। इस प्रकार देखते हुए प्राचीनों के सिद्धान्तानुसार आधुनिक विज्ञान के मूल तत्त्व इन पाँच स्थितियों में से किसी एक स्थिति में हमारे अनुभव का विषय होते हैं। पञ्चमहाभूतों के मिश्रणसे अथवा आधुनिकों के इन पाँच में से किसी अवस्था में स्थित मूलतत्त्वों के मिश्रण से, परस्परानुप्रवेश से या परस्परानुग्रह से दृश्य जगत् की रचना होती है। आयुर्वेद के मन्तव्यानुसार पञ्चमहाभूतों से आत्मा का संबन्ध होनेपर पुरुष बनता है, जो चिकित्सा का अधिष्ठानरूप है (सु. सू. अ. १)।

(२) शरीर के विकास के लिए, जीवन व्यापार चलाने के लिए जो शक्ति चाहिए उसके उत्पादन के लिए, तथा शरीर में होनेवाली टूट-फूट की पूर्ति के लिए उपर्युक्त पदार्थों की आवश्यकता है यह बात दोनों पक्षों को स्वीकृत है। अर्थात् पञ्चमहाभूतमय शरीर को--पाँच अवस्थाओं में स्थित वैज्ञानिकों के मूलतत्त्वोंद्वारा बने हुए शरीर को उन्हीं के द्वारा बने हुए आहारद्रव्यों की आवश्यकता है। प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों के पक्ष में यह अभिमान करने योग्य बात है कि उन्होंने आहार और स्वास्थ्य तथा आहार और रोगों के संबन्धपर प्रारम्भ से ही बहुत ही जोर दिया है। रोगों के निदान और चिकित्सा की चर्चा में आहार की बात खास करके आती है। अपने यहाँ आहाररूप में उपयोग में आनेवाले वनस्पतिजन्य तथा प्राणिजन्य द्रव्यों की उन्होंने स्वास्थ्य तथा रुग्णावस्था में मनुष्यपर होनेवाली क्रियाओं का उल्लेख किया है। अपने देशवासियों को यहाँ के जलवायु में द्रव्य अधिक सात्म्य हैं, यह अनुभव है। आहार का पाचन होनेपर रसधातु बनती है। इसपर शरीर की अन्य धातुएँ आश्रित हैं। अतः आचार्यों का आग्रह है कि आहार और जठराग्नि की क्रियापर--रोगी के अग्निबलपर--वैद्य को खास ध्यान देना चाहिए। पहले कहा जा चुका है कि आहार की रासायनिक दृष्टि से मीमांसा करके, उसमें स्थित प्रजीवनकों (Vitamins) तथा खनिज द्रव्यों के क्षारों (Mineral salts) पर विशेषतः लक्ष्य देकर तथा इन द्रव्यों की स्वास्थ्य तथा रुग्णावस्था में होनेवाली क्रियाओं का निर्देश करके, आधुनिक विज्ञान ने मनुष्य जाति की सेवा की है। एक कदम आगे बढ़कर आधुनिक सम्प्राप्तिविज्ञान (Pathology) यह बताता है कि रक्त आहारपर अवलम्बित है और इस रक्तके संघटन में भौतिक अथवा रासायनिक परिवर्तन हों तो शरीर के कोषों के पोषण और व्यापारोंपर इसका अनिष्ट प्रभाव

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

होता है, अर्थात् वे शीघ्र रोग के ग्रास हो जाते हैं। औषध द्रव्य भी शरीर के सहकार के बिना रोग का मुकाबिला नहीं कर सकते। अतः, निज अथवा आगन्तुक रोगों के प्रतिकार को उत्कृष्ट बनाना हो तो, रक्त को बने वैसे उत्कृष्ट स्वरूप में लाना चाहिए। ऐसा करने के लिए उत्तम आहार और कार्यक्षम जठराग्नि की खास आवश्यकता है। ऐसी अवस्था में ही रस धातु जिसपर अन्य धातुओं का आधार है, उत्तम बनता है[1]।

(३) द्रव्यों की शरीर पर होनेवाली क्रियाओं को देखते हुए द्रव्यों के सामान्यतः तीन भेद किये जा सकते हैं। आधुनिक द्रव्यगुणविदों का मत ऊपर दिया है। प्राचीनों का मत इस ग्रन्थ में तेरहवें पृष्ठपर दिया है। भगवान् चरक के शब्दों में द्रव्यों के तीन भेद किये जा सकते हैं। ये तीन भेद द्रव्यों की शरीरपर होनेवाली क्रियाओं को देखते हुए किये गये हैं। 'शमन', 'कोपन' और 'स्वास्थ्यवर्धन' इन तीन शब्दों में प्राचीनों ने द्रव्यों के प्रभाव से होनेवाली क्रियाएँ समाविष्ट कर दी हैं। इनमें आधुनिकोक्त तीनों क्रियाओं का[2] समावेश हो जाता है।

(४) आयुर्वेदिक पद्धति तथा वैज्ञानिक चिकित्सापद्धति दोनों हॉमियोपॅथी के सिद्धान्त के विरुद्ध हैं। कारण, इन दोनों पद्धतियों में विपरीत गुणोंवाले आहार और औषध के द्वारा रोग अथवा रोग के मूल का नाश किया जाता है। प्राचीनों ने दोषवैषम्यों को दूर करके दोषों को साम्यावस्था में लाना चिकित्सा का आदर्श माना है, जब कि वैज्ञानिक चिकित्सापद्धति में शरीर के दूषित कोषों को विकृत—बिगड़े हुए—व्यापारों को प्रकृतावस्था में लाने को अपना आदर्श स्वीकार किया है[3]।

(५) तुलनात्मक दृष्टि से द्रव्यगुणविज्ञान को देखें तो दोनों पक्षों ने प्राणियों और मनुष्योंपर उन्हीं द्रव्यों का, उन्हीं क्रियाओं के लिए उपयोग किया है। हाँ, उसमें औषध की मात्रा तथा प्राणी के विशिष्ट देहव्यापारों का तो ख्याल रखा ही जाता है। मनुष्यों की चिकित्सा के साथ इस देश में पशुचिकित्सा भी ईसा के पूर्व तीसरी या चौथी शताब्दी से प्रचलित थी। पालकाप्य, मातङ्गलीला, अश्ववैद्यक, अश्वचिकित्सा आदि ग्रन्थ इस बात के साक्षी हैं। आधुनिक वैज्ञानिक नवीन औषध का गुण-धर्म निश्चित करने के पूर्व उसका प्राणियों पर परीक्षण करते हैं।

१—'आयुर्वर्णो बलं स्वास्थ्यमुत्साहोपचयौ प्रभा।
ओजस्तेजोऽग्नयः प्राणाश्चोक्ता देहाग्निहेतुकाः॥' च. चि. अ. १५

२—Stimulation, Depression, Irritation.

३—देखिये चरक सू. अ. १ के ५८, ५९, ६० श्लोक तथा उनमें 'विपरीत-गुणैर्द्रव्यैः' यह स्पष्ट शब्द, और "उपशयः पुनर्हेतुव्याधिविपरीतानां विपरीतार्थ-कारिणां चौषधाहारविहाराणामुपयोगः सुखानुबन्धः" च. नि. अ. १।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इन परीक्षणों से प्राप्त अनुभवों का उपयोग मनुष्यों की चिकित्सा में करते हैं; कारण, विज्ञान मनुष्य को सर्वोत्तम प्राणी मानता है[१]।

(६) दोनों पक्षों ने केवल वनस्पतियोंपर आधार न रखते हुए रसायनशाला में बने हुए द्रव्यों का उपयोग किया है। प्राचीन संहिताग्रन्थों में वनस्पतियों का उपयोग विपुल प्रमाण में पाया जाता है। धातुओं के उपयोग का उनके औषध-संग्रह में गौण स्थान था। परन्तु पीछे से धातुओं और खास करके पारद के योगों का उपयोग बढ़ा और रसशास्त्र वानस्पतिक योगों के संघर्ष में आया। उत्तम रसवैद्य संपूर्ण चिकित्सा रसोंद्वारा ही करते थे। उन्हें वनस्पतियों की अपेक्षा कम होती थी। हाँ, रसों के निर्माण में भी कुछ वनस्पतियों की आवश्यकता होती थी। पश्चिम में भी आजकल यही परिस्थिति है। वनस्पतियों का उपयोग घटता जाता है और रसायनशास्त्र के आधार पर बनाये हुए योगों का उपयोग बढ़ता जाता है। विशेष करके जन्तुजन्य रोगों की चिकित्सा में ऐसे नवीन द्रव्यों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जाती है। अपने यहाँ रसशास्त्र की प्रगति रुक गयी है, पर पश्चिम में रसायनशास्त्र (Chemistry) आगे प्रगति करता जा रहा है।

(७) दोनों पक्ष मानते हैं कि औषधद्रव्य उनके कर्म को लक्ष्य में रखकर विभिन्न योगों के रूप में दिये जाने चाहिए। औषधनिर्माणशास्त्र (Pharmacy) इन्हीं विचारोंपर आगे कूच कर रहा है। वैज्ञानिक चिकित्सापद्धति ने सूचीवेध (Injection) का उपयोग करके अपनी विशिष्टता बढ़ाई है। इसके लाभालाभ वाचकों को विदित ही होंगे। औषधद्रव्य शारीरिक कोषों में शीघ्र मिल जाएँ और अपने गुण व्यक्त करें इस उद्देश्य से दोनों पक्षों ने कुछ भिन्न मार्ग लिया है। आधुनिक विद्वान् औषधों को यथाशक्ति द्राव्य (Soluble) स्वरूप में लाकर, उनकी अनिष्ट क्रिया न हो ऐसे योगों के बनाने में तन्मय हैं। उधर, प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों ने द्राव्य स्वरूपपर ध्यान न देते हुए, वे जिस स्वरूप में शरीर में अपने गुण प्रकट कर सकें और किसी भी प्रकार की विषमय क्रिया न करने पाएँ ऐसे स्वरूप में द्रव्यों को देने की पद्धति अङ्गीकार की है। अत एव, आयुर्वेद में कई भस्में, कूपी-पक्व रस आदि योग आधुनिकों के औषध द्रव्यों से भिन्नता रखते हैं। प्राचीनों ने निरिन्द्रिय धातुओं को—खनिजद्रव्यों को—वनस्पतियों के रसों की भावना देकर, उनका विविध प्रकार से पाक करके अथवा संस्कार करके उनको सेन्द्रिय स्वरूप में (Organic form) लाने का प्रयास किया है, जिससे वे शारीरिक कोषों के लिए ग्राह्य बनते हैं तथा विषात्मक क्रिया नहीं करते। विविध भस्मों को वारितर, निश्चन्द्र तथा निरुत्थ बनाने में उनका यही उद्देश्य था। इसके फलस्वरूप सुवर्ण,

---

२—इसी प्रकार विषदूषित अन्न की प्राणियों पर होनेवाली क्रियाओं का भी निर्देश किया गया है। देखिये—सु. क. अ. १।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रजत, ताम्र, नाग आदि का आयुर्वेदिक चिकित्सापद्धति में मुक्तहस्त से उपयोग होता है, तथा इन भस्मों के देने से यकृत् या मूत्रपिण्डोंपर असर बुरा नहीं होता। पाश्चात्य द्रव्यगुण-विज्ञान को अभी इस दिशा का ज्ञान नहीं है। हाँ, उन्होंने हाल ही में धातुओं को उनके अत्यन्त सूक्ष्म—अणुस्वरूप में उपयोग में लाने का मार्ग ग्रहण किया है। अर्थात् धातुओं के अणुओं को एक द्रव मिश्रण में (Colloids) मिलाकर सूचीवेध द्वारा शरीर में प्रविष्ट किया जाता है, जिससे वे अणु (Molecules) शरीर में तत्काल फैल जाएँ। परन्तु इन योगों में निर्विषीकरण समुचित नहीं होता, जिससे ये योग भी इच्छित फल नहीं देते। कज्जली, रससिन्दूर और मकरध्वज का अन्तर डॉक्टरों को समझ में नहीं आता। इसका कारण यह है कि प्राचीनों की रासायनिक परिवर्तन उत्पन्न करने की विधियोंपर उन्होंने निष्पक्ष होकर अनुशीलन नहीं किया है। अन्यथा हिन्दु रसतन्त्रकारों ने मनुष्यों के रोगनिवारण के लिए जो बुद्धिवैभवपूर्वक श्रम किया है उसके लिए उनके मन में अवश्य ही आदरभाव उत्पन्न होता।

द्रव्यों की कार्मुकता—

द्रव्य अपनी क्रिया किस कारण करते हैं? इस प्रश्न का उत्तर देने में आयुर्वेद अन्य किसी पद्धति का ऋणी नहीं है। अर्थात् इस प्रश्न का उत्तर देते हुए इसने किसी के विचार अपनाये नहीं हैं। प्राचीन काल में द्रव्यों की रोगनिवारक-शक्तिसंबन्धी प्रचलित विचार एक सिद्धान्त के रूप में व्यवस्थित किये जाकर संहिता काल में प्रस्तुत किये गये थे। इस काल में वैशेषिकों ने अनुभवात्मक जगत् (World of Experience) का छः या सात पदार्थों में (Catagories) समावेश किया था। इन पदार्थों का वर्णन करते हुए वैशेषिकसूत्र में सत्रह गुण तथा प्रशस्तपादभाष्य में सात अन्य गुण भी कहे गये हैं। इन गुणों में भौतिक (Material) तथा मानसिक (Mental) गुणों का समावेश हो जाता है। ये गुण हमें पदार्थों के विषय में कोई न कोई जानकारी देते हैं। यहाँ यह स्मरण रखना चाहिए कि सांख्य की परिभाषा में गुण का अर्थ सर्वथा भिन्न है। परन्तु आयुर्वेद ने इन गुणों का उपयोग पारिभाषिक अर्थ में किया है। कारण, वैशेषिकों का उद्देश्य मनुष्यों को पदार्थों का ज्ञान कराना था, जब कि आयुर्वेदज्ञों का उद्देश्य द्रव्यों के वैद्यकीय गुण बताना था। अतः उन्होंने अपने तन्त्र के लिए उचित परिभाषा निश्चित की। इस ग्रन्थ के १०८-११९ पृष्ठोंपर विद्वान् लेखक ने यह बात स्पष्ट शब्दों में कही है, और सामान्य भाषा में तथा आयुर्वेद की परिभाषा में गुरु-लघु आदि गुणवाचक शब्दों का प्रसिद्ध अर्थ बताया है। कालक्रम से द्रव्यों के गुण अधिकाधिक प्रमाण में ज्ञात होते गये। फलतः विभिन्न आहार तथा औषध द्रव्यों की शरीरपर होनेवाली क्रियाओं का ठीक-ठीक निर्देश किया गया। इन आयुर्वेदोक्त गुणों का वैज्ञानिक परिभाषा में

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भौतिक, रासायनिक तथा औषधीय गुणों में (Physical and chemical properties as well as the pharmacological properties of drugs) समावेश हो जाता है।

इन गुणों में रस गुण का जानना सुगम था। कारण, जिह्वाद्वारा उसकी तुरंत परीक्षा हो सकती थी। प्रयोगशाला के किसी भी साधन के सिवाय केवल रसद्वारा द्रव्यों के वर्गीकरण का यह मार्ग अत्यन्त सरल था। इस रस के छः भेदों के गुण-कर्म निश्चित हुए[1]। पीछे से समान रसवाले द्रव्यों का उपयोग करनेपर जब उनकी शरीरपर होनेवाली क्रियाओं में भिन्नता अनुभव में आयी तो विदित हुआ कि कितनेक द्रव्यों में गुण सामान्य स्वरूप में होते हैं जब कि उन्हीं रसोंवाले अन्य कितनेक द्रव्यों में बलवत्तर स्वरूप में होते हैं। इन बलवान् गुणसमूहों को **'वीर्य'** यह पारिभाषिक नाम दिया गया। यह प्रश्न अलग है कि यह वीर्य द्विविध है या अष्टविध। वीर्यशब्द का सामान्य अर्थ द्रव्य की शक्ति (Potency) होता है। परन्तु इन रस और वीर्य दोनों की सहायता लेनेपर भी कई-एक औषधद्रव्यों के औषधीय गुणों में अन्तर प्रतीत हुआ। आहारद्रव्योंपर जठराग्नि की क्रिया होती है तो औषधद्रव्योंपर भी होनी ही चाहिए। इस विचार से औषधद्रव्योंपर जठराग्निद्वारा होनेवाले परिवर्तनों का निरीक्षण प्रारम्भ हुआ। अवस्थापाक के वर्णन में, मुख से लेकर बृहदन्त्र तक पहुँचते हुए द्रव्यों में जो भौतिक और रासायनिक परिवर्तन होते हैं, उनका वर्णन किया गया है। लालास्राव, **जठररस** (Gastric juice), पाचक पित्त (Bile), अन्त्ररस आदि की विविध क्रियाओं का चरक ने अनुभवात्मक

१—**रस के भेद**—आधुनिक शरीरव्यापारशास्त्री केवल चार मुख्य रस (Primary sensations of taste) मानते हैं—तिक्त, लवण, अम्ल, और मधुर। उनके मत से कटु और कषाय गौण रस (Mixed sensations of taste and touch or taste and odour) है। इसके सिवाय इन छः रसों के मिश्रण के परिणामरूप असंख्य मिश्र रस उत्पन्न होते हैं, जो द्रव्यविशेष तथा व्यक्ति की रसग्रहणशक्तिपर आश्रित हैं। यहाँ यह भी कहना योग्य है कि कई तज्ज्ञ छहों रसों को मुख्य मानते हैं। अर्थात् रसों के चतुष्टयत्व अथवा षट्त्व का प्रश्न अभी पूरी तरह निर्णीत नहीं हुआ। यह मतभेद उपस्थित होने का कारण यही है कि तिक्त, लवण आदि मुख्य रसवाले द्रव्य जिह्वा में स्थित स्वादांकुरों (Taste-buds) और इनमें प्रसृत स्वादवाही (Nerves of taste) नाड़ियों के तन्तुओं को उत्तेजित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप हमें स्वाद की प्रतीति (Perception) होती है। परन्तु कषाय और कटुरसवाले द्रव्य जिह्वा में स्थित स्वादग्राही नाड़ियों के अतिरिक्त अन्य स्पर्शसंज्ञा तथा ऊष्मा, शैत्य, पीड़ा आदि का वेग वहन करनेवाली नाड़ियों को भी उत्तेजित करते हैं, जिनके कारण कषाय तथा कटु रस की प्रतीति होती है। विस्तार के लिए शारीरव्यापारशास्त्र के आकरग्रन्थ देखिये।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

दृष्टि से वर्णन किया है। पाचनक्रिया के अन्त में जो रस (विपाक) तैयार होता था, उसके गुण-कर्म द्रव्य के रस और वीर्य को देखकर निर्णय किए हुए गुण-कर्मों से कभी मिलते थे, और कभी विरुद्ध भी होते थे। इस स्थिति में यह तय हुआ कि द्रव्यों का गुण-कर्म ठीक-ठीक जानने के लिए यह बात भी दृष्टि में रखनी चाहिए कि उनपर पाचनक्रिया का अन्तिम प्रभाव क्या होता है। कारण, यह अन्तिम अवस्था में तैयार हुआ द्रव पदार्थ अन्त्रद्वारा चूसा जाकर रुधिराभिसरण में मिल जाता था और शरीरपर अपनी क्रिया करता था। विपाक तीन हैं या दो इस विषय में भगवान् चरक तथा भगवान् सुश्रुत की विचारश्रेणियों और शब्दप्रयोगों की भिन्नता ही भेद का कारण है, न कि कोई तात्त्विक विरोध, क्योंकि शरीर में होनेवाले परिवर्तनों का तो दोनों ने समान रूप से निर्देश किया है (देखिये इस ग्रन्थ का पृ० २६५-२६६)।

जहाँ-जहाँ द्रव्य के गुण, रस, वीर्य और विपाकद्वारा भी उनकी शरीरपर होने वाली क्रियाएँ विस्पष्ट न हो सकीं वहाँ-वहाँ 'प्रभाव' द्वारा उनका स्पष्टीकरण किया गया। अथर्ववेद में मणियों और मन्त्रों का प्रभाव था। वैशेषिक न समझ में आनेवाली घटनाओं का समाधान 'अदृष्ट' द्वारा करते थे। अतः आयुर्वेद ने भी इन्हीं शब्दों का प्रयोग प्रारम्भ किया। 'द्रव्यप्रभाव' तथा 'व्याधिप्रभाव' शब्द द्रव्यगुणविज्ञान और व्याधिविज्ञान में प्रयुक्त होने लगे[1] और आज भी प्रयुक्त होते हैं।

प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों के द्रव्यगुणविज्ञान सम्बन्धी विचार आधुनिक विज्ञानवादियों के विचारों से कितने अंशमें मिलते हैं और कितने अंश में भिन्न हैं यह देखने के पहले इतना ऐतिहासिक सत्य स्वीकारना चाहिए कि आयुर्वेद में स्वतन्त्र और प्रतिभाशाली चिन्तन आजकल बन्द हो गया है। आधुनिक वैज्ञानिक विचारों से लेखक और वाचक दोनों न्यूनाधिक प्रमाण में अभिभूत होते हैं। यह तथ्य मानने के पश्चात् अब हम द्रव्यों के विषय में विशेष विचार करते हैं।

१—उदाहरण, परमाणुओं का परिस्पन्दन, अयस्कान्त मणि की ओर सुई का आकर्षण, अग्नि का ऊर्ध्वज्वलन, वायु की तिर्यग्गति और वृक्षों में मूलद्वारा चूसे गये रस का ऊर्ध्वगमन आदि व्यापारों का समाधान 'अदृष्ट' द्वारा किया जाता था। 'मणिगमनं सूच्यभिगमनमित्यदृष्टकारितम्' (वै. सु. ५-१-२५) तथा 'वृक्षाभिसर्पण मित्यदृष्टकारितम्' (वै. सु. ५-२-७)। आयुर्वेद में रससंवहन का कारण व्यान वायु के साथ अदृष्ट को भी गिनाया है ('अदृष्टहेतुकेन कर्मणा' सु. सू अ. १४)। इसी प्रकार जहाँ-जहाँ रोग की संप्राप्ति तथा लक्षणों की उपपत्ति दोष-दूष्यविज्ञान से हो सकी वहाँ-वहाँ 'व्याधिप्रभाव' शब्द प्रयुक्त होने लगा। उदाहरणतः, ग्रहणी के वर्णन में —'गृद्धिः काङ्क्षा, एतच्च वातदूषितान्तःकरणत्वेन व्याधिमहिम्ना वा'। तथा छिन्नश्वासके लक्षण में रक्तैकलोचनत्वं, व्याधिप्रभावात्' माधवनिदानटीका (मधुकोश)।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कर्मभेदानुसार द्रव्यों का वर्गीकरण (Classification of Drugs according to their Pharmacological Actions)।

इस ग्रन्थ के प्रथम अध्याय में दिये गये नामोंसे स्पष्ट होगा कि इस विषय में दोनों विचारप्रवाहों में बहुत साम्य है। वमन, विरेचन, स्रंसन, शुक्रल, स्तन्यजनन, मूत्रविरेचनीय आदि कर्मों के कारण द्रव्यभेद दोनों में प्रसिद्ध है। परन्तु दोनों के बीच में अन्तर भी है। आजकल आधुनिकोंने द्रव्यों का वर्गीकरण शरीरव्यापार-शास्त्र (Physiology) के अनुसार द्रव्य मुख्यतः शरीर के किस तन्त्र (System) पर क्रिया करते हैं, इस बात को दृष्टि में रखकर, और प्रत्येक शरीरयन्त्र (Organ) पर इस की क्या क्रिया होती है इस पृथक्करणशील (Analytical view-point) दृष्टि से देखना प्रारम्भ किया है। इस के परिणामस्वरूप हमें नाड़ी-तन्त्रपर क्रिया करनेवाले द्रव्य, मूत्रपिण्डोंपर क्रिया करनेवाले द्रव्य, आमाशय तथा अन्त्रोंपर क्रिया करनेवाले द्रव्य, त्वचापर क्रिया करनेवाले द्रव्य इत्यादि द्रव्यसमूह दृष्टिगोचर होते हैं। इसी कारण लेखन, स्नेहन, संशमन, अभिष्यन्दी, प्रमायी आदि कर्मों के पर्याय पाश्चात्य द्रव्यगुणविज्ञान में नहीं मिलते। इस विषय में विशेष विचार करने से विदित होगा कि शरीर के व्यापारों के ज्ञान में वृद्धि होने से इस शरीर के तन्त्रों तथा यन्त्रों के कार्योंपर होनेवाली द्रव्यों की क्रिया के द्योतक शब्दों में वृद्धि हुई है। परन्तु रोग की क्रिया न्यूनाधिक सारे शरीरपर होती है और द्रव्यों की क्रिया भी सारे शरीरपर होती है। इस दशा में शरीर के एकदेशपर या उसकी एक मुख्य क्रियापर होनेवाली क्रियायों के वाचक शब्दों का प्रयोजन ही क्या है ? इस पूर्वपक्ष का उत्तर यह है कि—रोग का अर्थ है दोषवैषम्य, यह सारे शरीर के दोषों की असाम्यावस्था सूचित करता है। परन्तु कुपित हुए दोष जहां स्थान प्राप्त (स्थानसंश्रय) करते हैं वहाँ विकृति प्रकट होती है। अतः रुग्ण शरीर में कुपित हुए दोषों के आश्रयरूप स्थानपर क्रिया करनेवाले द्रव्य हमें विदित हों तो चिकित्सा में सरलता होती है। सच पूछें तो शरीर के प्रकृतिस्थ व्यापारों का ज्ञान जितना अधिक होगा उतना ही विकृतियों की चिकित्सा करना सुकर होता है।

इस दृष्टिबिन्दु से इस अध्याय का पुनरवलोकन करेंगे तो प्राचीनोक्त औषधीय कर्मों को आधुनिक पद्धति से भी व्यवस्थित कर सकेंगे। यथा—

१ महास्रोतपर असर करनेवाले द्रव्य (Drugs acting on the Alimentary Canal)	वमन, उत्क्लेशकारि, दीपन, पाचन स्रंसन, विरेचन, ग्राहि आदि।
२ रुधिराभिसरणपर क्रिया करनेवाले द्रव्य (Heart and Circulation)	हृद्य, बल्य, संज्ञास्थापन, बृंहण, शोणितास्थापन आदि।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३ मूत्रजननपर क्रियाकरनेवाले द्रव्य (Kidneys and Diuresis)	मूत्रसंग्रहणीय, मूत्रविरजनीय, मूत्रविरेचनीय आदि।
४ प्रजननयन्त्रपर क्रिया करनेवाले द्रव्य (Genital system and Sexual powr)	शुक्रल, वाजीकरण, पुंस्त्वोपघाती, प्रजास्थापन, गर्भस्थापन आदि।
५ त्वचापर क्रिया करनेवाले द्रव्य (Skin and its appendages)	स्वेदोपग, स्वेदापनयन, रोमशातन, रोमसंजनन, कण्डूघ्न, कुष्ठघ्न, दाहहर, वर्ण्य आदि।
६ श्वसनयन्त्रपर क्रिया करनेवाले द्रव्य (Respiratory tract)	कासहर, श्वासहर, श्लेष्मप्रसेकी, कफविलयन, लेखन आदि।
७ नाड़ीतन्त्रपर क्रिया करनेवाले द्रव्य (Nervous System)	स्वप्नजनन, मादक, सौमनस्यकर, संज्ञास्थापन आदि।
८ सार्वदैहिक रसव्यापारोंपर क्रिया करनेवाले द्रव्य(Metabolism)	रसायन, बल्य, संशमन, जीवनीय, व्यवायि, विकासि आदि।

इस प्रकार आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञान के अनुरूप वर्गीकरण भी किया जा सकता है। औषधों के आयुर्वेदोक्त कर्मों का स्थानानुसार भी वर्गीकरण किया जा सकता है। जैसे—कण्ठ्य, शिरोविरेचनीय, विम्लापन आदि द्रव्यों की क्रिया स्थानिक (Local) होती है। देहव्यापी क्रिया करनेवाले द्रव्यों की संख्या बहुत बड़ी है।

इस अध्यायपर दृष्टिपात करने से विदित होगा कि आयुर्वेद के द्रव्यसंग्रह में संज्ञानाशक (Anaesthetics), जन्तुनाशक (Germicidal) तथा निद्राप्रद (Hypnotics) औषधों की संख्या नगण्य है। रक्षोघ्न द्रव्य एक प्रकार के जन्तुनाशक द्रव्य हैं, आजकल राक्षसों की अपेक्षया जन्तु ही अधिक देखने में आते हैं। इसके विपरीत पाश्चात्य द्रव्यसंग्रह में मेध्य, रसायन, वाजीकरण आदि को न्यूनता लक्षित होती है। इस विषय में क्या होना या करना चाहिए इसका निर्णय वाचकोंपर ही छोड़ता हूँ।

औषधीय कर्मों के कारण (Causes of Pharmacological actions of Drugs)।

जो आयुर्वेद में प्रयुक्त परिभाषाओं को समझते हैं वे इसमें दिए हुए द्रव्यों का वर्णन समझ सकते हैं। परन्तु देशके दुर्भाग्य से अनेक सुशिक्षित डाक्टर ये परिभाषा नहीं समझने के कारण आयुर्वेद का द्रव्यगुणविज्ञान समझने में असमर्थ होते हैं, जिससे देश को आर्थिक क्षति होती है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जैसे आहारद्रव्य सब समान नहीं होते और उनकी शरीरपर पोषक क्रिया समान नहीं होती वैसे औषधद्रव्य भी सब समान नहीं होते और उनका रोगनाशक प्रभाव भी समान नहीं होता, यह बात आसानी से समझ में आ सकती है। औषधों-के गुण-धर्मों का वर्णन सैकड़ों वर्षों के अवलोकन और अनुभव का परिणाम है[1]।

कारणों की चर्चा में प्रभाव को एक ओर रखकर हम गुणों का ही विचार करते हैं। कारण, गुणों के विचार के साथ रस, वीर्य और विपाक का भी विचार संकलित हो जाता है।

औषधद्रव्य किस कारण कार्यसाधक होते हैं इस प्रश्न का संक्षिप्त उत्तर निम्न दिया गया है।--

तद् द्रव्यमात्मना किंचित् किंचिद्वीर्येण सेवितम्।
किंचिद्रस-विपाकाभ्यां दोषं हन्ति करोति वा॥

—सु. सू. अ. ४०

द्रव्याणि हि द्रव्यप्रभावाद्, गुणप्रभावाद्, द्रव्य-गुणप्रभावाच्च कार्यकराणि भवन्ति॥ —च. सू. अ. २६

इस उत्तर का विस्तार इस ग्रन्थ के विभिन्न अध्यायों में आ गया है। जैसे-- आधुनिक विज्ञानवादी द्रव्यों के गुणों का खुलासा उनके संघटन (Structure of composition) की दृष्टि से करते हैं उसी प्रकार प्राचीन आचार्योंने द्रव्यों के गुणों का खुलासा उनके पाञ्चभौतिक संघटन को दृष्टि में रखकर किया है। परन्तु शरीर के संपर्क में आने के पश्चात् द्रव्य के जो औषधीय गुण देखने में आते हैं उनमें शरीर में स्थित पदार्थों की द्रव्योंपर होनेवाली क्रियाओं का भी अन्तर्भाव हो जाता है। अतः गुणों को कर्मानुमेय कहा है। आशय यह है कि द्रव्य रोगी को देकर उनकी क्रिया देखे बिना उसके गुणों का निश्चय नहीं हो सकता। द्रव्यों की दोषहरण-

---

१--उदाहरणतया, चरक और सुश्रुत दोनों ने घृत को अग्निदीपन माना है (देखिये सु. सू. अ. ४५ तथा च. सू. अ. २७) और इसके इस कर्म को प्रभावजन्य कहा है। वर्तमान में खाद्यपदार्थोंपर जो परीक्षण हो रहे हैं उनसे विदित हुआ है कि दालों (Pulses) में विद्यमान प्रोटीन (Protein) मूत्रपिण्डों तथा यकृत्पर बुरा असर रखता है। परन्तु दालों का उपयोग यदि घी या कॉडलिवर ऑइल के साथ किया जाय तो इस बुरे असर से बचा जा सकता है। घी में स्थित यह गुण एक विशिष्ट पदार्थ (जिसे प्राचीनों ने प्रभाव कहा है) के कारण है, जो यकृत् को बिगड़ने नहीं देता अर्थात् पाचनशक्ति को बिगड़ने नहीं देता (देखिये Indian Medical, Gazette, Sept. 1943)। आधुनिक विद्वान् जहाँ-जहाँ विशिष्ट गुणकारक पदार्थ (Active principle) मानते हैं, वहाँ-वहाँ प्राचीन विद्वान् वीर्य या प्रभाव मानते थे।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शक्तिकी (दोषकरण शक्ति की भी) वास्तविक परीक्षा मनुष्य शरीरपर किये गये परीक्षणोंद्वारा ही हो सकती है।

मद्य तथा विष के वर्णन में और दीपन, पाचन, व्यवायी, विकासी, वाजीकरण आदि के वर्णन में जो शैली दिखाई देती है वह आधुनिक द्रव्यविज्ञान के ग्रन्थ में स्थान पाने लायक है। यह वर्णन बहुत ही सुसंबद्ध है। इससे द्रव्यों के कर्मों का वर्णन करते हुए उनके गुणों का वर्णन, द्रव्यों की शरीर में होनेवाली गति तथा उसमें होनेवाले परिवर्तनों की जानकारी परंपरा से हो जाती है।

यह विषय सरलता से समझने के लिए हमें कुछ बातें दुहरानी पड़ेंगी। आहार-द्रव्यों का पाचन होकर उसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होनेवाला रस का सार भाग अन्त्रों द्वारा शोषित होकर रसधातु बनता है। यह सारे शरीर में फिरता हुआ समस्त धातुओं का पोषण करता है (देखिये—सुश्रुत सू. अ. १४)। पोषणक्रम समझाते हुए तीन दृष्टान्त दिये गये हैं—क्षीरदधिन्याय, केदारीकुल्या-न्याय तथा खलेकपोतन्याय। औषधद्रव्योंकी गति भी इस क्रमके अनुसार है[1]। विपाक (जिनकी चर्चा आगे होगी) होने के पश्चात द्रव्य रुधिर प्रवाह में प्रविष्ट होते हैं। कई द्रव्य धी में से चूसे जाकर और कई शीघ्र चूसे जाकर सारे शरीरमें फैल जाते हैं। कई संपूर्ण धातुओं पर धीमें-धीमें क्रिया करते है और कई शीघ्र ही अमुक धातु (Tissue) पर क्रिया करते हैं (मन्द, तीक्ष्ण)। इस बात को उदाहरण से स्पष्ट करते हैं।

दीपन—ये द्रव्य जठराग्नि को प्रदीप्त करते हैं, अर्थात् जठररस को बढ़ाते हैं जिससे भूख अधिक लगती है. जैसे भाँग। पाचन द्रव्य आमको पचाते हैं परन्तु जठररस में विशेष वृद्धि नहीं करते, जैसे नागकेसर। इन कर्मोंका कारण द्रव्यों का पाञ्चभौतिक संघटन कहा गया है। पृथ्वी और वायु के गुणों की अधिकतावाले द्रव्य दीपन तथा अग्नि के गुणों की अधिकतावाले द्रव्य पाचन कहे गये हैं। आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञान इन कर्मों का कारण इन द्रव्यों के संघटन में स्थित विशिष्ट

१—आयुर्वेदिक वाङ्मय में यकृत्, फुप्फुस तथा मूत्रपिण्ड जैसे महत्वपूर्ण आशयों का वर्णन नहीं पाया जाता। सूत्रात्मक अथवा अव्यक्त निर्देश विद्यार्थियों या वाचकों को लाभकर नहीं होता। द्रव्यों के गुण कर्म की चर्चा से ये आशय बारंबार आते हैं। यकृत् पाचन तथा रक्तोत्पादन की क्रियामें जैसा महत्वका भाग लेता है, ऐसा ही महत्त्व का भाग यह शरीर की विषद्रव्यों से बचाने में भी लेता है। मूत्र-पिण्ड विषरूप द्रव्यों को शरीर से बाहर करने में महत्त्वपूर्ण भाग लेते हैं। कितनेक औषधद्रव्य शरीर के अनेक स्रोतोंद्वारा बाहर निकल जाते हैं। मल,मूत्र,स्वेद, श्वासो-च्छ्वास, आर्तव आदि मे इनका अस्तित्व पाया जाता है (देखिये प्रमाथी द्रव्योंका वर्णन)। मेरी नम्र सम्मति में, आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञानकी दृष्टिसे द्रव्योके शरीरमे प्रसर, संचय और निःसरण का वर्णन करना विद्यार्थियों के लिये हितावह होगा।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुणजनक पदार्थोंका होना बताता है। दीपन और पाचन दोनों सहकारी शरीर-व्यापार हैं और इनका स्थान मुख्य करके आमाशय है। आढ़मल्ल ने इनका समाधान द्रव्यप्रभावद्वारा किया है। रसवैशेषिक में दिया गया समाधान अधिक युक्तियुक्त है। यहां यह भी उल्लेख करना चाहिये कि दीपन और पाचन दोनों कर्म कर सकनेवाले द्रव्य अनेक हैं। दीपन और आमपचन कर्म स्थानिक कर्म हैं। सो, यह इन द्रव्यों की आमाशयपर होनेवाली क्रिया हुई। इसके पश्चात् ये द्रव्य रुधिरप्रवाह में प्रविष्ट होकर शरीर मे संचार करते हैं और अन्य औषधीय गुणों को प्रकट करते हैं। जैसे भांग और नागकेशर की शरीरपर क्रिया प्रसिद्ध है। इसी प्रकार वमन, छर्दिनिग्रहण इत्यादि कर्मोंका समाधान किया जा सकता है।

अब हम इसी पद्धति से अन्य गुणों की परीक्षा करेंगे।

आशु (आशुकारी), व्यावायी, विकासी आदि गुण रुधिराभिसरणद्वारा होने वाला द्रव्यका प्रसर सूचित करते हैं। द्रव्यों के इन गुणोंके कारण वे रुधिरमें शीघ्र ही प्रविष्ट हो जाते हैं; जैसे मद्य[1]। मद्य का पाक रुधिर में प्रविष्ट होने के अनन्तर शुरू होता है और वह (मद्य) शरीर के प्रत्येक कोष को वेष्टित कर लेता है[2]। इसके पश्चात् इसके अन्य गुण उष्ण, तीक्ष्ण, रूक्ष आदि प्रकट होते हैं। इसी भांति विषद्रव्य भी शीघ्र ही रक्त में प्रविष्ट हो जाते हैं और शरीर के विविध तन्त्र यन्त्रोंपर अपनी क्रिया करते हैं। इन क्रियाओं का वर्णन गुणवाचक शब्दोंद्वारा किया गया है। चरकने कल्पस्थान में वमन और विरेचन द्रव्यों की क्रिया समझाते हुए इन द्रव्यों के वीर्य की क्रिया हृदयपर होती हुई कही है 'स्ववीर्येण हृदयमुपेत्य, (देखिये इस ग्रन्थ में पृ० ६५), यद्यपि द्रव्य महाश्रोत में स्थित होते हैं। मदन-फल का वमनकर्म तथा त्रिवृत का विरेचनकर्म आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञान के अनुसार इनमे स्थित विशिष्ट गुणकारक तत्त्वोंके कारण है। इन तत्त्वों को यदि इन द्रव्योंसे

१—द्रव्यों के गुणकर्मों के विषय में सभी तज्ज्ञ एकमत हों यह संभव नहीं; जैसे—मद्यके विषय में। मद्य को सुश्रुत शुक्र-नाशक कहता है पर भेल इसे वृष्य ही समझते थे, कारण आरम्भ मे इसका हर्षण गुण व्यक्त होता है। परन्तु अधिक सेवनसे ओजस् और शुक्र का नाश होता है। कदाचित् भेलने तात्कालिक क्रियाका निर्देश किया हो और सुश्रुतने आनुबन्धिक (न्यूनाधिक काल के पश्चात् होनेवाली) क्रियाका। मद्यके शेष गुणोंका वर्णन लगभग समान है। देखिये भेलसंहिता पृ० २१६। 'हर्षणाद् वृष्यमुच्यते'; तथा—'तीक्ष्णं चोष्णं तथा रूक्षमाशुकायी व्ययी च'। इस प्रकार मुद्रित उपलब्ध संहिताका पाठ भ्रष्ट है। 'आशुकारि व्यवायि च' यह पाठ होना चाहिए, जिससे संहिताओं में एकवाक्यता रह सकेगी। हां, यह पाठशुद्धि सूचित करता हुआ मैं उनसे क्षमा चाहता हूँ जो मानते हैं कि वर्तमानमें उपलब्ध संहिताओं के पाठ शुद्ध हैं।

२—'शरीरावयवान् सर्वाननुगच्छत्यणूनपि' (भे.); 'विशत्यवयवान् सूक्ष्मान्' (सु.)।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पृथक् कर दिया जाय तो इन द्रव्यों की वमन और विरेचन कराने की शक्ति नष्ट हो जायगी।

द्रव्यों के गुणों में रस गुण (Taste) का स्थान प्रधान है। रस को आप्य विशेषण दिया गया है, जो सार्थक है। कारण, जड़द्रव्य के (Matter) विकासक्रम में जब तक जलावस्था (Liquid state) न आवे तब तक रस का आविर्भाव नहीं होता। इसी प्रकार यदि किसी अद्राव्य (Insoluble) पदार्थ का जिह्वा को स्पर्श हो तो जिह्वा को रस की प्रतीति नहीं होती। अर्थात् रस की प्रतीति के लिए द्रव्य ऐसा होना चाहिए कि वह द्रवित हो सके। यदि द्रव्य के अमुक परमाणु भी जिह्वापर स्थित स्राव के साथ न मिल जायँ—द्रवित न हो जायँ—तो हमें रस की प्रतीति नहीं होती। रसभेद का कारण 'शेषभूतसंसर्ग' है—इस सूत्र की आधुनिक विज्ञान पुष्टि करता है। एवं, 'रसो निपाते द्रव्याणां' यह परीक्षाविधि भी यथार्थ है, शर्त इतनी है कि द्रव्य ऐसा होना चाहिए कि वह द्रवित हो सके। सोना, चाँदी आदि कठिन पदार्थों को जिह्वापर लगानेपर उनके रस का स्पष्ट भान नहीं होता। तथापि जिह्वापर स्पर्श की संज्ञा होती है, जिसे विज्ञानवादी धातवीय रस (Metallic taste) कहते हैं। रसयुक्त द्रव्य त्वचापर छुआने से भी क्रिया होती है, परन्तु उसे रस की संज्ञा नहीं होती। कषाय और कटुरसवाले द्रव्यों की त्वचापर स्थानिक क्रिया होती है यह सर्वविदित है।

विविध रसोंवाले द्रव्यों के वर्णन में (देखिये अध्याय ३, पृ० १६३-१८०) रसों की मुख और महास्रोतपर होनेवाली स्थानिक क्रियाओं तथा सार्वदैहिक पारंपरिक क्रियाओं (General and indirect action) का भी वर्णन हुआ है। वह आधुनिक विज्ञान से संपूर्णतः मिलता है। तथापि, आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञान में द्रव्यों का वर्गीकरण रसप्रधान नहीं पाया जाता किन्तु, विभिन्न रसोंवाले औषधों का तथा इन रसों से युक्त द्रव्यों के गुण-कर्मों का वर्णन पाया जाता है। पहले कह आये हैं कि आधुनिकों का वर्गीकरण शारीरिक व्यापारों को लक्ष्य में रखकर किया गया है।

तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो आधुनिक द्रव्यगुणविज्ञान के ग्रन्थों में शर्करा-समूह (Sugars) के वर्णन में मधुररस के गुण-कर्मों का, एसिडों या अम्ल पदार्थों के (Acids) वर्णन में अम्लरस के गुण-कर्मों का, क्षारों (Salts) के वर्णन में लवण रस के गुण-कर्मों का, उड्डयनशीलतैलवर्ग (Volatile oils) के वर्णन में कटुरस के गुण-कर्मों का, तिक्तवर्ग के (Bitters) वर्णन में तिक्तरस के गुण-कर्मों का और ग्राहीवर्ग-(Astringents) वर्णन में कषायरस के गुण-कर्मों का वर्णन उपलब्ध होता है। अतः जिज्ञासुओं को आकर ग्रन्थों में इस विषय का सविस्तर वर्णन देख लेना चाहिए।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सब रस एक समान बलवाले नहीं होते। यह बात उनकी जिह्वापर होनेवाली स्थानिक क्रिया तथा शरीरपर होनेवाली सामान्य क्रिया से सिद्ध होती है। (देखिये अध्याय ३, पृ. १५१-१६२)। यदि जिह्वापर विभिन्न रसोंवाले द्रव-द्रव्य छुआए जावें तो इस बात का तत्काल अनुभव किया जा सकेगा। मधुररस सबसे अधिक बलवान् है और कषायरस सबसे दुर्बल है। इसी कारण रोगी जब अत्यन्त निर्बल हो गया हो तो उस अवस्था में मधुररसवाले द्रव्य मुखद्वारा, त्वचा के नीचे किंवा सिराव्यधद्वारा दिये जाते हैं। साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिये कि कई एक औषधद्रव्य जिह्वा की रसग्राही शक्ति का कुछ काल के लिये लोप कर देते हैं। उदाहरणतया कोकेन (Cocaine) लेने से जिह्वा तिक्तरस का और मधुनाशिनी (गुड़मार=Gymnema Sylvestre) लेने से मधुर रस का अनुभव नहीं कर सकती। यह प्रभाव थोड़े समय में लुप्त हो जाता है।

इन रसों को लक्ष्य में रखकर द्रव्यों का एक अन्य भी वर्गीकरण किया गया है (देखिये—अ. ३, पृ० २२१-२२२)। इसके पूर्व पहले अध्याय में कर्मभेद के अभिप्राय से किया गया वर्गीकरण वाचकों के ध्यान में होगा। इस वर्गीकरण का उद्देश्य द्रव्यगुणविज्ञान का क्षेत्र बढ़ाना है। रसों की शरीर के विभिन्न अङ्गोंपर होनेवाली क्रिया अनुमानगम्य है —रोगी की अवस्थाद्वारा रसों के दोषसंजनन या दोषसंशमन कर्म का अनुमान किया जा सकता है। इसके बाद पुनः अवलोकन-पद्धति का अवलम्बन करना होता है और यह अवलोकन मानवशरीरपर होना चाहिए, न कि केवल प्राणियों पर।

द्रव्यों के प्रधान गुण रस का विचार संपूर्ण हुआ। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि आयुर्वेद के सिवाय अन्य किसी चिकित्सापद्धति में रस के प्रति इतना लक्ष्य नहीं दिया गया है।

अब हम **विपाक** का (अ. ४) विचार करते हैं। आहारद्रव्यों और औषध-द्रव्यों के शरीर में जानेपर उनकी क्या दशा होती है यह प्रत्यक्ष प्रमाण का नहीं किन्तु अनुमान का विषय है। अतः कर्मनिष्ठा के सिवाय इसे जानने का कोई उपाय नहीं है। पहले हम आहारद्रव्यों का और पश्चात् औषधद्रव्यों का विचार करेंगे।

अवस्थापाक (Stages of Digestion)—भगवान् चरकने इसका विचार ग्रहणीचिकित्सा में विस्तार से किया है (देखें इसी ग्रन्थ में पृ० २३०)। मुखमार्ग से प्रविष्ट होकर बृहदन्त्रतक पहुँचनेतक आहारद्रव्यों में होनेवाले भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तनों का (Physical and Chemical changes) इसमें निर्देश है। पाचनसंस्थान (Digestive system) के इन व्यापारों में नाड़ी-संस्थान (Nervous system) भी भाग लेता है, जो प्राण और समान वायु के कर्मोंद्वारा अभिप्रेत है। इसके बाद मुख, आमाशय, ग्रहणी तथा बृहदन्त्र में होने-

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वाले परिवर्तनों का उल्लेख है। इस प्रकरण में जठराग्नि का अर्थ है आधुनिक विज्ञानवादियों के पाचनक्रिया में भाग लेनेवाले रस तथा किण्वद्रव्य (Digestive-fluids and Enzymes); जैसे लालास्राव, जठररस, अग्न्याशयरस, अन्त्ररस, पेप्सीन आदि। अवस्थापाक होते हुए मलरूप कफ, पित्त और वात की भी उत्पत्ति होती है, यह बात शरीरव्यापारशास्त्र का कोई भी आधुनिक आकरग्रन्थ पढ़ने से स्पष्ट समझ में आएगी। इस प्रसंग में प्रत्येक अभ्यासी को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए और विद्वान संग्रहकारने भी अपनी टिप्पणी में यह बात स्पष्ट की है कि यहाँ कही गयी उत्पत्ति त्रिधातुरूप वात-पित्त-कफ की उत्पत्ति नहीं है[1]।

विपाक-निष्ठापाक (Final Product of Digestion)--पाचन-क्रिया के परिणामस्वरूप जो द्रव-पदार्थ बनता है उसका सारभाग--प्रसादरूप भाग हृदय की ओर जाता है, और किट्टरूप भाग मल-मूत्र के रूप में शरीर से बाहर निकल जाता है। यहाँ स्पष्टीकरण के लिए यह लिख देना योग्य है कि प्रसादरूप आहार-रस दो मार्गों--प्रतिहारिणी सिरा तथा रसकुल्या-द्वारा हृदय में जाता है। एवं किट्टभाग सीधा बस्ति (Bladder) में नहीं जाता, परन्तु मूत्रपिण्डों (Kidneys) द्वारा विश्लिष्ट होकर बस्ति में जाता है। आयुर्वेदिक वाङ्मय में यह बात स्पष्ट रूप में कही नहीं गयी है, यह मेरा नम्र मत है[2]। इस विपाक के परिणामस्वरूप तैयार होनेवाले द्रव-पदार्थ का भी अपना रस (Taste) होता है, जो अनुमानगम्य अथवा कार्यानुमेय है। यह रस मधुर, अम्ल अथवा कटु हो सकता है, ऐसा त्रिविधविपाकवादी कहते हैं। आधुनिक विज्ञान इसका समर्थन करता है। कारण, आजकल परीक्षणों से ज्ञात हुआ है कि प्रोटीनों में पचन के अन्तिम परिणाम-स्वरूप एमाइनो एसिड (Amino acids) नाम के अम्ल पदार्थ तैयार होते हैं। इसी प्रकार आहार के कर्बोदित या स्टार्चवाले पदार्थों के पाचन के परिणामरूप ग्लु-कोज (Glucose) नामक मधुर पदार्थ तथा चरबीवाले या स्निग्ध पदार्थों के पचन के परिणामरूप कटुरसप्रधान फॅटी एसिड्स और ग्लिसेरोल (Fatty acids and Glycerol) नाम के पदार्थ तैयार होते हैं। निष्ठापाक के परिणामरूप कौन रस (या किस रसवाला द्रव पदार्थ) बनता है, यह द्रव्यविशेषपर--आहारद्रव्य के प्रकारपर--अवलम्बित है। तथा विपाक में विपर्यास होना या न होना यह द्रव्य के प्रमाण, संस्कार, सात्म्य आदिपर अवलम्बित है (अध्याय ४, पृ० २६३)। यहाँ

१--यह वस्तुस्थिति स्पष्ट न समझने से वात-पित्त कफ की उत्पत्ति के सम्बन्ध में कैसी उलझन पैदा होती है यह जानने के लिए देखिये कविराज डी. एन्. रॉयकृत 'The Principles of Tridosh in Ayurved' प्रकरण १३, पृ० १०१।

२--स्व० पं० हरिप्रपन्नजी तथा म० म० कविराज गणनाथ सेनजीने मूत्र-पिण्डों के व्यापार के सम्बन्ध में जो खुलासा किया है वह मुझे संतोषप्रद नहीं लगता।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्विविधविपाकवादियों के मत का —गुणविपाकवाद का—भी विचार करना उचित है। गुणों की दृष्टि से देखें तो यह मत भी विज्ञानसंमत है। कारण, आहार-द्रव्यों का पाचन होने के पश्चात् जो रस तैयार होगा वह या तो गुरु होगा या लघु। विज्ञान कहता है कि सामान्य परिस्थिति में प्रोटीनों का (Proteins) पाक गुरु होता है, और कर्बोदितों (Carbohydrates) तथा स्निग्ध द्रव्यों (Fatty-articles) का पाक लघु होता है। फलितार्थ यह कि दोनों विपाकवादियों के मत शास्त्रीय और सत्य हैं, तथा अनुभव और अवलोकन के आधारपर स्थापित हैं।

महास्रोत में आहारद्रव्यों की जठराग्नि की क्रिया के परिणामरूप क्या दशा होती है यह हमने देखा। परन्तु इस सौम्य आहाररस का शोषण होने के पश्चात् इसमें अन्य असंख्य परिवर्तन होते हैं। इन परिवर्तनों का अनुमान देह के स्नेहन, जीवन, तर्पण, धारण आदि के द्वारा हो सकता है। रुधिरप्रवाह में प्रविष्ट होने के पश्चात् धमनियों द्वारा शरीर में फैलते हुए इनमें अन्य भी पाकक्रिया होती है या नहीं यह प्रश्न विचारने योग्य है। शरीर से बाहर की दृश्य-सृष्टि में अग्नि और सूर्यकिरणों की उष्णता से पाकक्रिया होती है। शरीर में जठराग्नि के अतिरिक्त कोई अग्नि है या नहीं यह प्रश्न है। भगवान् चरकने इसका उत्तर 'हाँ' में दिया है और पाँच भूताग्नियों और सात धात्वग्नियों का अस्तित्व प्रतिपादित किया है (देखिये च. चि. अ. १५, श्लो. १३-१५)। साथ ही यह भी कहा है कि वे बारह अग्नियाँ जठराग्नि के आश्रित हैं। आधुनिक वैज्ञानिक जिसे मेटाबोलिज्म (Metabolism) अथवा आन्तर्देहिक रासायनिक परिवर्तन कहते हैं उन परिवर्तनों का आयुर्वेदाचार्योंने धातुओं के उत्पत्तिक्रम तथा बारह अग्नियों की क्रियाओं में समावेशित किया है[1]।

आहार द्रव्यों के पाचन के परिणामस्वरूप-विपाक के अन्त में-सारभूत आहार-रस हृदय में जाता है और रसधातु नाम से अभिहित होता है। इससे अन्य धातुएँ बनती हैं। परन्तु रस जैसे द्रव पदार्थ से अस्थि जैसी कठिन धातु का बनना क्या कम चमत्कार है? इस घटना के लिए एक पाकक्रिया की आवश्यकता है, और इसके लिए विशिष्ट गुण-धर्मवाला अग्नि होना चाहिए।

आयुर्वेदाचार्यों के कहे हुए इन अग्नियों के व्यापारों को समझने में आधुनिक विज्ञान बहुत उपयोगी है। रजस् और शुक्र के सम्मिलन के फलस्वरूप एक फलित

१—डॉ० धीरेन्द्रनाथ बनर्जीने इस देहोष्मा को चौदहवें अग्नि के नाम से पुकारा है। यह चौदहवाँ अग्नि इनका मानसपुत्र है। कारण, आयुर्वेद में चौदहवें अग्नि का निर्देश ही नहीं है और देहोष्मा को भ्राजक पित्तका कर्म कहा है। देखिये—सुश्रुत. सु. अ. १६. 'ऊष्मा शरीरोष्मा, स त्वक्स्थभ्राजकपित्तस्य कर्म'—चक्र०। इसी प्रकार म. म. क. गणनाथसेनजीने आग्नेयरससंवहन का वर्णन किया है, जो भ्रान्तिमूलक प्रतीत होता है; कारण सुश्रुतने आहाररस को जोर देकर 'सौम्य' कहा है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

बीजकोष (Fertilized Ovum) उत्पन्न होता है, जिससे करोड़ों कोष उत्पन्न होते हैं, और उनके आकार तथा गुण-धर्मों में परिवर्तन होता है। इनका आहार—नाभि-नाड़ीद्वारा मिलनेवाला माता का आहाररस—एक होते हुए भी क्यों कोषों के आकार और गुण-धर्मों में भेद आता है? क्यों उनके भौतिक एवं रासायनिक गुणों में भिन्नता होती है? इसका उत्तर स्वभाव, प्रकृति, ईश्वर जो कहो वह है[1]। परन्तु इनके निरीक्षण तथा परीक्षा से ज्ञात होता है कि भिन्न-भिन्न प्रकारके कोष भिन्न-भिन्न धातुओं का निर्माण करते हैं और अपने अनुकूल पदार्थ आहाररस में से लेकर जीवननिर्वाह करते हैं। उदाहरणतया, रुधिर लोह को (Iron) पसन्द करता है, ज्ञानतन्तु फॉस्फरस तथा प्रोटीनों (Nucleoprotein) को, मांसपेशियाँ भी प्रोटीनों को तथा अस्थियाँ चूने के क्षारों को (Calcium Salts) खूब संचित करती हैं। खलेकपोतन्याय के समान अपने-अपने को पसन्द आहार ग्रहण करनेवाले ये भिन्न-भिन्न धातुओं के निर्मापक कोष, ग्रहण किये हुए पदार्थ को जैसे का तैसा अपने अङ्ग में समाविष्ट नहीं कर लेते, किन्तु इन पदार्थों को किञ्चित् बदलकर, अपने लिए सात्म्य रूप देकर अपने-कोष में प्रविष्ट करते हैं। आहारद्रव्यगत प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट तथा स्नेहवाले पदार्थ जठराग्नि के पाक के बिना तथा उसके अनन्तर धातुओं के कोषों में होनेवाली पाकक्रिया के बिना शरीर के लिए उपयोगी नहीं होते। एक सीधा दृष्टान्त लें। दूध एक उत्तम आहारद्रव्य है, परन्तु तभी जब कि जठराग्नि-द्वारा इसका सम्यक् पाक हो। जब दूध के केवल पन्द्रह से बीस बिन्दु सूचीवेध द्वारा त्वचा के नीचे प्रविष्ट किये जाते हैं तो मनुष्य को सहसा ज्वर हो आता है। कारण, दूध का पोषक तत्त्व (Protein) सम्यक् परिणत न होने के कारण अमृत के स्थानपर विष की क्रिया करता है। फलितार्थ यह कि शरीर के अन्य बारह अग्नि जठराग्नि-की प्राथमिक क्रिया के बिना अपना कार्य ठीक से नहीं कर सकते। अतएव इसे सर्वोपरि मान दिया गया है—'अन्नस्य पक्ता सर्वेषां पक्तृणामधिको मतः'—(च. चि. अ. १५)। रस, रक्त आदि धातुओं में ये धात्वग्नि तथा भूताग्नि रहते हैं। प्रत्येक धातु का अग्नि इन धातुनिर्मापक कोषों में (Tissue Cells) प्रवर्तमान भौतिक तथा रासायनिक परिवर्तनों का मूल है, जब कि न धातुओं का भूताग्नि इस बात का निर्णय करता है कि इनमें कौन-सा महाभूत अधिक प्रमाण में

१—'स्वभावमीश्वरं कालं यदृच्छां नियतिं तथा। परिणामं च मन्यन्ते प्रकृतिं पृथुदर्शिनः॥ सु. शा. अ. १।' सजीव तथा निर्जीव सृष्टि के पार्थक्य का कारण शोधन के लिए मनुष्य जाति प्राचीन काल से संलग्न है। इस विचारमन्थन के परिणामस्वरूप जो-जो मुख्य वाद सामने आये उनका सुन्दर निर्देश इस श्लोक में भगवान् सुश्रुतने किया है। आयुर्वेदाचार्यों ने इन सबों का समन्वय करके अपना चिकित्सा-शास्त्र रचा है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रहता है। उदाहरणतया, कर्णेन्द्रिय में आकाश, जिह्वा में जल, घ्राणेन्द्रिय में पृथ्वी इत्यादि। आधुनिक विज्ञानवादी अपनी दृष्टि से प्रत्येक धातु का विशिष्ट रासायनिक संघटन बताते हैं। संक्षेप में कहें तो विपाकक्रिया बहुत लम्बी और उलझन भरी है और सभी अग्नि इसमें थोड़ा-बहुत भाग लेते हैं।

अब इन तथ्यों को लक्ष्य में रखकर औषधद्रव्यों का विचार करते हैं। इनके ऊपर पहले जठराग्नि की और पीछे धात्वग्नियों और भूताग्नियों की क्रिया होती है। कई औषधद्रव्य--व्यवायी या विकासी, जैसे मद्य--जठराग्नि की क्रिया पूरी होने के पूर्व ही रुधिरप्रवाह में मिल जाते हैं और अपने औषधीय कर्म व्यक्त करने लगते हैं। परन्तु धात्वग्नियों की क्रिया से वे नहीं बच सकते और भिन्न-भिन्न धातुओं में (Tissues) इनका पाक होने लगता है। परन्तु औषधद्रव्यों में अधिकांश जठराग्नि के संपर्क में आते हैं। परिणामतः द्रव्यों का रूपान्तर होता है, कइयों का नाश भी होता है और कई द्रव्य विशेषतः खनिज द्रव्य—(Metals) थोड़ी पाकक्रिया के बाद मलद्वार से शरीर के बाहर निकल जाते हैं। इसी कारण धातुओं की भस्में तैयार करते हुए इनका बारंबार पाक किया जाता है, जिससे शरीर के अग्नियों का कार्य सुगम हो जाता है, तथा दोषप्रकोपक गुणों का नाश होकर दोषहरण या दोषसंशमन गुणों का आधान होता है। विज्ञान की परिभाषा में कहें तो भस्मों के परमाणुओं में ऐसे गुण उत्पन्न किये जाते हैं कि जिनकी सहायता से ये परमाणु शारीरिक कोषों के जीवनरस (Protoplasm) में सरलता से मिल सकते हैं और अपने औषधकर्म (Pharmacological action) व्यक्त कर सकते हैं। यहाँ यह स्मरण रखना चाहिए कि प्राणिजन्य औषध शरीर में शीघ्र मिल जाते हैं और उनका विपाक सरलता से होता है। परन्तु खनिजद्रव्य निरिन्द्रिय होने से विपाक में कठिनाई होने से शीघ्र शरीर में मिल नहीं सकते। ये द्रव्य किस प्रकार प्रयुक्त किये जाने से शरीर के लिए उपकारक हो सकते हैं इस विषय में प्राचीन और अर्वाचीन द्रव्यगुणविशारद अबतक एकमत नहीं हुए हैं।

वीर्य (अध्याय पाँचवाँ)--शक्तिमात्रवाचक वीर्य (Potency) शब्द का इस प्रकरण में विचार नहीं किया जायगा। परन्तु आयुर्वेदाचार्यों द्वारा पारिभाषिक अर्थ में व्यवहृत वीर्य का ही हम इस स्थलपर विचार करेंगे। आयुर्वेद के पारिभाषिक वीर्य का अर्थ क्या है? द्विविध तथा अष्टविध वीर्यवादियों की युक्तियाँ पढ़ने के पश्चात् प्रभूतकार्यकारी गुण—प्रकृष्टशक्तिसंपन्न गुण--ही वीर्य है यह मत मुझे ग्राह्य नहीं प्रतीत होता। मुझे बौद्ध द्रव्यगुणवेत्ता भदन्त नागार्जुन की युक्तियाँ स्वीकार्य लगती हैं। औषधद्रव्यों में ऐसी कौन सी शक्ति है जिसका उनके (औषधद्रव्यों के) गुणों, रस, विपाक और प्रभाव में समावेश नहीं हो सकता? तथा, तुल्य गुण, रस, विपाक और प्रभाववाले द्रव्यों के औषधीय कर्मों (Pharma-

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

cological action) में भिन्नता का कारण क्या है? वीर्य के अस्तित्व के विषय में तो कोई शङ्का ही नहीं है। मेरी नम्र बुद्धि के अनुसार वीर्य का अर्थ है औषध-द्रव्यों में स्थित **विशिष्टगुणोत्पादक तत्त्व** (Active Principles), जिनका वर्णन ऊपर किया जा चुका है। द्रव्यों का रासायनिक पृथक्करण (Chemical Analysis) करने के साधन जब आज के समान विपुल तथा सुलभ नहीं थे तब भी इनका अस्तित्व तथा इनके औषधीय कर्मों का ज्ञान प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों को हो गया था और चिकित्सा में औषधद्रव्यों का उपयोग करते हुए उनके वीर्य को विशषत: ध्यान में रखा जाता था यह गौरवास्पद बात है। भदन्त नागार्जुनने प्रचलित मत का-गुणोत्कर्षवाद का—विरोध किया, पर कर्मलक्षण वीर्य का ज्ञान उन्हें भी नहीं हुआ[1]। आजकल औषधद्रव्यों में से इन तत्त्वों को पृथक् करके इनकी परीक्षा की जाती है। यहाँ प्रश्न यह होता है कि इस वीर्य और द्रव्य का सम्बन्ध क्या है? इसका उत्तर यह है कि जैसे गुण, रस, विपाक, प्रभाव आदि द्रव्याश्रित हैं वैसे यह वीर्य भी द्रव्याश्रित है। उदाहरणतया, अहिफेन में ही तो मोर्फीन (Morphine) रह सकता है; किंवा, विषतिन्दुक—कुचला (Nux vomica) के आश्रय से इसका वीर्य स्ट्रिक्नाइन (Strychnine) रह सकता है। अन्य शब्दों में कहें तो आधुनिक विज्ञानवादियों के मत से द्रव्य और वीर्य-गुणकारक तत्त्वों के मध्य आधाराधेयभाव सम्बन्ध है। द्रव्य के बिना वीर्य का अस्तित्व संभव नहीं और द्रव्य के गुणों का अर्थ है वीर्ययुक्त द्रव्य के गुण। अब आयुर्वेदाचार्यों द्वारा निश्चित की गयी व्यवस्था के अनुसार वीर्य की परीक्षा करते हैं।—'वीर्यं यावदधीवासान्निपाताच्चोपलभ्यते'—निपात अर्थात् वीर्ययुक्त द्रव्य और जिह्वा-नासिका आदि का संयोग होते ही वीर्य के अस्तित्व की प्रतीति होती है। परन्तु जब इस प्रकार से वीर्य की उपलब्धि न हो सके तो शरीर में वीर्ययुक्त द्रव्य जब तक रहे तब तक

१—कितने द्रव्यों में तुल्य रस-गुण होते हुए भी कर्मों में भिन्नता पायी जाती थी। यह कर्मभेद गुणोत्कर्ष के कारण हो तो रस गुणोत्कर्ष का कारण क्या है? (देखिये पृ० २८६-२९३)। वीर्य कर्मलक्षण होता है यह कहनेपर भी वीर्य अचिन्त्य ही रहता है। अस्य कर्मविशेषस्य दर्शनादेतस्मात् रसगुणाख्यात् कारण-मन्यद्विद्यते। 'अस्य विशेषस्य साधकं तद् वीर्यमिति जानीम' इति (भा०) ये शब्द मेरे इस मत की पुष्टि करते हैं कि इस भेद का जो साधक हो उसे 'वीर्य' कहते हैं। अर्थात् आधुनिक विज्ञान के 'एक्टिव प्रिंसिपल्स' (Active Princi-ples) की विद्यमानता के कारण ही तुल्य रस-गुणवाले द्रव्यों में कर्मभेद एवं गुणोत्कर्ष पाया जाता है। द्रव्य वीर्यरहित अर्थात् सामान्य गुणवाले भी हो सकते हैं। मैं 'प्रबल आठ गुण ही वीर्य हैं, इस लक्षण को बदलना नहीं चाहता। मैं तो केवल कारण बताता हूँ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शरीरपर होनेवाली वीर्य की क्रियाद्वारा उसके वीर्य के अस्तित्व का अनुमान किया जा सकता है। परीक्षा की इस व्यवस्था के अनुसार भी आधुनिक विज्ञानवादियों के गुणकारक तत्त्व मुझे प्राचीन आचार्यों के वीर्य ही प्रतीत होते हैं। वीर्य चिन्त्य भी हो सकता है और अचिन्त्य भी।

भदन्त नागार्जुन तथा अन्य महान् आयुर्वेदाचार्यों के मत से वीर्य विविध प्रकार के हैं। आधुनिक विज्ञान भी वीर्य अनेक प्रकार के मानता है। देश, ऋतु, भूमि इत्यादि की क्रिया द्रव्योंपर अर्थात् उसमें स्थित वीर्य पर —गुणोत्पादक तत्त्वोंपर— होती है, यह बात सब तज्ज्ञ स्वीकारते हैं। यदि इस वीर्य का नाश हो जाय अथवा औषधद्रव्यों में इसका प्रमाण न्यून होजाय तो औषध हीनवीर्य या निर्बीज हो जाते हैं। आयुर्वेदाचार्योंने वानस्पतिक औषधों के जो-जो अङ्ग——मूल, त्वक्, पत्र आदि——चिकित्सोपयोगी निश्चित किये हैं उन-उन अङ्गों में विज्ञानवादियोंने एक न एक गुणकारी तत्त्व का अस्तित्व सिद्ध किया है, जैसे त्रिवृत्मूल, अर्जुनत्वक्, इन्द्रयव इत्यादि। कई बार औषधद्रव्य के गुण-धर्म उसके वीर्य से भिन्न होते हैं और कभी समान होते हैं। कभी एक ही द्रव्य में अनेक वीर्य होते हैं, इत्यादि। आशय यह है कि द्रव्य के कर्म के करणों की मीमांसा में गुणोत्कर्ष को वीर्य मानने की अपेक्षया इन औषधद्रव्यों में विद्यमान अमुक विशिष्ट अंश को वीर्य मानने की आजकल के विज्ञानवादियों की प्रवृत्ति है। वानस्पतिक द्रव्यों को छोड़कर प्राणिजन्य तथा खनिजद्रव्यों का विचार करें तो मुक्ता, प्रवाल, ताम्र, सुवर्ण, लोह आदि के औषधीय गुणों के वर्णन में भी शीतवीर्य, उष्णवीर्य आदि शब्द पाये जाते हैं। वहाँ वीर्य का अर्थ क्या किया जाय यह प्रश्न स्वभावतः उपस्थित होता है। आयुर्वेदिक चिकित्सापद्धति में शुद्ध रासायनिक द्रव्यों की अपेक्षया मिश्र रासायनिक द्रव्य अधिक प्रमाण में व्यवहृत होते हैं। भस्मों के निर्माण में सेन्द्रिय तथा निरिन्द्रिय द्रव्य (Organic and inorganic substances) एकत्र मिल जाते हैं। इस प्रकार इनके निश्चित रासायनिक सूत्र (Chemical formulae) नहीं बताये जा सकते। परन्तु सामान्यतः कह सकते हैं कि इन भस्मों से भी अमुक अंश——अणु या परमाणु——शरीर में प्रविष्ट होकर अपने औषधीय गुण प्रदर्शित करते हैं। आधुनिक रसायनशास्त्र कहता है और परीक्षणद्वारा सिद्ध करता है कि शरीर के बाहर और शरीर के अन्दर होनेवाले रासायनिक परिवर्तनों में अमुक मौलिक (Radicles) खास भाग लेते हैं। ये मौलिक अमुक परमाणुओं के विशिष्ट व्यूह हैं। इसी विचारसरणि का अनुसरण करता हुआ मैं समझता हूँ कि मुक्ताभस्म के शीतवीर्य अथवा ताम्र के उष्ण वीर्य का अर्थ है इन भस्मों में से पृथक् होनेवाला अमुक परमाणुपुञ्ज जो शारीरिक कोषों पर अपनी विशिष्ट क्रिया प्रदर्शित करता है। आशा है विद्वज्जन इस प्रश्नपर विशेष विचार करेंगे।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रभाव (Specific Action)--जैसा कि ऊपर कह आये हैं, जब औषध के कर्म का कोई भी समाधान कार्यकारणभाव के नियमद्वारा न हो सके तो प्रभाव के द्वारा किया जाता है। और सब औषधकर्मों का समाधान मनुष्य की बुद्धि अब तक नहीं कर सकी है। परन्तु एक बात स्मरण में रखनी चाहिए। आधुनिक विज्ञान प्रभाव को समझने का दिन-प्रतिदिन प्रयास कर रहा है। प्रभाव को अचिन्त्य मानने से वह इनकार करता है।

रस, विपाक, वीर्य और प्रभाव समान बलवाले हों वहाँ (पृ० २४७) वीर्य और प्रभाव के बल को अधिक बनानेवाला सिद्धान्त आज के विज्ञान के अनुकूल है।

उपसंहार

इस संक्षिप्त निबन्ध में आरम्भ में दी प्रतिज्ञा के अनुसार पूर्व और पश्चिम के द्रव्यगुणविज्ञान सम्बन्धी विचार मैंने प्रस्तुत किए हैं और जिस प्रजा का बालक होने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है उस प्रजा ने मनुष्यजाति के हित के लिए जो चिन्तन-मनन किया है उसका सार यहाँ दिया है। यह तैयार करने में मुझे प्रेरित करनेवाले **पूज्य श्रीयुत यादवजी त्रिकमजी आचार्य** का मैं अत्यन्त ऋणी हूँ। इसमें प्रतिपादित किये हुए विचारों की चर्चा में उत्साहपूर्वक भाग लेनेवाले अपने सहकारी श्रीयुत **डॉ० भास्कर गोविन्द घाणेकर, श्री पण्डित दामोदर शर्मा गौड, श्री पण्डित यदुनन्दन उपाध्याय, श्री पण्डित शिवदत्त शुक्ल तथा श्री पण्डित राजेश्वरदत्त शास्त्री** आदि का भी मैं सप्रेम आभार मानता हूँ। अपना अन्तिम मनोरथ महाकवि कलिदास के शब्दों में व्यक्त करता हूँ--

आपरितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्।
बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः॥

हिन्दू विश्वविद्यालय बनारस
भ्रातृद्वितीया वि. सं. २०००

बालकृष्ण अमरजी पाठक

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

यह कारखाना केवल औषधि-निर्माता ही नहीं है, बल्कि शुद्ध अर्थ में यह एक आयुर्वेदीय संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य है भारतीय चिकित्सा-पद्धति—आयुर्वेद का प्रतिसंस्कार और उसके स्वाभाविक मानव-कल्याणकारी गुणों, उसकी विशेषताओं और चिकित्सा-प्रणाली की श्रेष्ठता की जानकारी जनता को करा देना। औषध और ग्रन्थ, दोनों इसके साधन हैं। इसलिये एक ओर जहां यह उत्तमोत्तम औषध-निर्माण द्वारा आयुर्वेद की विशेषता को प्रमाणित करने की चेष्टा करता है, वहीं दूसरी ओर इसके उत्तमोत्तम और प्रामाणिक ग्रन्थों के प्रकाशन का समुचित प्रबन्ध भी करता है। राजकीय शिक्षासंस्थाओं तथा विश्वविद्यालयों ने इसके अनेक ग्रन्थों को अपने पाठ्यक्रम की पुस्तकों में प्रमुख स्थान दिया है। पुस्तकों के मूल्यनिर्धारण में सर्वसाधारण की क्रय-शक्ति का पूरा विचार रखकर इन्हें लागत मात्र कीमत पर बेचने का प्रबन्ध होता है। हमारे **आरोग्य-प्रकाश** को तो जनता ने इतना पसन्द किया है कि उसके १६ संस्करणों में डेढ़ लाख प्रतियाँ छप कर हाथों-हाथ बिक चुकी हैं। इसी प्रकार अन्य ग्रन्थों के भी कई-कई संस्करण छप चुके हैं।

अभिनवं शारीरम् (संस्कृत)—लेखक : वैद्य पं. दामोदर शर्मा गौड़ ए. एम्. एस्.। शिक्षा में उच्चता तथा एकरूपता लानेवाला शारीरशास्त्र का अद्भुत ग्रन्थ है। अध्ययन तथा अध्यापन के लिये यह उपयुक्त पाठ्यपुस्तक हो सकता है। शारीरशास्त्र का युगानुरूप परिष्कृत संस्कार कहा जा सकता है।

पृष्ठ संख्या ६००, चित्र संख्या ४००, रंगीन चित्र ११२, मूल्य ७५) रु.

अष्टांग-संग्रह (सूत्रस्थान) — (सर्वाङ्ग-सुन्दर-व्याख्या-सहित) व्याख्याकार—वैद्य पं० लालचन्द्र शास्त्री। श्रीमद्वाग्भट्टाचार्य विरचित 'अष्टांग-संग्रह' आयुर्वेद के प्राचीन संहिताओं में सर्वोत्कृष्ट और प्रामाणिक ग्रंथ है। इसमें सूत्र-स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। सूत्रस्थान में कुल ४० अध्याय हैं। इन अध्यायों में जो विषय प्रतिपादित हुए हैं, वे काय-चिकित्सकों की जानकारी के लिये अत्यावश्यक एवं उपयोगी हैं। पृष्ठ संख्या ७७०; मूल्य १२) रु.

अम्लपित्त प्रकरण— बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संभाषण परिषद् में अम्लपित्त निदान और चिकित्सा पर प्रकट किये गये अनुभव इसमें संकलित हैं। मूल्य २) रु.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आरोग्य-प्रकाश—(आरोग्य, स्वच्छता और चिकित्सा पर सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ सत्रहवां संस्करण) श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लिमिटेड के संस्थापक, **वैद्यराज पं० रामनारायण शर्मा, वैद्य शास्त्री** ने बड़े परिश्रम से इस ग्रन्थ का प्रणयन किया है। पूर्वार्द्ध के विषयों को पढ़कर और तदनुसार चलकर सदा बीमार रहनेवाला व्यक्ति भी बिना दवा के नीरोग (तन्दुरुस्त) हो जाता है। ग्रन्थ के उत्तरार्द्ध में शरीर में पैदा होनेवाले सभी रोगों की उत्पत्ति, कारण, निदान, रोग के लक्षण, चिकित्सा, पथ्यापथ्य आदि इस तरह समझाकर लिखे गये हैं कि इसके द्वारा विद्वान् से लेकर साधारण पढ़े-लिखे, दोनों समान रूप से लाभ उठा सकते हैं। हिन्दी में ऐसी पुस्तक दूसरी नहीं है।

पृष्ठ संख्या ५०४; मूल्य ५) रु.

आरोग्य-प्रकाश—(मराठी संस्करण)—श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लि० के प्रबन्ध निर्देशक **बैद्य रामनारायण शर्मा** द्वारा लिखित ग्रन्थरत्न का यह मराठी संस्करण भी हिन्दी संस्करण की भाँति सचित्र है।

पृष्ठ संख्या ५०६; मूल्य ५) रु.

आरोग्य-प्रकाश—(गुजराती संस्करण)—**बैद्यराज पं. रामनारायण शर्मा, बैद्यशास्त्री** द्वारा लिखित। हिन्दी आरोग्य-प्रकाश का यह गुजराती भाषा में अनुवाद है।

पृष्ठ संख्या ६८७; मूल्य ६) रु.

आयुर्वेदीय क्रिया-शारीर— (सचित्र, रायल अठपेजी, विलायती पेपर) लेखक : **वैद्यरणजितराय देसाई, वाइस-प्रिन्सिपल, आयुर्वेद-महाविद्यालय, सूरत**। श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित "शारीर-क्रिया-विज्ञान" का देश में सर्वत्र ही समादर हुआ था और हिन्दुस्तान के प्रायः समग्र आयुर्वेदीय कालेजों के पाठ्य-क्रम में वह पुस्तक नियत हो गयी थी। उसी ग्रन्थ का यह संशोधित और परिवर्धित षष्ठम संस्करण है।

आयुर्वेद की इस पुनरुत्थान-वेला में, वैद्य रणजितराय जो स्तुत्य और ऐतिहासिक महत्त्व का कार्य कर रहे हैं, उसे आज आयुर्वेद-जगत में कौन नहीं जानता? आयुर्वेद के संशोधन को दृष्टि में रख कर उन्होंने जो अनेक ग्रन्थ लिखे हैं, उन्हीं में से एक ग्रन्थ यह 'आयुर्वेदीय-क्रिया-शारीर' भी है।

प्रस्तुत संस्करण के पाठ्य-विषयों में तो पहले की अपेक्षा अनेक परिवर्तन किये ही गये हैं; इसमें अनेक एकरंगे चित्रों की संख्या वृद्धि कर, विषय को अधिक सुबोध बनाया गया है एवं पुस्तक की उपयोगिता में और भी अधिक वृद्धि कर दी गयी है। पृष्ठ संख्या ८८८, मूल्य २१) रु.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आयुर्वेद सार-संग्रह (नवम संस्करण)—राष्ट्रभाषा में ऐसी आयुर्वेदीय पुस्तकों की बहुत कमी थी, जिनमें रोग-विचार के साथ-साथ चिकित्सा, औषध-निर्माण, अनुपान, पथ्यापथ्य आदि का विवरण समझाकर सरल भाषा में दिया गया हो। प्रस्तुत पुस्तक में आयुर्वेदीय साहित्य की इसी कमी को दूर करने का सफल प्रयत्न किया गया है। श्री वैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लि० द्वारा बनायी जानेवाली सभी दवाओं की निर्माण-विधि तथा उनके गुण-धर्म और प्रयोग-विधि के साथ सभी वैद्योपयोगी बातों का सविस्तर वर्णन सरल हिन्दी भाषा में किया गया है। रस-रसायन, अर्क आदि बनाने के यन्त्रों के चित्र भी दिये गये हैं जिनके देखने से औषध-निर्माताओं को काफी सुविधा होगी।

पृष्ठ संख्या ७४०; मूल्य १६) रु.

आयुर्वेदीय व्याधि - विज्ञान (पूर्वार्द्ध–तृतीय संस्करण)— लेखक : आयुर्वेद-मार्त्तण्ड वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य, बम्बई। इस ग्रन्थ में व्याधि विज्ञान के साधनों का वर्णन बहुत ही सुन्दर ढंग से किया गया है। व्याधियों के सम्बन्ध में सभी ज्ञातव्य बातों का इस ग्रन्थ में वर्णन है। अध्ययन कर लेने के बाद निदान-सम्बन्धी अनेक ज्ञातव्य सिद्धान्त हस्तामलकवत् प्रतिभात हो जाते हैं। आयुर्वेद-प्रेमी विद्वानों, वैद्यों और विद्यार्थियों सभी के लिये यह ग्रन्थ उपयोगी है। पृष्ठ संख्या १२८; मूल्य रु. ३) ४०

आयुर्वेदीय व्याधि-विज्ञान (उत्तरार्ध)—लेखक : आयुर्वेद-मार्त्तण्ड वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य। यह ग्रन्थ उपर्युक्त ग्रन्थ का उत्तरार्ध है इसमें ज्वर, महास्रोतगत रोग, उरोगत रोग, रक्तपित्त रोग, पाण्डु रोग, शोथ व्रण, विसर्प, वृद्धि, भग्ननिदान, गलगण्ड, गण्डमाला, कुष्ठ आदि १५ अध्याय हैं।

पृष्ठ संख्या २७४; मूल्य ८) रु.

आयुर्वेदीय पंचकर्म विज्ञान—लेखक : सुप्रसिद्ध आयुर्वेद मनीषी, ह. श्री. कस्तुरे। यह ग्रन्थ पंचकर्म विषय पर प्रथम ही अनोखा वैशिष्ठ्यपूर्ण ग्रन्थ है। स्नातकोत्तर शिक्षण तथा अन्वेषण में लगे हुए छात्रों को पथ प्रदर्शक के रूप में यह उपयुक्त सामग्री होगी। प्रत्यक्ष कर्म में जो वैद्य व्यवसाय में लगे हुए हैं उन्हें प्रत्यक्ष कर्मों की वैज्ञानिक पद्धति इस ग्रन्थ से मिलती है। पंचकर्म पद्धति को पुनरुज्जीवित करने की दिशा में यह ग्रन्थ अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

पृष्ठ संख्या ६८८; मूल्य केवल रु. १५.००।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आयुर्वेदीय पदार्थ-विज्ञान (तृतीय संस्करण)—लेखक : वैद्य रणजितराय देसाई। आयुर्वेदीय पदार्थ विज्ञान अन्य सभी आयुर्वेदीय विषयों का आधारभूत है। अतः इसका अध्यापन किस शैली से होना चाहिए, इस बात का विशद विवेचन करते हुए विषय को नया ही रूप देने का सफल प्रयास किया गया है।

पृष्ठ संख्या २८८; मूल्य १२) रु.

आयुर्वेदीय हितोपदेश (द्वितीय संस्करण)—लेखक : वैद्य रणजितराय देसाई। आयुर्वेद के रहस्य-बोधन के लिये संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है। प्रायः आयुर्वेदीय पाठ्यक्रम की प्रारम्भिक परीक्षाओं में संस्कृत भी एक अनिवार्य विषय रहता है, परंतु इसका अध्ययन-अध्यापन संस्कृत साहित्य के पाठ्य ग्रन्थ-हितोपदेश, पंचतन्त्र प्रभृति आयुर्वेदेतर विषयों के रूप में होता है। इसी दृष्टिकोण को सामने रखकर आयुर्वेदीय अध्ययन-अध्यापन के कार्य में दक्ष वैद्य रणजितराय ने 'आयुर्वेदीय हितोपदेश' नाम की इस पुस्तक का प्रणयन किया है।

पृष्ठ संख्या २८८; मूल्य रु. ४) २५।

उपचार पद्धति (अष्टम संस्करण)— सर्वसाधारण गृहस्थ के सैकड़ों रुपये प्रतिवर्ष बच सकते हैं, यदि उन्हें उपचार और पथ्य का साधारण ज्ञान हो जाय। इसी लक्ष्य को सम्मुख रख कर इस पुस्तक का प्रकाशन किया गया है।

पृष्ठ संख्या १०८; मूल्य रु. १) २५।

औषधि विज्ञान शास्त्र — लेखक : विश्वनाथजी द्विवेदी, विभागाध्यक्ष-आयुर्वेद संस्कृत विश्वविद्यालय, काशी। प्रस्तुत पुस्तक में नवीन पद्धति के आधार पर औषधिशास्त्र के बारे में बहुत ही सरल ढंग से अत्यंत परिश्रम पूर्वक विषय स्पष्ट किया गया है। यह ग्रन्थ पांच भागों (अध्यायों) में विभक्त है और इन भागों में निघंटु, द्रव्य-गुण-शास्त्र, सैद्धान्तिक विवरण, सामान्य व विशिष्ट परिभाषा, कर्म विज्ञान, कार्मुक संज्ञायें आदि का विस्तृत एवं सुबोध ढंग से वर्णन किया गया है। द्रव्य परिचय, स्वरूप, शरीर पर प्रभाव एवं चिकित्सा में उनका उपयोग आदि विषयों का खुलासा करने से वास्तव में लेखक ने औषधि विज्ञान शास्त्र को और भी सामने ला दिया है।

पृष्ठ संख्या ८१८; मूल्य केवल १५) रु.

किशोर-रक्षा और ब्रह्मचर्य (चतुर्थ संस्करण)—किशोर बालकों और तरुणों को कुटेव-जन्य व्याधियों से बचाने का इस पुस्तक में सफल प्रयास किया गया है।

पृष्ठ संख्या १०८; मूल्य रु. १) २५।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

त्रिदोष-तत्त्व-विमर्श (तृतीय संस्करण)— लेखक : आयुर्वेद-बृहस्पति वैद्य रामरक्ष पाठक आयुर्वेदाचार्य। इस ग्रन्थ में आयुर्वेद के आधारभूत त्रिदोष सिद्धान्त का शास्त्रीय विवेचन विधिवत् किया गया है। विद्वान लेखक ने त्रिदोष तत्व के विभिन्न रूपों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया है।

पृष्ठ संख्या २५२; मूल्य ४) रु.

द्रव्यगुण विज्ञानम् पूर्वार्धः- (पञ्चम संस्करण)—लेखक : आयुर्वेद-मार्त्तण्ड, वैद्यवाचस्पति वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य, बम्बई। आयुर्वेदीय ग्रन्थों में सूत्र-रूप में यत्र-तत्र बिखरे हुए द्रव्यगुण-विषय को आयुर्वेद-तत्त्ववेत्ता पूज्य आचार्यजी ने बड़े परिश्रम से द्रव्यों के रस, गुण, वीर्य, विपाक, प्रभाव आदि विषयों पर पृथक्-पृथक् पाँच अध्यायों में बहुत उत्तमतापूर्वक संकलित कर सरल संस्कृत तथा हिन्दी-भाषा में विवेचन किया है, जो आयुर्वेद-विज्ञान की प्रगति के लिए बहुत उपयोगी है। स्नातकोत्तर शिक्षण के लिए भी यह ग्रन्थ अत्युपयोगी है।

पृष्ठ ३८८), मूल्य १५) रु.

निदान--चिकित्सा--हस्तामलक- प्रथम खण्ड (द्वितीय संस्करण) लेखक : वैद्य रणजितराय देसाई। विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए यह पुस्तक परमोपयोगी है। द्वितीय खण्ड शीघ्र ही प्रकाशित हो रहा है।

पृष्ठ संख्या ८१६; मूल्य १८) रु.

पदार्थ-विज्ञान--(देशभर की आयुर्वेदीय संस्थाओं एवं परीक्षा समितियों के पाठ्यक्रम में स्वीकृत) लेखक : आयुर्वेद-बृहस्पति पं० रामरक्ष पाठक आयुर्वेदाचार्य भू० पू० प्रिन्सिपल, अ० शि० आयुर्वेदिक कालेज, बेगूसराय। इस ग्रन्थ के प्रथम अध्याय में पदार्थ का तुलनात्मक विवेचन किया गया है और द्वितीय अध्याय में आनेवाले पदार्थों का सुन्दर विवेचन हुआ है। तृतीय अध्याय में आयुर्वेद के मूल-भूत त्रिदोष-सिद्धान्त की जननी प्रकृति तथा उससे उद्भूत तत्त्वों की छान-बीन की गयी है। चतुर्थ अध्याय में आत्मतत्त्व का विवेचन किया गया है और यह दर्शाया गया है कि पूर्वजन्मकृत पापों का परिणाम भोगने के लिये किस प्रकार सगुण आत्मा भिन्न-भिन्न योनि में प्रवेश कर कर्मों का फल भोगा करती है।

पृष्ठ २६२ मूल्य १०) रु.

पारिषद्यं शब्दार्थ शारीरम्- सम्पादक-आयुर्वेदाचार्य पं० दामोदर शर्मा, गौड़। भूमिका लेखक : आचार्य रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी। यह ग्रन्थ आयुर्वेद के अध्ययन-अध्यापन के कार्य में लगे लोगों के लिये परम-उपयोगी है।

पृष्ठ २१२ मूल्य रु. ५) ८५।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वनौषधि शतक—लेखक : प्राणाचार्य वैद्य पं० दुर्गाप्रसाद शर्मा। इस ग्रन्थ में ऐसी सौ वनौषधियों का विशद परिचय रंगीन चित्रों के साथ प्रस्तुत किया है, जिनके शुद्ध और उचित उपयोग द्वारा ही औषधि पूर्ण गुणकारी बन सकती है। अतएव, यह पुस्तक आयुर्वेद के विद्वानों, छात्रों, चिकित्सकों एवं आयुर्वेद से प्रेम रखनेवाले साधारण जनों के लिए परमोपयोगी है।

पृष्ठ २०८ मूल्य रु. ६) ५०।

वैद्य-सहचर (पंचम संस्करण)—लेखक : आचार्य विश्वनाथ द्विवेदी। 'औषधि विज्ञान शास्त्र' के सफल तथा अधिकारी लेखक द्वारा लिखी गई यह पुस्तक आयुर्वेद क्षेत्र में इतनी शीघ्रता से प्रिय हुई कि इसका यह पाँचवां संस्करण प्रकाशित करना पड़ा। द्विवेदीजी ने इसे नवीनतम अनुभवों का समावेश कर, पुनः संस्कारित किया है। मधुमेह की आयुर्वेदीय सफल चिकित्सा तथा अन्वेषण का विवरण इसमें किया है। पृष्ठ संख्या ३४५, मूल्य रु. ५-२०

मानस-रोग-विज्ञान—इस ग्रन्थ के विद्वान् लेखक : स्वर्गीय डॉ. बालकृष्ण अमरजी पाठक ने बनारस-हिन्दू-विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक कालेज के अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक के रूप में काफी कीर्ति प्राप्त की थी और एक उच्च-कोटि के विचारक और उद्भट मनीषी के रूप में आप सम्पूर्ण भारत में सुप्रसिद्ध हो गये थे।

आज के युग में, जब कि काम-क्रोध आदि तथा मिरगी (अपस्मार), उन्माद, न्यूरेस्थिनिया, मानसिक अस्थिरता, पागलपन, हिस्टीरिया आदि मानसिक रोग मनुष्य जाति को बुरी तरह त्रस्त कर रहे हैं, यह पुस्तक एक नवीन सन्देश देनेवाली है। अंग्रेजी भाषा के ज्ञाताओं का कहना है कि मानस-शास्त्र जैसा अंग्रेजी में है, वैसा अन्यत्र नहीं है। किन्तु इस पुस्तक के अवलोकन से उनके भ्रम का निवारण होगा हमारा ऐसा विश्वास है।

इस ग्रन्थ की रूपरेखा पूज्यपाद यादवजी ने तैयार की थी और इस विषय पर आयुर्वेदीय साहित्य में खटकनेवाली जबरदस्त कमी को पूरा करने के लिये डॉ० पाठक जैसे अनुभवी विद्वान् वैद्य को यह ग्रन्थ लिखने के लिए उत्साहित किया था।

पृष्ठ २५१ मूल्य ७) रु.

मोटापन कम करने का उपाय—लेखक : श्री प्रभुदत्तजी ब्रह्मचारी। ग्रन्थ परम उपयोगी एवं मननीय है। पृष्ठ १३८ मूल्य रु. २) ६०।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

यूनानी चिकित्सा-सार (द्वितीय संस्करण)— लेखक : हकीम डॉ० दलजीतसिंह। इस पुस्तक में विद्वान् लेखक ने रोगों के निदान तथा चिकित्सा को सरल हिन्दी भाषा में लिखकर सर्वसाधारण जनता तथा साधारण पढ़े-लिखे वैद्यों तक के लिए सुलभ बना दिया है।

यह सुविदित है कि यूनानी दवा के नुस्खे बहुत सस्ते तथा आशुफलदायक साबित होते हैं। विद्वान लेखक ने इस पुस्तक में ऐसे अनेक योगों का उल्लेख कर पुस्तक की उपयोगिता अत्यधिक बढ़ा दी है।

पृष्ठ ५७६ मूल्य ९) रु.

यूनानी सिद्धयोग-संग्रह (तृतीय संस्करण)— यूनानी चिकित्सा-पद्धति का महत्त्व सभी जानते हैं। यह आयुर्वेद के बहुत समीप है। इसके नुस्खे, आयुर्वेदीय नुस्खों की भाँति ही लाभदायक और तुरन्त फायदा करनेवाले तथा सस्ते होते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ भी उपर्युक्त लेखक द्वारा ही लिखवाकर प्रकाशित किया गया है। पृष्ठ २२३ मूल्य ४) रु.

यौवन विज्ञान पर नया प्रकाश—(लेखक : डॉ० लक्ष्मीनारायण शर्मा, एम.ए., एम., एस, आर.एम. पी., भिषक्‌रत्न) विद्वान् लेखक ने प्राचीन व आधुनिक लेखकों के पूर्वाग्रहों से हटकर स्वतन्त्र शैली द्वारा, वैज्ञानिक एवं सरल ढंग से इस विषय को समझाने का पूर्ण प्रयास किया है। यह ग्रन्थ युवक एवं युवतियों के "यौवन विज्ञान" पर निश्चित ही "नया प्रकाश" डालनेवाला साबित होगा; साथ ही अभिभावकों के लिए भी मननीय होगा।

पृष्ठ २०५ मूल्य ४) रु.

रस भस्म सेवन विधि (अष्टम संस्करण)— (हिन्दी) भवन द्वारा निर्मित रस, भस्म, लौह, मण्डूर, बटी, पर्पटी एवं गुग्गुलु का सेवन करने की विधि इस छोटी सी किन्तु अतीव उपयोगी पुस्तक में बहुत ही सरल भाषा में समझाई गई है। सेवन विधि के अलावा औषधि का गुण-पथ्य आदि भी दिये गये हैं।

पृष्ठ २१० मूल्य रु. १) २५।

रस भस्म सेवन विधि (तृतीय संस्करण)— (मराठी) उक्त हिन्दी संस्करण का ही मराठी अनुवाद बहुत ही सरल मराठी भाषा में किया गया है।

पृष्ठ १९० मूल्य रु. १) २५।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शार्ङ्गधर-संहिता (द्वितीय संस्करण)— टीकाकार : आचार्य पं० **राधाकृष्ण पराशर**। शार्ङ्गधर-संहिता की अनेक टीकाओं के बावजूद इस टीका में पाठकों को आयुर्वेद का रहस्य नये ढंग से समझाकर लिखा गया है।

पृष्ठ ६०२ मूल्य ८) रु.

सिद्धयोग-संग्रह— (षष्ठ संस्करण) आयुर्वेदोद्धारक बैद्यबाचस्पति **श्री यादवजी त्रिकमजी आचार्य** के करकमलों से लिखा हुआ यह ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ को पढ़ने से प्रत्येक वैद्य को लाभ होगा, इसमें रत्ती भर भी सन्देह नहीं है।

पृष्ठ संख्या १७८ मूल्य ८) रु.

संक्रामक रोग-विज्ञान— (द्वितीय संस्करण) लेखक : **कविराज बालकराम शुक्ल, आयुर्वेद-शास्त्राचार्य**। आज जब कि देश में मलेरिया, कुष्ठ यक्ष्मा, हैजा, प्लेग आदि जैसे भयंकर रोगों से हजारों-लाखों मनुष्य आक्रान्त हो रहे हैं, तो यह आवश्यक है कि संक्रामक रोगों से बचने का उपाय तथा रोग-परीक्षा, निदान-चिकित्सा आदि से भारतीय जनता को पूर्ण परिचित कर दिया जाय, जिससे प्रथम तो यह भयंकर रोग होने ही न पावे और यदि हो भी जाय, तो उसका उचित प्रतिकार किया जा सके।

प्रस्तुत पुस्तक में इन्हीं विषयों का सरल हिन्दी भाषा में वर्णन किया गया है।

पृष्ठ ८१० मूल्य १३) रु.

अंग्रेजी प्रकाशन

(१) Therapeutic Guide to Ayurvedic Medicines.

मूल्य १५) रु.

(२) Digestion and Metabolism in Ayurveda.

मूल्य १०) रु.

आगामी प्रकाशन

(१) **नेत्र-चिकित्सा** (संस्कृत) लेखक डॉ. बाळकृष्ण शिवराम मुंजे।

पृष्ठ २३०, मूल्य ६) रु.

(२) **निदान-चिकित्सा-हस्तामलक** (द्वितीय खण्ड)—

लेखक—वैद्य रणजितराय देसाई।

———

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

चंद्रमा होने से भारतीय राजनीति में उतार-चढ़ाव की स्थितियां आती रहेंगी। आयात और निर्यात में वृद्धि के बावजूद अर्थव्यवस्था घाटे की ही रहेगी। शेयर और सट्टा बाजार में अनाज और दलहन, तिलहन के भाव ऊंचे रहेंगे।

वर्चस्व बढ़ेगा। नकली दवा, दूध, घी तथा फलफूल आदि से कई तरह की बीमारियां जड़ जमा लेंगी। लोग सोना, चांदी और जायदाद के चक्कर में जघन्य अपराध करने से भी बाज नहीं आएंगे।

(नवसंवत्सर का राशिफल पढ़ें मंगलवार को)

धिकार और उनका फल

सामना करना पड़ सकता है।

7. इस वर्ष धनेश यानी धन, संपत्ति और जायदाद का स्वामी शनि ग्रह है। बाजार में अचानक तेजी आएगी। खजाने तथा सरकारी एवं गैरसरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं में डकैती और लूटमार से सरकार को भारी क्षतिपूर्ति करनी पड़ेगी। गेहूं की खेती बारिश के कारण खराब हो सकती है। जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों की चांदी कटेगी।
8. दुर्गेश यानी सेनापति का पद भी बुध महाराज को मिला है। शासन व्यवस्था और कानून चलाने वाले लोगों में परस्पर मदभेद रहेगा। खेतों में चूहा, टिड्डी और जंगली जानवरों का उत्पात बढ़ेगा।
9. इस साल मेघ यानी बादल का नाम द्रोण है। इसका फल यही है कि अवांछित जगहों पर लगातार बारिश से लोगों में दहशत बढ़ेगी । पानी के दूषित होने से आंखों और पेट की बीमारियां बढ़ेंगी। प्रमुख खाद्यान गेहूं, चावल, जौ, चना, कपास और घी, तेल के दाम आसमान पर चढ़ सकते हैं ।
10. वर्षा सूचक रोहिणी का निवास इस साल संधि भाग में है। समुद्र तटीय क्षेत्रों में वायु प्रकोप और तूफान तथा चक्रवात से आमलोगों को परेशानी होगी। जमाखोरों और सट्टेबाजों के कारण बाजार में महंगाई का नकली दौर फलित होगा। गरीब

लाल मूंगा, तांबा, लाल मिर्च, लाल वस्तु, ऊनी पदार्थ तथा ईंधन पेट्रोल भी तेजी तो कभी मंदी रहेगी। गुंडे, और माफिया लोगों का व्यापार तथा में दखल रहेगा। भ्रष्ट लोग बड़े-बड़े आसीन होंगे। हथियार तथा घातक स्त्रों के व्यापार से सारी दुनिया में फरी मच सकती है।
पद पापी और क्रूर ग्रह बुध के कब्जे ल-फूल और साग-सब्जी का उत्पादन जाएगा। उत्तरी प्रांतों में बर्फबारी और से लोगों में परेशानी बढ़ेगी। पर्यटन मौसम और कानून-व्यवस्था का

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Digitization